सामान्य ज्ञान दर्पण
हमारे नए प्रधानमंत्री
संवेदनशील, संकल्पशील एवं दृढ़ प्रतिज्ञ
विश्वनाथ प्रताप सिंह
जनवरी १९९
मूल्य रु. ५.०

गलीन एवं सर्वयुगीन, अनन्य रूप
ारत से सम्बन्धित सर्व प्रथम
ज़ इण्डिया'। लगभग 1250 प्रश्न
तीय इतिहास, स्वतन्त्रता-संग्राम,
ान, राष्ट्रीय राजचिन्ह, थल-
नभ सैन्य बल, नृत्य, डाक टिकट,
ो, रेल एवं सड़क मार्ग एवं भारत
क अन्य तथ्य.

ारे देश का नाम 'भारत' किस प्रकार
ा ?

नसा सरकारी कर्मचारी कभी पद-
ृत्त नहीं होता ?

सेना से आप क्या समझते हैं ?

क टिकट संग्रह में 'किस' क्या है ?

वान कृष्ण के शंख का क्या नाम
?

म्बर मोहम्मद ने किससे विवाह
या ?

रत में काँसे की सर्वाधिक प्राचीन
नाकृति क्या है ?

ट्रचिन्ह पर कितने पशु अंकित हैं ?
ा

विषयक अन्य अनेक ज्वलन्त प्रश्न

उपकार क्विज इंडिया
के. वी. सिंह

मूल्य: रु. २६.००

UR SUCCESS

R AIM
RE SUCCESS
TH
R NAME
AT IS
PKAR

PRICE :
Rs. 26.00

उपकार प्रकाशन
2/11 ए. स्वदेशी बीमा नगर, आगरा– 282 002
फोन : 61802, 63676

डायमंड पाकेट बुक्स में
आप अंग्रेजी जानते तो हैं,
लेकिन ठीक ढंग से बोल नहीं पाते।
क्या आप अच्छी अंग्रेजी
बोलना सीखना चाहते हैं तो
आज ही खरीदिये अंग्रेजी
बोलचाल सिखाने वाला एक प्रभावी कोर्स
डॉयमण्ड इंगलिश स्पीकिंग कोर्स
जो आपको कुछ प्रभावित शब्द
और वाक्य नहीं रटाता बल्कि अंग्रेजी भाषा
की गहराई को समझाकर उस पर पूरा अधिकार करने
की क्षमता प्रदान करता है। अंग्रेजी प्रभावी ढंग से न बोल पाने से जो हीन भावना घर कर जाती है उसे दूर करके
अपने कार्य, व्यवसाय व मित्रों में प्रभावित ढंग से अंग्रेजी बोलकर अपना मान व प्रतिष्ठा बढ़ाइये
मूल्य 32/- डाक व्यय 5/-
डॉयमन्ड इंगलिश स्पीकिंग कोर्स
डॉयमण्ड
अपनी रक्षा स्वयं करना सीखें
जूडो कराटे कुंगफू व बाक्सिंग कैसे सीखें?
जूडो और कराटे सीखकर दुर्बल आदमी भी अपने से अधिक बलिष्ट अनेक व्यक्तियों का अकेले मुकाबला कर सकता है। बिना हथियार के आत्म-रक्षा के उपाय सिखाने में यह पुस्तक आपकी मदद करेगी। साथ ही जापानी कुंगफू कला के बेजोड़ दांव-पेच भी इस पुस्तक में आपको मिलेंगे।
बाक्सिंग एक अभूतपूर्व कला है, उसके सीखने में भी इस पुस्तक की मदद लीजिए। जूडो, कैराटे, बाक्सिंग व कुंगफू चारों विषयों पर अब तक प्रकाशित सभी पुस्तकों में श्रेष्ठ पुस्तक।
मूल्य 12/- डाक व्यय 3/-
जूडो कराटे कुंगफू व बाक्सिंग कैसे सीखें?
113039
डायमंड कामिक्स में
आप क्रिकेट सीखना चाहते हैं या आप क्रिकेट जानते तो हैं लेकिन उसके
नियमों व खेल की तकनीक को पूरी तरह से नहीं जानते तो आज ही
'डायमंड कामिक्स' में 'प्रकाशित' 'क्रिकेट कैसे खेलें' (चार रंगे चित्रों से
क्रिकेट सीखाने की पूरी जानकारी) हिन्दी व अंग्रेजी में एक साथ प्रकाशित।
भारत में पहली बार प्रकाशित हर क्रिकेट प्रेमी के लिये जरूरी पुस्तक।
क्रिकेट कैसे खेलें
मूल्य 6/- डाक व्यय 2/-
क्रिकेट कैसे खेलें?
डायमंड पाकेट बुक्स प्रा. लि.
2715, दरियागंज, नई दिल्ली-110002

- जिसमें अच्छी सेवा की योग्यता है वह मनुष्य कभी बुरा नहीं होता. — *बर्क*
- तुम्हारा सोता हुआ मन जाग जाए, इतनी योग्यता भी क्या तुम में अभी तक नहीं आई ? — *कुरान*
- बिना अवसर प्राप्त हुए योग्यता से लाभ कम होता है. — *नेपोलियन*
- यौवन एक अनवरत मादकता है, यह चेतना का ज्वर है. — *ला रोशोकी*
- यौवन, धन-सम्पत्ति, प्रभुत्व और विवेक-इन चारों में से एक भी अनर्थकारी होता है, जहाँ यह चारों होते हैं, वहाँ की तो बात ही क्या है ? — *हितोपदेश*
- तुम आत्मा की रक्षा करो, हठपूर्वक वाद न करो, यह जग कंटीला जंगल है, देख-देख कर पग रखना. — *गोरखनाथ*
- राखी एक वफादारी की निशानी है. एक-दूसरे की रक्षा करना, हिफाजत करना. भाई बहन की रक्षा करें, पड़ौसी, पड़ौसी की और भाई, भाई की. — *जवाहर लाल नेहरू*
- अधिक जनसंख्या होने से या दूसरे देशों को हड़प कर कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली नहीं हो सकता. — *रस्किन*
- जिस राष्ट्र में चरित्रशीलता नहीं है, उसमें कोई योजना काम नहीं कर सकती. — *विनोबा भावे*

अपनी बात

नव वर्ष की बधाई स्वीकार करें. हम आपके सुन्दर भविष्य की कामना करते हैं. नववर्ष आपके लिए मंगलमय हो. आपकी मनोकामनाएं पूरी हों, यही हमारी ईश्वर से प्रार्थना है.

यह 'सामान्य ज्ञान दर्पण' का जनवरी अंक है. इसी के साथ हम वर्ष 1990 में प्रवेश कर रहे हैं. हाल ही में केन्द्र में पिछले 42 वर्ष में दूसरी बार सत्ता परिवर्तन हुआ है. श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनता दल ने कांग्रेस (इ) को मात दे दी. अब वे हमारे प्रधानमंत्री हैं. उन्हीं पर आवरण कथा इस अंक में हम दे रहे हैं. इस अंक में हम मध्य प्रदेश पी.एस.सी. में दूसरे स्थान पर रहे सुभाष चन्द्र से भी परिचय करा रहे हैं.

हल प्रश्न-पत्रों की श्रृंखला में इस बार हम रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा, 1988 व रेलवे भर्ती बोर्ड (असिस्टेंट स्टेशन मास्टर) परीक्षा, 1988 के हल प्रश्न-पत्र भी दे रहे हैं. इसके अतिरिक्त यू.पी. (सी.टी.) परीक्षा के बारे में भी उपयोगी सामग्री दी जा रही है. शेष सभी स्थाई स्तम्भ हैं.

एक बार पुनः नव वर्ष की शुभकामनाएं.

महेन्द्र जैन
(सम्पादक)

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएँ

7 जनवरी, 1990- रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (बम्बई) परीक्षा.

7 जनवरी, 1990- रेलवे भर्ती बोर्ड (पटना) परीक्षा.

21 जनवरी, 1990- बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड, जयपुर, क्षेत्रीय संवर्ग परीक्षा.

28 जनवरी, 1990- बैंकिंग भर्ती बोर्ड, जयपुर, ग्रामीण बैंक लिपिक संवर्ग परीक्षा.

25 फरवरी, 1990- एस. एस. सी. असिस्टेंट ग्रेड परीक्षा.

25 फरवरी, 1990- संघ लोक सेवा आयोग मिश्रित चिकित्सा सेवा परीक्षा.

18 मार्च, 1990- केन्द्रीय भर्ती बोर्ड (स्टेट बैंक समूह) परीक्षा.

21 अप्रैल, 1990- बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (उत्तर-पूर्वी क्षेत्र) परीक्षा.

4 व 5 मई, 1990- इण्डियन स्कूल ऑफ माइन्स धनबाद परीक्षा.

19 मई, 1990- संघ लोक सेवा आयोग सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा.

10 जून, 1990- सिविल सर्विसेज प्रिलिमिनरि परीक्षा.

8 जुलाई, 1990- स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेन्टिस परीक्षा.

5 अगस्त, 1990- भारतीय वन सेवा परीक्षा.

तिथि अघोषित–आर. ए. एस. तथा आर. टी. एस. सम्मिलित सेवा परीक्षा.

सामान्य ज्ञान दर्पण

वर्ष 2 षष्ठम् अंक जनवरी 1990

इस अंक में

प्रशंसा

- अंतरिक्ष के रिकार्ड

राकेश, भगवती लाल कुमावत (तारापुर), सुबोध कुमार (मुजफ्फरपुर), आशीष कुमार (चम्पारन)

- आवरण कथा-खेलकूद

मालिकराम वर्मा (कसडील), देवेश कुमार सिंह, कुमार विश्वजीत (गुमला), मनोज सहारण (सादुल शहर)

- राष्ट्रीय एकता और शिक्षा

तौहिर खां (गढ़ाकोला), कु. वीणा देवी साहू (अम्बिकापुर)

- एस.एस.सी. क्लर्क ग्रेड परीक्षा का हल

मनोज कुमार श्रीवास्तव — *जौनपुर*

- क्या आप साक्षात्कार के लिए जा रहे हैं ?

पुखराज बड़ागूजर 'बसंत' (नोरवा), राजेशकुमार सिंह (दुमका)

सुझाव

- वाणिज्य सम्बन्धी जानकारी देने की कृपा करें.

अजय कुमार सिंह — *गुमला*

- बी. एड. से सम्बन्धित सामग्री देने की कृपा करें.

रामलाल — *अजमेर*

- नोबेल पुरस्कार विजेताओं के नाम देने की कृपा करें.

सुनील कुमार निरंजन — *अकनीवा*

- वर्णनात्मक सामान्य अध्ययन से सम्बन्धित सामग्री प्रकाशित करें.

प्रदीप हुण्डैत — *विदिशा*

- कृपा करके पी.ई.टी. (उ.प्र. तथा राजस्थान) प्रतियोगिता से सम्बन्धित प्रश्नों की जानकारी दें.

अखिलेश कुमार शाक्य — *बाँसवाड़ा*

- आई.ए.एस. तथा आई.पी.एस. परीक्षाओं के हल प्रश्न-पत्र देने की कृपा करें. सामान्य अंग्रेजी की भी कुछ सामग्री देने की कृपा करें.

मोतीचन्द प्रजापति (गाजीपुर), अरुण कुमार अम्बेडकर (गोरखपुर), मनीष कटारा (भरतपुर) आदि.

प्रशंसनीय पत्र

- गागर में सागर भरने वाली पत्रिका 'सामान्य ज्ञान दर्पण' का दिसम्बर अंक पढ़ा. सम्पादकीय 'सच्चे सिपाही बनिए' प्रेरणादायक लगा. एक छात्र होने के कारण इससे मुझे काफी प्रेरणा मिली. वास्तव में विद्यार्थी भी एक सच्चा सिपाही होता है. एकाग्रचित्त, एकनिष्ठ अध्ययन से अपने लक्ष्य के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहना एक आदर्श विद्यार्थी की पहचान है और यही सच्चे सिपाही की पहचान भी है.

'राष्ट्रीय एकता और शिक्षा' (भारत के संदर्भ में) नामक निबंध न केवल रुचिकर ही लगा, बल्कि स्व. अबुल कलाम आजाद और डॉ. एस. राधाकृष्ण जैसे महान शिक्षाविदों के विचारों का भी पता चला. वास्तव में आज के संकीर्ण साम्प्रदायिकता, हिंसा, आतंकवाद, हत्या, लूट-खसोट जैसे दूषित राष्ट्रीय वातावरण में राष्ट्रीय एकता की अत्यन्त आवश्यकता है. इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए हमें इस दूषित वातावरण से निकलकर सद्भाव, मैत्री जैसे आदर्श राष्ट्रीय वातावरण का निर्माण करना है. शिक्षकों की भूमिका उस कार्य में अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं सराहनीय है.

आवरण कथा 'खेलकूद' रुचिकर और प्रेरणादायक लगा. खेलों का मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है. विद्यार्थियों में खेलों से न केवल स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मस्तिष्क, मानसिक क्षमता और विवेकशीलता में बढ़ोत्तरी होती है, बल्कि उनमें एकता, मैत्री, सद्भावना, कड़ी मेहनत जैसी आदर्श भावनाओं का भी विकास होता है जो व्यक्ति को सफलता के कगार पर पहुँचा सकती है.

डॉ. नेल्सन मंडेला के महान व्यक्तित्व से देशभक्ति, बलिदान, देश के लिए समर्पण जैसी आदर्श प्रेरणाएं मिलीं.

'क्या आप साक्षात्कार के लिए जा रहे हैं?' से साक्षात्कार से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी मिली.

गोपीचन्द प्रजापत — *सांखू फोर्ट*

समसामयिक घटनाचक्र

राष्ट्रीय घटनाक्रम

नवम्बर

15 वाराणसी में साम्प्रदायिक हिंसा भड़क उठने के कारण कुछ क्षेत्रों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया. कर्नाटक में हुबली में कर्फ्यू पहले से ही लागू है.

16 हरियाणा मंत्रिमण्डल के तीन मंत्रियों ने मंत्रिमण्डल से त्याग-पत्र दे दिया. इन मंत्रियों ने सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य में गैर जाटों तथा हरिजनों का तिरस्कार हो रहा है.

❁ रानीगंज (प. बंगाल) में ईस्टर्न कोल फील्ड्स की महावीर कोयला खान में फँसे 71 मजदूरों में से 66 को खान में छेद करके सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

16-17 जनता पार्टी के नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने विश्वनाथ प्रताप सिंह पर सी. आई. ए. एजेन्ट होने का आरोप लगाया. इसकी पुष्टि के लिए उन्होने कुछ दस्तावेज भी जारी किए. किन्तु नई दिल्ली स्थित अमरीकी दूतावास ने इसका खण्डन करते हुए प्रस्तुत दस्तावेजों को जाली बताया.

17 हरियाणा में एक अन्य मंत्री तथा एक निगम के अध्यक्ष द्वारा अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया गया.

❁ बम्बई में घाटकोपर के निकट एक स्थानीय रेलगाड़ी के दूसरी श्रेणी के डिब्बे में आग लगने से लगभग 200 व्यक्ति घायल हो गए.

❁ चुनाव आयोग ने नौवीं लोकसभा के चुनावों के लिए मतदान का समय 8 घण्टे से बढ़ाकर 9 घण्टे कर दिया है. 18 से 21 वर्ष की आयु के नए मतदाताओं के अतिरिक्त भार के कारण ऐसा किया गया है.

17-18 श्रीनगर (कश्मीर) व अनंतनाग में अनेक स्थानों पर बम विस्फोट से लगभग 150 व्यक्ति घायल हो गए. यहाँ के एक पब्लिक स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल एक पुस्तक में प्रकाशित एक चित्र को कुछ लोगों ने 'अधार्मिक' बताया है. इस आधार पर वहाँ हिंसा व्याप्त हो गई.

19 प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 5000 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी इंदिरा महिला कल्याण योजना की घोषणा की. यह घोषणा श्रीमती गांधी के 72 वें जन्म दिवस के अवसर पर की गई. चुनाव से पूर्व एक नीतिगत योजना की घोषणा चुनाव संहिता के विरुद्ध थी. विपक्ष ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत भी की.

22 मतदान के पहले दिन हुई हिंसा में 43 लोग मारे गए. अमेठी में जनता पार्टी के प्रत्याशी संजय सिंह के पेट में गोली लगी. गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री की हत्या कर दी गई. मतदान के पहले दिन 15 राज्यों और 5 केन्द्र शासित प्रदेशों के मतदाताओं ने लोकसभा की 221 सीटों के लिए मतदान किया. इन राज्यों में 55 से 60 प्रतिशत तक मतदान हुआ.

24 मतदान के दूसरे चरण में 60 से 65 प्रतिशत मतदान हुआ. चुनावी हिंसा में 32 लोग मारे गए. आज लोक सभा की 266 सीटों के लिए मतदान हुआ.

26 मतदान के अंतिम चरण में लोक सभा की 37 सीटों के लिए चुनाव सम्पन्न हुआ. चुनाव आयोग ने आदेश दिया कि अमेठी के कुछ क्षेत्रों में दुबारा मतदान होगा.

27 केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने लोक सभा को भंग कर दिया.

❁ कर्नाटक में इंका को विधान सभा चुनावों में दो तिहाई से अधिक स्थान प्राप्त हो गए आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. टी. रामाराव ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया.

❁ गोआ में विधान सभा चुनाव 40 में से 38 सीटों के लिए हुआ था. कांग्रेस (इ) को 18,

राष्ट्रवादी गोमंतक दल को 18 व निर्दलीयों को स्थान प्राप्त हुए.

* राजस्थान, उड़ीसा, गुजरात व बिहार के मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में कांग्रेस (इ) की पराजय की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की पेशकश की.

29 प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपने मंत्रिमण्डल का त्यागपत्र राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन को सौंप दिया. राष्ट्रपति ने उन्हें नई सरकार के बनने तक कार्य करने को कहा. एक प्रसारण में राजीव गांधी ने कहा कि वे जनता के प्रेम के लिए आभारी हैं. उनका दल विपक्ष के रूप में रचनात्मक भूमिका निभाएगा.

* उत्तर प्रदेश विधान सभा के चुनावों में कांग्रेस (इ) की पराजय के बाद मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने अपने मंत्रिमण्डल का त्यागपत्र राज्यपाल को सौंप दिया.

भाजपा व मार्क्सवादी दल ने जनता दल को केन्द्र में बगैर शर्त समर्थन देने का वचन दिया. इस प्रकार जनता दल की सरकार का मार्ग केन्द्र में प्रशस्त हो गया.

केन्द्र सरकार ने अकाली दल (मान) के नवनिर्वाचित सांसद सिमरन जीत सिंह मान व अतिंदर पाल सिंह को रिहा करने का आदेश दिया है. दोनों पर इंदिरा हत्याकाण्ड में शामिल होने का आरोप था.

30 लोक सभा के सभी चुनाव परिणाम घोषित हो गए. विभिन्न दलों की स्थिति इस प्रकार रही–

कांग्रेस (इ)	193
जनता दल	141
भाजपा	88
मार्क्सवादी	32
अन्नाद्रमुक	11
कम्युनिस्ट	12
अकाली दल (मान)	6
आर. एस. पी.	4
बसपा	3
फारवर्ड ब्लॉक	3
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा	3
नेशनल कांफ्रेस	3
मुस्लिम लीग (एस)	2
तेलगूदेशम	2
कांग्रेस (एस)	1
आई. पी. एफ.	1
मुस्लिम लीग	1
केरला (कांग्रेस एस)	1
सिक्किम संग्राम परिषद्	1
यू.सी.पी.आई.	1
निर्दलीय व अन्य	16
घोषित परिणाम	525
चुनाव हुए	525

* कांग्रेस (इ) संसदीय दल ने राजीव गांधी को व भाजपा ने अटल बिहारी बाजपेई को अपना नेता चुन लिया.

* 5 विधान सभा चुनावों में विभिन्न दलों की स्थिति इस प्रकार रही–

उत्तर प्रदेश

कुल स्थान	425
चुनाव हुए	421
घोषित परिणाम	421
जनता दल	204
कांग्रेस (इ)	94
भाजपा	57
जनता पार्टी (जेपी)	1
सी.पी.आई.	6
सी.पी.आई. (एम)	2
बसपा	13
लोकदल (ब)	2
हिन्दू महासभा	1
शोषित समाज दल	1
निर्दलीय	40

कर्नाटक

कुल स्थान	224
चुनाव हुए	222
कांग्रेस (इ)	177
जनता दल	24
भाजपा	04
जनता पार्टी	02
महाराष्ट्र एकीकरण समिति	04
अन्नाद्रमुक	01
मुस्लिम लीग	01

रेयत संघ	02
निर्दलीय	07

आंध्र प्रदेश

कुल स्थान	294
चुनाव हुआ	293
कांग्रेस (इ)	180
तेलुगू देशम	74
माकपा	08
भाकपा	06
भाजपा	05
मजलिस	04
जनता दल	01
निर्दलीय व अन्य	15

सिक्किम

कुल स्थान	32
चुनाव हुआ	32
सिक्किम संग्राम परिषद्	32

गोआ

कुल स्थान	40
चुनाव हुआ	38
कांग्रेस (इ)	18
महाराष्ट्रवादी गोमंतक दल	18
निर्दलीय	02

* कर्नाटक में कांग्रेस (इ) विधायक दल के नेता श्री वीरेन्द्र पाटिल ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली.

–भारत का 9 वाँ अंटार्कटिका अभियान दल डॉ. आर. रविन्द्र के नेतृत्व में मारमुगाव बन्दरगाह से अंटार्कटिका की ओर रवाना हो गया.

दिसम्बर

1 श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को जनता दल का नेता चुन लिया गया. राष्ट्रपति ने उन्हें मंत्रिमण्डल बनाने को आमंत्रित किया है.

2 श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण की. राष्ट्रपति ने उन्हें लोक सभा में अपना बहुमत सिद्ध करने को तीस दिन का समय दिया है. इसी दिन श्री देवीलाल को उपप्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई.

– श्री चेन्ना रेड्डी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री प शपथ ग्रहण की.

–श्री हरिदेव जोशी को राजस्थान में कांग्रेस विधायक दल का नेता चुन लिया गया. इस उन्होंने असम के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे

* हरियाणा में ओम प्रकाश चौटाला को उ विधायक दल का नेता चुन लिया गया. उ मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की. भाजपा ने सरकार में शामिल होने से इन्कार कर दिया.

4 जयपुर में राज्यपाल सुखदेव प्रसाद ने हरि जोशी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई. उ साथ अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली.

5 राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने अशोक हाल में मंत्रियों व 2 राज्य मंत्रियों को शपथ दिल शपथ ग्रहण करने वालों में मधु दण्डवते, ज फर्नांडीज, अजीत सिंह, अरुण नेहरू, शरद या के. पी. उन्नीकृष्णन, आरिफ मोहम्मद खाँ, मुप मोहम्मद सईद, मेनका गांधी आदि शामिल हैं.

* उत्तर प्रदेश में श्री मुलायम सिंह यादव नेतृत्व में 14 सदस्यीय मंत्रिमण्डल ने शपथ ग्रह की. शपथ ग्रहण समारोह के.डी. सिंह बाबू स्टेडिय में हुआ.

* श्री रामकृष्ण हेगड़े को योजना आयोग उपाध्यक्ष बनाया गया. उन्हें केबिनेट स्तर के मं का दर्जा दिया गया है.

* हरियाणा में 20 मंत्रियों को राज्यपाल ने पद गोपनीयता की शपथ दिलाई.

6 प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रतापसिंह ने मंत्रियों बीच विभागों का वितरण कर दिया जो इस प्रका है–

विश्वनाथ प्रताप सिंह–प्रधानमंत्री, रक्षा, लोक शिकायत, विज्ञान व टैक्नोलॉजी, परमाणु ऊर्जा अन्तरिक्ष कार्यक्रम, इलैक्ट्रॉनिक्स, समुद्र-विकास पर्यावरण व वन तथा अन्य बिना आवंटित विभाग

देवीलाल–उपप्रधानमंत्री व कृषि

प्रो. मधु दण्डवते–वित्त

जॉर्ज फर्नांडीज–रेलवे

अजीत सिंह–उद्योग

शरद यादव–कपड़ा व खाद्य प्रसंस्करण का अतिरिक्त भार

मोहम्मद सईद–गृह
कुमार नेहरू–वाणिज्य और पर्यटन
फ मोहम्मद खां–ऊर्जा, नागरिक उड्डयन का
रिक्त प्रभार
विलास पासवान–श्रम तथा कल्याण
मणि राउतराय–स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण
कुमार गुजराल–विदेश
एस. गुरुपदस्वामी–पेट्रोलियम तथा रसायन
राम मिर्धा–खाद्य व नागरिक आपूर्ति
उपेन्द्र–सूचना तथा प्रसारण और संसदीय कार्य
पी. उन्नीकृष्णन–भूतल परिवहन तथा संचार का
तिरिक्त भार
तेश गोस्वामी–इस्पात तथा खान, कानून और
य का अतिरिक्त प्रभार
सोली मारान–शहरी विकास

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

भाई कोटाडिया–जल संसाधन

राज्यमंत्री

मती मेनका गांधी–पर्यावरण तथा वन

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमण्डल की ठक ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिनमें मंत्रियों रा अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा देना, पंजाब पर बिनेट उपसमिति बनाना, मूल्यों को नियंत्रित करने र उपसमिति बनाना आदि शामिल हैं.

7 प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने स्वर्ण मंदिर में माथा टेका और अमृतसर में खुली जीप में स्वर्ण दिर से जलियांवाला बाग तक गए. उनके इस कार्य की सर्वत्र प्रशंसा की गई.

पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया. उनकी जगह भूतपूर्व केबिनेट सचिव श्री निर्मल मुखर्जी को पंजाब का राज्यपाल बनाया गया है.

8 महंगाई, पंजाब व कश्मीर की समस्या तथा दूरदर्शन को स्वायत्तता देने के मसलों पर विचार करने के लिए केबिनेट समितियों का गठन कर दिया गया.

कश्मीर में केन्द्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुत्री डॉ. रुबिया का अपहरण कर लिया गया. अपहरणकर्ताओं ने कुछ पाक प्रशिक्षित आतंकवादियों की रिहाई की मांग की है. कहा जाता है कि डॉ. रुबिया का अपहरण जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट ने किया है. परन्तु कश्मीर घाटी में सक्रिय कुछ अन्य आतंकवादी गिरोहों ने भी अपहरण की जिम्मेदारी ली है.

9 भागलपुर के देहाती क्षेत्र में खेतों में दर्जनों शव बरामद हुए हैं. इन पर मिट्टी डालकर सब्जी की फसल हो रही थी. इससे पता चलता है कि वहाँ कितना भीषण नरसंहार हुआ और सरकार व तत्कालीन प्रधानमंत्री ने एक शब्द भी सांत्वना का नहीं कहा.

11 श्रीनगर इण्डियन एअर लाइन्स के कार्गो ऑफिस में भीषण बम विस्फोट हुआ. विस्फोट से पूरी इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. कई लोग घायल हो गए.

12 श्रीनगर में एक बस में भीषण बम विस्फोट हुआ जिससे कई बसें क्षतिग्रस्त हो गई और कई लोग घायल हो गए.

राष्ट्रपति की एक घोषणा में कहा गया कि भूतपूर्व एअर चीफ मार्शल अर्जुन सिंह को दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है.

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद पर न्यायमूर्ति सव्यसांची की नियुक्ति की घोषणा की गई है. वे नए पद की शपथ 18 दिसम्बर को लेंगे.

13 केन्द्रीय गृह मत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुत्री डॉ. रुबिया को आतंकवादियों ने अपहरण के छठे दिन आज मुक्त कर दिया. इससे पूर्व सरकार ने रुबिया की रिहाई हेतु पाँच दुर्दान्त आतंकवादियों को मुक्त किया.

कांग्रेस (इ) के वरिष्ठ नेता कमलापति त्रिपाठी ने दलगत राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा कर दी. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे कांग्रेस (इ) से सम्बन्ध विच्छेद नहीं करेंगे.

योजना आयोग के उपाध्यक्ष रामकृष्ण हेगड़े ने घोषणा की कि योजना आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाएगा.

14 उत्तर प्रदेश में छात्रों द्वारा चलाया जा रहा आरक्षण विरोधी आंदोलन अनेक नगरों में फैल गया. अनेक स्थानों पर रेलगाड़ियाँ रोकी गईं. राजस्थान के कुछ नगरों में भी छात्रों ने आरक्षण के

विरोध में प्रदर्शन किये.

अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम

नवम्बर

15 सोवियत रूस की कम्युनिस्ट पार्टी की केन्द्रीय समिति के सचिव अलैक्जेंडर याकोवी ने टोकियो में एक बयान में कहा कि जर्मनी के एकीकरण के मामले में रूस कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा. उन्होंने कहा कि यह मामला पूरी तरह पूर्वी तथा पश्चिमी जर्मनी का आपसी मामला है.

❖ चीनी प्रधानमंत्री ली पेंग की पाकिस्तान यात्रा के दूसरे दिन दोनों देशों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए. ये समझौते दोहरे करारोपण को हटाने, पाकिस्तानी विकास कार्यक्रमों हेतु 13.5 मिलियन डॉलर की चीनी सहायता, बलूचिस्तान में सड़क निर्माण हेतु सामग्री जुटाने तथा अफगान शरणार्थियों हेतु चीनी सहायता प्रदान करने से सम्बन्धित हैं.

17 चीनी प्रधानमंत्री ली पेंग की चार दिन की पाकिस्तान यात्रा सम्पन्न हो गई. आज वह तीन दिवसीय बांग्लादेश की यात्रा हेतु ढाका पहुँचे.

❖ यूगोस्लाविया के पूर्वी भाग में एक कोयला खान में आग लगने से कम से कम 94 खनिकों की मृत्यु हो गई. बेलग्रेड रेडियो व टेलीविजन ने इसे यूगोस्लाविया के इतिहास की सबसे भयंकर खान दुर्घटना बताया है.

19-20 श्रीलंका में पूर्वी अंपारा जिले में श्रीलंकाई सेना और गैर कानूनी तमिल नागरिक सेना के बीच संघर्ष में 40 लोग हताहत हुए. हजारों भयभीत तमिल नगर छोड़कर चले गए हैं.

21 चीन के दक्षिण पश्चिमी भाग के सछवान प्रान्त में आए भूकम्प में चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और 161 घायल हो गए.

25 चेकोस्लोवाकिया में भी पोलैण्ड व हंगरी की भांति उदारवादी सुधारों की माँगों ने जोर पकड़ लिया. 1968 में सोवियत सेना के हस्तक्षेप के समय के अपदस्थ नेता डुबचैक ने लाखों लोगों की भीड़ को सम्बोधित किया. पालित ब्यूरो के कट्टरपंथी सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया और उदारवादी करेल उरबानेक को पार्टी महासचिव बनाया गया

28 पाकिस्तान में विपक्षी दलों ने प्र बेनजीर भुट्टो के विरुद्ध एक और अ प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया है.

❖ अमरीका के राष्ट्रपति जार्ज बुश ने दाताओं से स्पष्ट कहा कि दिसम्बर में श्री ग से होने वाली बातचीत में निशस्त्रीकरण के कोई समझौता नहीं किया जाएगा.

29 पश्चिम जर्मनी के चांसलर हेलमुट व पश्चिमी व पूर्वी जर्मनी के एकीकरण व एक कार्यक्रम रखा है. परन्तु स्वयं प. ज पश्चिमी देशों में इस पर मतभेद है. दूसरी ओ जर्मनी ने स्पष्ट कहा है कि दोनों जर्मनि एकीकरण संभव नहीं है.

दिसम्बर

1 फिलीपींस में राष्ट्रपति एक्विनो के वि सशस्त्र विद्रोह हो गया. विद्रोहियों ने राष्ट्रप महल पर बमबारी की और राजधानी के इलाकों पर अधिकार कर लिया. श्रीमती एक्वि अमरीका से मदद की मांग की.

2-3 अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश व सोवि राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव के बीच भू सागर में युद्ध पोतों पर अनौपचारिक बातचीत हो गई. यद्यपि दोनों देशों ने किसी समझौते हस्ताक्षर नहीं किए तथापि उन्होंने कहा कि व बहुत उपयोगी रही है. इसके बाद भी आ बातचीत का क्रम जारी रखा जाएगा.

4 राष्ट्रपति जार्ज बुश ने नाटो शिखर सम्मेलन भाग लिया. उन्होंने ब्रुसेल्स में नाटो सदस्यों बताया कि सोवियत संघ के साथ उनकी बातच लाभदायक रही है.

5 पूर्वी जर्मनी के पूर्व नेता होनेकर को उनके घर नजरबंद कर दिया गया है. उधर पूर्वी जर्मनी सुधारों व लोकतंत्र की माँग को लेकर प्रदर्शनों व क्रम बना हुआ है. पार्टी नेता क्रेंज ने पालित ब्यूरो सदस्यों सहित त्यागपत्र दे दिया.

❖ चेकोस्लोवाकिया ने पहली बार आस्ट्रिया व साथ लगने वाली अपनी सीमा को खोल दिया सैकड़ों चेक लोगों ने सीमा पार की जहाँ उनक

..ा के लोगों ने स्वागत किया. चेकोस्लो- ... में जो नई सरकार बनाई गई है उसमें ...टों का बहुमत समाप्त कर दिया गया.

...लीपीन्स की राष्ट्रपति एक्विनो ने आज देश ...आपात स्थिति की घोषणा कर दी. विद्रोही ... का राजधानी के व्यापारिक केन्द्रों पर कब्जा ...आ है.

...का के विदेश मंत्री ने भारत से अनुरोध किया ...कि वह 31 दिसम्बर तक सभी भारतीय ... को वापस बुला ले.

...केस्तान में अब तक का सबसे बड़ा सैनिक ...भ्यास जर्ब-ए-मोमिन शुरु हो गया. इसमें ...1 2 लाख सैनिक भाग ले रहे हैं.

...फिलीपींस में विद्रोही सैनिकों की आखिरी ...ी द्वारा आत्म-समर्पण के साथ ही विद्रोह ...त हो गया.

12 श्रीलंका में जनता विमुक्ति पेरामुना द्वारा की गई हिंसा में 71 लोगों की मृत्यु हो गई. 12 दिसम्बर को समाप्त हुए 24 घण्टों में पेरामुना ने 69 और लोगों की हत्या कर डाली. श्रीलंका सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई है.

❖ बुल्गारिया में भी उदारवादी सुधारों की माँग को लेकर लोग सड़कों पर आ गए. सरकार ने कहा है कि वह मई 1990 तक स्वतन्त्र व निष्पक्ष चुनाव कराने का इरादा रखती है.

13 द. अफ्रीका के राष्ट्रपति एफ. डब्लू. क्लर्क ने अश्वेत नेता नेल्सन मंडेला से जेल में वार्ता की.

❖ श्रीलंका में लिट्टे उग्रवादियों द्वारा प्रतिद्वन्द्वी गुटों के लगभग 100 कार्यकर्ताओं की हत्या करके बट्टीकलोआ नगर पर कब्जा कर लिया.

14 संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष अधिवेशन में भारत के राजदूत सी. आर. गरेखान ने कहा कि भारत की नई सरकार द. अफ्रीका से रंगभेद हटाने के महासभा के प्रयासों का समर्थन करेगी.

■■■

नवम्बर

15 आठवीं एशियाई ट्रैक एण्ड फील्ड स्पर्धा के पहले ही दिन भारत की पी.टी. ऊषा ने 400 मीटर बाधा दौड़ में व बलविन्दर सिंह ने शॉट पुट में स्वर्ण जीता.

⁂ तृतीय इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय महिला स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता के एक मैच में आयरलैण्ड ने भारत को 3-2 से हराया. एक अन्य मैच में चीन ने मलेशिया को 7-2 से पराजित किया.

16 एशियाई ट्रैक एण्ड फील्ड स्पर्धा में भारत के दीनाराम ने 3000 मीटर पानी बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीता. महिलाओं की 100 मीटर तथा 800 मीटर की दौड़ में पी.टी. ऊषा तथा शाइनी विल्सन ने रजत पदक प्राप्त किया.

⁂ कपिल देव ने करांची में पाकिस्तान के विरुद्ध खेले जा रहे टेस्ट मैच में अपने टेस्ट-जीवन का 350 वाँ विकेट लिया. कपिल देव टेस्ट क्रिकेट में 350 वाँ विकेट लेने वाला पहला भारतीय गेंदबाज है. यह टेस्ट मैच कपिल के टेस्ट जीवन का 100 वाँ टेस्ट मैच है. इसी मैच में भारत के अजहरुद्दीन ने एक ही पारी में पाँच कैच लेकर विश्व रिकार्ड की बराबरी की.

17 एशियाई ट्रैक एण्ड फील्ड स्पर्धा में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में भारत की पी.टी. ऊषा व शाइनी विल्सन ने क्रमशः स्वर्ण व रजत पदक जीता. इस प्रकार इस भारतीय जोड़ी ने इस स्पर्धा में लगातार तीसरी बार स्वर्ण व रजत जीतने का क्रम बनाए रखा.

⁂ इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय महिला स्वर्ण कप हॉकी स्पर्धा में आयरलैण्ड व सोवियत संघ के मध्य मैच 1-1 से बराबर रहा.

18 एशियाई ट्रैक एण्ड फील्ड स्पर्धा के चौथे दिन के खेलों में भारत ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए. उड़न परी पी.टी. ऊषा ने अपना तीसरा स्वर्ण महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में जीता पुरुषों की 1500 मीटर की दौड़ में बहादुर प्र[illegible] स्वर्ण बटोरा.

⁂ इन्दिरा गांधी स्वर्ण कप महिला हॉकी मे[illegible] ने आयरलैण्ड को 2-0 से हराकर अपनी लग[illegible] तीसरी जीत दर्ज की. एक अन्य मैच में सोवियत ने मलेशिया को 5-0 से पराजित किया.

19 एशियाई ट्रैक एण्ड फील्ड प्रतियोगिता स[illegible] हो गई. भारत की पी.टी. ऊषा ने चार पदक जीते. पदक तालिका में 22 स्वर्ण, 15 रज[illegible] 6 कांस्य पदक के साथ चीन प्रथम स्थान पर भारत ने 7 स्वर्ण, 9 रजत व 6 कांस्य पदक [illegible] और दूसरे स्थान पर रहा. उपराष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा ने खेलों का समापन किया.

20 लखनऊ में चीन ने तीसरा इन्दिरा ग[illegible] अन्तर्राष्ट्रीय स्वर्ण कप महिला हॉकी टूर्न[illegible] जीत लिया. सोवियत संघ दूसरे, आयरलैण्ड ती[illegible] व भारत चौथे स्थान पर रहा.

⁂ करांची में भारत व पाकिस्तान के बीच पह[illegible] टेस्ट ड्रा रहा.

24 पाकिस्तान के जहांगीर खां ने स्टुटगार्ट में अ[illegible] ही देश के जानशेर खां को हराकर स्टुटग[illegible] स्क्वैश ओपन टूर्नामेंट जीत लिया.

⁂ चीन की शिन फैन ने मेनचेस्टर में विश[illegible] महिला भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के 44 किग्रा व[illegible] में 4 नए विश्व रिकार्ड कायम किए.

28 फैसलाबाद में भारत व पाकिस्तान के बीच दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैच भी हारजीत के फैसले [illegible] बगैर समाप्त हो गया.

30 आज समाप्त नेहरू गोल्ड कप कुश्त[illegible] प्रतियोगिता में ईरान ने 87 अंक अर्जित करव[illegible] गोल्ड कप जीत लिया. ईरान को 3 स्वर्ण, 3 रजत [illegible] 3 कांस्य पदक मिले. रूस ने 85 अंक अर्जित करके 5 स्वर्ण व 1 कांस्य पदक जीते. वह दूसरे स्थान पर

रत 2 रजत व 1 कांस्य पदक जीतकर चौथे र रहा.

पदक तालिका

	स्वर्ण	रजत	कांस्य	अंक
	3	3	3	87
	5	0	1	85
	1	2	2	67
	0	2	1	62
	1	1	1	53
ाया	0	2	0	37
	0	0	1	35
	0	0	1	34
ानिस्तान	0	0	0	19
स्तान	0	0	0	17
	0	0	0	6
ादेश	0	0	0	3
का	0	0	0	0

(दसवें स्थान तक के लिए अंक दिए जाते हैं. कारण रूस पाँच स्वर्ण पदक जीतने के बावजूद ा से पिछड़ गया.)

सम्बर

नई दिल्ली में आयोजित प्रथम एशियाई कैडट कुश्ती प्रतियोगिता में ईरान ने 103 अंक अर्जित टीम चैम्पियनशिप जीत ली. भारत 101 अंक त करके दूसरे स्थान पर व ईराक 84 अंक प्राप्त के तीसरे स्थान पर रहा.

भारत व पाकिस्तान के बीच लाहौर में तीसरा टेस्ट मैच भी अनिर्णीत समाप्त हो गया. भारत ने ली पारी में 509 रन बनाए. जवाब में पाकिस्तान भी पाँच विकेट पर 699 रन का विशाल स्कोर ड़ा कर दिया.

नई दिल्ली में वाराणसी के आदर्श सेवा विद्यालय ने मध्यमग्राम स्कूल (पश्चिमी बंगाल) को 2-0 से राकर सुब्रतो मुखर्जी कप पर कब्जा कर लिया.

नई दिल्ली में नेहरू कप हॉकी के फाइनल में ारतीय हॉकी संघ की ही दो टीमों में मुकाबला आ. भारतीय हॉकी संघ (लाल) ने भारतीय हॉकी संघ (सफेद) को 2-1 से हराकर नेहरू कप व 50 हजार रुपए नकद पुरस्कार पर कब्जा कर लिया.

9 नई दिल्ली में 14 वीं एशियाई साइकिलिंग चैम्पियनशिप प्रतिस्पर्धा आरम्भ हो गई.

11 भारत के बलराज एस. चीमा ने 14वीं एशियाई साइकिलिंग चैम्पियनशिप में आज नई दिल्ली में एक हजार मीटर की ट्राइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश को 27 वर्ष के पश्चात् पदक दिलाया.

महिला वर्ग में चीन की झाऊ लिंगमी ने 1 मिनट व 15,402 सैकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता.

14 स्यालकोट में भारत-पाक के मध्य अन्तिम क्रिकेट टेस्ट मैच अनिर्णीत्त रहा.

रोजगार समाचार

बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (उत्तर-पूर्वी क्षेत्र) गुवाहाटी

क्लर्क संवर्ग में भर्ती हेतु बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड, गुवाहाटी एक प्रतियोगिता परीक्षा लेगा.

शैक्षिक योग्यता—स्नातक अथवा 50% अंकों के साथ इंटरमीडिएट या 60% अंकों के साथ हाईस्कूल.

आयु सीमा— 1 जुलाई, 1989 को 18 से 26 वर्ष.

परीक्षा की तिथि— 21.4.1990

आवेदन-पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि— 30.12.1989

विस्तृत विवरण 9-15 दिसम्बर, 1989 के 'रोजगार समाचार' में देखें.

संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा परीक्षा- 1990

परीक्षा का नाम—सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा, 1990

परीक्षा की अवधि-- 1 दिन

आवेदन-पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि— 29.1.1990

न्यूनतम शैक्षिक योग्यता—मान्यता प्राप्त विश्व-विद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण.

आयु सीमा— 1.8.1990 को 21 से 26 वर्ष

विस्तृत विवरण के लिए 'रोजगार समाचार' देखें.

कर्मचारी चयन आयोग इनवेस्टीगेटर्स परीक्षा, 1990

कर्मचारी चयन आयोग 25.3.1990 को नेशनल सैम्पल सर्वे आर्गनाइजेशन में इनवेस्टीगेटर्स की भर्ती हेतु एक लिखित परीक्षा का आयोजन करेगा. आवेदन-पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 8.1.1990 है.

स्थानों की संख्या— 136

वेतनमान— 1400-2300

आयु सीमा— 1.1.1990 को 20 से 2

शैक्षिक योग्यता—गणित/ सांख्यिकी शास्त्र में किसी एक के साथ स्नातक. स्था अपने राज्य की भाषा जानने वालों व बाह करने में समर्थ लोगों को वरीयता दी जाएगी

आवेदन-पत्र का प्रारूप व अन्य विवरण 9-15 दिसम्बर के रोजगार समाच दिया गया है.

संघ लोक सेवा आयोग सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा, मई 19

संघ लोक सेवा आयोग सम्मिलित रक्षा से लिए 19 मई, 1990 को एक लिखित प आयोजित करेगा.

पदों की संख्या—

इंडियन मिलिट्री अकादमी, देहरादून— 150

नौसेना अकादमी— 16

एअर फोर्स स्टेशन, बेगमपेट— 76

ऑफीसर्स ट्रेनिंग अकादमी— 275

आयु सीमा—आई.एम.ए के लिए 2 जन 1967 से 1 जनवरी, 1972 के बीच जन्मा ह

नौसेना व वायु सेना अकादमी के लिए- जनवरी, 1969 से 1 जनवरी, 1972 के बीच जन्मा

ऑफीसर्स ट्रेनिंग अकादमी के लिए— 2 ज वरी, 1966 से 1 जनवरी, 1972 के बीच जन्मा

शैक्षिक योग्यता—आई.एम. ए. व ऑफीस ट्रेनिंग अकादमी के लिए स्नातक, नौसेना व वायुसे अकादमी के लिए भौतिकी व गणित के साथ एस. सी.

शुल्क— 28 रु.

आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि— 8 जनवरी, 1990

आवेदन-पत्र का प्रारूप व समस्त विवरण 2 नवम्बर से 1 दिसम्बर के रोजगार समाचार में दि गया है. ■■

हमारे नए प्रधानमंत्री : विश्वनाथ प्रताप सिंह

से लगभग 40 वर्ष पूर्व प्रिय बन्धु स्व. राजा मुनूआ (पुरुषोत्तम दास टण्डन) के सौजन्य विश्वनाथ प्रताप सिंह का कविता-पाठ ा. उस समय यह कल्पना भी नहीं की जा थी कि यह प्रियदर्शी एवं पीयूषवर्षी किशोर ्लकर भारत के प्रधानमंत्री के कंटक एवं संकुलित आसन पर विराजमान होगा.

ाजनीति के गर्द गुब्बारे को झाड़ते हुए और छल-छद्म के अंधड़ को पार करते हुए श्री . सिंह ने एक लम्बी यात्रा की है. पत्रकार के शब्दों में, "राजनीति की कालिमा धोने का एक रास्ता सक्रिय राजनीतिक अभियान रहा दूसरा रास्ता कविताएं और उनकी पेंटिंग है. ीति की दुविधाओं से निकलने का एक रास्ता ी कविताएं भी हैं. उनकी कविता एक राजनेता ुविधा को बहुत हद तक सामने लाती है."

पैगाम उनका
नाम तुम्हारा
बीच में फाड़ा मैं जाऊँगा
लिफाफे की तरह

इलाहाबाद की एक छोटी सी रियासत दहिया 25 जून, सन् 1931 को विश्वनाथ प्रताप सिंह का ा हुआ. जब वह पाँच वर्ष के थे, तब वह माँडा ासत के राजा की गोद चले गए. माँडा रियासत मैनेजर श्री रामसिंह की देख-रेख में इनका ान-पोषण हुआ.

पारिवारिक परिस्थितियों के कारण विश्वनाथ ाप सिंह को घर बदलना पड़ा. फलतः शिक्षा-ा में भी व्यवधान पड़ा. श्री सिंह ने एक भेंटवार्ता कहा था कि 'प्रारम्भिक शिक्षा में बाधा के कारण स्कूल और घर दोनों जगह अरक्षित महसूस रने लगा था.'

सेंट मेरी कान्वेंट इलाहाबाद, ब्राउन्स स्कूल देहरादून, उदय प्रताप इण्टर कॉलेज, वाराणसी तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद में उन्होंने बी. ए., एल. एल. बी., तक शिक्षा ग्रहण की. श्री सिंह कुशाग्र बुद्धि एवं मेधावी छात्र थे. उन्होंने समस्त परीक्षाएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कीं. राजनीति एवं सार्वजनिक जीवन के प्रति आपकी रुचि प्रारम्भ से ही रही. आप उदयप्रताप कॉलेज वाराणसी और इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद में छात्र-संघ के क्रमशः अध्यक्ष व उपाध्यक्ष रहे.

सन् 1957 में भूदान-आंदोलन में सक्रिय होने के साथ विश्वनाथ प्रताप सिंह के सार्वजनिक जीवन का आरम्भ माना जा सकता है. उन्होंने अपने हिस्से की लगभग 150 एकड़ भूमि भूदान में दे दी. उन्होंने माँडा में अपने महल का एक हिस्सा लाल बहादुर शास्त्री सेवा-निकेतन को दे दिया. वहाँ माचिस का एक कारखाना तथा खादी केन्द्र स्थापित कर दिए गए. सन् 1969 में कांग्रेस के टिकट पर मध्यावधि चुनाव जीतकर उत्तर प्रदेश विधान सभा में प्रवेश के साथ उन्होंने राजनीति की मुख्य धारा के साथ अपने को जोड़ दिया. सन् 1970 में वह उत्तर प्रदेश विधान सभा में कांग्रेस पार्टी के मुख्य सचेतक बनाए गए. यहाँ से विश्वनाथ प्रताप सिंह ने फिर मुड़कर नहीं देखा. 1971-74 में लोक सभा सदस्य, 1974-76 में केन्द्रीय वाणिज्य, राज्य मंत्री, जुलाई 1980 में पुनः लोक सभा सदस्य, जून 1980 से अगस्त 1982 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, 1983-84 में केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री तथा बाद में राजीव गांधी मंत्रिमण्डल में वित्त मंत्री, जनवरी 1987- अप्रैल 1987 में केन्द्रीय रक्षामंत्री आदि सोपानों को पार करते हुए श्री वी. पी. सिंह 02-12-1989 को भारत के प्रधानमंत्री बने.

अप्रैल सन् 1987 में रक्षा मंत्री के पद से

त्यागपत्र देकर नवम्बर 1987 में होने वाले चुनावों तक की कालावधि उनके जीवन में घनघोर संघर्ष का समय रहा. उनका संघर्ष भारत की सुदृढ़ केन्द्रीय सरकार के विरुद्ध था. कौन जानता था कि लगभग ढाई वर्ष तक प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझते हुए वह भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे? परम सौभाग्यशाली इस पद पर आसीन होने के अवसर पर हम उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हैं.

सन् 1982 में डाकुओं द्वारा सामूहिक हत्या की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए विश्वनाथ प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था. सम्भवतः उन्हीं दिनों श्री सिंह ने यह कविता लिखी थी–

यह कदुआई हुई
काठ की कुर्सी
उस पर बैठा हुआ मैं
बाहर डाल पर
बैठी हुई चिड़िया
कितनी आजाद है वह
और मैं कितना विवश

कुर्सी की विवशता को तोड़कर श्री सिंह आज़ाद पंछी की तरह उड़ना चाहते थे–उन्होंने एक से अधिक बार इसके लिए कोशिश भी की, परन्तु राजनीति की कुर्सी उन्हें बार-बार खींचकर अपने पास लाती रही. इस समय वह उसी से बँधकर हमारे राष्ट्रनायक बने हैं. विश्वनाथ प्रताप सिंह आदर्शवादी व्यावहारिक व्यक्ति हैं. सिद्धान्तों के साथ समझौता करना उन्हें कभी स्वीकार नहीं हुआ. राजनीति में भ्रष्टाचार के विरुद्ध युद्ध का क्रम उन्होंने अपने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रित्व-काल में आरम्भ किया, जब उन्होंने भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ कार्यवाही आरम्भ की. इतना ही नहीं, उन्होंने कई भ्रष्ट मंत्रियों को भी अपनी सरकार से बाहर कर दिया था. उस अवसर पर समस्त शासन-प्रशासन में जैसे एक भारी हड़कम्प मच गया था.

सन् 1987 में करोड़ों रुपए के घोटाले के नाम पर विश्वनाथ प्रताप सिंह ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया और 'बोफोर्स' ने जैस धमाकेदार धमक से पूरे देश को हिला दिया बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा वर्तमान व्यव बदलने के नाम पर उन्होंने संघर्ष आरम्भ कि बीच में वह कई बार संदेहों के घेरे में भ अन्ततः जनता ने उन्हें सत्ता सौंपकर अवस कर दिया कि वह पूरे अधिकार एवं पूरी श साथ अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर हों औ आदर्शों को कार्यरूप में परिणत करें.

प्रधानमंत्री-पद को ग्रहण करने के उप विश्वनाथ प्रताप सिंह ने राष्ट्र के नाम जो संदेश प्रसारित किया है, उसमें अन्य कल्याणकारी कार्यों के अलावा सार्वजनिक जी नैतिक मूल्यों की स्थापना का वचन भी दिया हम प्रतीक्षा करेंगे, उस अवसर की, जब वह कथनी और करनी के मध्य सामंजस्य स्थापि और भारत की जनता उनके प्रति इन श अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर सके–आज मैं 'र का अनुभव करती हूँ.

अपने उक्त सम्बोधन में श्री सिंह ने म गांधी, पं. नेहरू तथा श्रीमती इन्दिराजी के नाम लिए–सम्भवतः इसलिए कि जब तक उनके निर्देशित मार्ग पर न चला जाए, तब तक उनक लेना उनकी तपस्या को भुनाना तथा दि आत्माओं का अपमान करना है. उनका व अपमान किया जा चुका है. यद्यपि श्री सिंह कर्तव्य को भली-भाँति समझते हैं और राजनीतिक स्वार्थ-परता के दुष्परिणामों से अच्छी तरह परिचित हैं, तथापि हम सावधानी शब्द उनकी सेवा में निवेदन करना चाहते हैं. अपनी पार्टी के हित-साधन के हेतु संकु दृष्टिकोण अपनाने की गलती न करें. सन् 193 कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने मिलकर उत्तर प्र असेम्बली का चुनाव लड़ा था. जीत होने की स्थि में मंत्रिपरिषद् में मुस्लिम लीग के दो प्रत्याशी न छतारी और खल्लीकुज्ज़मा को लिया जाना परन्तु मंत्रिपरिषद् के गठन के समय पं. जवाहरल नेहरू ने यह प्रस्ताव किया कि हम किन्हीं

शेष पृष्ठ 506

।ा प्रतिभाएं

प्रदेश राज्य सेवा आयोग की 'एम्प्लायमेण्ट
फीसर' परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त

श्री सुभाष चन्द्र

श्री सुभाष चन्द्र ने अपने प्रथम प्रयास में ही मध्य प्रदेश राज्य सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में लायमेण्ट ऑफीसर' के पद पर सर्वोच्च स्थान प्राप्तकर शानदार सफलता अर्जित की है. स्नातकोत्तर क्षा उत्तीर्ण करने के तुरन्त पश्चात् ही आपका चयन जीवन बीमा निगम में सहायक के पद पर हो गया श्री सुभाष चन्द्र परिश्रमी, स्पष्टवादी, दृढ़ संकल्प, अदम्य इच्छा शक्ति वाले शिष्ट एवं सौम्य प्रकृति प्रतिभावान नवयुवक हैं. आगामी प्रतियोगियों के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शक संकेतों के साथ योगिता दर्पण के प्रतिनिधि के साथ हुई भेंटवार्ता निम्नलिखित पंक्तियों में प्रस्तुत है.

प्र. द.–सुभाष जी, सबसे पहले मैं आपको पाठकों, **प्रतियोगिता दर्पण** परिवार तथा स्वयं ी ओर से आपकी इस शानदार सफलता के हार्दिक बधाई देता हूँ.

सु. चं.–जी, बहुत धन्यवाद.

प्र. द.–स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् ही इस शानदार सफलता पर आपको अनुभव हो रहा है.

सु. चं.–इस चयन पर मुझे प्रसन्नता तो हो रही किन मेरा वास्तविक लक्ष्य तो अभी दूर है.

प्र. द.–आपने प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में से सोचना प्रारम्भ किया था तथा किसी स्पष्ट य का निर्धारण कब किया?

सु. चं.–प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से ञ बनने' की इच्छा तो मेरे अन्दर शायद स्कूल में ही उत्पन्न हो गई थी. यथासमय मेरा न "नेवी' तथा 'पॉलीटैक्निक' में भी हो गया था. में परिस्थितियोंवश मैं नहीं जा सका. स्नातक र पर ही मैंने पी. एस. सी. अथवा आई. ए. एस. सफल होने का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर लिया

प्र. द.–तो क्या आप अब इन परीक्षाओं में भी

व्यक्ति परिचय

नाम–सुभाष चन्द्र

शैक्षणिक योग्यता :

विद्यालय–*डी. ए. वी. इन्टर कॉलेज कुण्डौल (आगरा) से हाईस्कूल परीक्षा उच्च द्वितीय श्रेणी (58%) में उत्तीर्ण की. परिस्थितिवश इन्टरमीडिएट परीक्षा व्यक्तिगत छात्र के रूप में उत्तीर्ण की.*

महाविद्यालय–*आगरा कॉलेज, आगरा से बी. ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा एम. ए. की परीक्षा 1989 में इतिहास विषय में उत्तीर्ण की (59.8%).*

प्रयास करेंगे?

सु. च.–(बड़े ही आत्मविश्वास के साथ) अवश्यमेव. इन परीक्षाओं के लिए मुझे सभी अवसर प्राप्त होंगे, मैं इनमें अवश्य प्रयास करूँगा.

प्र. द.–आपके इतने आत्मविश्वास के साथ कहने का आधार क्या है?

सु. चं.–(उतने ही आत्म-विश्वास के साथ), देखिए सर, मेरे स्वभाव में 'लक्ष्य को प्राप्त करने की धुन' जैसी जिद घर कर गई है. निर्धारित कार्य को

पूरा कर लेने से पहले मुझे चैन नहीं आता.

प्र. द.—तो क्या आपकी सफलता का यही आधार है?

सु. चं.—मैं तो यही सोचता हूँ. कठिन एवं अनवरत परिश्रम, लगन तथा आत्म-विश्वास यही तो प्रत्येक सफलता की कुँजी हैं.

प्र. द.—यह मार्ग अपनाने की सर्वाधिक प्रेरणा आपको कहाँ से प्राप्त हुई?

सु. चं.—(बिना किसी झिझक के शीघ्र ही, अपने बड़े भाई साहब श्री सुग्रीव सिंह जी की ओर संकेत करते हुए) भाईसाहब ने बड़ी ही विषम परिस्थितियों में निरन्तर संघर्ष करते हुए पोस्ट ऑफिस की एक छोटी सी नौकरी से प्रारम्भ कर आज भारतीय बीमा सेवा में प्रथम श्रेणी के अधिकारी का पद प्राप्त किया है. उनके इसी संघर्ष ने मेरे जीवन पथ का शिलान्यास किया है.

प्र. द.—आपने इस परीक्षा के लिए तैयारी कब से प्रारम्भ की?

सु. चं.—प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी मैंने बी. ए. की कक्षाओं से ही प्रारम्भ कर दी थी लेकिन प्रस्तुत परीक्षा की विधिवत् तैयारी कोई 3 महीने पहले से प्रारम्भ की.

प्र. द.—आपने विषयों का चयन किस आधार पर किया?

सु. चं.—मैंने इतिहास विषय चुना क्योंकि मैंने स्नातकोत्तर परीक्षा इसी विषय में उत्तीर्ण की है. इस परीक्षा में भी भारतीय तथा यूरोपीय इतिहास मेरे विषय रहे.

प्र. द.—आपने परीक्षा के लिए किस प्रकार तैयारी की?

सु. चं.—सबसे पहले मैंने इस परीक्षा के पाठ्यक्रम के अनुसार विषय सामग्री एकत्रित की. इतिहास की पुस्तकों में प्रमुखतः डॉ. ईश्वरी प्रसाद, रोमिला थापर, पारथसार्थी गुप्ता एवं कैटलवी की पुस्तकों का अध्ययन किया. पूरे पाठ्यक्रम को क्रमवार विभाजित करके नियमित अध्ययन किया. इस अध्ययन के लिए 3-4 घंटे का समय नित्यप्रति दिया.

प्र. द.—सामान्य ज्ञान परीक्षा के लिए आपने कौनसी पुस्तकें पढ़ीं?

सु. चं.—इस अध्ययन के लिए आपके प्रक **प्रतियोगिता दर्पण** व **सामान्य ज्ञान दर्पण** अतिरिक्त अंग्रेजी पत्रिका 'कम्पटीशन मास्टर' पढ़ीं. समाचार-पत्रों में केवल स्थानीय समाचार ही पढ़े.

प्र. द.—सामान्य ज्ञान के लिए सर्वा उपयोगी कौनसी पुस्तकें लगीं?

सु. चं.—(अलमारी में सजी **प्रतियोगिता द** पुस्तकों को दिखाते हुए). मैंने प्रमुखतः 'प्रतियो दर्पण' तथा 'सामान्य ज्ञान दर्पण' पुस्तकों नियमित तथा व्यापक अध्ययन किया है. 'साम ज्ञान दर्पण' पुस्तक ने तो मेरी तैयारी में **'चार लगा दिए'**. इसी पुस्तक के आधार पर मैंने 15 से 145 प्रश्न सही किए. मेरी सफलता का रह इन्हीं दो पुस्तकों के अध्ययन पर आधारित रहा

प्र. द.—क्या बाह्य स्रोतों से भी आपने क सहायता प्राप्त की?

सु. चं.—जी नहीं.

प्र. द.—साक्षात्कार के लिए आपने क्या तैय की और कैसे?

सु. चं.—इस तैयारी में मैंने अपने मित्रों सहायता ली. अनेक सामयिक विषयों पर विचा विमर्श किया, उनसे अपना साक्षात्कार करवाया. एक मित्र श्री महावीर सिंह ने मेरी सहायता कर पुस्तकें, पत्रिकाएं एकत्रित करने में बड़ा सहयो किया.

प्र. द.—साक्षात्कार के लिए जाते समय क आपने कोई सावधानी बरती?

सु. चं.—कोई खास नहीं, मैं सादा वस्त्रों में ह साक्षात्कार के लिए गया था. साक्षात्कार देक बाहर निकलने वाले प्रतियोगियों से भी कोई बा नहीं की. मैं साक्षात्कार कक्ष में जाने से पूर्व पूर्णत 'शान्त व सन्तुलित' रहना चाहता था. किसी प्रका की शंका अथवा भय की भावना से ग्रसित नहीं होन चाहता था.

प्र. द.—आपका साक्षात्कार किस प्रका प्रारम्भ हुआ? सदस्यों के विषयों में आपका क्या अनुभव रहा?

सु. चं.—मैं कक्ष में प्रवेश करने के लिए हिन्दी में ही आज्ञा प्राप्त करके अन्दर गया. अध्यक्ष सहित

सदस्यों ने प्रसन्नता के भाव से 'आइए-आइए' ...र मेरा उत्साहवर्धन किया तथा वातावरण को ...न्य बना दिया अध्यक्ष महोदय के यह कहने पर ...आप तो बिल्कुल नए ही हैं, आपने तो (टॉप ...) कमाल ही कर दिया', मैं मन ही मन अपने ...त्कार की सफलता के लिए आश्वस्त हो गया

प्र. द.–आपसे अधिकतर प्रश्न किसने पूछे? ...से मुख्यतः क्या प्रश्न पूछे गए?

सु. चं.–अधिकतर प्रश्न सदस्यों ने ही पूछे. ...व प्रश्न कुछ इस प्रकार थे–

यू. एन. ओ. की स्थापना कब हुई? इसका संगठन क्या है? यह कौनसे कार्य करता है? वर्तमान में इसके महासचिव कौन हैं?

निर्गुट राष्ट्र सम्मेलन के बारे में–यह सम्मेलन कहाँ हुआ? इसमें कौनसा नया कदम उठाया गया है? (संदर्भ पृथ्वी रक्षा कोष से था) इस कोष की राशि किस प्रकार एकत्रित की जाएगी?. इस सम्बन्ध में पर्यावरण सम्बन्धी प्रश्न पूछे गए.

इतिहास में–मुगल वंश की स्थापना किस प्रकार हुई?

मध्य प्रदेश राज्य के विषय में पूछे गए प्रश्न थे–

(i) मध्य प्रदेश का दक्षिण का भाग कहाँ से प्रारम्भ होता है?

(ii) दक्षिणी भाग के जनजाति वाले जिलों के नाम बताइए.

(iii) भिण्ड तथा मुरैना क्षेत्र किस सम्भाग में हैं?

(iv) उत्तरी भाग में ऐसे जिलों के नाम बताइए, जहाँ जनजातियों की आबादी अधिक है. जनजातियों के नाम भी बताइए. जब सदस्यों ने अध्यक्ष महोदय से प्रश्न पूछने के लिए कहा तो उन्होंने प्रसन्न मुद्रा में धन्यवाद कहकर साक्षात्कार ही समाप्त कर दिया. मेरा साक्षात्कार 15-20 मिनट चला.

प्र. द.–आपके अनुमान से आपका साक्षात्कार ...ैसा रहा?

सु. चं.–मैंने लगभग सभी प्रश्नों के उत्तर दिए. जिनके उत्तर मुझे नहीं आते थे, मैंने नम्रतापूर्वक क्षमा याचना कर ली. मेरे अनुमान से मेरा साक्षात्कार बहुत अच्छा रहा.

प्र. द.–आपकी रुचियाँ.

सु. चं.–अध्ययन, मनन, लेखन तथा खेलकूद.

प्र. द.–आपकी प्रेरक पुस्तक.

सु. चं.–गीता

प्र. द.–आपका प्रेरक व्यक्ति.

सु. चं.–मेरे बड़े भाई जिनका अथक परिश्रम और सतत् संघर्ष मेरा जीवन-दर्शन बना.

प्र. द.–आपका प्रेरणास्रोत आदर्श वाक्य?

सु. चं.–'कर्मण्येवाधिकारस्ते, मा फलेषु कदाचन' तथा जवाहरलाल नेहरू के वह वाक्य जो उनकी मेज पर उनके सामने रखे रहते थे.

प्र. द.–क्या आपने हिन्दी माध्यम का प्रतियोगी होने में कभी हीनता का अनुभव किया?

सु. चं.–कभी नहीं, बल्कि हिन्दी माध्यम होने से मैंने पढ़ी हुई चीजों को अच्छी तरह समझा, भली प्रकार आत्मसात् किया तथा अच्छी तरह अपने भावों को व्यक्त किया

प्र. द.–और साक्षात्कार में हिन्दी माध्यम होने से ?

सु. चं.–वहाँ भी किसी प्रकार का संकोच नहीं हुआ. सदस्यों द्वारा भी ऐसा कोई एहसास नहीं होने दिया.

प्र. द.–हमारे प्रकाशनों को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए आप क्या सुझाव देना चाहेंगे?

सु. चं.–वैकल्पिक प्रश्न-पत्रों सम्बन्धी जानकारी तथा मॉडल प्रश्न-पत्र प्रकाशित करें. लेख और अधिक एवं गम्भीर जानकारी तथा विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण लिए हुए होने चाहिए. क्विज टाइप ऐसे प्रश्न दीजिए जो नियत समय में करने हों. विशिष्ट ज्ञान (Specialised Knowledge) की सामग्री भी प्रकाशित करें.

प्र. द.–इस परीक्षा के लिए अपनाई जाने वाली नई प्रणाली के बारे में आपके क्या विचार हैं?

सु. चं.–नई प्रणाली का एक लाभ तो यह होगा कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एक साथ

शेष पृष्ठ 510 पर

रेलवे सेवा आयोग अहमदाबाद, परीक्षा– 1988 का हल प्रश्न-पत्र

वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान

1. पानीपत का प्रथम युद्ध किस वर्ष में हुआ था?
   (A) 1526 ई. में (B) 1556 ई. में
   (C) 1761 ई. में (D) 1757 ई. में
2. भारत में अंग्रेजी राज्य की स्थापना करने वाला कौन था?
   (A) लॉर्ड मिन्टो
   (B) लॉर्ड रिपन
   (C) लॉर्ड इर्विन
   (D) लॉर्ड क्लाइव
3. इंगलैण्ड में रक्तहीन क्रान्ति का वर्ष था–
   (A) 1526 (B) 1605
   (C) 1626 (D) 1688
4. ट्रफल्गार का युद्ध किस सन् में लड़ा गया?
   (A) 1789 में (B) 1805 में
   (C) 1815 में (D) 1947 में
5. नेपोलियन को 'वाटर लू' में किसने हराया था?
   (A) मार्शल रोमिल
   (B) बिस्मार्क
   (C) गैरी बाल्डी
   (D) ड्यूक ऑफ वैलिंगटन
6. मौहम्मद साहब का जन्म किस ई. में हुआ था?
   (A) 622 (B) 702
   (C) 570 (D) 558
7. प्रसिद्ध कृति 'एशियन ड्रामा' किसने लिखी थी?
   (A) गुन्नार मिर्डल
   (B) जॉर्ज ऑरवेल
   (C) बोरिस पेस्टरनेक
   (D) जॉर्ज बर्नार्ड शॉ
8. 'My Experiments with Truth' पुस्तक लिखी थी–
   (A) मैक्सिम गोर्की ने
   (B) श्री हर्ष ने
   (C) टी. एस. ईलियट ने
   (D) महात्मा गांधी ने
9. सन् 1945 ई. में हिरोशिमा पर बम गि[रा]या गया, वह तिथि थी–
   (A) 8 जून, 1945
   (B) 6 अगस्त, 1945
   (C) 7 जून, 1945
   (D) 8 अक्टूबर, 1945
10. 1988 में हुए ओलम्पिक खेलों का स्थान थ[ा]
   (A) सियोल (B) टोकियो
   (C) नई दिल्ली (D) लन्दन
11. भारत में सबसे बड़ी झील है–
   (A) बूलर झील (कश्मीर)
   (B) डल झील
   (C) कीतम झील
   (D) चिलका झील
12. आदि मानव कच्चा माँस खाते थे क्योंकि–
   (A) कच्चा माँस अच्छा होता था
   (B) कच्चा माँस पौष्टिक होता था
   (C) उन्हें आग का ज्ञान न था
   (D) वे जंगल में आग नहीं जलाते थे
13. बांग्लादेश की स्थापना किस वर्ष में हुई थी
   (A) 1981 में (B) 1979 में
   (C) 1964 में (D) 1971 में

उत्तरमाला

1. (A)	2. (D)	3. (D)	4. (B
5. (D)	6. (C)	7. (A)	8. (D
9. (B)	10. (A)	11. (A)	12. (C
13. (D)			

सामान्य अध्ययन परीक्षण

ंक : 50 समय : 1 घण्टा

नोट– 1. प्रश्नों की कुल संख्या 100 है. सभी न अनिवार्य हैं.

2. सभी प्रश्नों के अंक समान है.

3. प्रश्न (1) से उत्तर लिखना प्रारम्भ कीजिए ! अन्त तक करते जाइए. जिस प्रश्न का उत्तर न ा हो उस पर समय मत नष्ट कीजिए.

4. प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प उत्तर दिए गए इनमें से केवल एक विकल्प सही है. आपको ार पत्रक पर सही विकल्प को ही वृत्त से घेरना ा.

5. किसी प्रश्न का उत्तर अनुमान लगाकर मत जिए क्योंकि गलत उत्तरों के लिए मूल्यांकन के त्र के अनुसार अंक काटे जा सकते हैं.

1. हृदय से शरीर में जाने वाली रक्त नलिका–
   (A) शिरा (B) धमनी
   (C) कोशिकाएं (D) नाड़ी
2. थाइराइड ग्रंथियाँ कहाँ पर स्थित हैं?
   (A) गला (B) सिर
   (C) थोरेक्स (D) पेट
3. 'पाणिनी' कौन था?
   (A) चित्रकार
   (B) कवि
   (C) संस्कृत व्याकरणवेत्ता
   (D) गणितज्ञ
4. सिकन्दर महान ने कब भारत पर चढ़ाई की थी?
   (A) 335 ई.पू. (B) 327 ई.पू.
   (C) 297 ई.पू. (D) 261 ई.पू.
5. 'गोआ' पुर्तगाल के नियंत्रण से कब बाहर हुआ?
   (A) 1951 (B) 1961
   (C) 1964 (D) 1971
6. 'ध्यानचन्द' किस खेल से सम्बन्धित थे?
   (A) फुटबॉल (B) क्रिकेट
   (C) हॉकी (D) टेनिस
7. मुस्लिम लीग की स्थापना किसके द्वारा की गयी?
   (A) शौकत अली
   (B) मोहम्मद अली जिन्ना
   (C) रहमत अली
   (D) नवाब शमीउल्ला खाँ
8. राउरकेला स्टील कारखाना किसके सहयोग से लगाया गया?
   (A) यू.एस.एस.आर. (B) यू.एस.ए.
   (C) पश्चिम जर्मनी (D) यू.के.
9. 'स्टाकहोम' राजधानी है–
   (A) नार्वे (B) स्वीडन
   (C) डेनमार्क (D) बेल्जियम
10. मनसबदारी प्रथा किसने प्रारम्भ की थी?
    (A) बाबर (B) अकबर
    (C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब
11. निम्नलिखित में से किसने कुतुबमीनार को पूरा कराया था?
    (A) इल्तुतमिश (B) कुतुबुद्दीन ऐबक
    (C) शाहजहाँ (D) अकबर
12. प्रथम योजना आयोग का अध्यक्ष कौन था?
    (A) जवाहरलाल नेहरू
    (B) सी.डी. देशमुख
    (C) अशोक मेहता
    (D) गुलजारी लाल नन्दा
13. राज्य सभा के सदस्य चुने जाते है–
    (A) जीवन भर के लिए

(B) चार वर्ष की समयावधि के लिए
(C) छः वर्ष की समयावधि के लिए
(D) पाँच वर्ष की समयावधि के लिए

14. लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या कितनी है?
(A) 550 (B) 500
(C) 545 (D) 525

15. निम्नलिखित में से संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रथम महासचिव कौन था?
(A) यू थान्ट (B) कुर्त वाल्दहीम
(C) त्रिग्वैली (D) महात्मा गांधी

16. निम्नलिखित में से कौनसा देश सुरक्षा परिषद् का स्थाई सदस्य नहीं है?
(A) चीन (B) इटली
(C) यू.के. (D) फ्रॉंस

17. नालन्दा विश्वविद्यालय सम्बन्धित है–
(A) कनिष्क से
(B) चन्द्रगुप्त II से
(C) हर्षवर्धन से
(D) उपर्युक्त में किसी से नहीं

18. अब तक कितनी बार राष्ट्रपति द्वारा आर्थिक आधार पर आपातकाल की उद्घोषणा की गयी?
(A) एक बार (B) दो बार
(C) तीन बार (D) कभी नहीं

19. राष्ट्रपति आंग्ल भारतीय समुदाय के कितने सदस्यों को लोक सभा के लिए मनोनीत कर सकता है?
(A) 2 (B) 6
(C) 12 (D) 20

20. निम्नलिखित में से नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला व्यक्ति कौन था?
(A) सी.वी. रमन
(B) हरगोविन्द खुराना
(C) रबीन्द्रनाथ टैगोर
(D) एस. चन्द्रशेखर

21. भारत में प्रकाशित होने वाला पहला समाचार-पत्र था–
(A) अमृत बाजार पत्रिका
(B) बम्बई हेराल्ड
(C) मलयाला मनोरमा
(D) बंगाल गजट

22. वर्ष 1987 के भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार के विजेता हैं–
(A) पन्नालाल पटेल
(B) नागराजा राव
(C) वी.वी. शिरवाडकर
(D) टी.एस. पिल्लै

23. कौनसा राष्ट्रपति लगातार दो समयावधि तक अपने पद पर रहा?
(A) डा. राजेन्द्र प्रसाद
(B) डा. एस. राधाकृष्णन
(C) डा. जाकिर हुसैन
(D) नीलम संजीवा रेड्डी

24. भारत की सेना का सर्वोच्च सेनापति कौन है?
(A) रक्षामंत्री
(B) प्रधानमंत्री
(C) फील्ड मार्शल
(D) राष्ट्रपति

25. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के सेवा-निवृत्त होने की आयु क्या है?
(A) 60 वर्ष (B) 65 वर्ष
(C) 62 वर्ष (D) 70 वर्ष

26. ऋग्वैदिक आर्यों का युद्ध का देवता कौन था?
(A) वरुण (B) इन्द्र
(C) मित्र (D) रुद्र

27. सियोल ओलम्पिक में किस देश ने सर्वाधिक स्वर्ण पदक प्राप्त किये?
(A) यू.एस.ए.
(B) यू.एस.एस.आर
(C) दक्षिण कोरिया
(D) चीन

28. मनुष्य के वृद्ध होने के साथ सामान्यतः रक्तचाप–
(A) बढ़ता है
(B) घटता है
(C) स्थिर रहता है
(D) बहुत परिवर्तित होता है

29. भारत में व्यक्तियों को मत देने का अधिकार निम्नलिखित आधार पर दिया जाता है–
(A) शिक्षा (B) उम्र
(C) सम्पत्ति (D) धर्म

30. भारत का संविधान है–
(A) कठोर
(B) लचीला
(C) थोड़ा कठोर, थोड़ा लचीला
(D) अत्यधिक कठोर

31. निम्नलिखित में कौन सोवियत संघ का राष्ट्रपति है–
(A) मिखाइल गोर्बाचोव
(B) आन्द्रेई ग्रोमिको
(C) अनातोली लुकानोव
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. निम्नलिखित में से कौनसा आन्ध्र प्रदेश का प्रसिद्ध नृत्य है?
(A) कत्थक (B) कथकली
(C) यक्षगान (D) कुचीपुड़ी

33. फतेहपुर सीकरी का निर्माण किसने कराया?
(A) अकबर (B) शाहजहाँ
(C) जहाँगीर (D) औरंगजेब

34. भारत का अंतरिक्ष शोध केन्द्र स्थित है–
(A) थुम्बा में
(B) अहमदाबाद में
(C) बंगलौर में
(D) त्रिवेन्द्रम में

35. 'गरबा' नृत्य सम्बन्धित है–
(A) पंजाब से
(B) हरियाणा से
(C) गुजरात से
(D) हिमाचल प्रदेश से

36. 'धन्वन्तरि' कौन था?
(A) एक प्रसिद्ध सेनापति
(B) एक प्रतिष्ठित चिकित्सक
(C) एक प्रसिद्ध नाटककार
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. 'चिल्का' झील किस राज्य में है?
(A) राजस्थान (B) उड़ीसा
(C) बिहार (D) मध्य प्रदेश

38. निम्नलिखित में कौनसा रासायनिक परिवर्तन नहीं है?
(A) दूध का दही होना
(B) लकड़ी का जलना
(C) पानी में घुला नमक
(D) लोहे में जंग लगना

39. मूली है एक–
(A) गाँठ (B) कन्द
(C) परिष्कृत जड़ (D) दाना

40. अन्तरिक्ष में जाने वाला प्रथम मनुष्य कौन था?
(A) जॉन एच ग्लेन
(B) एम स्काट कारपेन्टर
(C) पेरसिवल
(D) यूरी गगारिन

41. दूर की वस्तुएं निम्नलिखित की सहायता से देखी जा सकती है–
(A) टेलिस्कोप
(B) ओसिलोस्कोप
(C) एनिमोमीटर
(D) स्पेक्ट्रोस्कोप

42. सूर्य की सतह का तापमान लगभग कितना होता है?
(A) 3000° से. (B) 4000° से.
(C) 5000° से. (D) 6000° से.

43. 'मैकमोहन' रेखा से कौनसे देश अलग होते हैं?
(A) भारत तथा पाकिस्तान
(B) चीन तथा तिब्बत
(C) भारत तथा चीन
(D) भारत तथा बांग्लादेश

44. 'गल्फस्ट्रीम' क्या है?
(A) अन्ध महासागर की एक ठण्डी धारा
(B) प्रशान्त महासागार की एक ठण्डी धारा
(C) अन्ध महासागर की एक गर्म धारा
(D) प्रशान्त महासागर की एक गर्म धारा

45. सूर्य ग्रहण होता है–
(A) जब पृथ्वी की परछाई चन्द्रमा पर पड़ती है

(B) जब सूर्य, पृथ्वी और चन्द्रमा के बीच में होता है
(C) जब चन्द्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच आ जाता है
(D) जब पृथ्वी, सूर्य और चन्द्रमा के मध्य आती है

46. भोजन से प्राप्त ऊर्जा नापी जाती है–
(A) कैलोरी में (B) किलोग्राम में
(C) मीटर में (D) लिटर में

47. कौनसी ग्रन्थि इन्सुलिन उत्पादित करती है?
(A) अग्नाशय
(B) पिट्यूटरी
(C) थाइराइड
(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

48. विटामिन A की कमी से रोग होता है–
(A) बेरी-बेरी (B) स्कर्वी
(C) रतौंधी (D) रिकेट्स

49. भूकम्प की तीव्रता किस यंत्र से ज्ञात की जाती है?
(A) सेक्सटेन्ट (B) टेलिस्कोप
(C) सिस्मोग्राफ (D) डायनमो

50. 'इन्डिया विन्स फ्रीडम' के लेखक हैं–
(A) अबुल कलाम आजाद
(B) जवाहर लाल नेहरू
(C) महात्मा गांधी
(D) राजगोपालाचारी

51. कौनसा ग्रह सूर्य के सबसे समीप है?
(A) बुध (B) शुक्र
(C) पृथ्वी (D) बृहस्पति

52. निम्नलिखित में से कौनसी बीमारी पानी से उत्पन्न होती है?
(A) हैजा (B) एन्फ्लूयन्जा
(C) छोटी चेचक (D) मलेरिया

53. 'पेन्सिलीन' का आविष्कार किसने किया?
(A) जोन्स साक
(B) जेनर
(C) एलेक्जेन्डर फ्लेमिंग
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. स्वस्थ मनुष्य के शरीर में सामान्यतः कितना खून होता है?
(A) 4 से 5 लिटर
(B) 10 से 15 लिटर
(C) 15 से 20 लिटर
(D) 20 से 25 लिटर

55. भारत के फिल्मोद्योग ने पूरे किए हैं–
(A) 25 वर्ष (B) 30 वर्ष
(C) 65 वर्ष (D) 75 वर्ष

56. "जालियाँवाला बाग" गोलीकाण्ड किसके द्वारा कराया गया था?
(A) चर्चिल (B) डायर
(C) ह्यूम (D) माउन्टबेटन

57. निम्नलिखित में से विश्व की सबसे लम्बी नदी कौनसी है?
(A) अमेजन
(B) मिसीसिपी-मिसौरी
(C) टेम्स
(D) नील

58. 'महाबलीपुरम्' किस राज्य में है?
(A) तमिलनाडु (B) उड़ीसा
(C) पश्चिम बंगाल (D) गुजरात

59. पं. बिरजू महाराज सम्बन्धित हैं–
(A) भरतनाट्यम् से
(B) मणीपुरी से
(C) कुचीपुड़ी से
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

60. संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा प्रथम अणु बम गिराया गया था–
(A) बर्लिन पर (B) पेरिस पर
(C) हिरोशिमा पर (D) लंदन पर

61. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अध्यक्ष कौन था?
(A) ए.ओ. ह्यूम
(B) सुरेन्द्र नाथ बनर्जी
(C) वोमेश चन्द्र बनर्जी
(D) महात्मा गांधी

62. 1992 के ओलम्पिक खेल आयोजित होंगे–
(A) न्यूयार्क, अमरीका
(B) बार्सिलोना, स्पेन

(C) टोकियो, जापान
(D) शंघाई, चीन

63. निम्नलिखित में से किस बीमारी का सम्बन्ध हड्डी से है?
(A) पीलिया (B) बेरी-बेरी
(C) रिकेट्स (D) अतिसार

64. भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन द्वारा सर्वप्रथम प्रक्षेपित उपग्रह था–
(A) रोहिणी (B) भास्कर
(C) आर्यभट्ट (D) त्रिशूल

65. भारत में साक्षरता का सबसे अधिक प्रतिशत है–
(A) केरल में
(B) बिहार में
(C) जम्मू और कश्मीर में
(D) अरुणाचल प्रदेश में

66. असंगत छाँटिए–
(A) श्रीकांत (B) निर्मला
(C) कामायनी (D) कर्मभूमि

67. 'मेरा नया बचपन' कविता लिखी है–
(A) अमृता प्रीतम ने
(B) महादेवी वर्मा ने
(C) सुभद्रा कुमारी चौहान ने
(D) सुमित्रानन्दन पंत ने

68. महात्मा गांधी ने सर्वप्रथम सत्याग्रह आन्दोलन कहाँ प्रारम्भ किया था?
(A) चम्पारन (B) बारदोली
(C) साबरमती (D) पवनार

69. 'पंचतन्त्र' के रचयिता हैं–
(A) विष्णु शर्मा (B) कालिदास
(C) के.एम. मुंशी (D) भैरवी

70. 'सहारा' मरुस्थल कहाँ स्थित है?
(A) एशिया (B) अफ्रीका
(C) अमरीका (D) यूरोप

71. 'कर्मभूमि' का लेखक कौन है?
(A) मुंशी प्रेमचन्द
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(D) शरद चन्द्र

72. 'स्टेफीग्राफ' कौन है?
(A) बैडमिन्टन खिलाड़ी
(B) क्रिकेटर
(C) फुटबॉल खिलाड़ी
(D) टेनिस खिलाड़ी

73. स्वतन्त्र भारत के पहले रक्षामन्त्री कौन थे?
(A) मानिक शाह
(B) सरदार बलदेव सिंह
(C) जगजीवन राम
(D) मोरारजी देसाई

74. महाराजा रणजीत सिंह की राजधानी थी–
(A) अमृतसर (B) लाहौर
(C) पटियाला (D) चण्डीगढ़

75. 'दास कैपिटल' पुस्तक का रचयिता था–
(A) लेनिन (B) कार्लमार्क्स
(C) माओ त्से तुंग (D) महात्मा गांधी

76. 'दिगम्बर' एवं 'श्वेताम्बर' हैं–
(A) जैन समूह
(B) जैन मन्दिर
(C) जैन धार्मिक पुस्तकें
(D) जैन त्यौहार

77. निम्नलिखित में से खुला विश्वविद्यालय कौनसा है?
(A) पूना विश्वविद्यालय
(B) जवाहरलाल विश्वविद्यालय
(C) गढ़वाल विश्वविद्यालय
(D) इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय

78. पाकिस्तान की प्रधानमन्त्री बेनजीर भुट्टो से सम्बन्धित पार्टी है–
(A) पी.बी.एच. (B) पी.बी.पी.
(C) पी.बी.जे. (D) पी.पी.पी.

79. महात्मा बुद्ध ने प्रथम उपदेश कहाँ दिया था?
(A) लुम्बिनी (B) सारनाथ
(C) साँची (D) गया

80. भारत की पहली महिला जेट पायलट थी–
(A) सविता बनर्जी
(B) कैप्टन सौदामिनी देशमुख
(C) मल्लिका साराभाई
(D) बछेन्द्री पाल

81. भारत में सर्वाधिक चीनी उत्पादक राज्य कौनसा है?
(A) महाराष्ट्र (B) उत्तर प्रदेश
(C) बिहार (D) आन्ध्र प्रदेश

82. विद्युत रेल इंजनों का निर्माण कहाँ होता है?
(A) मद्रास (B) चितरन्जन
(C) जमशेदपुर (D) हैदराबाद

83. भारत में हीरों का खनन कहाँ किया जाता है?
(A) आन्ध्र प्रदेश के गोलकुण्डा में
(B) मध्य प्रदेश के पन्ना में
(C) तमिलनाडु के नेवेली में
(D) कर्नाटक के कोलार में

84. प्राथमिक रंग हैं—
(A) लाल, नीला और पीला
(B) नीला, हरा और पीला
(C) लाल, नीला और हरा
(D) हरा, लाल और पीला

85. भारत के साथ सर्वप्रथम व्यापार सम्बन्ध स्थापित करने वाला देश था—
(A) पुर्तगाल (B) हॉलैण्ड
(C) फ्रान्स (D) इंगलैण्ड

86. पानीपत का तीसरा युद्ध कब हुआ था?
(A) 1762 (B) 1761
(C) 1763 (D) 1764

87. जनसंख्या के आधार पर भारत के प्रथम तीन बड़े राज्य हैं—
(A) उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंन्ध्र प्रदेश
(B) उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र
(C) उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल
(D) उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश

88. निम्नलिखित में से किस राज्य में 'अजन्ता एवं एलोरा गुफाएं' स्थित हैं?
(A) राजस्थान (B) गुजरात
(C) आन्ध्र प्रदेश (D) महाराष्ट्र

89. भारतीय सेना का प्रथम फील्ड मार्शल कौन है?
(A) जनरल रैना
(B) जनरल एस. मानेक शा
(C) जनरल के.एन. करिअप्पा
(D) जनरल जे.एन. चौधरी

90. भारत के किस राज्य में सर्वाधिक कोयले के भण्डार हैं?
(A) पश्चिम बंगाल (B) बिहार
(C) मध्य प्रदेश (D) उत्तर प्रदेश

91. 'चिपको आन्दोलन' क्या है?
(A) अस्पृशयता को समाप्त करने के लि[ए] किया गया अभियान
(B) वृक्ष बचाओ अभियान
(C) देश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लि[ए] किया जाने वाला अभियान
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. संसद का सदस्य न होने पर एक व्यक्ति कितने समय तक केन्द्रीय मन्त्री रह सकता है
(A) 3 महीने (B) 6 महीने
(C) एक वर्ष (D) 120 दिन

93. 1987 में भारत रत्न पुरस्कार निम्नलिखि[त] में से किसको मिला था?
(A) एम.जी रामचन्द्रन
(B) विनोबा भावे
(C) खान अब्दुल गफ्फार खाँ
(D) इन्दिरा गांधी

94. विश्व में सबसे छोटा स्वाधीन देश है—
(A) वेटिकन सिटी (B) ब्रूनेई
(C) बेलेजी (D) भूटान

95. निम्नलिखित धातुओं में से विद्युत की सब[से] अच्छी सुचालक धातु है—
(A) चाँदी (B) सोना
(C) ताँबा (D) एल्यूमिनियम

96. श्वेत रक्त कणिकाओं का मुख्य कार्य है—
(A) रक्त को सही रंग प्रदान करना
(B) शरीर को प्रतिरक्षा प्रदान करना
(C) शरीर को शक्ति देना
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

97. भारत छोड़ो आन्दोलन कब चलाया गया था
(A) अगस्त 1941 (B) अगस्त 194
(C) अगस्त 1943 (D) अगस्त 19

शेष पृष्ठ 479 प

वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान

निम्नलिखित में से कौनसा पहाड़ी दर्रा (mountain pass) जम्मू तथा कश्मीर में है?
(A) नाथूला
(B) रोहतांग
(C) जोजीला
(D) बारा लाचा ला

चीन के सिक्यांग तथा पाक अधिकृत कश्मीर को जोड़ने वाला सड़क मार्ग है-
(A) सियाचिन सड़क मार्ग
(B) कराकोरम सड़क मार्ग
(C) 'गुडविल' सड़क मार्ग
(D) 'सिल्क' सड़क मार्ग

पवित्र नगर मक्का कहाँ पर है?
(A) ओमान में
(B) सऊदी अरब में
(C) बहरीन में
(D) ईरान में

डिब्रूगढ़ किस नदी के तट पर स्थित है?
(A) पद्मा
(B) सुवर्ण रेखा
(C) ब्रह्मपुत्र
(D) इरावती

पोंग बाँध का निर्माण किस नदी पर हुआ है?
(A) सतलज (B) रावी
(C) झेलम (D) व्यास

भारत द्वारा भूमिगत परमाणु विस्फोट किए जाने वाला स्थान पोखरन किस राज्य में है?
(A) हरियाणा (B) राजस्थान
(C) गुजरात (D) मध्य प्रदेश

अगरतला राजधानी है-
(A) अरुणाचल प्रदेश की
(B) नागालैण्ड की
(C) मेघालय की
(D) त्रिपुरा की

8. जेल डायरी (Prison Diary) पुस्तक के लेखक हैं-
(A) बाल गंगाधर तिलक
(B) जय प्रकाश नारायण
(C) सरदार बल्लभ भाई पटेल
(D) जवाहर लाल नेहरू

9. 'गल्फस्ट्रीम' किस महासागर की धारा है?
(A) हिन्द महासागर की
(B) प्रशान्त महासागर की
(C) अटलांटिक महासागर की
(D) अंटार्कटिका महासागर की

10. ऑस्कर पुरस्कार विजेता फिल्म 'The Last Emperor' किसकी जीवनी पर आधारित है?
(A) पीटर महान (Peter the Great) की
(B) बहादुरशाह जफर की
(C) पू यी (Pu Yi) की
(D) नेपोलियन बोनापार्ट की

11. सन् 1893 में स्वामी विवेकानन्द ने विश्व धर्मों की पार्लियामेण्ट में कहाँ भाग लिया था?
(A) सेनफ्रांसिस्को में
(B) वाशिंगटन डी. सी. में
(C) न्यूयार्क में
(D) शिकागो में

12. निम्नलिखित में से कौनसा कवि इटली के जागृति आन्दोलन (Itallian Renaissance) से सम्बन्धित है?
(A) दान्ते (Dante)
(B) रौसेटी (Rossetti)
(C) होमर (Homer)
(D) रेम्ब्रेन्ट (Rembrandt)

13. इजराइल की आन्तरिक सुरक्षा सेवा कहलाती है-
(A) मोसाद (Mossad)

(B) सिन फीन (Sinn Fein)
(C) शिन बेत (Shin Bet)
(D) मोशे अराफास (Moshe Arafas)

14. मौर्य काल में कौनसा विदेशी यात्री भारत आया था?
(A) ह्वेन सांग (B) फाह्यान
(C) इब्नबतूता (D) मेगस्थनीज

15. निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा गलत है?
(A) मोहम्मद जायसी–पद्मावत
(B) अब्दुल हमीद–बादशाहनामा
(C) अबुल फजल–बाबरनामा
(D) कल्हण–राजतरंगिणी

16. अब तक 'भारत रत्न' पुरस्कार कितने व्यक्तियों को मरणोपरांत प्रदान किया गया है ?
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

17. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के राष्ट्रपति किस अवधि में रहे?
(A) 26 जनवरी, 1950–12 मई, 1957
(B) 26 जनवरी, 1950–13 मई, 1962
(C) 12 मई, 1952–13 मई, 1962
(D) 13 मई, 1950–12 मई, 1960

18. यदि न्यायमूर्ति ई. एस. वेंकटरमैया भारत के 19 वें मुख्य न्यायाधीश हैं तो 17 वें मुख्य न्यायाधीश कौन थे?
(A) न्यायमूर्ति आर. एस. पाठक
(B) न्यायमूर्ति पी. एन. भगवती
(C) न्यायमूर्ति वाई. वी. चन्द्रचूड़
(D) न्यायमूर्ति एम. एच. बेग

19. निम्नलिखित में से अमरीकी स्वतंत्रता संग्राम का नायक कौन था?
(A) अब्राहम लिंकन
(B) जॉर्ज वाशिंगटन
(C) बेन्जामिन फ्रेंकलिन
(D) ड्वाइट आइजन हावर

20. किसी घनाकार कमरे की लम्बाई $\sqrt{3}$ मीटर है. कितनी अधिकतम लम्बाई का बाँस इसके अन्दर रखा जा सकता है?
(A) $2\sqrt{3}$ मीटर
(B) $\sqrt{3}$ मीटर
(C) $\sqrt{3}$ मीटर
(D) $3\sqrt{3}$ मीटर

21. भाग की निम्नलिखित क्रिया में–

```
73 ) x x x 5 ( xx
     x x
     -----
     x x 5
     x x x
     -----
       60
```

x के स्थान पर 0 से 9 तक के अंक हैं. भाज्य (dividend) में सैकड़े के स्थान पर अं[क] होगा–
(A) 0 (B) 1
(C) 2 (D) 3

22. कालक्रम के अनुसार निम्नलिखित घटना[ओं] का क्रम क्या होगा?
(1) डांडी मार्च
(2) साइमन कमीशन
(3) पूना-पैक्ट
(4) गांधी-इरविन पैक्ट
(A) 1, 2, 3, 4
(B) 2, 1, 4, 3
(C) 3, 2, 1, 4
(D) 3, 4, 2, 1

23. निम्नलिखित का सही क्रम क्या होगा?
(1) विनय पत्रिका
(2) गीत गोविन्द
(3) रघुवंश
(4) अथर्ववेद
(A) 2, 4, 3, 1
(B) 4, 3, 2, 1
(C) 4, 1, 3, 2
(D) 3, 2, 1, 4

24. निम्नलिखित में से किसने बगदाद के खली[फा] का नाम सिक्कों पर अंकित कराया था?
(A) बलबन
(B) कुतुबुद्दीन ऐबक
(C) इल्तुतमिश
(D) अलाउद्दीन खिलजी

25. निम्नलिखित में से किसका मकबरा भारत में नहीं है?
    (A) अकबर (B) हुमायूँ
    (C) जहाँगीर (D) एत्मादद्दौला
26. निम्नलिखित में से किसकी असफलता के पश्चात 'स्वराज पार्टी' का गठन किया गया था?
    (A) भारत छोड़ो आन्दोलन
    (B) सत्याग्रह आन्दोलन
    (C) असहयोग आन्दोलन
    (D) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
27. किसी स्थान पर ग्रीनविच मीन टाइम (GMT) 12 घंटे आगे है. वह स्थान होगा–
    (A) ग्रीनविच से 180^0W
    (B) ग्रीनविच से 180^0E
    (C) ग्रीनविच से 90^0W
    (D) ग्रीनविच से 90^0E
28. अनुशीलन समिति एक आतंकवादी संगठन था. इसका मुख्यालय (H.Q.) था–
    (A) चण्डीगढ़ में
    (B) लाहौर में
    (C) इस्लामाबाद में
    (D) कलकत्ता में
29. राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन में निम्नलिखित में से किस जोड़े का दृष्टिकोण समान था?
    (A) बाल गंगाधर तिलक तथा सुब्रह्मन्यम भारती
    (B) महात्मा गांधी तथा शौकत अली
    (C) चितरंजनदास तथा राजगोपालाचारी
    (D) चितरंजन दास तथा मोती लाल नेहरू
30. असम समझौते के अनुसार विदेशियों को मताधिकार से वंचित करने (disenfranchisement of foreigners) की अन्तिम तिथि (cut off date) क्या थी?
    (A) 1 अप्रैल, 1961
    (B) 1 जनवरी, 1966
    (C) 24 मार्च, 1971
    (D) 26 जून, 1975
31. सन् 1984 का नोबेल शान्ति पुरस्कार बिशप डेसमण्ड टूटू (Desmond Tutu) को प्रदान किया गया था. उन्हें यह सम्मान किसके विरुद्ध संघर्ष करने के लिए दिया गया था?
    (A) गरीबी
    (B) नाभिकीय निरंस्त्रीकरण
    (C) उत्तर-दक्षिण संवाद
    (D) रंगभेद की नीति
32. लैक्सीकोग्राफी (Lexicography) क्या है?
    (A) भूचालों का अध्ययन
    (B) रेडियोग्राफी का अध्ययन
    (C) हस्तलिपि का अध्ययन
    (D) शब्दकोश संकलन
33. भारतीय वायु सेना में निम्नलिखित में से कौनसा ऊँचा पद है ?
    (A) स्क्वाड्रन लीडर (B) ग्रुप कैप्टेन
    (C) एयर कोमोडोर (D) विंग कमान्डर
34. भारतीय वायु सेना कितने कमाण्डों में संघटित है?
    (A) 5 (B) 6
    (C) 7 (D) 8
35. भारत का तीसरा 'नौसैनिक वायु अड्डा' (Naval Air Station) अभी हाल में स्थापित किया गया है–
    (A) विशाखापट्टनम में
    (B) कोचीन में
    (C) पणजी में
    (D) पोर्ट ब्लेयर में
36. स्वर्ण कमल विजेता फिल्म 'आदि शंकराचार्य' किस भाषा में है?
    (A) हिन्दी (B) संस्कृत
    (C) तमिल (D) तेलुगू
37. भारतीय उत्पादों से निर्मित तथा स्वदेश में विकसित निम्नलिखित में से किसे 'अर्जुन' नाम दिया गया है?
    (A) लड़ाकू विमान
    (B) युद्ध टैंक
    (C) नाभिकीय शोध रिएक्टर
    (D) इलेक्ट्रॉनिक पनडुब्बी
38. चीन और ब्रिटेन में हुए समझौते के अनुसार हांगकांग चीन को दे दिया जाएगा–

(A) 1992 में (B) 1995 में
(C) 1997 में (D) 2000 में

39. 1981 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में साक्षरता राष्ट्रीय औसत से कम रही?
(A) केरल (B) तमिलनाडु
(C) कर्नाटक (D) उत्तर प्रदेश

40. हीलियम नाभिक में होते हैं–
(A) एक प्रोटॉन व एक न्यूट्रॉन
(B) दो प्रोटॉन व दो न्यूट्रॉन
(C) तीन प्रोटॉन व एक न्यूट्रॉन
(D) केवल चार प्रोट्रॉन

41. चित्र में प्रदर्शित जानवर मूल रूप से पाया जाता है–

(A) ब्राजील में
(B) उत्तरी अमरीका में
(C) श्रीलंका में
(D) अफ्रीका में

42. एक तार को समान रूप से खींचकर लम्बाई में दुगुना कर दिया जाता है. इसका प्रतिरोध हो जाएगा–
(A) आधा (B) दूना
(C) चार गुना (D) चौथाई

43. निम्नलिखित में से किस पदार्थ में केवल एक ही तत्व होता है?
(A) बालू (B) काँच
(C) संगमरमर (D) हीरा

44. निम्नलिखित में से किसका तरंग दैर्ध्य अधिकतम होता है?
(A) अवरक्त-किरणों का
(B) X- किरणों का
(C) रेडियो तरंगों का
(D) दृश्य प्रकाश की तरंगों का

45. किसी तत्व के समस्थानिक परमाणुओं मे निम्नलिखित में से किसमें अन्तर होता है?
(A) इलेक्ट्रॉनों की संख्या में
(B) प्रोटॉनों की संख्या में
(C) न्यूट्रॉनों की संख्या में
(D) उपर्युक्त तीनों के मूल कणों की संख्या में

46. डबल रोटी बनाने में प्रयुक्त किया जाता है–
(A) सोडियम कार्बोनेट
(B) सोडियम बाईकार्बोनेट
(C) कैल्सियम कार्बोनेट
(D) कैल्सियम बाईकार्बोनेट

47. मानव शरीर में थायरॉइड ग्रन्थि (Thyroi gland) कहाँ अथवा किसके पास स्थित होत है?
(A) गर्दन (B) प्लीहा
(C) उदर (D) काँख

48. निम्नलिखित में से कौनसी बीमारी विषाणु (Virus) के कारण होती है?
(A) मधुमेह (B) मलेरिया
(C) चेचक (D) तपेदिक

49. निम्नलिखित में से किसमें तीनों पोषक तत्व-कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन तथा वसा-प्रचु मात्रा में होते हैं?
(A) चावल (B) सोयाबीन
(C) आम (D) पातगोभी

50. खुराक में लोहे की कमी से निम्नलिखित में से कौनसी बीमारी हो जाती है?
(A) अरक्तता (B) गलगंड
(C) रिकेट्स (D) स्कर्वी

51. आँख में प्रवेश करने वाले प्रकाश की मात्रा क नियन्त्रित करती है–
(A) कॉर्निया (B) आइरस
(C) रेटिना (D) कारोइड

52. भारतीय संविधान के किस भाग को उसक 'आत्मा' माना जाता है?
(A) प्रस्तावना
(B) मूलाधिकार
(C) नीति-निर्देशक सिद्धान्त
(D) केन्द्र-राज्य सम्बन्ध

3. संविधान के कुछ मौलिक अधिकारों को आपातकाल में निलम्बित किया जा सकता है यह निलम्बन का अधिकार किसे प्राप्त है?
(A) संसद को
(B) राष्ट्रपति को
(C) उच्चतम न्यायालय को
(D) प्रधानमंत्री को

4. भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए नागरिक निम्नलिखित में से किसकी सहायता ले सकता है?
(A) संसद
(B) राष्ट्रपति
(C) उच्च एवं उच्चतम न्यायालय
(D) राज्यपाल

5. भारत का कोई नागरिक निम्नलिखित में से किसकी अनुमति के बिना विदेशी राज्य से कोई उपाधि स्वीकार नहीं कर सकता?
(A) संसद
(B) राष्ट्रपति
(C) उच्चतम न्यायालय
(D) केन्द्रीय गृहमंत्री

6. भारत में मंत्रिमण्डल सामूहिक रूप से उत्तरदायी है–
(A) संसद के प्रति
(B) राष्ट्रपति के प्रति
(C) जनता के प्रति
(D) प्रधानमंत्री के प्रति

7. फोटोग्राफिक प्लेटों पर पतली पर्त किसकी होती है?
(A) सिल्वर नाइट्रेट की
(B) सिल्वर क्लोराइड की
(C) सिल्वर ब्रोमाइड की
(D) सिल्वर नाइट्रस की

58. कृत्रिम वर्षा करवाने के लिए निम्नलिखित में से किस यौगिक का प्रयोग किया जाता है?
(A) एथाइल ब्रोमाइड
(B) सिल्वर आयोडाइड
(C) सिल्वर ब्रोमाइड
(D) नाइट्रस सल्फेट

59. प्राचीन भारत का नेपोलियन किस राजा को कहा जाता है?
(A) चन्द्रगुप्त मौर्य (B) अशोक
(C) समुद्र गुप्त (D) रामगुप्त

60. ताशकन्द समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पाकिस्तानी शासक कौन था?
(A) याह्या खाँ
(B) अयूब खाँ
(C) लियाकत अली खाँ
(D) जुल्फिकार अली भुट्टो

61. मुस्लिम समाज के सबसे बड़े समाज सुधारक थे–
(A) मुहम्मद अली जिन्ना
(B) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(C) हुमायूँ कबीर
(D) सर सैयद अहमद खाँ

62. निम्नलिखित में से किसने भारत के बाहर क्रान्तिकारी गतिविधियाँ तथा प्रचार नहीं किया?
(A) खुदीराम बोस
(B) रासबिहारी बोस
(C) राजा महेन्द्र प्रताप
(D) लाला हरदयाल

63. भारत में जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में अन्तरिम सरकार कब बनी?
(A) 1946 में (B) 1947 में
(C) 1935 में (D) 1948 में

64. पैदा होने वाले बच्चे का लिंग निर्धारण किस आधार पर होता है?
(A) माता के गुणसूत्रों द्वारा
(B) पिता के गुणसूत्रों द्वारा
(C) माता के रक्त ग्रुप द्वारा
(D) पिता के रक्त ग्रुप द्वारा

65. निम्नलिखित में से कौनसा न तो तत्व है और न यौगिक?
(A) जल (B) सोना
(C) कार्बन (D) वायु

66. मलेरिया परजीवी किस प्रकार व्यक्ति तक पहुँचता है?
(A) मक्खियों द्वारा
(B) नर मच्छर द्वारा

(C) मादा मच्छर द्वारा
(D) हरी सब्जियों द्वारा

67. उस गुणसूत्र को क्या कहते हैं जिससे पैदा होने वाले बच्चे का लिंग निर्धारण होता है?
(A) डी. एन. ए.
(B) एक्स तथा वाई
(C) सीमेटिक
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

68. गंडक परियोजना में निम्नलिखित में से कौनसा राज्य शामिल नहीं है?
(A) उत्तर प्रदेश
(B) पश्चिम बंगाल
(C) बिहार
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. निम्नलिखित में से किस दर्रे द्वारा भारत तिब्बत से जुड़ा है?
(A) बोलन दर्रे द्वारा
(B) खैबर दर्रे द्वारा
(C) जैलेप्ला दर्रे द्वारा
(D) रोहतांग दर्रे द्वारा

70. पुस्तकों, लेखकों तथा भाषाओं के निम्नलिखित जोड़ों में से कौनसा सही नहीं है?
(A) कादम्बरी–संस्कृत
(B) होमर–ग्रीक
(C) जुर्म और सजा–रूसी
(D) आवारा सजदे–फारसी

71. किस सन् में भारत के 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया?
(A) सन् 1960 में
(B) सन् 1969 में
(C) सन् 1971 में
(D) सन् 1976 में

72. वर्तमान में नोबेल पुरस्कार कितने क्षेत्रों में प्रदान किया जाता है?
(A) 5 (B) 6
(C) 7 (D) 8

73. कंजरवेटिव दल किस देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टी है ?
(A) संयुक्त राज्य अमरीका की
(B) ब्रिटेन की
(C) कनाडा की
(D) पनामा की

74. कौनसा देश 'ASEAN' राष्ट्र समूह का सदस्य नहीं है ?
(A) मलेशिया (B) इण्डोनेशिया
(C) थाईलैण्ड (D) वियतनाम

75. वर्ष 1988 का पुरुष वर्ग का विम्बलडन चैम्पियन कौन था?
(A) पैट कैश
(B) इवान लैण्डल
(C) स्टीफन एडबर्ग
(D) बोरिस बेकर

76. सन् 1992 के ओलम्पिक खेल कहाँ होंगे?
(A) सियोल (दक्षिण कोरिया)
(B) टोकियो (जापान)
(C) बार्सीलोना (स्पेन)
(D) रोम (इटली)

77. वह कौनसा देश है जहाँ प्रतिवर्ष राष्ट्रपति चुना जाता है?
(A) स्विट्जरलैण्ड (B) हॉलैण्ड
(C) डेनमार्क (D) नार्वे

78. दस वर्ष पश्चात् किस देश ने अरब लीग की सदस्यता पुनः ग्रहण की है?
(A) पाकिस्तान (B) मिस्र
(C) सूडान (D) सूरीनाम

79. वर्ष 1989 की विम्बलडन प्रतियोगिता की महिला वर्ग की विजेता कौन थीं?
(A) मार्टिना नवरातिलोवा
(B) स्टेफी ग्राफ
(C) गैबरीला सबातिनी
(D) क्रिस एवर्ट

80. रामालिंगम जाँच आयोग सम्बन्धित है–
(A) भोपाल गैस दुर्घटना से
(B) कर्नाटक के भूमि घोटाले से
(C) चुरहट बाल सोसाइटी के घपले से
(D) अन्तुले से सम्बन्धित घोटालों से

81. विश्व प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी पेले किस देश के नागरिक हैं?
(A) आस्ट्रेलिया (B) जिम्बाब्वे
(C) ब्राजील (D) हॉलैण्ड

2. परमाणु संचालित पनडुब्बी 'आई. एन. एस चक्र' भारत ने किस देश से प्राप्त की है?
   (A) पश्चिम जर्मनी से
   (B) सोवियत रूस से
   (C) जापान से
   (D) ब्रिटेन से

3. सियोल ओलम्पिक में भारत ने कितने पदक प्राप्त किए?
   (A) 2 (B) 3
   (C) 4 (D) शून्य

4. ड्यूस, चैकमेट तथा फॉलोऑन क्रमशः किन खेलों से सम्बन्धित है?
   (A) हॉकी, शतरंज तथा क्रिकेट
   (B) हॉकी, वॉलीबॉल तथा क्रिकेट
   (C) बैडमिण्टन, शतरंज तथा क्रिकेट
   (D) फुटबॉल, शतरंज तथा बॉस्केट बॉल

5. अमरीका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश किस राजनीतिक दल से सम्बन्धित हैं?
   (A) लिबरल (B) लेबर
   (C) रिपब्लिकन (D) डेमोक्रेटिक

6. वह कौनसी गैस है जो स्वयं तो ज्वलनशील नहीं है किन्तु जलने में सहायक होती है?
   (A) नाइट्रोजन (B) ऑक्सीजन
   (C) मीथेन (D) ओजोन

7. 'ट्रिपिल एण्टीजन' का प्रयोग किन रोगों से प्रतिरक्षा करता है ?
   (A) डिप्थीरिया, काली खाँसी, टेटनस
   (B) चेचक, काली खाँसी, डिप्थीरिया
   (C) पीलिया, डिप्थीरिया, काली खाँसी
   (D) काली खाँसी, खसरा, डिप्थीरिया

38. विक्रम साराभाई स्पेस सेण्टर तथा श्री हरिकोटा रेंज क्रमशः स्थित हैं–
   (A) केरल व आन्ध्र प्रदेश में
   (B) तमिलनाडु व केरल में
   (C) कर्नाटक व केरल में
   (D) गुँजरात व कर्नाटक में

39. भारत का पहला सौर ताप बिजली गृह स्थित है–
   (A) नरौरा (उत्तर प्रदेश) में
   (B) गुड़गाँव (हरियाणा) में
   (C) जिलेपेड्डा (आन्ध्र प्रदेश) में
   (D) रेजनी कवूर (कर्नाटक) में

90. भारत का न्यूनतम साक्षरता वाला राज्य है–
   (A) मेघालय
   (B) मणिपुर
   (C) अरुणाचल प्रदेश
   (D) गोआ

91. भाखड़ा-नांगल बाँध किस नदी पर बनाया गया है?
   (A) सतलज (B) व्यास
   (C) रावी (D) यमुना

92. 'अग्नि मंदिर' किस धर्म का पूजा स्थल होता है?
   (A) यहूदी (B) पारसी
   (C) हिन्दू (D) सिख

93. हल्की नीली पृष्ठ भूमि पर जैतून की दो खुली शाखाओं के बीच संसार का मानचित्र बना ध्वज है–
   (A) गुट निरपेक्ष आन्दोलन का
   (B) विश्व हिन्दू परिषद् का
   (C) संयुक्त राज्य अमरीका का
   (D) संयुक्त राष्ट्र संघ का

94. हॉकी के मैदान की सही माप है–
   (A) 120 गज ×80 गज
   (B) 100 गज ×60 गज
   (C) 95 गज ×55 गज
   (D) 90 गज ×50 गज

95. योजनाबद्ध विकास करने वाला प्रथम देश है–
   (A) भारत
   (B) ब्रिटेन
   (C) सोवियत रूस
   (D) चीन

96. भारत की संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष थे–
   (A) श्री गोपालास्वामी आयंगर
   (B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (C) डॉ. भीमराव अम्बेडकर
   (D) डॉ. सच्चिदानन्द सिंह

97. भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?

(A) डॉ. भीमराव अम्बेडकर
(B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(C) पं. जवाहर लाल नेहरू
(D) सरदार वल्लभ भाई पटेल

98. 'याँगून' है–
(A) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायविद्
(B) बर्मा (यूनियन ऑफ म्यान्मर) की राजधानी
(C) इजराइल की आन्तरिक सुरक्षा सेवा
(D) वियतनाम की गुप्तचर संस्था

99. 'मित्सुको नकानिशी' चर्चित रहीं–
(A) जिमनास्टिक में कीर्तिमान स्थापित करने के लिए
(B) विश्व महिला जागरण अभियान का नेतृत्व करने के कारण
(C) जापान में हुए सैक्स स्कैण्डल के कारण
(D) प्रथम महिला अन्तरिक्ष यात्री होने के कारण

100. 'भाषा' सम्बन्धित है–
(A) यूनीवार्ता से
(B) प्रेस ट्रस्ट ऑफ इण्डिया से
(C) समाचार भारती से
(D) भारत सरकार से

उत्तरमाला

1. (C)	2. (B)	3. (B)	4. (C)
5. (D)	6. (B)	7. (D)	8. (B)
9. (C)	10. (C)	11. (D)	12. (A)
13. (C)	14. (D)	15. (C)	16. (D)
17. (B)	18. (B)	19. (B)	20. (C)
21. (B)	22. (B)	23. (B)	24. (C)
25. (C)	26. (C)	27. (A)	28. (D)
29. (D)	30. (B)	31. (D)	32. (D)
33. (C)	34. (C)	35. (D)	36. (B)
37. (B)	38. (C)	39. (D)	40. (B)
41. (D)	42. (C)	43. (D)	44. (C)
45. (C)	46. (B)	47. (A)	48. (C)
49. (B)	50. (A)	51. (B)	52. (A)
53. (B)	54. (C)	55. (B)	56. (A)
57. (C)	58. (B)	59. (C)	60. (B)
61. (D)	62. (A)	63. (A)	64. (B)
65. (D)	66. (C)	67. (B)	68. (B)
69. (C)	70. (D)	71. (B)	72. (B)
73. (B)	74. (D)	75. (C)	76. (C)
77. (A)	78. (B)	79. (B)	80. (C)
81. (C)	82. (B)	83. (D)	84. (C)
85. (C)	86. (B)	87. (A)	88. (A)
89. (B)	90. (C)	91. (A)	92. (B)
93. (D)	94. (B)	95. (C)	96. (C)
97. (B)	98. (B)	99. (C)	100. (B)

शेष पृष्ठ 471 का

98. शारीरिक संरचना का सर्वाधिक प्रतिशत है–
(A) हड्डी (B) खाल
(C) खून (D) पानी

उत्तरमाला

1. (B)	2. (A)	3. (C)	4. (B)
5. (B)	6. (C)	7. (D)	8. (C)
9. (B)	10. (B)	11. (A)	12. (A)
13. (C)	14. (C)	15. (C)	16. (B)
17. (C)	18. (D)	19. (A)	20. (C)
21. (D)	22. (C)	23. (A)	24. (D)
25. (B)	26. (B)	27. (B)	28. (A)
29. (B)	30. (C)	31. (A)	32. (D)
33. (A)	34. (C)	35. (C)	36. (B)
37. (B)	38. (C)	39. (C)	40. (D)
41. (A)	42. (D)	43. (C)	44. (C)
45. (C)	46. (A)	47. (A)	48. (C)
49. (C)	50. (A)	51. (A)	52. (A)
53. (C)	54. (A)	55. (D)	56. (B)
57. (D)	58. (A)	59. (D)	60. (C)
61. (C)	62. (B)	63. (C)	64. (C)
65. (A)	66. (A)	67. (C)	68. (A)
69. (A)	70. (B)	71. (A)	72. (D)
73. (B)	74. (B)	75. (B)	76. (A)
77. (D)	78. (D)	79. (B)	80. (B)
81. (B)	82. (B)	83. (B)	84. (C)
85. (A)	86. (B)	87. (B)	88. (D)
89. (B)	90. (B)	91. (B)	92. (B)
93. (C)	94. (A)	95. (A)	96. (B)
97. (B)	98. (D)		

वस्तुनिष्ठ सामान्य विज्ञान

1. बन्द बोतल में 30^0C का पानी चन्द्रमा पर ले जाया जाता है. बोतल की डांट खोलते ही--
   (A) पानी उबलने लगेगा
   (B) पानी जम जाएगा
   (C) पानी का कुछ नहीं होगा
   (D) पानी, हाइड्रोजन तथा ऑक्सीजन में विभक्त हो जाएगा
2. किसी द्विपरमाणुक गैस के अणुओं का कमरे के ताप पर वर्ग माध्य मूल (RMS) वेग 1930 मी/से. है. वह गैस है–
   (A) ऑक्सीजन
   (B) नाइट्रोजन
   (C) हाइड्रोजन
   (D) क्लोरीन
3. घरेलू फ्रिज में निम्नलिखित में से किसे प्रशीतक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है?
   (A) पेन्टेन
   (B) एसीटोन
   (C) फ्रियॉन
   (D) अल्कोहॉल
4. त्वरित्र (Accelerator) द्वारा निम्नलिखित में से किसे त्वरित नहीं किया जा सकता ?
   (A) इलेक्ट्रॉन
   (B) प्रोटॉन
   (C) कार्बन आयन
   (D) न्यूट्रॉन
5. ट्रॉन्जिस्टर बनाने के लिए कौनसा तत्व उपयोगी रहेगा?
   (A) कार्बन
   (B) एल्यूमिनियम
   (C) सिलिकॉन
   (D) मैग्नीशियम
6. अपनी कलाओं के पूरे चक्र से गुजरने में चन्द्रमा को समय लगता है–
   (A) 31 दिन (B) 30 दिन
   (C) 29½ दिन (D) 27 1/3 दिन
7. निम्नलिखित में से कौन न तो तत्व है और न यौगिक?
   (A) पानी (B) सोना
   (C) हवा (D) ग्लूकोज
8. एसबैस्टस है मैग्नीशियम–
   (A) कार्बोनेट
   (B) सल्फेट
   (C) सिलिकेट
   (D) हाइड्रोऑक्साइड
9. कार्बन का सर्वाधिक कठोर रूप है–
   (A) कोयला (B) कोक
   (C) ग्रेफाइट (D) हीरा
10. लैंस द्वारा बना वास्तविक प्रतिबिम्ब वस्तु के सापेक्ष हमेशा–
    (A) बड़ा होता है
    (B) छोटा होता है
    (C) सीधा होता है
    (D) उल्टा होता है
11. गाड़ी उलट जाएगी यदि:
    (A) वह हल्की होगी
    (B) वह कम चौड़ी होगी
    (C) उसका गुरुत्व केन्द्र, आधार के बाहर होगा
    (D) उसका गुरुत्व केन्द्र काफी नीचे होगा
12. स्वतन्त्र रूप से गिरती हुई वस्तु की:
    (A) गतिज तथा स्थितिज ऊर्जाएं बढ़ती जाती हैं
    (B) सम्पूर्ण यांत्रिक ऊर्जा बढ़ती जाती है
    (C) गतिज ऊर्जा बढ़ती तथा स्थितिज ऊर्जा

घटती जाती है

(D) गतिज ऊर्जा घटती तथा स्थितिज ऊर्जा बढ़ती जाती है

13. काँच का अपवर्तनांक अधिकतम होता है–
(A) लाल रंग के लिए
(B) बैंगनी रंग के लिए
(C) हरे रंग के लिए
(D) पीले रंग के लिए

14. आवेशन (Charging) की क्रिया में स्थानान्तरण होता है:
(A) प्रोटॉनों का
(B) इलैक्ट्रॉनों का
(C) न्यूट्रॉनों का
(D) प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन दोनों का

15. कौनसी वस्तु द्रव्य (Matter) नहीं है?
(A) काँच (B) लकड़ी
(C) प्रकाश (D) दूध

16. गामा किरणें हैं:
(A) उच्च ऊर्जा युक्त इलेक्ट्रॉन
(B) उच्च ऊर्जा युक्त वैद्युत चुम्बकीय तरंगें
(C) न्यून ऊर्जा युक्त इलेक्ट्रॉन
(D) उच्च ऊर्जा युक्त पॉजिस्ट्रान

17. परमाणु भार का अन्तर्राष्ट्रीय मानक है:
(A) कार्बन–12
(B) ऑक्सीजन–16
(C) हाइड्रोजन–1
(D) नाइट्रोजन–14

18. किसी धातु के विद्युत-परिष्करण (Electro-refining) में:
(A) अशुद्ध धातु को ऋणोद (Cathode) बनाते हैं
(B) शुद्ध धातु को धनोद (Andoe) बनाते हैं
(C) अशुद्ध धातु को ऋणोद व शुद्ध धातु को धनोद बनाते हैं
(D) शुद्ध धातु को ऋणोद व अशुद्ध धातु को धनोद बनाते हैं

19. अन्य विलायकों की अपेक्षा जल में अधिकांश पदार्थ अधिक आयनित होते हैं, क्योंकि :
(A) जल अधुवीय विलायक है
(B) जल का परावैद्युतांक अधिक होता है
(C) जल का परावैद्युतांक कम होता है
(D) जल आयनों के मध्य कार्य करने वाले कूलॉमी बल को बढ़ा देता है

20. जिन लवणों के जलीय विलयन एक ही प्रकार के धनायन व एक ही प्रकार के ऋणायन देते हैं, वे कहलाते हैं:
(A) सामान्य लवण (Normal Salt)
(B) अम्लीय लवण (Acidic Salt)
(C) क्षारकीय लवण (Basic Salt)
(D) द्वि-लवण (Double Salt)

21. उदासीनीकरण (Neutralisation) क्रिया में:
(A) अम्ल बनता है
(B) क्षार बनता है
(C) क्षारक बनता है
(D) लवण व जल बनते हैं

22. जिन अम्लों में ऑक्सीजन तथा सल्फर नहीं होते, वे कहलाते हैं–
(A) हाइड्रैसिड
(B) थायोअम्ल
(C) ऑक्सी अम्ल
(D) दुर्बल अम्ल

23. थर्मोसेटिंग प्लास्टिक का उदाहरण है:
(A) पॉलीथीन
(B) बेकेलाइट
(C) पॉलीवाइनिल क्लोराइड
(D) पॉली स्टाइरीन

24. डिटर्जेन्ट साबुन है:
(A) सोडियम स्टियरेट
(B) लॉरिल एल्कोहॉल
(C) लॉरिक सल्फ्यूरिक अम्ल
(D) सोडियम लॉरिल सल्फेट

25. संश्लिष्ट रेशे (Synthetic fibres) के निर्माण में सर्वप्रथम प्रयुक्त किया गया पदार्थ है:
(A) सेलूलोस नाइट्रेट
(B) सेलूलोस सल्फेट
(C) सेलूलोस एसीटेट
(D) सुपर पॉलीएमाइड

26. कोको पेय पदार्थ प्राप्त होती है:
(A) तने से
(B) पत्ती से

(C) बीजों से
(D) जड़ों से

27. पेट्रोलियम के आसवन से 200°C से 300°C पर आसवित होने वाला पदार्थ है:
(A) कच्चं नैप्था
(B) गैसोलिन
(C) मिट्टी का तेल
(D) गैस तेल

28. पुताई के काम में आने वाले चूने का सूत्र है:
(A) CaO (B) $CaCO_3$
(C) $CaOCl_2$ (D) $CaCl_2$

29. इनमें से कौनसा विटामिन घाव (Wounds) के भरने में सहायक है:
(A) विटामिन A
(B) विटामिन B_{12}
(C) विटामिन D
(D) विटामिन C

30. हमारे शरीर के किस अंग में एन्टीबॉडीज बनते हैं ?
(A) यकृत
(B) टॉन्सिल
(C) वृक्क
(D) थाइरॉइड

31. स्तन ग्रन्थियाँ होती हैं:
(A) होलोक्राइन
(B) मीरोक्राइन
(C) ऐपोक्राइन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तरमाला

1. (A)	2. (C)	3. (C)	4. (D)
5. (C)	6. (C)	7. (C)	8. (C)
9. (D)	10. (D)	11. (C)	12. (C)
13. (B)	14. (B)	15. (C)	16. (B)
17. (A)	18. (D)	19. (B)	20. (A)
21. (D)	22. (A)	23. (B)	24. (D)
25. (A)	26. (C)	27. (C)	28. (A)
29. (D)	30. (B)	31. (C)	

■■■

संख्या सम्बन्धी योग्यता परीक्षा

नोट: प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है. सभी प्रश्न हल करने हैं.

1. 64 का कितने प्रतिशत 24 होगा ?
   (A) 39 (B) 38½
   (C) 38 (D) 37½

2. भारत की जनसंख्या सन् 1961 में 43,90,72,582 थी जो 1971 में 54,69,55,945 हो गई. बताइए कि 1961 की तुलना में 1971 में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई ?
   (A) 25.62 (B) 24.57
   (C) 23.78 (D) 22.67

3. एक दुकानदार ने 225 रु. में एक रेडियो खरीदा. उस पर 15 रु. ऊपरी खर्च पड़ा. यदि वह इसे 300 रु. में बेचे तो प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए.
   (A) 25 (B) 30
   (C) 35 (D) 40

4. एक दुकानदार किसी वस्तु को 12½% हानि पर बेचता है. यदि वह उसी वस्तु को 51.80 रु. अधिक में बेचता तो उसे 6% का लाभ होता. वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए.
   (A) 300 रु. (B) 290 रु.
   (C) 280 रु. (D) 270 रु.

5. एक कमीज पर 65 रु. छपा हुआ मूल्य है. बताइए कि 15% छूट के साथ उसे कितने में बेचा जाएगा ?
   (A) 55.25 रु. (B) 55.75 रु.
   (C) 55.50 रु. (D) 56.00 रु.

6. एक अधिकारी का वेतन 460 रु. प्रतिमाह है और उसे प्रति दो वर्ष बाद 60 रु. की वेतन वृद्धि मिलती है. पाँचवें वर्ष में उसका वेतन क्या होगा?
   (A) 600 रु. (B) 590 रु.
   (C) 580 रु. (D) 570 रु.

7. एक व्यक्ति की उम्र 40 वर्ष है. उसके पुत्र के जन्म के समय उसकी उम्र 25 वर्ष 6 मास थी. इस समय पुत्र की उम्र क्या है ?
   (A) 14½ वर्ष (B) 15 वर्ष
   (C) 15½ वर्ष (D) 14 वर्ष

8. 14 अगस्त से 7 अक्टूबर तक कितने दिन होते हैं ?
   (A) 60 दिन (B) 56 दिन
   (C) 54 दिन (D) 58 दिन

9. तीन संख्याओं का गुणनफल 11934 है. यदि उन में से दो संख्याएँ 13 तथा 18 हों तो तीसरी संख्या क्या होगी ?
   (A) 50 (B) 51
   (C) 52 (D) 53

10. किसी आदमी की वार्षिक आय 8000 रु. है. वह 120 रु. प्रतिमास किराया देता है. 20-20 रु. प्रतिमास दो नौकरों को देता है, 1000 रु. कपड़ों पर तथा 3000 रु. भोजनादि पर खर्च करता है. उसकी वार्षिक बचत क्या होगी ?
    (A) 2090 रु. (B) 2080 रु.
    (C) 2070 रु. (D) 3000 रु.

11. एक पुस्तक में 250 पृष्ठ हैं. प्रत्येक पृष्ठ पर 35 पंक्तियाँ हैं और प्रत्येक पंक्ति में 40 अक्षर हैं. पुस्तक में कुल कितने अक्षर हैं ?
    (A) 3,50,000 (B) 4,00,000
    (C) 3,00,000 (D) 4,50,000

12. 371 से विभाजनीय पाँच अंकों की छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए.
    (A) 10013 (B) 10015
    (C) 10017 (D) 10018

13. एक कार विक्रेता ने 8 कारें, 10050 रु. प्रति कार के हिसाब से खरीदी. उनमें से 5 कारें 9080 रु. प्रति कार की दर से तथा शेष 11090 रु. प्रति कार की दर से बेची गई. उसकी लाभ या हानि ज्ञात कीजिए.
(A) 1750 रु. हानि (B) 1730 रु. हानि
(C) 890 रु. लाभ (D) 870 रु. लाभ

14. पानी से भरी एक बाल्टी का भार 36 किग्रा है. यदि आधी भरी बाल्टी का भार 21 किग्रा हो तो खाली बाल्टी का भार कितना है ?
(A) 8 किग्रा (B) 6 किग्रा
(C) 10 किग्रा (D) 7 किग्रा

15. 145 मीटर लम्बी, एक समान गति से दौड़ती हुई एक गाड़ी किसी संकेतक को 4.35 सेकण्ड में पार करती है. किमी/घण्टा में गाड़ी की गति ज्ञात कीजिए.
(A) 140 किमी/घं. (B) 130 किमी/घं.
(C) 120 किमी/घं. (D) 110 किमी/घं.

16. एक छात्र किसी धारा के प्रवाह के साथ 12 किमी की दूरी 1 घण्टे में तैरता है और प्रवाह की गति 4 किमी/घण्टा है तो वह प्रवाह के विपरीत इसी दूरी को कितने समय में तैर सकेगा ?
(A) 4 घण्टे (B) 3 घण्टे
(C) 2 घण्टे (D) 2½ घण्टे

17. 60 किमी/घण्टा की गति से एक पुलिस-कार 40 किमी/घण्टा से दौड़ते हुए एक ट्रक का पीछा कर रही है. यदि ट्रक 1½ घण्टे पहले चला हो तो कार कितनी देर में उसे पकड़ लेगी ?
(A) 4 घण्टे (B) 3½ घण्टे
(C) 3 घण्टे (D) 4½ घण्टे

18. संख्याओं की एक श्रेणी का औसत 18 है तथा उनका योग 144 है. श्रेणी में कितनी संख्याएँ हैं ?
(A) 10 (B) 8
(C) 6 (D) 12

19. एक लड़के ने 3 टाईयाँ 10.50 रु./टाई की दर से खरीदीं, 2 टाईयाँ 6.25 रु./टाई की दर से खरीदीं और एक टाई 7 रु. में ली. प्रति टाई का औसत क्रय मूल्य क्या है ?
(A) 8.50 रु. (B) 8.75 रु.
(C) 8.25 रु. (D) 9.25 रु.

20. 8 लड़कों की एक टोली में 49 किग्रा भार के एक लड़के के स्थान पर एक नया लड़का शामिल करने से उनके औसत भार में 2.5 किग्रा की कमी आ जाती है. नए लड़के का भार ज्ञात कीजिए.
(A) 35 किग्रा (B) 28 किग्रा
(C) 32 किग्रा (D) 29 किग्रा

21. किसी कक्षा में 40 विद्यार्थियों में से 70% लड़के हैं तो लड़कियों की संख्या कितनी है ?
(A) 12 (B) 15
(C) 10 (D) 14

22. रमेश ने एक रेडियो 450 रु. में खरीदा. उसने 20% भुगतान नकद किया और शेष राशि 12 किस्तों में दी. प्रति किस्त की राशि कितनी थी?
(A) 40 रु. (B) 35 रु.
(C) [illegible] रु. (D) 38 रु.

23. एक व्यापारी ने 12 अण्डे, 2 रु. में खरीदे. अब वह 1 अण्डा किस भाव से बेचे कि उसे 8% लाभ हो ?
(A) 20 पैसे (B) 22 पैसे
(C) 18 पैसे (D) 25 पैसे

24. किसी दुकानदार ने 5% लाभ लेकर एक रेडियो 525 रु. में बेचा. रेडियो का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए ?
(A) 500 रु. (B) 525 रु.
(C) 550 रु. (D) 515 रु.

25. किसी धन पर 4% की दर से 3 वर्ष का ब्याज 30 रु. है. वह धन कितना है ?
(A) 300 रु. (B) 275 रु.
(C) 250 रु. (D) 265 रु.

26. 500 रु. का 4 वर्ष का ब्याज 60 रु. है तो ब्याज की दर प्रतिशत ज्ञात कीजिए ?
(A) 3% (B) 5%
(C) 4% (D) 7%

27. एक वर्ग की परिमिति 600 मी है. इसका क्षेत्रफल हेक्टेयर में ज्ञात कीजिए.

(A) 3 (B) 2.75
(C) 2.25 (D) 2.50

28. 14 सेमी व्यास के एक वृत्त का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.
(A) 160 सेमी^{2} (B) 150 सेमी^{2}
(C) 156 सेमी^{2} (D) 154 सेमी^{2}

29. उस वृत्त की परिधि ज्ञात कीजिए जिसका क्षेत्रफल 154 वर्ग सेमी है.
(A) 44 सेमी (B) 46 सेमी
(C) 48 सेमी (D) 50 सेमी

30. 21 मी × 10 मी क्षेत्रफल के एक आयताकार घास के मैदान के बीचोंबीच फव्वारे के लिए 3.5 मी त्रिज्या का एक वृत्ताकार भाग छोड़ा गया है. घास का कुल क्षेत्रफल कितना है ?
(A) 172.5 मी^{2} (B) 171.5 मी^{2}
(C) 173.0 मी^{2} (D) 173.5 मी^{2}

31. 62 सेमी लम्बे, 4.5 डेसी मी चौड़े तथा 28 सेमी गहरे मछलीघर में कितना पानी आ सकता है?
(A) 79.12 ली. (B) 78.12 ली.
(C) 79.25 ली. (D) 78.25 ली.

32. 8 सेमी व्यास और 21 सेमी ऊँचाई के एक बर्तन के चारों ओर लगाए गए कागज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए.
(A) 535 सेमी^{2} (B) 528 सेमी^{2}
(C) 526 सेमी^{2} (D) 530 सेमी^{2}

33. 65 मी लम्बे तथा 4.4 मी चौड़े कमरे में 2.40 वर्गमीटर की दर से दरी बिछाने का खर्चा ज्ञात कीजिए.
(A) 688.4 रु. (B) 686.4 रु.
(C) 690.6 रु. (D) 688.6 रु.

34. 10 मी लम्बे, 0.5 मी चौड़े तथा 0.6 मी मोटे लकड़ी के लट्ठे का मूल्य 105 रु./घनमीटर की दर से ज्ञात कीजिए.
(A) 320 रु. (B) 318 रु.
(C) 315 रु. (D) 316 रु.

35. 24 लड़कों की एक कक्षा की औसत उम्र 14 वर्ष 7 महीने है. कक्षा में एक नया लड़का आ जाने से औसत उम्र 14 वर्ष और 6 महीने रह जाती है. नए लड़के की उम्र क्या है ?
(A) 12 वर्ष 6 महीने (B) 13 वर्ष 6 महीने
(C) 12 वर्ष 7 महीने (D) 13 वर्ष 7 महीने

36. किसी सेना के सैनिकों में बीमारी और छोड़कर भागने की घटनाओं के कारण 18% की कमी हो गई तथा 14% युद्ध में मारे गए. शेष सैनिक 68,000 हैं तो प्रारम्भ में कितने सैनिक थे ?
(A) 100000 (B) 100500
(C) 100750 (D) 150000

37. सरल करो : $\dfrac{\sqrt{625} \times 0.25}{7 - \dfrac{3}{4}}$
(A) 1 (B) 2¼
(C) 1¼ (D) 2½

38. वह छोटी से छोटी संख्या बताओ जिसे यदि 12, 16 और 20 से विभाजित करें तो सदैव 4 शेष रहे ?
(A) 240 (B) 244
(C) 260 (D) 250

39. एक व्यापारी 20 रु./वस्तु की दर से 70 वस्तुएँ खरीदता है तथा उन्हें दुकान तक ले जाने में 100 रु. खर्च करता है. यदि वह उन्हें 12% लाभ पर बेचे तो प्रत्येक वस्तु का विक्रय मूल्य क्या होगा ?
(A) 30 रु. (B) 24 रु.
(C) 26 रु. (D) 28 रु.

40. सरल करो :
$$\frac{2.5 \times \sqrt{6.25}}{4 - \frac{3}{7}} \text{ का } \frac{4}{7}$$
(A) 1 (B) 2
(C) 2½ (D) 1¼

उत्तरमाला

1. (D) 2. (B) 3. (A) 4. (C)
5. (A) 6. (C) 7. (A) 8. (C)
9. (B) 10. (B) 11. (A) 12. (C)
13. (B) 14. (B) 15. (C) 16. (B)
17. (C) 18. (B) 19. (A) 20. (D)
21. (A) 22. (C) 23. (C) 24. (A)

25. (C)	26. (A)	27. (C)	28. (D)
29. (A)	30. (B)	31. (B)	32. (B)
33. (B)	34. (C)	35. (A)	36. (A)
37. (A)	38. (B)	39. (B)	40. (A)

उत्तर हल सहित

1. 64 का x% = 24

$\therefore 64 \times \frac{x}{100} = 24$

$\therefore x = \frac{24 \times 100}{64}$

= 37.5 उत्तर

2. 1961 से 1971 तक जनसंख्या में वृद्धि

= 546955945 – 439072582

= 107883363

∴ 1961 से 1971 तक जनसंख्या में प्रतिशत वृद्धि

$= \frac{107883363 \times 100}{439072582}$

= 24.57 उत्तर

3. क्रय मूल्य = 225 + 15 = 240 रु.

तथा विक्रय मूल्य = 300 रु.

∴ प्रतिशत लाभ $= \frac{(300 - 240) \times 100}{240}$

= 25 उत्तर

4. $12\frac{1}{2} + 6 = 18.5$

∵ 18.5 रु. अन्तर है तो मूल्य

= 51.80 रु.

∴ 100 रु. अन्तर है तो मूल्य

$= \frac{51.80 \times 100}{18.5}$

= 280 रु. उत्तर

5. 65 रु. का 15% = 9.75 रु.

∴ कमीज का वि. मू. = 65.00 – 9.75

= 55.25 रु. उत्तर

6. प्रति दो वर्ष में वेतन की वृद्धि = 60 रु.

∴ 4 वर्ष ,, ,, ,, = 2 × 60

= 120 रु.

∴ 5वें वर्ष में उसका वेतन = 460 + 120

= 580 रु.

उत्तर

8. 14 अगस्त से 7 अक्टूबर तक दिनों की संख्या

= 17 + 30 + 7

= 54 उत्तर

9. तीसरी संख्या $= \frac{11934}{13 \times 18}$

= 51 उत्तर

10. वार्षिक बचत

= 8000 – (120 × 12 + 40 × 12 + 1000 + 3000)

= 8000 – (1440 + 480 + 1000 + 3000)

= 8000 – 5920

= 2080 रु. उत्तर

11. अक्षरों की कुल संख्या = 250 × 35 × 40

= 350000 उत्तर

12.
```
371) 10000 (26
     742
     ----
     2580
     2226
     ----
      354
```

371 – 354 = 17

∴ अभीष्ट संख्या = 10000 + 17

= 10017 उत्तर

13. 8 कारों का क्र.मू. = 10050 × 8

= 80400 रु.

तथा 8 कारों का विक्रय मूल्य

= 5 × 9080 + 3 × 11090

= 45400 + 33270

= 78670 रु.

∴ कुल हानि = 80400 – 78670

= 1730 रु. उत्तर

14. बाल्टी में भरे आधे पानी का भार = 36 – 21

= 15 किग्रा

∴ खाली बाल्टी का भार = 21 – 15

= 6 किग्रा

उत्तर

15. गाड़ी की गति $= \frac{145}{4.35}$ मी/से.

$= \frac{145}{4.35} \times \frac{3600}{1000}$ किमी/घं.

= 120 किमी/घं. उत्तर

16. माना छात्र की गति स्थिर जल में x किमी/घं. है.

$\therefore \frac{12}{x+4} = 1$

$\therefore x + 4 = 12$

या $x = 12 - 4 = 8$

∴ विपरीत दिशा में लगा समय

$= \frac{12}{8-4} = \frac{12}{4}$

= 3 घण्टा उत्तर

17. पुलिस-कार की सापेक्ष गति = 60 – 40
= 20 किमी/घं.

तथा ट्रक द्वारा चली दूरी $= 40 \times \frac{3}{2}$
= 60 किमी

∴ कार द्वारा ट्रक को पकड़ने में लगा समय

$= \frac{60}{20}$

= 3 घण्टा उत्तर

18. श्रेणी में संख्याओं की गिनती $= \frac{144}{18}$
= 8 उत्तर

19. 3 टाईयों का मूल्य = 3 × 10.50 = 31.50 रु.
2 „ „ „ = 2 × 6.25 = 12.50 रु.
तथा 1 „ „ = 7 रु.
∴ 6 „ „ = 31.50 + 12.50 + 7.00
= 51.00 रु.

∴ प्रति टाई का औसत मूल्य

$= \frac{51.00}{6}$

= 8.50 रु. उत्तर

20. 8 लड़कों के भार में कुल कमी = 8 × 2.5
= 20 किग्रा

∴ नए लड़के का भार = 49 – 20
= 29 किग्रा
उत्तर

21. लड़कियों की प्रतिशत संख्या = 100 – 70
= 30

∴ कक्षा में लड़कियों की संख्या

$= \frac{40 \times 30}{100}$

= 12 उत्तर

22. 450 रु. का 20% = 90 रु.

∴ 12 किस्तों में दिए जाने वाली राशि
= 450 – 90
= 360 रु.

∴ प्रति किस्त की राशि $= \frac{360}{12}$
= 30 रु. उत्तर

23. ∵ 100 रु. क्र.मू. है तो वि.मू. = 108

∴ 2 „ „ „ „ $= \frac{108 \times 2}{100}$
= 2.16 रु.

∵ 12 अण्डों का वि. मू. = 2.16 रु.

∴ 1 „ „ „ „ $= \frac{2.16}{12}$
= .18 रु.
= 18 पैसे
उत्तर

24. ∵ 105 रु. विक्रय मूल्य है तो क्रय मूल्य
= 100 रु.

∴ 525 „ „ „ $= \frac{100 \times 525}{105}$
= 500 रु. उत्तर

25. माना मूलधन 100 रु. है

∴ 100 रु. का 3 वर्ष का 4% दर से सा. ब्याज
= 12 रु.

∵ 12 रु. ब्याज है 100 रु. का

∴ 30 „ „ „ $= \frac{100 \times 30}{12}$
= 250 रु. उत्तर

26. ∵ 500 रु. का 4 वर्ष का ब्याज
= 60 रु.

∴ 100 „ 1 „ „ $= \frac{60 \times 100}{500 \times 4}$
= 3% उत्तर

27. एक वर्ग की एक भुजा $= \frac{600}{4}$ = 150 मीटर

∴ वर्ग का क्षेत्रफल = 150 × 150
= 22500 वर्गमीटर
= 2.25 हेक्टेयर उत्तर

28. वृत्त का क्षेत्रफल $= \frac{22}{7} \times \left(\frac{14}{2}\right)^2$

$= \frac{22}{7} \times 7 \times 7$

= 154 वर्ग सेमी उत्तर

29. $\because \pi r^2 = 154$

$\therefore \frac{22}{7} r^2 = 154$

$\therefore r^2 = 154 \times \frac{7}{22} = 49$

$\therefore$ r = 7 सेमी

$\therefore$ वृत्त की परिधि $= \frac{2 \times 22 \times 7}{7}$

= 44 सेमी उत्तर

30. घास का कुल क्षेत्रफल

$= 21 \times 10 - \frac{22}{7} \times 3.5 \times 3.5$

$= 210 - 38.5$

= 171.5 वर्गमीटर उत्तर

31. मछलीघर का आयतन $= 62 \times 45 \times 28$

= 78120 घन सेमी

= 78.12 लीटर उत्तर

32. बर्तन का वक्र धरातल $= 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{8}{2} \times 21$

= 528 वर्ग सेमी उत्तर

33. दरी बिछाने का खर्च $= 65 \times 4.4 \times 2.4$

= 686.40 रु. उत्तर

34. लकड़ी के लट्ठे का मूल्य

$= 10 \times 0.5 \times 0.6 \times 105$

= 315 रु. उत्तर

35. 24 लड़कों की उम्र का योग

= 24 × 14 वर्ष 7 महीने

= 350 वर्ष

तथा 25 लड़कों की उम्र का योग

= 25 × 14 वर्ष 6 महीने

= 362 वर्ष 6 महीने

$\therefore$ नए लड़के की उम्र

= 362 वर्ष 6 महीने – 350 वर्ष

= 12 वर्ष 6 महीने उत्तर

36. बचे हुए सैनिकों की प्रतिशत संख्या

$= 100 - (18 + 14)$

$= 68$

$\because$ 68 बचते हैं तो प्रारम्भ में सैनिकों की संख्या

= 100

$\therefore$ 68000 ,, ,, ,, ,,

$= \frac{100 \times 68000}{68}$

= 100000 उत्तर

37. $\frac{\sqrt{625} \times 0.25}{7 - \frac{3}{4}} = \frac{25 \times 0.25}{\frac{25}{4}}$

$= 4 \times 0.25$

= 1 उत्तर

38. 12, 16 और 20 का लघुतम समापवर्त्य

= 240

$\therefore$ अभीष्ट संख्या = 240 + 4

= 244 उत्तर

39. 70 वस्तुओं का क्रय मूल्य = 70 × 20 + 100

= 1500 रु.

$\therefore$ 70 वस्तुओं का विक्रय मूल्य

$= \frac{1500 \times 112}{100}$

= 1680 रु.

$\therefore$ 1 वस्तु का वि. मू. $= \frac{1680}{70}$

= 24 रु. उत्तर

40. $\frac{2.5 \times \sqrt{6.25}}{4 - \frac{3}{7}}$ का $\frac{4}{7}$ $= \frac{2.5 \times 2.5}{\frac{25}{7}}$ का $\frac{4}{7}$

$= \frac{6.25 \times 7}{25}$ का $\frac{4}{7}$

= 1 उत्तर

समंकों की व्याख्या

निर्देश—निम्नांकित तालिका का अध्ययन करके 1 से 5 तक प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर ज्ञात करो. तालिका में 5 छात्रों के विभिन्न विषय के प्राप्तांक दर्शाए गए हैं. प्रत्येक विषय के पूर्णांक 100 हैं.

विषय	छात्र				
	A	B	C	D	E
भूगोल	35	39	70	55	80
इतिहास	60	48	56	74	68
गणित	40	47	42	77	72
विज्ञान	87	64	49	44	37
हिन्दी	52	65	63	84	40
योग	274	263	280	334	297

1. किस छात्र के भूगोल तथा हिन्दी के प्राप्तांकों में 3 : 5 का अनुपात है ?
(A) A (B) D
(C) E (D) C
(E) B

2. भूगोल में किस छात्र के प्राप्तांक, A के प्राप्तांक से दूने हैं ?
(A) C (B) B
(C) A (D) D
(E) E

3. C छात्र के इतिहास में प्राप्तांक उसके कल प्राप्तांकों का कितने प्रतिशत है ?
(A) 22.5 (B) 15
(C) 40 (D) 20
(E) इनमें से कोई नहीं

4. किस विषय के अधिकतम एवं न्यूनतम प्राप्तांकों का अन्तर सर्वाधिक है ?
(A) भूगोल (B) गणित
(C) विज्ञान (D) हिन्दी
(E) इतिहास

5. किस छात्र के सभी विषयों में से किसी भी विषय के प्राप्तांक न तो अधिकतम हैं और न न्यूनतम ?
(A) A (B) E
(C) B (D) D
(E) C

निर्देश—निम्नांकित ग्राफ एक व्यक्ति की 5 वर्ष की आय और व्यय प्रदर्शित करता है. इस पर प्रश्न 6 से 10 तक आधारित हैं. प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर ज्ञात करो.

6. 1985-86 की आय 1982-83 के व्यय का लगभग कितने गुना है ?
(A) 0.5 (B) 2.4
(C) 0.4 (D) 1.9
(E) 1.4

7. आय और व्यय का अन्तर किस वर्ष सबसे कम है ?
(A) 1983-84 (B) 1982-83
(C) 1985-86 (D) 1984-85
(E) 1986-87

8. औसत आय से अधिक आय वाले वर्षों तथा औसत आय से कम आय वाले वर्षों की संख्याओं में क्या अनुपात है ?
(A) 2 : 3 (B) 3 : 2
(C) 4 : 1 (D) 1 : 4
(E) 1 : 2

9. 1986-87 का व्यय, 1982-83 के व्यय से कितने प्रतिशत अधिक है ?
(A) 101.2 (B) 49.7
(C) 104.8 (D) 78
(E) 50

10. निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है ?
(A) 1984-85 से अगले वर्षों का व्यय औसत व्यय से अधिक है
(B) प्रत्येक वर्ष व्यय में वृद्धि हो रही है
(C) पूरे पाँच वर्ष में कुल व्यय, कुल आय से अधिक है
(D) 1984-85 तक प्रत्येक वर्ष का व्यय औसत व्यय से कम है
(E) 1984-85 में आय और व्यय का अन्तर सर्वाधिक है

उत्तरमाला

1. (E) 2. (A) 3. (D) 4. (C) 5. (E)
6. (D) 7. (C) 8. (B) 9. (A) 10. (C)

उत्तर व्याख्या सहित

1. A के भूगोल एवं हिन्दी में प्राप्तांकों का अनुपात
$= \frac{35}{52}$
B के भूगोल एवं हिन्दी में प्राप्तांकों का अनुपात
$= \frac{39}{65} = \frac{3}{5}$

2. A के भूगोल में प्राप्तांक = 35
तथा C के भूगोल में प्राप्तांक = 70
∴ C के भूगोल में प्राप्तांक A के प्राप्तांक से दूने हैं.

3. C छात्र के कुल प्राप्तांक = 280
तथा C छात्र के इतिहास में प्राप्तांक
= 56
∴ अभीष्ट प्रतिशत $= \frac{56 \times 100}{280}$
= 20

4. भूगोल के अधिकतम और न्यूनतम प्राप्तांकों का अन्तर = 80 − 35 = 45
इतिहास के अधिकतम और न्यूनतम प्राप्तांकों का अन्तर = 74 − 48 = 26
गणित के अधिकतम और न्यूनतम प्राप्तांकों का अन्तर = 77 − 40 = 37
विज्ञान के अधिकतम और न्यूनतम प्राप्तांकों का अन्तर = 87 − 37 = 50
तथा हिन्दी भूगोल के अधिकतम और न्यूनतम प्राप्तांकों का अन्तर = 84 − 40 = 44
अत: सबसे अधिक अन्तर विज्ञान के प्राप्तांकों का है.

6. 1985-86 की आय = 15380 रु.
तथा 1982-83 का व्यय = 8240 रु.
∴ अभीष्ट अनुपात $= \frac{15380}{8240}$
= 1.86
= 1.9 (लगभग)

7. 1982-83 में आय और व्यय का अन्तर
= 8240 − 6380 = 1860 रु.
1983-84 में आय और व्यय का अन्तर
= 12260 − 10140 = 2120 रु.
1984-85 में आय और व्यय का अन्तर
= 16610 − 11370 = 5240 रु.
1985-86 में आय और व्यय का अन्तर
= 15380 − 15130 = 250 रु.
तथा 1986-87 में आय और व्यय का अन्तर
= 16580 − 13050 = 3530 रु.
∴ सबसे कम अन्तर वर्ष 1985-86 में है.

तर्क शक्ति परीक्षा

निर्देश— 1 से 2 तक प्रत्येक प्रश्न में पाँच शब्द दिए हुए हैं जिनमें से एक शब्द ऐसा है जो अन्य चार से मेल नहीं खाता है. उस भिन्न शब्द को ज्ञात करो.

1. (A) हीरो (B) पर्वतारोही (C) निर्देशक (D) फोटोग्राफर (E) संगीतज्ञ
2. (A) टेरामाइसिन (B) टाइफाइड (C) निमोनिया (D) मलेरिया (E) डिप्थेरिया
3. यदि किसी सांकेतिक भाषा में GREAT को ITGCV लिखा जाता है तो उसी भाषा में FRIEND को किस प्रकार लिखा जाएगा ?
(A) HTGKPF (B) HGTKPF (C) HTKGFP (D) HTKGPF (E) THKGPF
4. यदि BILL को किसी सांकेतिक भाषा में 2466, DIG को 345 तथा NUT को 798 लिखा जाता है तो उसी सांकेतिक भाषा में BUILDING को किस प्रकार लिखा जाएगा ?
(A) 92463475 (B) 27493465 (C) 92643475 (D) 29467435 (E) 29463475
5. यदि $127 \times 407 = 110$ और $54 \times 86 = 126$ हो तो 125×232 का मान क्या होगा ?
(A) 82 (B) 121 (C) 70 (D) 56 (E) 116
6. पोस्ट-ऑफिस स्कूल के पूरब में है, जबकि मेरा घर स्कूल के दक्षिण में है. बाजार, पोस्ट ऑफिस के उत्तर में उतनी ही दूरी पर है जितनी दूर मेरा घर स्कूल से है. बाजार मेरे घर की किस दिशा में है ?
(A) उत्तर-पूरब (B) उत्तर (C) दक्षिण-पश्चिम (D) पूरब (E) उत्तर-पश्चिम
7. यदि अंग्रेजी वर्णमाला को उल्टे क्रम में लिखा जाए तो बाएं से सोलहवें अक्षर से दाईं ओर तीसरा अक्षर कौनसा होगा ?
(A) I (B) E (C) J (D) F (E) H
8. B और K का भाई A है. B की माता C है. A, D का पिता है. निम्नलिखित में किस कथन में निश्चयपूर्वक सत्य होने की सम्भावना नहीं है?
(A) D की C पत्नी है
(B) K का D पिता है
(C) D का A पुत्र है
(D) K का B भाई है
(E) C का A पुत्र है

निर्देश— 9 तथा 10, प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित व्याख्या पर निर्भर हैं.

A, B, C, D, E तथा F एक समुदाय के सदस्य हैं. इनमें से दो डॉक्टर, दो सिविल इंजीनियर, एक प्रोफेसर है तथा एक उद्योगपति है. D, B की पत्नी तथा सिविल इंजीनियर है. प्रोफेसर एक डॉक्टर की पुत्री है. F एक डॉक्टर है तथा C का पिता नहीं है. C एक प्रोफेसर है. E ने B की फैक्ट्री का डिजाइन बनाया है. इस समुदाय में दो महिलाएं हैं.

9. F के अतिरिक्त दूसरा डॉक्टर कौन है ?
(A) B (B) E (C) A (D) C (E) D
10. यदि इस समुदाय में एक सदस्य और बढ़ा

लिया जाए तथा F के व्यवसाय के सदस्यों की संख्या, B के व्यवसाय के सदस्यों की संख्या के समान हो जाती है तो नए सदस्य का व्यवसाय क्या होगा ?

(A) डॉक्टर
(B) उद्योग
(C) प्रोफेसर
(D) सिविल इंजीनियर
(E) डॉक्टर या उद्योग

निर्देश– 11 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया हुआ है तथा उसके बाद उस पर आधारित दो निष्कर्ष दिए हुए हैं. यदि पहला निष्कर्ष सही है तो उत्तर (A) है और यदि दूसरा सही है तो उत्तर (B) है. यदि दोनों निष्कर्ष सही हैं तो उत्तर (C) है. यदि पहला सही है और दूसरा विपरीत पड़ता है अथवा दूसरा सही है और पहला विपरीत पड़ता है तो ऐसी दशा में उत्तर D है. यदि कोई भी निष्कर्ष सही न हो तो उत्तर (E) है.

11. **कथन**–पिछले महीने पूँजी बाजार में निर्गमों का भी लोगों ने पूरी तरह अभिदान नहीं किया. भारत सरकार भी चिन्तित है और पूँजी बाजार में पुनः विश्वास जाग्रत करना चाहती है.

निष्कर्ष–

I. सरकार को चाहिए कि वह कम्पनियों से जनता के अभिदान हेतु जारी होने वाले निर्गमों को तब तक स्थगित करने के लिए कहे जब तक पूँजी बाजार में स्थायित्व न आ जाए.

II. जनता के अभिदान में कुछ कमी रहती है तो सरकारी वित्त संस्थाओं का अभिदान करना चाहिए.

12. **कथन**–नाभिकीय संयन्त्रों से विकिरण-खतरा उस विकिरण का, जो हमें सहन करना पड़ता है, मुश्किल से एक प्रतिशत होता है. औद्योगिक परिवेश में कार्य करने वाले लोगों को मिलने वाली 99 प्रतिशत औसत मात्रा, नाभिकीय ऊर्जा विद्युत संयन्त्रों के अतिरिक्त स्रोतों से मिलती है.

निष्कर्ष–

I. कानून द्वारा सभी नाभिकीय विकिरणों को रोकना चाहिए.

II. किसी भी औद्योगिक परिवेश की अनुमति नहीं देनी चाहिए.

13. **कथन**–नाभिकीय संयन्त्रों से विकिरण खतरा, उस विकिरण का जो हमें सहन करना पड़ता है, मुश्किल से एक प्रतिशत होता है. औद्योगिक परिवेश में कार्य करने वाले लोगों को मिलने वाली 99% औसत मात्रा, नाभिकीय ऊर्जा विद्युत संयन्त्रों के अतिरिक्त स्रोतों से मिलती है.

निष्कर्ष–

I. नाभिकीय विकिरण खतरे से बचने के लिए सभी नाभिकीय विद्युत संयन्त्रों को बन्द कर देना चाहिए.

II. विश्व में नाभिकीय संयन्त्रों का विरोध करने वाले नाभिकीय विरोधी समुदाय को अपने विरोध मोर्चे बन्द कर देने चाहिए

14. **कथन**–भारत में बीमा सम्बन्धी मामलों की जाँच करने वाले आयोग ने यह पाया क़ि बीमा प्रस्ताव के विस्तृत नियमों और शर्तों को या तो बताया ही नहीं गया या उन्हें कई महीनों के विलम्ब के बाद बताया गया. परिणाम यह हुआ कि दावे की प्राप्ति के बाद नियमों और शर्तों की व्याख्या के समय अधिकारियों को यह मौका मिला कि या तो वे अनावश्यक लाभ होने दें अथवा सम्बन्धित पार्टी को अनावश्यक परेशानी उठाने दें.

निष्कर्ष–

I. बीमा कम्पनियों के अधिकारियों को दावों के नियमों व शर्तों की सदैव लाभकारी व्याख्या करनी चाहिए.

II. बीमा कम्पनियों के अधिकारियों के दल को किसी उन्नत देश की बीमा कम्पनियों की कार्य-प्रणाली का अध्ययन करने के लिए भेजना चाहिए.

15. **कथन**–भारत में बीमा सम्बन्धी मामलों की जाँच करने वाले आयोग ने यह पाया कि बीमा

प्रस्ताव के विस्तृत नियमों व शर्तों को या तो बताया ही नहीं गया था या उन्हें कई महीनों के विलम्ब के बाद बताया गया. परिणाम यह हुआ कि दावे की प्राप्ति के बाद नियमों और शर्तों की व्याख्या के समय अधिकारियों को यह मौका मिल गया कि या तो अनावश्यक लाभ होने दें अथवा सम्बन्धित पार्टी को अनावश्यक परेशानी उठाने दें.

निष्कर्ष–

I. आवश्यकता है कि बीमा कम्पनियों की सभी क्रियाविधियों का नवीनीकरण किया जाए.

II. बीमा कराने वाला व्यक्ति स्वयं देखे कि बीमे के सभी नियम व शर्तें विस्तृत रूप से नोट कर ली गई हैं.

निर्देश– 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया हुआ है तथा उसके बाद दो अनुमान दिए हुए हैं. यदि पहला अनुमान सही हो तो उत्तर (A) तथा यदि दूसरा सही है तो उत्तर (B) है. यदि दोनों अनुमान सही हैं तो उत्तर (C) है. यदि या तो पहला अथवा दूसरा सही है तो उत्तर (D) है तथा दोनों ही गलत हैं तो उत्तर (E) है.

16. **कथन**–सरकार द्वारा निर्धारित सातवीं योजना अधिक लोकप्रिय नहीं हुई.

अनुमान–

I. जनता सहयोग नहीं देती है.

II. सरकार द्वारा योजना में कमी है.

17. **कथन**–टी.वी. पर शिक्षा सम्बन्धी प्रोग्राम, विद्यार्थियों को बिना अध्यापक के शिक्षा ग्रहण करने में सहायक होगा.

अनुमान–

I. विद्यार्थी बिना अध्यापक शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं.

II. अध्यापक पढ़ाने में असमर्थ हैं.

18. **कथन**–यदि आपको कोई प्रश्न नहीं आता है तो उसको समझने के लिए मेरे पास आओ.

अनुमान–

I. आप कुछ प्रश्न हल नहीं कर पा रहे हैं.

II. मैं प्रत्येक प्रश्न हल कर सकता हूँ.

19. **कथन**–घाटा पूर्ति के लिए पोस्टल दरें बढ़ा दी हैं.

अनुमान–

I. पिछली पोस्टल दरें कम थीं.

II. यदि पोस्टल दरें न बढ़ाई जाएं तो घाटे की पूर्ति न होगी.

20. **कथन**–वर्तमान भाषा सम्बन्धी नीति पर पुनर्विचार परम आवश्यक है.

अनुमान–

I. वर्तमान भाषा सम्बन्धी नीति प्रभावहीन है.

II. पुनर्विचार से सुधार निश्चित है.

निर्देश– 21 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न में एक बात पर विचार किया गया है तथा उसके बाद दो तर्क दिए हुए हैं. यदि पहला तर्क प्रबल हो तो उत्तर (A) तथा यदि दूसरा तर्क प्रबल है तो उत्तर (B) है. यदि दोनों तर्क प्रबल हों तो उत्तर (C) होगा. यदि पहला तर्क प्रबल है तथा दूसरा विपरीत हो अथवा दूसरा तर्क प्रबल और पहला विपरीत हो ऐसी दशा में उत्तर (D) है. यदि कोई भी तर्क प्रबल न हो तो उत्तर (E) है.

21. क्या भारतवर्ष में कॉलेजों को विश्वविद्यालय का स्तर देना चाहिए ?

1. हाँ, विद्यार्थियों की पूरे वर्ष की तैयारियों की जाँच करने में कॉलेज अधिक सक्षम है. अतः उनके द्वारा दी गई डिग्रियाँ अधिक सही होंगी.

2. नहीं, ऐसा सोचना कि कॉलेजों द्वारा डिग्री वितरण में भ्रष्टाचार न हो, कल्पना मात्र है.

22. क्या हमारे देश में माँसाहारी भोजन पर बिल्कुल रोक लगानी चाहिए ?

1. हाँ, माँसाहारी भोजन महँगा है तथा हमारे अधिकांश देशवासियों के लिए इतना महँगा भोजन उनकी सामर्थ्य से बाहर है.

2. नहीं, हमारे प्रजातन्त्र जैसे देश में किसी पर भी रोक लगाना उचित नहीं.

23. क्या भारतवर्ष में कारखाने के कर्मचारियों को

उसकी प्रबन्धकारिणी परिषद् का भागीदार बनने की अनुमति दी जानी चाहिए ?

1. हाँ, आजकल प्रबन्ध-सिद्धान्त यही है.
2. नहीं, बहुत से कर्मचारी अशिक्षित हैं अतः उनका वहाँ कोई महत्व नहीं.

24. क्या भारत में विश्वविद्यालय स्तर पर पत्राचार पाठ्यक्रम (Correspondance Course) बन्द कर देना चाहिए ?

1. हाँ, इसका विद्यार्थियों के लिए कोई उपयोग नहीं है.
2. नहीं, ऐसे कोर्स विद्यार्थियों में बहुत लोकप्रिय हैं.

25. क्या सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान वर्जित होना चाहिए ?

1. हाँ, ऐसे भी लोगों को जो धूम्रपान नहीं करते हैं, तम्बाकू के धुएं से कैंसर रोग हो सकता है.
2. नहीं, ऐसा करने से धूम्रपान करने वाले विरोध करेंगे.

उत्तर व्याख्या सहित

1. (B) अन्य सभी शब्द फिल्म निर्माण में भाग लेने वाले व्यक्तियों को बतलाते हैं.
2. (A) अन्य सभी शब्द बीमारियों को बतलाते हैं जबकि टेरामाइसिन एक औषधि का नाम है.
3. (D) शब्द ITGCV का प्रत्येक अक्षर शब्द GREAT के प्रत्येक संगति अक्षर से वर्णमाला के एक अक्षर छोड़कर आगे है.
4. (E) BILL और DIG में I उभयनिष्ठ है.
   ∴ I के लिए 4 का अंक प्रयोग हुआ है.
   L के लिए 6 का अंक प्रयोग हुआ है.
   तथा B के लिए 2 का अंक प्रयोग हुआ है.
   इसके अतिरिक्त यह भी देखने से प्रतीत होता है कि प्रत्येक शब्द में अक्षर जिस क्रम में हैं अंक भी उसी क्रम में हैं.
   ∴ U के लिए 9, N के लिए 7 तथा G के लिए 5 है.
   अतः BUILDING को 29463475 लिखा जाएगा.
5. (D) $127 \times 407 = 110$ अर्थात् $(1+2+7) \times (4+0+7) = 110$
   तथा $54 \times 86 = 126$ अर्थात् $(5+4) \times (8+6) = 126$
   $\therefore 125 \times 232 = (1+2+5) \times (2+3+2) = 56.$
6. (A)

7. (E) जब अंग्रेजी वर्णमाला को उल्टे क्रम में लिखा जाएगा तो बाएँ से 16 वाँ अक्षर K होगा तथा इससे दाईं ओर तीसरा अक्षर H होगा.
8. (D) अन्य सभी कथन निश्चयपूर्वक सत्य हैं. केवल (D) के निश्चयपूर्वक सत्य होने की सम्भावना नहीं है.

प्रश्न 9 तथा 10 के लिए :

A— डॉक्टर
B— उद्योगपति
C— प्रोफेसर तथा A की पुत्री
D— सिविल इंजीनियर एवं B के मित्र की पत्नी
E— सिविल इंजीनियर
F— डॉक्टर

9. (C)	10. (B)	11. (A)	12. (E)
13. (B)	14. (B)	15. (C)	16. (B)
17. (E)	18. (B)	19. (B)	20. (C)
21. (E)	22. (B)	23. (B)	24. (B)
25. (A)			

विलोम शब्द

— डॉ. दिलीप पाण्डेय

विलोम का अर्थ है—विपरीत/विरोधी. किसी संदर्भ में जिन दो शब्दों के अर्थ एक-दूसरे के विपरीत हों, उन्हें विलोम शब्द कहते हैं.

हिन्दी में विलोम के लिए विपर्याय, विपरीतार्थ, विरुद्धार्थ आदि शब्दों का प्रयोग होता है किन्तु विपरीत अर्थ देने वाले शब्दों के लिए विलोम शब्द रूढ़ हो गया है. विलोम के लिए अंग्रेजी में प्रचलित शब्द Antonyms है.

किसी भी भाषा को समृद्ध होने के लिए उसका शब्द-भण्डार समृद्ध होना आवश्यक है. शब्द-सामर्थ्य बढ़ाने में पर्यायवाची शब्दों का जितना महत्व है, उतना ही एक शब्द का दूसरा पक्ष जानने के लिए विलोम शब्दों का ज्ञान भी महत्वपूर्ण है. विलोम शब्दों के अध्ययन से अर्थ-निर्धारण में सुविधा होती है.

पर्यायवाची शब्दों की तरह विलोम भी पूर्ण और अपूर्ण होते हैं. पूर्ण विलोम शब्दों को मूल विलोम भी कह सकते हैं क्योंकि ये अपने आप में पूर्ण होते हैं और इनके निर्माण में मूल शब्द में उपसर्ग या प्रत्यय लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती. पूर्ण विलोम के कुछ उदाहरण देखें—

अथ	इति
आदि	अंत
आधुनिक	प्राचीन
आह्लाद	विषाद
प्रकाश	अंधकार
विष	अमृत
आय	व्यय
हर्ष	शोक

उपसर्ग और प्रत्यय लगाकर बनाए गए विलोम शब्द अपूर्ण विलोम कहलाते हैं—जैसे,

कर्मण्य	अकर्मण्य
उचित	अनुचित
उपेक्षा	अपेक्षा
उन्नति	अवनति
उपयोगी	अनुपयोगी
उत्कर्ष	अपकर्ष
कपूत	सपूत
आशा	निराशा

विलोम शब्द लिखते समय निम्नलिखित बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए—

(1) मूल शब्द जिस भाषा में हो उसी में विलोम शब्द भी लिखना चाहिए. कोष्ठक में दिए गए विलोम शब्द अर्थ की दृष्टि से तो ठीक हैं किन्तु भाषा की दृष्टि से इन्हें सही नहीं कहा जा सकता. कुछ उदाहरण देखें—

अवनति	उन्नति	(तरक्की)
स्वतंत्रता	पराधीनता	(गुलामी)
उपयोगी	अनुपयोगी	(बेकार)
आदि	अंत	(आखिरी)
शीघ्र	विलम्ब	(देर)

(2) कुछ शब्दों के विलोम उनके युग्म-शब्द के रूप में प्रचलित होते हैं. अतः उनका ही प्रयोग सही है. जैसे—

वरिष्ठ	कनिष्ठ	(छोटा)
आदान	प्रदान	(देना)
आय	व्यय	(खर्च)
खण्डन	मण्डन	
आयात	निर्यात	
अथ	इति	(अंतिम)

(3) सभी शब्दों में 'अ' लगाकर विलोम बनाने का प्रयास सर्वथा गलत है. जैसे—

शब्द	सही विलोम	गलत विलोम
आस्तिक	नास्तिक	(अनास्तिक)
नूतन	पुरातन	(अनूतन)
लिप्त	निर्लिप्त	(अलिप्त)
सत्य	मिथ्या	(असत्य)
सम	विषम	(असम)
कृतज्ञ	कृतघ्न	अकृतज्ञ

विलोम शब्दों की भी अपनी एक लय होती है. विलोम शब्दों की भी निजी पहचान होती है. सत्य का विलोम शब्द अर्थ की दृष्टि से झूठ या असत्य लिखा जा सकता है किन्तु सत्य का विलोम मिथ्या ही पूर्ण विलोम है. अतः विलोम शब्दों में भी परस्पर संगति होती है. इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए.

परीक्षा की दृष्टि से कुछ महत्वपूर्ण विलोम शब्द (जो परीक्षार्थी प्रायः अशुद्ध लिख देते हैं)देखें–

अल्पज्ञ	बहुज्ञ
अनुराग	विराग
आरोह	अवरोह
आशीर्वाद	अभिशाप
एकता	अनेकता
श्याम	श्वेत
कृष्ण	शुक्ल
धवल	दूषित
चिरंतन	नश्वर
गमन	आगमन
राग	विराग
रिक्त	पूर्ण
सापेक्ष	निरपेक्ष
अमर	मर्त्य
अवर	प्रवर
आविर्भाव	तिरोभाव
उन्मुख	विमुख
कारण	कार्य
नैसर्गिक	कृत्रिम
तामसिक	सात्विक
गुण	दोष
सम्मुख	विमुख
प्रलय	सृष्टि
क्षुद्र	विराट
शीत	ताप ■■

प्रश्न—विषाणुओं (वाइरस) द्वारा मनुष्य में कौन-कौन से घातक रोग उत्पन्न होते हैं?

उत्तर—विषाणुओं द्वारा मनुष्य में पीत ज्वर (Yellow fever), अलर्क (Rabies), पोलियो, चेचक, खसरा तथा एड्स जैसी घातक बीमारियाँ उत्पन्न होती है.

प्रश्न—अधिक महत्व के कोशिका अंगक (organelles) कौन-कौन से हैं और वे क्या-क्या कार्य करते हैं?

उत्तर—तुलनात्मक दृष्टि से अधिक महत्व के कोशिका अंगक निम्न होते हैं.

(i) **केन्द्रक**—कोशिका की समस्त क्रियाओं को नियन्त्रित करता है

(ii) **लवक** (Plastids)- कार्बोहाइड्रेटों के निर्माण तथा सभरण का कार्य करते हैं.

(iii) **माइटोकॉण्ड्रिया** (Mitochondria)- जो कोशिका के ऊर्जागृह होते हैं.

(iv) **अन्तर्दव्यी जालिका** (Endoplasmic reticulum)- प्रोटीन संश्लेषण में सक्रिय कार्य करती है.

(v) **लयनकाय** (Lysosomes)- इनमें एन्जाइमों का प्रारम्भिक रूप से बाहुल्य होता है और जो स्वभाव से लयनी होते हैं.

(vi) **गॉल्जीकाय** (Golgibody)- स्वभाव से स्त्रवणकारी होता है.

(vii) **तारककाय** (Centrosome)- जो तर्कु उपकरण (Spindle apparatus) के संगठन तथा कार्य में भाग लेता है.

प्रश्न—मृत सागर (Dead Sea) क्या है?

उत्तर—वास्तव में मृत सागर एक खारे पानी की झील है जो जोर्डन और इजराइल के बीच में स्थित है. यह संसार में सबसे अधिक खारी पानी की झील है. आज इस सागर की सतह समुद्री सतह से 396 मीटर नीचे है. नमक ((23% से 25%) और दूसरे जहरीले पदार्थों की उपस्थिति के कारण इस सागर में कोई भी जीव-जन्तु जीवित नहीं रह पाता. जोर्डन नदी की मछलियाँ और दूसरे समुद्री जीव इस जल में प्रवेश करते ही मर जाते हैं. अतः इसे मृत सागर कहा जाता है.

प्रश्न—मरुस्थल (रेगिस्तान) में पौधे कैसे जीवित रहते हैं?

उत्तर—पौधों के लिए पहली आवश्यकता जल की है. रेगिस्तान में मुख्य रूप से दो प्रकार के पौधे मिलते हैं—एक को झाड़ी (Shrub) और दूसरे को कैक्टस (Cactus) कहते हैं. झाड़ियाँ प्रायः छोटी होती हैं और पृथ्वी की सतह से सटी रहती हैं. इनमें काँटे अधिक और पत्तियाँ कम होती हैं. पत्तियों की कमी से झाड़ी में मौजूद पानी का वाष्पीकरण बहुत कम होता है. कैक्टस का तना मोटा तथा गूदेदार होता है. इनमें पत्तियाँ नहीं होतीं, बल्कि काँटे होते हैं तने की ऊपरी परत बहुत मोटी तथा सख्त होती है. अतः तने में पानी काफी समय तक संरक्षित रहता है. इनकी जड़ें भी दूर-दूर तक और गहराई तक फैली रहती हैं. लम्बे, सूखे मौसम के पश्चात् यदि थोड़ी सी वर्षा हो जाती है तो उनकी जड़ें शीघ्र ही जल को अवशोषित कर संचित कर लेती हैं.

प्रश्न—कार्स्ट स्थलाकृति (Karst Topography) से क्या तात्पर्य है?

उत्तर—चूने के क्षेत्र में भूमिगत जलीय घुलनशीलता के द्वारा निर्मित आकृति को कार्स्ट स्थलाकृति कहा जाता है. यूगोस्लाविया में एड्रियाटिक सागर के समीप चूने के विशाल प्रदेश हैं. यहीं आस्ट्रिया के कार्स्ट जिले में चूना पत्थर का सर्वाधिक विस्तार है अतः इस जिले में विकसित आकृति को कार्स्ट स्थलाकृति कहा जाता है. यह आकृति चूना पत्थर प्रदेशों में घोल क्रिया, छतों के धँसने से निर्मित गर्तों तथा कटी-फटी एवं निक्षालित धरातल एवं भूमिगत प्रवाह से युक्त होती है. जलीय घोल क्रिया के कारण धरातल पर विभिन्न प्रकार के छिद्रों, खड्डों, अवनालिकाओं तथा यत्र-तत्र छोटी-छोटी घाटियों का निर्माण हो गया है जिससे धरातल ऊबड़-खाबड़ हो गया है. ■■■

भारत के प्रमुख शोध संस्थान

	संस्थान का नाम	प्रदेश	विशेषीकरण क्षेत्र
1.	भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून	उत्तर प्रदेश	सर्वेक्षण व मानचित्र
2.	राष्ट्रीय एटलस तथा विषयक मानचित्रण संगठन, कलकत्ता	प. बंगाल	राष्ट्रीय एटलस व मानचित्र
3.	भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली	नई दिल्ली	मौसम विज्ञान सम्बन्धी अनुसन्धान एवं पूर्वानुमान
4.	भारतीय मौसम वेधशाला, पुणे	महाराष्ट्र	मौसम सम्बन्धी आँकड़ों का संकलन एवं मानचित्र प्रकाशन
5.	बीरबल साहनी संस्थान, लखनऊ	उत्तर प्रदेश	पुरावनस्पति
6.	बोस संस्थान, कलकत्ता	प. बंगाल	विज्ञान
7	इण्डियन एसोसिएशन फॉर कल्टीवेशन ऑफ साइन्स, कलकत्ता	प. बंगाल	विज्ञान
8.	महाराष्ट्र एसोसिएशन फॉर कल्टीवेशन ऑफ साइन्स, पुणे	महाराष्ट्र	विज्ञान
9.	राष्ट्रीय प्रतिरोधक विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली	नई दिल्ली	विज्ञान
10.	रमण संस्थान, बंगलौर	कर्नाटक	भौतिकी
11.	श्री चित्रा तिरुमल संस्थान, तिरुअनन्तपुरम	केरल	आयुर्विज्ञान
12.	वाडिया संस्थान, देहरादून	उत्तर प्रदेश	भू-विज्ञान
13.	भू-चुम्बकीय भारतीय संस्थान, बम्बई	महाराष्ट्र	भू-विज्ञान
14.	भारतीय उष्ण मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे	महाराष्ट्र	मौसम विज्ञान
15.	भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, बंगलौर	कर्नाटक	भौतिकी एवं खगोल शास्त्र
16.	भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, ट्राम्बे	महाराष्ट्र	परमाणु विज्ञान
17.	भाभा परमाणु अनुसन्धान केन्द्र का गौरी बिदानूर भूकम्प केन्द्र, बंगलौर	कर्नाटक	भूकम्प
18.	डाउन रेन्ज केन्द्र, कार निकोबार	अण्डमान व निकोबार	अन्तरिक्ष विज्ञान
19.	उपग्रह ट्रैकिंग व रेन्जिंग केन्द्र, कावालूर	केरल	अंतरिक्ष विज्ञान
20.	उपग्रह नियंत्रण केन्द्र, श्री हरिकोटा	आन्ध्र प्रदेश	अंतरिक्ष विज्ञान
21.	राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली	नई दिल्ली	भौतिक विज्ञान
22.	केन्द्रीय इलैक्ट्रॉनिकी इन्जीनियरी अनुसंधान संस्थान, पिलानी	राजस्थान	भौतिक विज्ञान

23.	केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, चण्डीगढ़	पंजाब	भौतिक विज्ञान
24.	राष्ट्रीय भू-भौतिक अनुसधान संस्थान, हैदराबाद	आन्ध्र प्रदेश	भू-भौतिकी
25.	राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, दोना पाउला, गोआ	गोआ	समुद्र विज्ञान
26.	राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला, पुणे	महाराष्ट्र	रसायन विज्ञान
27.	केन्द्रीय विद्युत रासायनिक अनुसंधान संस्थान, कराईकुडी	तमिलनाडु	रसायन विज्ञान
28.	केन्द्रीय नमक और समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान, भावनगर	गुजरात	नमक और समुद्री रसायन
29.	क्षेत्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, हैदराबाद	आन्ध्र प्रदेश	रसायन विज्ञान
30.	क्षेत्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, जोरहाट	असम	रसायन विज्ञान
31.	भारतीय पैट्रोलियम संस्थान, देहरादून	उत्तर प्रदेश	पैट्रो-रसायन
32.	केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान जलगोडा	बिहार	कोयला अनुसंधान
33.	केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूर	कर्नाटक	खाद्य प्रौद्योगिकी
34.	केन्द्रीय औषधि अनुसंधान, लखनऊ	उत्तर प्रदेश	औषधि विज्ञान
35.	केन्द्रीय चमड़ा अनुसंधान, मद्रास	तमिलनाडु	चमड़ा
36.	राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ	उत्तर प्रदेश	वनस्पति विज्ञान
37.	भारतीय रासायनिक जैविकी संस्थान कलकत्ता	प. बंगाल	जीव विज्ञान
38.	केन्द्रीय चिकित्सीय और सुगन्धी वनस्पति संस्थान, लखनऊ	उत्तर प्रदेश	वनस्पति विज्ञान
39.	औद्योगिक विष विज्ञान अनुसंधान केन्द्र, लखनऊ	उत्तर प्रदेश	जीव विज्ञान
40.	कोशिकीय तथा आणविक जीव विज्ञान केन्द्र, हैदराबाद	आन्ध्र प्रदेश	जीव विज्ञान
41.	क्षेत्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, जम्मू	जम्मू-कश्मीर	जीव विज्ञान
42.	जीवाणु प्रौद्योगिकी संस्थान, चण्डीगढ़	पंजाब	जीव विज्ञान
43.	वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, काम्पलेक्स, पालमपुर	हिमाचल प्रदेश	जीव विज्ञान
44.	टाकलाई एक्सपेरीमेन्टल स्टेशन, जोरहाट	असम	जीव विज्ञान
45.	केन्द्रीय भवन निर्माण अनुसंधान संस्थान, रुड़की	उत्तर प्रदेश	इंजीनियरी विज्ञान
46.	केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली	नई दिल्ली	इंजीनियरी विज्ञान
47.	केन्द्रीय काँच तथा मृत्तिका अनुसंधान संस्थान, कलकत्ता	प. बंगाल	काँच, इंजीनियरी एवं मृत्तिका विज्ञान
48.	राष्ट्रीय धातु विज्ञान प्रयोगशाला, जमशेदपुर	बिहार	धातु विज्ञान
49.	केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र, धनबाद	बिहार	खनन
50.	केन्द्रीय यांत्रिक इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुर	प. बंगाल	यांत्रिक इंजीनियरी
51.	राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरी अनुसंधान संस्थान, नागपुर	महाराष्ट्र	पर्यावरण इंजीनियरी
52.	राष्ट्रीय वैमानिकीय प्रयोगशाला, बंगलौर	कर्नाटक	वैमानिकीय
53.	संरचनात्मक इंजीनियरी अनुसंधान केन्द्र, रुड़की	उत्तर प्रदेश	इंजीनियरी विज्ञान
54.	संरचनात्मक इंजीनियरी अनुसंधान केन्द्र, मद्रास	तमिलनाडु	इंजीनियरी विज्ञान

55. क्षेत्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, भुवनेश्वर	उड़ीसा	इंजीनियरी विज्ञान
56. क्षेत्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, त्रिवेन्द्रम	केरल	इंजीनियरी विज्ञान
57. क्षेत्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, भोपाल	मध्य प्रदेश	इंजीनियरी विज्ञान
58. विद्युत अनुसंधान और विकास संस्थान, बड़ोदरा	गुजरात	इंजीनियरी विज्ञान
59. राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान, नई दिल्ली	नई दिल्ली	सूचना विज्ञान
60. भारतीय राष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रलेखन केन्द्र, नई दिल्ली	नई दिल्ली	सूचना विज्ञान
61. प्रकाशन और सूचना निदेशालय, नई दिल्ली	दिल्ली	सूचना विज्ञान

वाणिज्य विभाग के अधीनस्थ निर्यात संवर्धन परिषदें

संस्था का नाम	प्रदेश	दक्षता विषय
1. इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद्, कलकत्ता	प. बंगाल	इंजीनियरिंग निर्यात
2. चमड़ा निर्यात परिषद्, मद्रास	तमिलनाडु	चमड़ा निर्यात
3. लाख निर्यात संवर्धन परिषद्, कलकत्ता	प. बंगाल	लाख निर्यात
4. मसाला निर्यात संवर्धन परिषद्, कोचीन	केरल	मसाला निर्यात
5. खेलकूद सामान निर्यात संवर्धन परिषद्, नई दिल्ली	नई दिल्ली	खेलकूद सामान निर्यात
6. प्रवर्धित खाद्य पदार्थ निर्यात, नई दिल्ली	नई दिल्ली	खाद्य पदार्थ निर्यात
7. मूल रासायनिक औषधि और प्रसाधन सामग्री निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई	महाराष्ट्र	रासायनिक और औषधि पदार्थ निर्यात
8. काजू निर्यात संवर्धन परिषद्, कोचीन	केरल	काजू निर्यात
9. रासायनिक और सम्बन्धित उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद्, कलकत्ता	प. बंगाल	रासायनिक पदार्थ निर्यात
10. रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई	महाराष्ट्र	रत्न व आभूषण निर्यात
11. प्लास्टिक और लिनोलियम निर्यात संवर्धन परिषद्, बम्बई	महाराष्ट्र	प्लास्टिक व लिनोलियम
12. ओवरसीज निर्माण परिषद्, बम्बई	महाराष्ट्र	विविध पदार्थ

लोकसभा के विघटन, निर्वाचन, गठन तथा पहली बैठक के बारे में विवरण

लोक सभा	पिछली लोक सभा के विघटन की तिथि	नई लोक सभा के निर्वाचन की तिथि	नई लोक सभा के गठन की तिथि	नई लोक सभा की पहली बैठक की तिथि
पहली (1952-57)	---	जनवरी 1952 का अंतिम सप्ताह	17-4-1952	13-5-1952
दूसरी (1957-62)	4-4-1957	फरवरी 1957 का अंतिम सप्ताह	5-4-1957	10-5-1957
तीसरी (1962-66)	31-3-1962	मार्च 1962 का अंतिम सप्ताह	2-4-1962	16-4-1962
चौथी (1967-70)	3-3-1967	फरवरी 1967 का तीसरा सप्ताह	4-3-1967	16-3-1967

पाँचवीं (1971-77)	27-12-1970	मार्च 1971 का पहला सप्ताह	15-3-1971	19-3-1971
छठी (1977-79)	18-1-1977	मार्च 1977 का तीसरा सप्ताह	23-3-1977	25-3-1977
सातवीं (1980-84)	22-8-1979	जनवरी 1980 का पहला सप्ताह	10-1-1980	21-1-1980
आठवीं (1985-89)	31-12-1984	दिसम्बर 1984 का अंतिम सप्ताह	31-12-1984	15-1-1985
नौवीं (1989)	27-11-1989	नवम्बर 1989 का चौथा सप्ताह	3-12-1989	20-12-1989

लोक सभा के पीठासीन अधिकारियों का विवरण

नाम	कार्यकाल		टिप्पणी
	कब से	कब तक	
पहली लोक सभा			
श्री जी. वी. मावलंकर	15-5-1952	27-2-1956	27-2-56 को निधन हो गया.
श्री एम. ए. आयंगर	8-3-1956	10-5-1957	श्री जी. वी. मावलंकर के निधन के कारण रिक्त हुए स्थान पर निर्वाचित
दूसरी लोक सभा			
श्री एम. ए. आयंगर	11-5-1957	16-4-1962	पूरी अवधि तक
तीसरी लोक सभा			
सरदार हुकम सिंह	17-4-1962	16-3-1967	पूरी अवधि तक
चौथी लोक सभा			
श्री एन. संजीवा रेड्डी	17-3-1967	19-7-1969	19-7-69 को अध्यक्ष पद से त्यागपत्र
डॉ. जी. एस. ढिल्लों	8-8-1969	19-3-1971	श्री एन. संजीवा रेड्डी के त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हुए स्थान पर निर्वाचित
पाँचवीं लोक सभा			
डॉ. जी. एस. ढिल्लों	22-3-1971	1-12-1975	1-12-75 को त्यागपत्र देने से अध्यक्ष पद रिक्त
श्री बी. आर. भगत	5-1-1976	25-3-1977	डॉ. जी. एस. ढिल्लों के त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हुए स्थान पर निर्वाचित
छठी लोक सभा			
श्री एन. संजीवा रेड्डी	26-3-1977	13-7-1977	13-7-77 को अध्यक्ष पद से त्यागपत्र
श्री के. एस. हेगड़े	21-7-1977	21-1-1980	श्री एन. संजीवा रेड्डी के त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हुए स्थान पर निर्वाचित
सातवीं लोक सभा			
डॉ. बलराम जाखड़	22-1-1980	15-1-1985	पूरी अवधि तक
आठवीं लोक सभा			
डॉ. बलराम जाखड़	16-1-1985	27-11-1989	पूरी अवधि तक

विश्व के दस प्रमुख देशों का क्षेत्रफल (1987)

क्षेत्र	क्षेत्रफल (वर्ग किमी)	जन.घनत्व (प्रति वर्ग किमी)
1. सोवियत संघ	2,24,02,200	12.6
2. कनाडा	99,70,610	2.6
3. चीन	95,72,900	112.0
4. संयुक्त राज्य अमरीका	95,29,063	25.6
5. ब्राजील	85,11,965	16.6
6. आस्ट्रेलिया	76,82,300	2.1
7. भारत	32,87,263	216
8. अर्जेन्टीना	27,80,092	11.3
9. सूडान	25,03,890	10.2
10. अल्जीरिया	23,81,741	9.7

विश्व के दस प्रमुख देशों की जनसंख्या (1987)

क्षेत्र	जनसंख्या (हजार में)	जनसंख्या (वृद्धि दर)
1. चीन	10,72,330	1.2
2. भारत	7,83,044	2.2
3. सोवियत संघ	2,82,811	0.9
4. संयुक्त राज्य अमरीका	2,43,773	1.0
5. इण्डोनेशिया	1,72,245	2.2
6. ब्राजील	1,41,302	2.2
7. जापान	1,22,100	0.6
8. पाकिस्तान	1,06,187	3.0
9. बांग्लादेश	1,05,307	2.5
10. नाइजीरिया	1,00,596	2.5

शेष पृष्ठ 461 का

मुसलमानों को मन्त्रिमण्डल में शामिल कर लें. फलतः रफी अहमद किदवई और हाफिज इब्राहीम को मंत्रि-पद दे दिए गए.

मुस्लिम लीग ने इसको अपने प्रति विश्वासघात कहा और उसने उसके बाद अंत तक कांग्रेस की ओर मुड़कर नहीं देखा और न किसी भी समय साझा सरकार बनाने को समझौता किया. इतना ही नहीं, उक्त घटना के बाद ही पाकिस्तान की माँग दिनोंदिन अधिक जोर पकड़ती गई. इस प्रकार पाकिस्तान के निर्माण में पंडित नेहरू कम से कम उतने दोषी अवश्य थे जितने इन्द्र ब्रह्मलव के लिए.

जिस एक अन्य घटना की ओर मैं इंगित करना चाहता हूँ, वह सन् 1977 में गठित जनता सरकार से सम्बन्धित है. स्व. श्री चरण सिंह की लोभवृत्ति ने तीन-चौथाई बहुमत वाली जनता सरकार को छिन्न-भिन्न कर दिया था. श्री चन्द्र शेखर के छद्म विरोध एवं श्री अजीत सिंह की उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री पद के प्रति लालसा को राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को खतरे की घंटी के रूप में देखा जाना चाहिए. महत्वाकांक्षा का मोती निष्ठुरता की सीपी में पलता है. श्री अजीत सिंह महत्वाकांक्षी हैं. प्रधानमंत्री पद पाने के लिए वह कुछ भी कर सकते हैं. हमें पूरा विश्वास है कि श्री वी. पी. सिंह कभी अपनी बात से पीछे नहीं हटेंगे एवं यहाँ इंगित खतरों के प्रति हर घड़ी सावधान बने रहेंगे और प्रत्येक समस्या पर राष्ट्र हित के परिप्रेक्ष्य में विचार करेंगे. अपने प्रथम सम्बोधन में श्री वी. पी. सिंह ने राष्ट्र की समस्त दुखती हुई रगों पर हाथ रखा है. हमारा कहना है कि यदि वह प्रत्येक समस्या को वोट की राजनीति के चश्मे से देखने की लीक से हटकर अपना रास्ता बनाएंगे, तो उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होगी तथा कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें कई शताब्दियों तक याद करेगा. हम उनके सफल भविष्य की शुभकामना करते हुए उनका सादर अभिनन्दन करते हैं.

वैज्ञानिक टिप्पणी

डॉ. वासुदेव यादव

इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण

इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों से निकलने वाला विकिरण (विद्युत-चुम्बकीय तरंगें) समस्त जीवधारियों के स्वास्थ्य व जीवन तथा मशीनों और यंत्रों पर घातक प्रभाव डाल रहा है. वैज्ञानिकों ने पाया है कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाला विकिरण गर्भवती महिलाओं पर विपरीत प्रभाव डालता है. अमरीका के कैलिफोर्निया स्थित कैंसर पर्मानेंट क्लीनिक में वैज्ञानिक परीक्षणों में पाया गया है कि साधारण महिलाओं की अपेक्षा उन महिलाओं में दुगुना गर्भपात होता है, जो कंप्यूटर पर काम करती हैं या कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बैठकर काम करती हैं. इस शोध का परिणाम अमरीकन जर्नल ऑफ मेडिसन में प्रकाशित होने पर वैज्ञानिक अधिक चौकन्ने हो गए.

सामान्यतः लोग ऐसा समझते हैं कि टेलीविजन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली विशेष तरह की अदृश्य किरणें (विकिरण) केवल आँखों को थोड़ी-सी क्षति पहुँचाती हैं, परन्तु कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अनुसंधान के बाद पाया कि इन अदृश्य किरणों से केवल आँखों पर ही नहीं, आम स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. इन वैज्ञानिकों ने अमरीका, कनाडा और ब्रिटेन के नागरिकों पर टेलीविजन विकिरण के प्रभाव का अध्ययन किया. उससे पता चला कि छः वर्ष की आयु के बच्चों के नेत्रपटल पर तो बुरा प्रभाव पड़ता ही है, बल्कि उनके मस्तिष्क तंतुओं को भी क्षति पहुँचती है. अधिक समय तक टेलीविजन देखने वाली महिलाओं में से 5 से 8 प्रतिशत तक को मिरगी के दौरे पड़ने लगते हैं.

यह इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण, फैक्टरी या वाहनों से निकलने वाले धुएं की तरह आँखों में लाली, जलन या गले में खराश तो उत्पन्न नहीं करता, लेकिन उससे कहीं अधिक हानिकारक होता है. इन विद्युत-चुम्बकीय तरंगों के हस्तक्षेप से, टकराने से कई संवेदनशील स्वचालित मशीनें अचानक खराब हो जाती हैं और कई बार तो लोगों की जान भी खतरे में पड़ जाती है. सन् 1985 में जापान के ओसाका शहर के अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का राडार स्क्रीन खराब हो गया. जाँच से पता चला कि हवाई अड्डे के निकट के एक घर में लगे ऐंटीना से निकलने वाली विद्युत-चुम्बकीय तरंगों के कारण ऐसा हुआ. यदि हवाई अड्डे के अधिकारियों ने समय रहते इसका पता न लगाया होता, तो कई विमान दुर्घटनाएं घटित हो सकती थीं.

जापान में यह देखा गया है कि चलती हुई भूमिगत ट्रेनों के दरवाजे इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण के कारण स्वयं ही खुल जाते हैं. अनेक बार दुर्घटनाएं होती-होती बचीं. सितम्बर 1984 में दक्षिण-पश्चिम जापान के एक रेलवे स्टेशन की संचार व्यवस्था,

स्टेशन के पास लगी वीडियो खेलों की मशीन से निकले विकिरण के कारण एकाएक ठप्प हो गई थी उपर्युक्त घटनाओं का विवरण जापान सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट से लिया गया है.

पिछले कुछ वर्षों में जापान में निजी कंप्यूटरों तथा वीडियो खेल-यंत्रों से होने वाले इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण के कारण दुर्घटनाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है. ऐसी दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जून 1986 में जापान सरकार ने डाक तथा दूरसंचार मंत्रालय के विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी. 20 सदस्यों की इस समिति ने इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण से हुई दुर्घटनाओं का विवरण अपनी रिपोर्ट में दिया है.

इस समिति ने अपने देश के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं से ऐसे सुरक्षित उपकरण बनाने के लिए कहा है, जिनमें से अनावश्यक विद्युत-चुम्बकीय तरंगें बाहर न निकल सकें. समिति ने इस बात पर भी बल दिया है कि सरकार असुरक्षित यंत्र बनाने वालों के विरुद्ध कानून बनाकर उनके निर्माण और विक्रय पर रोक लगाए तथा जनसाधारण को इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण से परिचित कराए, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या कम की जा सके.

इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण की समस्या से आज सारा संसार पीड़ित है. कंप्यूटर पर काम करने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यूरोपीय देशों में भी कानून बनते जा रहे हैं. इन देशों में कम्पनी मालिकों को कंप्यूटर पर काम करने वाले कर्मचारियों को काम पर नियुक्त करने से पहले उनकी आँखों की जाँच करवानी पड़ती है. किसी कर्मचारी की आँखों में कोई शिकायत होने पर, उसकी चिकित्सा कम्पनी द्वारा कराई जाती है.

अमरीका ने अक्टूबर 1983 में इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण के सम्बन्ध में कठोर कानून बनाए, जिससे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से अनावश्यक विद्युत-चुम्बकीय तरंगें निकलने की सम्भावना न रहे. इसके अन्तर्गत सप्ताह में 26 घण्टे कंप्यूटर पर काम करने वाले कर्मचारियों को हर तीन घंटे के काम के बाद 15 मिनट का विश्राम दिया जाएगा. वर्तमान वर्ष से

शेष पृष्ठ 517 पर

प्रथम पुरस्कृत

तार्किक प्रतियोगिता

विषय–*पिछले दिनों हुए साम्प्रदायिक दंगों के लिए सरकार दोषी है.* –सुशील कुमार शुक्ल

पिछले दिनों हुए साम्प्रदायिक दंगों के लिए सरकार दोषी है, क्योंकि–

1. "राम जन्म भूमि बाबरी मस्जिद" विवाद के निर्णय में देरी कराकर सरकार ने दंगों को बढ़ावा दिया है.

2. उत्तर प्रदेश में उर्दू को दूसरी राज्य भाषा का दर्जा देकर सरकार ने दंगों को बढ़ावा दिया है जबकि इस समय उत्तर प्रदेश में 88.64% लोग हिन्दी भाषी हैं.

3. सरकार द्वारा दंगों के प्रति उचित कार्यवाही न करना भी दंगों को बढ़ावा देना है. वह, यह मानसिकता पैदा करना चाहती है कि यदि विपक्ष सत्ता में आ गया तो देश में साम्प्रदायिक दंगे होते रहेंगे.

4. अल्पसंख्यक के हितों की रक्षा की आड़ में बहुसंख्यक समाज के मानव मूल्यों की अवहेलना करके सरकार ने साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दिया है.

5. जम्मू-कश्मीर की धारा 370 व आरक्षण का फैलाव करके सत्ता पक्ष ने हिन्दू, मुस्लिम तथा हरिजनों के बीच साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दिया है.

6. एक विशेष वर्ग के मत प्राप्त करने हेतु उनके लिए विशेष कानून बनाकर सरकार ने दंगों को बढ़ावा दिया है.

7. शाहबानो के मामले में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का निर्णय नहीं माना. इसी कारण विश्व हिन्दू परिषद् आदि हाईकोर्ट का फैसला मानने को तैयार नहीं हैं और राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद का विवाद गहराता जा रहा है.

8. अल्पसंख्यक संस्थाएं अपने विशेषाधिकार के अन्तर्गत शिक्षण संस्थाओं में धर्म की शिक्षा देकर धार्मिक कटुता उत्पन्न कर रही हैं और साथ ही धर्मनिरपेक्ष संविधान का उल्लंघन भी कर रही हैं.

विषय–*उ. प्र. में उर्दू को द्वितीय राजभाषा बनाना केवल राजनीतिक निर्णय है.*

–कु. रेखा अवस्थी

1. भारत का विभाजन करने वाली तथा दो राष्ट्रों के सिद्धान्तों की जननी विदेशी लिपि में लिखी जाने वाली उर्दू फिर से हम पर लादकर हमारे नेताओं ने अपने देश को विघटन के कगार पर खड़ा कर दिया है.

2. भारतीय संविधान में किसी भी भाषा को दूसरी भाषा के रूप में तभी मान्यता दी जा सकती है, जबकि उस प्रदेश में उसे बोलने वाले कम से कम 30 प्रतिशत हो. लेकिन उ. प्र. में तो केवल 20 प्रतिशत व्यक्ति ही उर्दू जानते हैं. इस पृष्ठभूमि में और लोक सभा चुनावों को दृष्टि में रखते हुए उर्दू को प्रदेश की दूसरी राजभाषा बनाने के निर्णय के पीछे सीधे-सीधे वोट की राजनीति है. ठीक चुनावों के पूर्व सरकार को उर्दू के प्रति प्रेम दिखाना शुद्ध राजनीतिक स्वार्थ-परता ही कहा जाएगा. सर्वाधिक रोचक बात यह है कि पिछले कई वर्षों से राज्य में उर्दू को राजभाषा बनाने की माँग भी नहीं उठाई गई थी. प्रायः सब लोगों ने हिन्दी भाषा अपना रखी है.

3. चुनाव के वक्त उर्दू विधेयक लाना सत्तापक्ष की राजनीति है. देश के विभाजन के पहले और इसके बाद भी उर्दू को राजनीतिक स्वार्थों की प्राप्ति का साधन बनाया गया. आज भी लोग उर्दू को मुस्लिम वोट बैंक से जोड़ रहे हैं. वे न तो उर्दू के हितैषी हैं और न ही मुसलमानों के.

4. संविधान की धारा 342 व 345 के तहत

संघ व उ. प्र. की एक ही राजभाषा हो सकती है और वह पहले से ही हिन्दी घोषित है. हिन्दी को अंतिम रूप से राजभाषा घोषित किया जा चुका है और इस बारे में संवैधानिक दृष्टि से कुछ नहीं किया जा सकता. मुस्लिम वोट हथियाने के लिए खेली जाने वाली यह महज एक चाल है.

5. उर्दू को दूसरी राजभाषा बना देने से राज्य सरकार के ऊपर कई करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा. परन्तु राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति हेतु सरकार कुछ भी आगा-पीछा सोचने को तैयार नहीं है.

विषय– *फिलीपीन्स के भूतपूर्व राष्ट्रपति मार्कोस को अपने देश में दफनाने न देने की सरकार की कार्यवाही अमानवीय है.* —**विनोद कुमार**

1. यह सत्य है कि भूतपूर्व राष्ट्रपति मार्कोस ने फिलीपीन्स की जनता पर 20 वर्षों (1966-86) तक अत्याचारपूर्ण शासन किया तथा 1981 व 7 फरवरी, 1986 के चुनावों में लोकतंत्र को अपने हाथों का खिलौना बनाया, लेकिन फिर भी 28 सितम्बर, 1989 को होनोलूलू में उनके निधन के बाद उनके शव को फिलीपीन्स में दफनाने न देने की सरकार की कार्यवाही अमानवीय है.

2. निःसंदेह 21 अगस्त, 1983 को मार्कोस ने वर्तमान राष्ट्रपति के पति श्री एक्विनो की हत्या करवाई, लेकिन फिर भी श्रीमती कोरोजोन एक्विनो का कदम मानवता की कसौटी पर खरा नहीं उतरता. यदि बेनजीर भुट्टो के हृदय में मानवता न होती तो क्या जनरल जिया का शव पाकिस्तान की मिट्टी में दफनाया जाता? शव के साथ बदला लेना कदापि उचित नहीं कहा जा सकता है.

3. क्षमाशीलता शासक का प्रधान गुण होता है, लेकिन एक्विनो सरकार ने व्यक्तिगत शत्रुता को रंग देकर न केवल अमानवीय कार्य किया है, अपितु लोकोपकारी शासक की मर्यादा का भी उल्लंघन किया है.

4. प्रत्येक व्यक्ति का जीवन-मरण अपनी मातृभूमि से जुड़ा होता है. अतः मार्कोस को उसकी मातृभूमि से अलग करना मानवता का गला घोंटने के समान है.

5. माना कि मार्कोस ने तानाशाहीपूर्ण शासन किया, तो क्या एक अधिनायक मृत्यु के बाद अ[illegible] देश की मिट्टी में मिलने का अधिकार खो देता[illegible] यदि ऐसा है तो मृत्यु के बाद लुई 14 वें को फ्रांस[illegible] मुसोलिनी को इटली से तथा हिटलर को जर्मनी [illegible] पृथक क्यों नहीं किया गया?

6. भूतपूर्व राष्ट्रपति से सामान्य जन[illegible] असंतुष्ट थी. अतएव उनके शव के प्रति किसी [illegible] रुचि भी नहीं थी. अतएव किसी प्रकार के आंदोल[illegible] का भी भय नहीं था.

शेष पृष्ठ 464 का

हो जाएगी. दूसरे प्रारम्भिक परीक्षा में प्रतियोगि[illegible] की अनावश्यक भीड़ छंट जाएगी जिससे वास्तवि[illegible] प्रतियोगियों की परीक्षाएं अधिक उच्च स्तर पर [illegible] जा सकेंगी.

प्र. द.—आपकी पारिवारिक पृष्ठ-भूमि?

सु. चं.—मैं ग्रामीण पारिवारिक पृष्ठ-भूमि [illegible] हूँ. मेरे पिताजी तथा सबसे बड़े भाई कृषक हैं. दूस[illegible] बड़े भाई, जिनका मैं पहले जिक्र कर चुका हूँ[illegible] भारतीय बीमा सेवा में प्रथम श्रेणी के अधिकारी हैं[illegible] हमारा परिवार साधारण ग्रामीण परिवार है– साध[illegible] सम्पन्न तो नहीं, सुसंस्कृत अवश्य है. हम लोगों [illegible] लिए परिश्रम से आगे बढ़ने के अतिरिक्त अन्य कोई [illegible] चारा नहीं.

प्र. द.—आप किस प्रकार के अधिकारी बन[illegible] चाहेंगे? साधनहीन, सम्पर्कहीन किन्तु प्रतिभाशाल[illegible] नवयुवकों के प्रति आपका क्या दृष्टिकोण रहेगा?

सु. चं.—मेरी आकाँक्षा एक कर्तव्यनिष्ठ ए[illegible] न्यायप्रिय अधिकारी बनने की है. जहाँ तक सम्भव हो [illegible] सकेगा मैं प्रतिभाशाली नवयुवकों के साथ सहयो[illegible] की भावना रखूँगा तथा उनके विषय में स्वतंत्र निर्ण[illegible] करूँगा. उनके समक्ष सम्पर्कहीन अथवा/त[illegible] साधनहीन होने की बाधा नहीं आने दूँगा.

प्र. द.—क्या आप हमारे पाठकों के लिए कोई [illegible] संदेश देना चाहेंगे?

सु. चं.—मैं तो यही कहना चाहूँगा कि परिश्र[illegible] का सुफल अवश्य मिलता है, देर से मिले यह और [illegible] बात है. हमें किसी भी परिस्थिति में हतोत्साहित नहीं [illegible] होना चाहिए, बल्कि और अधिक परिश्रम से आगे [illegible] बढ़ना चाहिए. हमेशा सफलता सुनिश्चित समझें.

तार्किक प्रतियोगिता

बैंकिंग रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा आयोजित प्रोबेशनरी ऑफीसर्स व क्लर्क्स ग्रेड परीक्षाओं में नवीन पद्धति के वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाते हैं. इसे ध्यान में रखकर यह प्रतियोगिता सम्मिलित की गई है जिससे कि आपकी तर्क व कल्पना शक्ति में वृद्धि हो तथा आप पुरस्कार भी प्राप्त कर सकें.

तार्किक प्रतियोगिता के नियम

1. अपनी प्रविष्टि केवल साधारण डाक से निर्धारित तिथि की सीमा में भेजने की व्यवस्था करें अन्यथा प्रविष्टि अमान्य होगी और इसके लिए उत्तरदायित्व आपका होगा.
2. लिफाफे के ऊपर पत्रिका में दिए गए कूपन को अवश्य चिपकाएँ.
3. दिए गए विषय पर अपने-अपने तर्क प्रस्तुत करें. किसी भी दशा में कुल 150 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए. अधिक शब्दों में लिखित रचना प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं की जाएगी.
4. भाषा, सरल, स्पष्ट एवं प्रवाहमय होनी चाहिए. मूल्यांकन करते समय भाषा का विशेष ध्यान रखा जाएगा.
5. तीन विषय दिए जाएंगे और तीनों विषयों पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशी को समान रूप से 100 रु. पुरस्कारस्वरूप दिए जाएंगे.
6. आप एक अथवा दो अथवा तीनों विषयों पर लिख सकते हैं. प्रत्येक विषय को अलग-अलग पृष्ठों पर एक ही तरफ लिखें. अन्त में शब्द संख्या अवश्य लिखें.
7. प्रत्येक प्रविष्टि पर अपना नाम व पता स्पष्ट शब्दों में लिखें.
8. पुरस्कृत उत्तर पर पत्रिका प्रकाशक का कॉपीराइट © होगा. अन्य उत्तर वापिस करने की कोई व्यवस्था नहीं है.
9. पुरस्कार के विषय में अन्तिम निर्णय सम्पादक का होगा. किसी भी दशा में वह न्यायालय का विषय नहीं होगा.
10. सम्पादक को अधिकार है कि किसी प्रकार की त्रुटि के कारण वह प्रविष्टि/प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित न करें.

(कृपया इसे लिफाफे पर चिपकाएँ)

तार्किक प्रतियोगिता के विषय :

1. जनता दल की सरकार अपने पूरे कार्यकाल तक चलेगी.
2. डॉ. रूबिया की मुक्ति के सम्बन्ध में भारत सरकार की नीति आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली है.
3. प्रधानमंत्री सहित राज-पुरुषों को जनता के बीच जाते समय सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता नहीं है.

अन्तिम तिथि– 30 जनवरी, 1990

सामान्य ज्ञान दर्पण–तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक– 18

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता

प्रतियोगिता क्रमांक–18

किसी गाँव की पाठशाला के संचालन हेतु कुछ स्वयंसेवक अपनी सेवा देना चाहते हैं. उनमें से केवल पाँच व्यक्तियों की जरूरत है–दो अध्यापक, एक प्रचार करने हेतु तथा दो व्यक्ति चन्दा एकत्र करने तथा ऑफिस इत्यादि के लिए. हरेन्द्रकुमार, रविकिशोर तथा कुंवर प्रसाद अध्यापक का काम अच्छी तरह कर सकते हैं. कुंवर प्रसाद, चिरंजीलाल और बौहरी लाल में से प्रत्येक प्रचार कार्य के लिए उचित हैं. हरप्रसाद, राजाराम तथा हरीश कुमार चन्दा एकत्र करने और ऑफिस की देखभाल भली प्रकार कर सकते हैं. हरेन्द्र कुमार और कुंवर प्रसाद दोनों ही या तो कमेटी में रहेंगे या फिर इन दोनों में एक भी नहीं. बौहरी लाल तब ही कमेटी में काम करेंगे जबकि हरप्रसाद कमेटी में रहें.

1. निम्नलिखित में से कौनसे व्यक्तियों का संगठन असम्भव है?
   (A) हरेन्द्र कुमार तथा रविकिशोर अध्यापक तथा कुंवर प्रसाद प्रचार कार्य हेतु
   (B) रविकिशोर तथा कुंवर प्रसाद अध्यापन कार्य हेतु
   (C) हरेन्द्रकुमार एवं कुंवर प्रसाद अध्यापन कार्य हेतु तथा हरप्रसाद एवं हरीश कुमार चन्दा एकत्र करने और ऑफिस कार्य के लिए
   (D) चिरन्जीलाल एवं बौहरी लाल में कोई एक प्रचार हेतु तथा हरप्रसाद चनदा एकत्र करने और ऑफिस के लिए
   (E) राजाराम और हरीश चन्दा एकत्र करने और ऑफिस कार्य हेतु
2. यदि हरेन्द्र कुमार और रविकिशोर अध्यापन कार्य करें तो निम्नलिखित में से कौनसा चयन सही है?
   (i) कुंवर प्रसाद प्रचार कार्य हेतु
   (ii) हरप्रसाद चन्दा एकत्र करने हेतु तथा ऑफिस की देखभाल के लिए
   (iii) या तो हरप्रसाद या राजाराम चन्दा एकत्र करने हेतु तथा ऑफिस की देखभाल के लिए
   (A) सिर्फ (i) (B) सिर्फ (ii)
   (C) सिर्फ (iii) (D) (i) और (ii)
   (E) (i) तथा (iii)
3. निम्नलिखित में से कौनसी कमेटी सम्भव है?
   (A) हरेन्द्रकुमार, रविकिशोर, कुंवर प्रसाद चिरंजीलाल तथा हरप्रसाद
   (B) हरेन्द्रकुमार, कुंवरप्रसाद, चिरंजीलाल बौहरीलाल तथा हरप्रसाद
   (C) हरेन्द्र कुमार, रविकिशोर, कुंवर प्रसाद, हरप्रसाद तथा राजाराम
   (D) हरेन्द्र कुमार, कुंवर प्रसाद, बौहरी लाल राजाराम तथा हरीश कुमार
   (E) रविकिशोर, कुंवर प्रसाद, चिरंजीलाल हरप्रसाद तथा राजाराम
4. विभिन्न सम्भव कमेटियों में से किस सदस्य का चुनाव कम से कम बार होगा?
   (A) हरेन्द्र कुमार (B) हरीशकुमार
   (C) रवि किशोर (D) राजाराम
   (E) कुंवर लाल
5. कितने प्रकार की विभिन्न कमेटियाँ बनना सम्भव है?
   (A) 9 (B) 5
   (C) 13 (D) 15
   (E) 8
6. यदि 10 पौधों को इस प्रकार लगाना है कि प्रत्येक कतार में चार पौधे हों तथा सब पौधे लग जाएं तो कितनी कतारें बनने की सम्भावना है?
   (A) 5 (B) 8
   (C) 7 (D) 3
   (E) 4

निर्देश–प्रश्न 7 से 10 तक निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित हैं–

रानी रूपमती को रंगों [illegible]
से पीले रंग के वस्त्र हरे रंग के वस्त्रों से अधिक च्छे लगते थे. वह सदैव लाल से गुलाबी तथा लाबी की अपेक्षा नारंगी रंग को पसन्द करती थी. न रंग के वस्त्रों के अतिरिक्त वह प्रत्येक उस रंग जिसका नाम 'न' से प्रारम्भ होता हो, पीले रंग की अपेक्षा कम पसन्द करती थी. वह सदैव उन्हीं रंगों के वस्त्रों को धारण करती थी जो उसे पसन्द होते थे.

7. निम्नलिखित में से कौनसा कथन निश्चित रूप से असत्य है?
(A) रानी को नारंगी रंगों के वस्त्रों की अपेक्षा पीले रंग के वस्त्र अधिक रुचिकर थे
(B) रूपमती को नीले रंग के वस्त्र, पीले रंग के वस्त्रों से अधिक पसन्द थे
(C) रूपमती को हरा रंग, नीले रंग की अपेक्षा अधिक प्रिय था
(D) रूपमती को नारंगी रंग के वस्त्र, हरे रंग के वस्त्रों से अधिक अच्छे लगते थे
(E) रानी रूपमती पीला रंग, लाल रंग की अपेक्षा अधिक पसन्द करती थी.

8. नीचे कुछ रंगों का संग्रह दिया हुआ है. इनमें से उस क्रम को ज्ञात करो जो रानी रूपमती के रुचि के अनुकूल बढ़ते क्रम में हैं.
(A) नीला, नारंगी, हरा
(B) लाल, गुलाबी, पीला
(C) नीला, पीला, नारंगी
(D) गुलाबी, पीला, हरा
(E) लाल, गुलाबी, हरा

9. रानी के जन्म दिवस पर राजा साहब अनेक रंगों की एक-एक साड़ी भेंट करते हैं. नीचे दिए गए कथनों में से कौनसा कथन बिल्कुल पूर्णतः असत्य है?
(A) रानी रूपमती नीले रंग की साड़ी पाँचवें नम्बर पर पहनेगी
(B) रानी पहले नीले रंग की साड़ी पहनेगी
(C) रानी लाल रंग की साड़ी पाँचवें अथवा छठवें नम्बर पर पहनेगी
(D) रानी पीले रंग की साड़ी दूसरे या पहले नम्बर पर पहनेगी
(E) रानी नारंगी रंग की साड़ी तीसरे नम्बर पर पहनेगी

10. रानी रूपमती के पिता जी ने रानी के रत्नपुत्र प्राप्ति के अवसर पर कई रंगों के वस्त्र भेजे. यदि रानी द्वारा पहले पहने गए वस्त्र नीबुआ रंग के हैं तब निम्नलिखित में से कौनसा कथन पूर्णतः सत्य है?
(A) गुलाबी रंग का कोई वस्त्र नहीं भेजा गया
(B) नारंगी रंग का कोई वस्त्र नहीं भेजा गया
(C) नीले रंग का कोई वस्त्र नहीं भेजा गया
(D) एक वस्त्र लाल रंग का हो सकता है
(E) यदि लाल रंग का कोई वस्त्र है तो रानी उसे दूसरे नम्बर पर पहनेगी

11. यदि अंग्रेजी भाषा में एक शब्द ऐसा है जिसमें एक ही स्वर (Vowel) छः बार आता है तो उस शब्द में कुल कितने अक्षर हैं?
(A) 9 (B) 8
(C) 16 (D) 15
(E) 14

12. निम्नलिखित शब्दों में से कौनसा शब्द अन्य शब्दों से भिन्न है?
(A) Abduce (B) Shingle
(C) Adept (D) Adopt
(E) Neigh

13. निम्नलिखित शब्द अव्यवस्थित क्रम में हैं. यदि उन्हें व्यवस्थित क्रम में रखा जाए तो उनसे बने सार्थक शब्दों में से चार शब्द किसी प्रकार से समान हैं तथा शेष एक अन्य शब्द अन्य चार से भिन्न है. उस भिन्न शब्द का पहला अक्षर क्या है?
(A) ERSUN (B) RERBAB
(C) PRICH (D) EOPT
(E) RIETRW

14. निम्नांकित वर्ग में संख्याएं किसी नियमानुसार

4	6	28
3	5	2
5	11	?

दी हैं परन्तु एक खाना खाली छूटा हुआ है.
खाली खाने में कौनसी संख्या होगी?

(A) 9 (B) 8
(C) 7 (D) 6
(E) 4

15. निम्नलिखित संख्या श्रेणी में एक पद गलत है उस गलत संख्या के स्थान पर पाँच वैकल्पिक उत्तरों में से कौनसी सही संख्या होगी?
1, -1, 7, 5, 21, 19, 43, 39
(A) 45 (B) 17
(C) 34 (D) 41
(E) 32

16. यदि 5-2=17, 7-3=22 तथा 8-4=0 हो तो 6-1=?
(A) 63 (B) 26
(C) 35 (D) 42
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

17. नीचे कुछ स्थानों के नक्शे दिए हुए हैं– 1, 2, 3, 4, व 5 डाकघर, बस स्टैण्ड, सिनेमा, कचहरी तथा कॉलेज को प्रदर्शित करते हैं परन्तु उसी क्रम में नहीं.

1	बाजार	
3	2	पार्क
4	किला	
पुस्तक का नाम	5	

डाकघर और कॉलेज एक ही सड़क पर एक-दूसरे के बगल में स्थित हैं. सिनेमा तथा बस स्टैण्ड दो विभिन्न सड़कों पर हैं परन्तु इनमें से एक पुस्तकालय के सामने है तथा दूसरा किले के सामने. सिनेमा, कचहरी के अधिक समीप है. यदि बाजार, पार्क के अधिक समीप है परन्तु डाकघर की दूरी पार्क से अधिक है तो बस स्टैण्ड के लिए कौनसा अंक प्रयोग किया गया है?

(A) 1 (B) 5
(C) 4 (D) 3
(E) 2

निर्देश– 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित छः कथनों पर आधारित हैं. चाहे असत्य प्रतीत होते हों परन्तु आपको ये कथन सत्य मानने हैं.

1. कोई भी कोयल, लोमड़ी नहीं है
2. सभी तोते और लोमड़ी, गधे हैं
3. सभी घोड़े या तो लोमड़ी हैं या कुत्ते
4. तोतों के अतिरिक्त सभी गधे, लोमड़ी हैं
5. कोई भी कुत्ता, गधा नहीं है
6. कोई भी तोता, घोड़ा नहीं है

18. उपर्युक्त कथनों के आधार पर कौनसा निष्कर्ष सही है?
I. कुछ लोमड़ी, तोते हैं
II. कोई भी कुत्ता, तोता नहीं है
III. कुछ लोमड़ी, घोड़े हैं
(A) सिर्फ II
(B) सिर्फ I
(C) सिर्फ III
(D) सिर्फ I और II
(E) सिर्फ II और III

19. निम्नलिखित में से कौनसा निष्कर्ष असत्य है?
(A) कोई भी कोयल, तोता नहीं है
(B) कुछ लोमड़ी, घोड़े नहीं हैं
(C) कुछ कुत्ते, लोमड़ी हैं
(D) कुछ लोमड़ी, घोड़े हैं
(E) सभी कुत्ते, घोड़े हैं

20. निर्देश में दिए हुए 6 कथनों में से कौनसा कथन अन्य किसी एक अथवा अन्य से तर्क द्वारा निर्धारित किया जा सकता है?
(A) 6 (B) 5
(C) 3 (D) 4
(E) 2

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता के नियम :

1. अपनी प्रविष्टि केवल दिए हुए प्रवेश प्रारूप पर भेजें तथा निर्धारित तिथि सीमा में भेजने की व्यवस्था करें अन्यथा प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं की जाएगी. प्रविष्टि केवल साधारण डाक से ही स्वीकार की जाएगी.
2. लिफाफे के बाईं ओर 'सामान्य ज्ञान दर्पण–मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता' अवश्य लिखें.
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच कोष्ठक दिए गए हैं. जिस उत्तर को ठीक समझें उस कॉलम में (×) का चिन्ह लगाएं. एक प्रश्न का एक ही उत्तर मान्य होगा. एक से अधिक उत्तर देने पर उत्तर अमान्य होगा और अशुद्धियों में गिन लिया जाएगा. प्रत्येक अशुद्ध हल के लिए एक अंक काटा जाएगा.
4. सर्वाधिक शुद्ध हल भेजने वाले तीन प्रतियोगियों को क्रमशः 200/- रु., 100/- रु. व 50/- रु. पुरस्कारस्वरूप दिए जाएंगे.
5. पुरस्कार के विषय में सम्पादक का निर्णय सर्वमान्य होगा और किसी भी दशा में न्यायालय का विषय नहीं होगा.

सामान्य ज्ञान दर्पण
प्रवेश प्रारूप

मानसिक योग्यता परीक्षा क्रमांक—18 का हल भेजने की अंतिम तिथि 30 जनवरी, 1990 है.

नाम श्री/कु./श्रीमती ....

....

पूरा पता ....

....

....

राज्य .... पिन कोड नं. ☐☐☐☐☐☐

उत्तर-पत्र

प्रश्न संख्या	A	B	C	D	E
1.	☐	☐	☐	☐	☐
2.	☐	☐	☐	☐	☐
3.	☐	☐	☐	☐	☐
4.	☐	☐	☐	☐	☐
5.	☐	☐	☐	☐	☐
6.	☐	☐	☐	☐	☐
7.	☐	☐	☐	☐	☐
8.	☐	☐	☐	☐	☐
9.	☐	☐	☐	☐	☐
10.	☐	☐	☐	☐	☐
11.	☐	☐	☐	☐	☐
12.	☐	☐	☐	☐	☐
13.	☐	☐	☐	☐	☐
14.	☐	☐	☐	☐	☐
15.	☐	☐	☐	☐	☐
16.	☐	☐	☐	☐	☐
17.	☐	☐	☐	☐	☐
18.	☐	☐	☐	☐	☐
19.	☐	☐	☐	☐	☐
20.	☐	☐	☐	☐	☐

मानसिक योग्यता परीक्षा, क्रमांक-16 के पुरस्कार विजेता एवं सर्वशुद्ध हल

प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार सम्मिलित रूप से

1. यशपाल ग्रोवर, गाजियाबाद
2. सोरन सिंह लोध, धन्तोरिया
3. नीरज कुमार जिन्दल, चण्डीगढ़
4. कौशल कुमार श्रीवास्तव, गोरखपुर
5. मनोज कुमार सिंघल, भरतपुर
6. जगदम्ब कुमार, हिरदन विगहा
7. माखन लाल मराबी, केंबरा मुण्डा
8. श्रीमती अरुणा त्रिपाठी, लखनऊ
9. कामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी, लखनऊ
10. पंकज मणि बंसल, मुरादाबाद

सर्वशुद्ध हल

1. (A) 2. (C) 3. (C) 4. (A) 5. (E)
6. (D) 7. (C) 8. (B) 9. (A) 10. (C)
11. (C) 12. (D) 13. (B) 14. (C) 15. (E)
16. (D) 17. (D) 18. (B) 19. (D) 20. (C)

उत्तर व्याख्या सहित

1. डॉक्टरी रिपोर्ट—सोमवार को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक
   बैंक चालान—दोपहर के 1 बजे तक
   नागरिकता का प्रमाणपत्र—दोपहर के 2 बजे तक
   तथा पुलिस रिपोर्ट—3 बजे तक
   इस प्रकार सोमवार प्रारम्भ करने से सबसे कम समय लगेगा.
2. बृहस्पतिवार दोपहर बाद बैंक चालान तथा कलक्टर से नागरिकता का प्रमाणपत्र मिल जाएगा. डॉक्टरी रिपोर्ट शुक्रवार को दोपहर बाद 3 बजे से 4 बजे तक मिल जाएगी तथा पुलिस रिपोर्ट सोमवार के दिन दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक मिल पाएगी.
3. वह मंगलवार के दिन प्रिन्सीपल से प्रमाणपत्र दोपहर के 12 बजे तक लेले फिर वहाँ से बैंक 1 बजे तक पहुँच जाए और वहाँ से बैंक चालान बनवाले बुधवार के दोपहर बाद 1 तक डॉक्टरी रिपोर्ट लेकर उसी दिन 3 तक पुलिस रिपोर्ट ले सकता है. इस प्रकार घण्टे की अवधि में सब काम पूरा कर सकता है.
4. मंगलवार की दोपहर से प्रारम्भ करके चालान बनवा लेगा. बृहस्पतिवार को दोपहर तक डॉक्टरी रिपोर्ट प्राप्त करके कलेक्टर से प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लेगा. फिर शुक्रवार दोपहर बाद पुलिस रिपोर्ट ले लेगा.
5. $9 \sim (-7) = 4^2$
   $-7 \sim (18) = 5^2$
   $18 \sim (-18) = 6^2$
   $-18 \sim (31) = 7^2$
   $31 \sim (-33) = 8^2$

प्रश्न 6 से 10 तक निम्नलिखित चार्ट सहायक होगा

राजेश बंसल	हिन्दी
रामसिंह	अंग्रेजी
कृष्ण कुमार	विज्ञान
प्रधानाचार्य	
सुरेश चन्द अ.	गणित
आनन्द शर्मा	इतिहास/भूगोल
राकेश कुमार	इतिहास/भूगोल

इसमें प्रधानाचार्य से ऊपर के अध्यापक प्रधानाचार्य के क्रमानुसार बाईं ओर बैठे हैं तथा नीचे के अध्यापक दाईं ओर हैं.

8. इतिहास व भूगोल के अध्यापकों का स्थान लेखांश द्वारा स्पष्ट न होने के कारण कोई भी अध्यापक वरीयता क्रम में अधिक अथवा कम हो सकता है.
9. चार्ट द्वारा स्पष्ट है कि हिन्दी अध्यापक वरीयता क्रम में सबसे नीचे है अतः उससे 6 अध्यापक वरीयता क्रम में ऊँचे होंगे.
10. पहले राजेश बंसल वरीयता क्रम में 7वें स्थान पर थे तथा नई स्थिति में वह दूसरे स्थान पर आ गए. अतः उनको वरीयता क्रम में 5 स्थान

आगे बढ़ना होगा.

11. $D = \frac{14}{.35} = 40$

12. चूँकि I और J दोनों एक ही रेखा पर हैं.
$\therefore$ $.30 \times C = 9$ तथा $.30 \times A = 3$
या, $\frac{9}{C} = \frac{3}{A}$
या, $\frac{A}{C} = \frac{3}{9} = \frac{1}{3}$

13. पहली स्थिति में $xy = z$
परिवर्तन के बाद $x_1 y_1 = z_1$
यहाँ $z_1 = 3z$ तथा $y_1 = \frac{1}{2} y$
$\therefore x_1 \frac{1}{2} y = 3z$
$\therefore x_1 = \frac{6z}{y}$
$= 6(x)$ क्योंकि $\frac{z}{y} = x$
अतः x की प्रत्येक संख्या को 6 से गुणा करना चाहिए.

14. जिस बिन्दु पर OP तथा x स्केल मिलेंगे. उस पर $x \times A = 12$
परन्तु $A \times .3 = 3$
$\therefore A = \frac{3}{.3} = 10$
$\therefore x \times 10 = 12$
$\therefore x = \frac{12}{10} = 1.2$

15. $\because x.y = z$
और $y_1 = 1.25y$
$\therefore x_1.y_1 = z$
या $x_1 \times 1.25y = z = xy$
या $x_1 = x / 1.25 = 0.8x$
$\therefore$ x स्केल पर 20% कम उत्तर होगा.

16. माना AB = l तथा AD = b
यदि E से AD पर डाले गए लम्ब की लम्बाई h है तो त्रिभुज BEC में E से BC पर डाले गए लम्ब की लम्बाई (l – h) होगी.
त्रिभुज AED तथा त्रिभुज BEC के क्षेत्रफलों का योग $= \frac{1}{2} bh + \frac{1}{2} b(b - h)$
$= \frac{1}{2} lb$
चूँकि यह योग h पर निर्भर नहीं करता है. अतः E को BC की ओर सरकाने पर छायांकित भाग के क्षेत्रफल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा.

17. केवल दो शब्द ऐसे हैं जिनमें से प्रत्येक अंग्रेजी वर्णमाला के केवल एक अक्षर से बनते हैं-वे शब्द हैं : A तथा I.

18. संख्या श्रेणी में प्रत्येक पद, दीवार घड़ी के घंटे बजने की संख्या को प्रदर्शित करता है. जैसे बारह बजे 12 घंटे बजते हैं. फिर साढ़े बारह बजे 1 घंटा बजता है. इसके बाद एक बजे 1 घंटा बजता है.

19. सार्थक शब्द निम्नलिखित बनते हैं–
Belladonna , Cucumber, Date, Niece तथा Apricot.
इनमें Niece के अतिरिक्त सभी फल हैं.

20. $7^2 + 3 = 52,\ 7 \times 6 + 5 = 47$
$3^2 + 3 = 12,\ 3 \times 6 + 5 = 23$
$6^2 + 3 = 39,\ 6 \times 6 + 5 = 41$

■■■

शेष पृष्ठ 508 का

कंप्यूटर निर्माताओं को कंप्यूटर का 'की बोर्ड' मुख्य ढाँचे के साथ न बनाकर स्वतंत्र इकाई के रूप में बनाना होगा. इससे कंप्यूटर और आँख के बीच की दूरी बढ़ेगी और हानि की संभावना घटेगी. निर्माताओं को कंप्यूटर स्क्रीन की चमक को कम करने के लिए उस पर एण्टी ग्लेयर स्क्रीन लगानी होगी. जिन विभागों में कंप्यूटर लगे हों, उनमें ऊपर की तरफ से प्रकाश की ऐसी व्यवस्था करनी होगी, जिससे स्क्रीन पर आने वाले अंकों और शब्दों की चमक कम हो जाए.

प्रयास किया जा रहा है कि केवल ऐसे उपकरण ही बनाए जाएं जिनमें से अनावश्यक विद्युत-चुम्बकीय तरंगें न निकल सकें. ■■■

ENGLISH LANGUAGE

Directions–In each of the following questions find out the alternative which means nearly the same as the word given in the CAPITALS.

1. ABSOLUTE
   (A) Reliable (B) Limitless
   (C) Narrow (D) Reasonable
2. AMBITION
   (A) Goal
   (B) Aspiration
   (C) Desire
   (D) Expectation
3. COMPETENCE
   (A) Ability
   (B) Compensation
   (C) Efficiency
   (D) Competition
4. INTERROGATE
   (A) to question
   (B) to stop
   (C) to interfere
   (D) to enter the gate
5. REBATE
   (A) Commission (B) Discount
   (C) Gift (D) Interest

Directions-In each of the following questions find out the antonyms (which is most opposite in meaning of the word) given in CAPITALS:

5. GUILTY
   (A) Innocent (B) Pure
   (C) Argelic (D) Virtuous
7. MOISTURE
   (A) dryness (B) delicate
   (C) dampness (D) defect
8. RIGID
   (A) Hard (B) Toxic
   (C) Flexible (D) Strong
9. DEFICIT
   (A) Explicit
   (B) Implicit
   (C) Surplus
   (D) Superfluous
10. MAGNIFY
   (A) Reduce (B) Induce
   (C) Produce (D) Destroy

Directions-Each item consists of a phrase followed by four words. Select the word which is most nearly the same in meaning as the original phrase.

11. A disease which spreads by contact–
   (A) Incurable
   (B) Infectious disease
   (C) Contagious disease
   (D) Fatal disease
12. A man who rarely speaks the truth–
   (A) Crook (B) Liar
   (C) Scoundrel (D) Hypocrite
13. A remedy for all diseases–
   (A) Narcotics (B) Antiseptic
   (C) Panacea (D) Tonic
14. International destruction of racial groups–
   (A) Matricide (B) Regicide
   (C) Genocide (D) Homicide
15. Custom of having many wives–

(A) matrimony (B) Bigamy
(C) Polygamy (D) Monogamy

Directions-In each of the following cases select the most appropriate word from amongst four words given below the sentence to fill in the blank in the sentence so as to complete it.

16. I have been ill.....last Sunday.
(A) since (B) from
(C) for (D) by

17. He is being accused.....theft.
(A) which (B) for
(C) of (D) about

18. ....is the way to Parliament House?
(A) Which (B) Where
(C) When (D) What

19. She smiled.....my words.
(A) over (B) at
(C) on (D) upon

20. Make haste.....we shall miss the train
(A) else (B) either
(C) or (D) on

Directions-In each group of words given below only one word is correctly spelled. Identify such word in each group.

21. (A) Referigerator
(B) Refridgerator
(C) Refridgerator
(D) Refrigerator

22. (A) Synchormise
(B) Sinchronize
(C) Synchronize
(D) Syycronise

23. (A) Commision
(B) Comission
(C) Commission
(D) Commisson

24. (A) Ful fill (B) Full fil
(C) Ful fil (D) Full fill

25. (A) Committee
(B) Comittee
(C) Committe
(D) Commettee

Answers

1. (B)	2. (B)	3. (A)	4. (A)
5. (B)	6. (A)	7. (A)	8. (C)
9. (C)	10. (A)	11. (C)	12. (D)
13. (C)	14. (C)	15. (C)	16. (A)
17. (C)	18. (A)	19. (B)	20. (C)
21. (D)	22. (C)	23. (C)	24 (C)
25. (A)			

तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक–16 का परिणाम

पिछले दिनों हुए साम्प्रदायिक दंगों के लिए सरकार दोषी है.

सुशील कुमार शुक्ल
S/o श्री गोवर्धन लाल शुक्ल
ईदगाह रोड, तरीनपुर
जिला–सीतापुर (उ. प्र.) पिन– 261 001

फिलीपीन्स के भूतपूर्व राष्ट्रपति मार्कोस को अपने देश में दफनाने न देने की कार्यवाही अमानवीय है.

विनोद कुमार
S/o श्री काशीराम
769/II/III/ बी. एच. ई. एल.
हरिद्वार (उ. प्र.) पिन– 249 403

उ. प्र. में उर्दू को द्वितीय राजभाषा बनाना केवल राजनीतिक निर्णय है.

रेखा अवस्थी
C/o श्री के. सी. अवस्थी
भारतीय स्टेट बैंक (मुख्य शाखा)
फैजाबाद (उ. प्र.)

राज्यों के नए मंत्रिमण्डल

उत्तर प्रदेश

श्री मुलायम सिंह यादव–मुख्यमंत्री, गृह, वित्त, स्थानीय शासन, ऊर्जा व वे अन्य सभी विभाग जो वितरित नहीं किए गए
रेवती रमण सिंह–सिंचाई, लघु उद्योग, पर्यावरण
बेनी प्रसाद वर्मा–सार्वजनिक निर्माण विभाग, संसदीय कार्य, आबकारी
रामशरण दास–गन्ना विकास, राजस्व
सच्चिदानन्द बाजपेई–शिक्षा, युवा कल्याण
सुखदा मिश्रा–ग्राम्य विकास, पंचायती राज
अवधेश प्रसाद–हरिजन एवं समाज कल्याण
मुख्तार अनीस–जन स्वास्थ्य, चिकित्सा
दिवाकर विक्रम सिंह–खाद्य एवं रसद
आजम खाँ–श्रम, मुस्लिम वक्फ
विक्रमादित्य पाण्डेय–नगर विकास
बर्फीया लाल–पर्वतीय विकास
शतरुद्ध प्रकाश–नियोजन, कारागार
मो. असलम खाँ–वन एवं खेलकूद

हरियाणा

मुख्यमंत्री–ओमप्रकाश चौटाला–सामान्य प्रशासन, आपराधिक अनुसंधान सतर्कता, चिकित्सा, शिक्षा, नियुक्ति प्रशासनिक सुधार और प्रशिक्षण, इलेक्ट्रॉनिक्स खान एवं भूगर्भ शास्त्र, पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यटन आवास और स्वास्थ्य तथा आयुर्वेद.
उपमुख्यमंत्री– बनारसी दास गुप्ता– वित्त, योजना, संस्थागत तथा साख नियंत्रण विधाई व नगर तथा ग्रामीण नियोजन और नगरीय संपदा.
वीरेन्द्र सिंह–सिंचाई और बिजली; तकनीकी शिक्षा व संसदीय कार्य.
श्री सम्पत सिंह–गृह, उद्योग तथा लोकसंपर्क
श्री हुक्म सिंह–शिक्षा, भाषा, विकास और पुरातत्व
श्री जगन्नाथ–समाज कल्याण अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग, खेल सांस्कृतिक कार्य तथा वन्य जीवन संरक्षण
राव राम नारायण–राजस्व, पुनर्वास तथा चकबंदी
श्री ओमप्रकाश भारद्वाज–जनकार्य विभाग, भवन एवं पथ तथा आर्किटेक्टर
राव लक्ष्मीनारायण–औद्योगिक प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक शिक्षा और मत्स्य पालन
रणजीत सिंह–कृषि आबकारी और कराधान तथा न्याय प्रशासन
सुभाष चंद्र कात्याल–स्थानीय शासन
डॉ. महासिंह–लोक स्वास्थ्य.

राज्यमंत्री

डॉ. वीर सिंह–जेल तथा वन स्वतंत्र प्रभार
बलवीर सिंह–श्रम तथा रोजगार (स्वतंत्र प्रभार)
श्री अजमत खान–पशुपालन (स्वतंत्र प्रभार)
श्री नरसिंह ढांडा–खाद्य एवं आपूर्ति (स्वतंत्र प्रभार)
श्री वसचदेव त्यागी–डेयरी विकास (स्वतंत्र प्रभार) तथा सिंचाई और बिजली तथा आबकारी और कराधान मंत्रियों से संबद्ध
मनफूल सिंह–मुद्रण और स्टेशनरी (स्वतंत्र प्रभार) तथा समाज कल्याण मंत्री से सम्बद्ध
श्री हसन मोहम्मद–वक्फ (स्वतंत्र प्रभार) तथा गृह और लोक स्वास्थ्य मंत्रियों से सम्बद्ध
श्री धर्मवीर–परिवहन (स्वतंत्र प्रभार)
श्री धीरपाल सिंह–सहकारिता (स्वतंत्र प्रभार), मुख्य संसदीय सचिव
श्री रणसिंह मान–विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (मुख्यमंत्री से संबद्ध)

राजस्थान

केबिनेट मंत्री

हरिदेव जोशी (मुख्यमंत्री)–कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार, जन अभियोग निराकरण, सामान्य प्रशासन, गृह, भ्रष्टाचार निरोधक, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा, राजनीतिक विभाग, मंत्रिमण्डल सचिवालय,

वित्त, करारोपण एवं आबकारी, उद्योग, सूचना एवं जन सम्पर्क, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा खान विभाग

हीरलाल देवपुरा (सिंचाई मंत्री)–आयोजना, आयोजना (जन शक्ति), ऊर्जा एवं ऊर्जा के वैकल्पिक साधन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा सिंचाई रावी व्यास सहित

श्रीमती कमला (कृषि मत्री)–कृषि, स्वायत्त शासन, नगरीय विकास तथा नगर आयोजना विभाग

रामदेव सिंह (ग्रामीण विकास मंत्री)–ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, विशिष्ट योजना संगठन एवं मरु विकास तथा एकीकृत ग्रामीण विकास विभाग

गुलाब सिंह शक्तावत (खाद्य मंत्री)–खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, बाढ़ एवं अकाल सहायता, चुनाव विभाग

रामसिंह विश्नोई (सहकारिता मंत्री)–सहकारिता आयुर्वेद, भेड़ व ऊन तथा यातायात विभाग

छोगाराम बाकोलिया (इंदिरा गांधी नहर मंत्री) –इंदिरा गांधी नहर परियोजना, उपनिवेशन तथा सिंचित क्षेत्रीय विकास विभाग

माधोसिंह दवान (वन मंत्री)–वन विभाग (बंजर भूमि विकास कार्य सहित) तथा पर्यावरण विभाग

बुलाकीदास कल्ला (समाज कल्याण मंत्री)–समाज कल्याण तथा आवासन विभाग

नरपतराम बरबड़ (राजस्व मंत्री)–राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

रामकिशन वर्मा (कारागृह मंत्री)–कारागृह एवं सैनिक कल्याण विभाग

दामोदर दास आचार्य (शिक्षा एवं विधि मंत्री) –प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, महाविद्यालय व विश्वविद्यालय शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, प्रावैधिक शिक्षा, विधि एवं न्याय, संसदीय मामलात, देवस्थान विभाग

राज्यमंत्री

श्रीमती जकिया इनाम–चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (स्वतंत्र चार्ज) कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार, जन अभियोग निराकरण, सामान्य प्रशासन, राजनीतिक विभाग तथा मंत्रिमण्डल सचिवालय

रघुनाथ परिहार–मुद्रण एवं लेखन सामग्री (स्वतंत्र चार्ज), बाढ़ एवं अकाल सहायता एवं पुनर्वास विभाग

महेन्द्र परमार–सार्वजनिक निर्माण (स्वतंत्र चार्ज), जनजाति क्षेत्रीय विकास (स्वतंत्र चार्ज)तथा गृह, गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग

मूलचंद मीणा–श्रम एवं नियोजन (स्वतंत्र प्रभार) एवं खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग (स्वतंत्र चार्ज)

कुमारी (डॉ.) गिरिजा व्यास–कला, संस्कृति एवं पुरातत्व (स्वतंत्र चार्ज), पर्यटन एवं दुग्ध विकास विभाग (स्वतंत्र चार्ज)

हीरालाल इन्दौरा–इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से सम्बन्धित समस्त योजनाएं एवं कार्य (स्वतंत्र चार्ज) तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग (स्वतंत्र चार्ज)

रतनलाल ताम्बी–राजकीय उपक्रम (स्वतंत्र चार्ज), ऊर्जा एवं ऊर्जा के वैकल्पिक साधन तथा सिंचाई

मांगीलाल आर्य–वन तथा पर्यावरण विभाग

भैंरोलाल मीणा–ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, विशिष्ट योजना संगठन एवं मरु विकास एवं एकीकृत ग्रामीण विकास

इकबाल अहमद–वक्फ (स्वतंत्र चार्ज)–भाषा एवं भाषाई अल्पसंख्यक (स्वतंत्र चार्ज), प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा तथा प्रावैधिक शिक्षा विभाग

हरिमोहन शर्मा–वित्त, करारोपण एवं आबकारी, उद्योग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

राजेन्द्र चौधरी–राज्य लाटरी (स्वतंत्र चार्ज), अल्प बचत (स्वतंत्र चार्ज), राज्य बीमा विभाग (स्वतंत्र चार्ज) तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

दीनबन्धु वर्मा–सहकारिता, आयुर्वेद तथा भेड़ व ऊन विभाग

के. सी. विश्नोई–खेलकूद (स्वतंत्र चाजे), मोटर गैरेज (स्वतंत्र चार्ज) तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग

सोहन सिंह–भूजल (स्वतंत्र चार्ज), मत्स्य विभाग (स्वतंत्र चार्ज) तथा इंदिरा गांधी नहर परियोजना विभाग

श्रीमती नीलिमा कृष्णा–महिला, शिशु एवं पोषाहार (महिला और बाल विकास) (स्वतंत्र चार्ज) तथा कृषि विभाग

उपमंत्री

श्रीमती हमीदा बेगम–समाज कल्याण व आवासन विभाग

मध्य प्रदेश

श्री श्यामाचरण शुक्ल–मुख्यमंत्री–सामान्य प्रशासन, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण, गृह-परिवहन छोड़कर विमानन, सिंचाई, नर्मदा घाटी विकास, आयकर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जन-संपर्क, आवास एवं पर्यावरण, ऊर्जा, नगरीय विकास.

कैबिनेट मंत्री

श्री चित्रकांत जायसवाल–उच्च एवं स्कूल शिक्षा, परिवहन

श्री रामजी महाजन–कार्मिक न्यास एवं जेल

श्री राजमणि पटेल–जनशक्ति नियोजन, पुनर्वास

श्री विट्ठलभाई पटेल–वाणिज्य एवं उद्योग, खनिज साधन

श्री बालेन्दु शुक्ल–लोक निर्माण

श्री कन्हैया लाल शर्मा–स्थानीय शासन

श्री रामचंद्र वाजपेयी–लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

कु. विमला वर्मा–खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सहकारिता

श्री बंशीलाल धृतलहरे–श्रम, समाज कल्याण

श्री दुर्गादास सूर्यवंशी–पंचायत और ग्रामीण विकास

श्रीमती गंगा पोताई–डेयरी विकास

श्री शिवभानु सिंह सोलंकी–वित्त, बीस सूत्रीय कार्यक्रम, आर्थिक एवं सांख्यिकी, आदिम जाति

श्री झुमक लाल भेड़िया–विधि एवं विधाई कार्य, संसदीय कार्य

श्रीमती कमला देवी–महिला एवं बाल विकास

श्री शिव प्रताप सिंह–संस्कृति एवं पर्यटन

श्री शशि भूषण सिंह–वन

श्री कृष्णपाल सिंह–राजस्व

श्री दाऊ हनुमंत सिंह–कृषि

श्री रसूद अहमद सिद्दकी–भोपाल गैस त्रासदी, वक्फ

राज्यमंत्री

श्री भवानी लाल वर्मा–राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास

श्री श्रवण भाई पटेल–प्रथम ग्रामीण खेल एवं युवक कल्याण, विज्ञान और टैक्नोलॉजी, सार्वजनिक उपक्रम (सभी स्वतंत्र प्रभार)

श्री बैजनाथ सक्सेना–लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी

श्री कांत्रिला भूरिया–जनशक्ति, नियोजन, पुनर्वास

श्री प्रभूदयाल गहलोत–स्थानीय शासन

श्री हसनात सिद्दीकी–श्रम, समाज कल्याण

श्रीमती प्रभा भार्गव–स्कूल शिक्षा

उपमंत्री

श्री विश्वेश्वर भगत–पंचायत एवं ग्रामीण विकास

श्री अशोक सांवले–लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

श्री राज बहादुर सिंह–उच्च शिक्षा

श्री अनंतराम वर्मा–कृषि

श्री गरुड़ मिश्रा–स्वायत शासन

श्री दयाल सिंह तुमराची–वन

श्री गोवर्धन नेताम–आदिवासी, हरिजन और पिछड़ा वर्ग कल्याण, खेल

श्री साय सिंह–समाज कल्याण

श्री ललित जैन–स्कूल शिक्षा

मंत्रिमण्डल का विस्तार करके 7 अन्य मंत्रियों क्रमशः श्री महेन्द्र बहादुर सिंह, श्री प्यारेलाल केवर, श्री जसवन्त सिंह, श्री किशनलाल कुर्रे, श्री महेन्द्र बौध, डॉ. निर्मल हीरावत, श्री कीरत राम सिंह कसाना को भी शपथ दिलाई गई है.

बिहार

डॉ. जगन्नाथ मिश्र–मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, गृह विभाग (कारा सहित), वित्त विभाग, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, उद्योग विभाग (हस्तकरघा एवं रेशम रहित), विधि विभाग, ऐसे सभी विभाग जो किसी अन्य मंत्री को आवंटित नहीं हैं

श्री लहटन चौधरी–कृषि एवं लघु सिंचाई

श्री रामलखन सिंह यादव–राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, राहत एवं पुनर्वास विभाग

श्री राम जयपाल सिंह यादव–ऊर्जा विभाग, भवन निर्माण एवं आवास विभाग

श्री मुहम्मद हुसैन आजाद–स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण

श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह–पथ निर्माण विभाग, संसदीय कार्य विभाग, ईख विभाग

श्री रामशरण प्र. सिंह–उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग

श्रीमती सुमित्रा देवी–नगर विकास विभाग

श्रीमती उमा पाण्डेय–मानव संसाधन विभाग, राजभाषा विभाग

ठाकुर मुनेश्वर नाथ सिंह–ग्रामीण विकास एवं परिवहन

श्री दिलकेश्वर राम–लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

श्री इन्द्रनाथ भगत–वन एवं पर्यावरण

श्री रामानन्द यादव–श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षणं

श्रीमती सुशीला करकेट्टा–खान एवं भू-तत्व विभाग

श्री एच. एच. रहमान–जल संसाधन विभाग (लघु सिंचाई रहित)

श्री विलट पासवान विहंगम–पशु एवं मत्स्य पालन विभाग

श्री ब्रज किशोर ना. सिंह–खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग

श्री विजय शंकर दुबे–सहकारिता, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग

श्री रजाक अंसारी–हस्तकरघा एवं रेशम तथा पर्यटन विभाग

श्री देवेन्द्रनाथ चम्पिया–कल्याण विभाग

श्री शिवचन्द झा–विभाग अघोषित

राज्यमंत्री

श्री श्यामसुन्दर प्रसाद सिंह–वित्त

श्री मदन प्रसाद सिंह–कारा (स्वतंत्र प्रभार) तथा विज्ञान एवं प्रावैधिकी

श्री श्यामसुन्दर सिंह 'धीरज'–20 सूत्री कार्यक्रम एवं प्रोग्राम कार्यान्वयन मोनेटरिंग प्रोजेक्ट प्लानिंग परियोजना संगठन सहित एवं सांख्यिक वित्त (स्वतंत्र प्रभार)

श्री अवध बिहारी सिंह–उद्योग

श्री थॉमस हंसदा–ऊर्जा भवन

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव–जल संसाधन विभाग

प्रो. युगेश्वर झा–मानव संसाधन विभाग तथा राजभाषा विभाग

श्री एस. पी. राय–स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

श्री अभिराम शर्मा–लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

श्रीमती ज्योति–सहकारिता एवं परिवहन विभाग

श्री हाजी ऐनुल हक–कृषि एवं लुघ सिंचाई

श्री फुरकान अंसारी–ग्रामीण विकास विभाग

श्री जी. एस. रामचन्द दास–श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण

डॉ. अशोक कुमार–खान एवं भू-तत्व विभाग

श्री ओ. पी. लाल–उत्पाद एवं मद्य निषेध

श्री सुरेश यादव–खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य

श्री रणजीत सिंह–नगर विकास विभाग

श्री कृपानाथ पाठक–राजस्व एवं भूमि सुधार, राहत एवं पुनर्वास

श्री संकटेश्वर सिंह–पथ निर्माण, वन तथा पर्यावरण

■■■

भूल सुधार

अक नवम्बर 1989
पृष्ठ 316 पर प्रश्न 14 के उत्तर में (D) के स्थान पर (A) पढ़ें.

P.M.T. & OTHER EXAM

P. M. T. Physics (*Separate Edition available for U. P. & M. P.*)	18.00
P. M. T. Chemistry (*U.P. & M.P.*)	20.00
P. M. T. Zoology (*U.P. & M.P.*)	20.00

GENERAL KNOWLEDGE

General Knowledge, Current Affairs	6.00
Objective General Knowledge	5.50
Ever Latest General Knowledge	26.00

GENERAL ENGLISH

Latest General English	10.00
NPTOE New Pattern Test of Objective English	21.00
A Fresh Approach to General English	35.00
The Technique of Comprehension & Precis Writing	18.00

ARITHMETIC

Latest Arithmetic	8.00
Arithmetic for Competitive Exams.	27.00
O.A.R. Objective Arithmetic Review	11.00
O.M.R. Objective Mathematics Review	17.00

INTELLIGENCE TEST

Intelligence & Psychological Tests	15.00
General Knowledge & I.Q.	10.00
Intelligence and Aptitude Tests	15.00

ESSAY

Popular Essays	7.00

LETTER

Top Letters	22.00
Business Letters	20.00

GENERAL BOOKS

Selected Bank Interview	14.00
UPKAR'S Bank Interview	10.00
Interview & Group Discussions	10.00
General Science	25.00

हिन्दी संस्करण

नवीन प्रकाशन

क्विज इण्डिया	26.00
Bank's Clerical Tests (*English-Hindi Edition*)	36.00
English-Hindi Essays & Letter Writing	15.00
English-Hindi Essays	12.00
व्यावहारिक टंकण कला	20.00
फॉरिस्ट रेंजर परीक्षा **लेखक :** *जैन एवं नाटाणी*	30.00
फॉरिस्ट रेंजर परीक्षा **लेखक :** *जैन एवं किशोर*	20.00
कम्बाइंड लोअर सबोर्डिनेट परीक्षा (उ. प्र.) **लेखक :** *जैन एवं नाटाणी*	30.00
कम्बाइंड लोअर सबोर्डिनेट परीक्षा (उ. प्र.)	20.00
वस्तुनिष्ठ भारतीय इतिहास	15.00
वस्तुनिष्ठ अर्थशास्त्र	15.00
वस्तुनिष्ठ राजनीति शास्त्र	16.00
वस्तुनिष्ठ सांख्यिकी	16.00
वस्तुनिष्ठ समाज शास्त्र	12.00
यू. पी. एस. सी. असिस्टेंट ग्रेड परीक्षा	52.00

सिविल सर्विसेज प्रिलिमिनरि परीक्षा

पाठ्यक्रम सिविल सेवा परीक्षा	10.00
सी. एस. पी. ई. सामान्य अध्ययन एवं सामान्य विज्ञान दिग्दर्शन	37.00
सी. एस. पी. ई. अर्थशास्त्र 20×30/8	44.00
सी. एस. पी. ई. भारतीय इतिहास	56.00
सी. एस. पी. ई. विधि	40.00

उपकार गाइड

बैंक रिक्रूटमेंट टेस्ट	20.00
न्यू बैंक रिक्रूटमेंट टेस्ट	24.00
ग्रामीण बैंक रिक्रूटमेंट टेस्ट	20.00
अभ्यास पुस्तक ग्रामीण बैंक कॉम्पिटिशन	60.00
ग्रामीण बैंक रिक्रूटमेंट टेस्ट **लेखक :** *लाल एवं भटनागर*	24.00

ग्रामीण बैंक क्लैरीकल टेस्ट	36.00
अभ्यास पुस्तक बैंक कॉम्पिटिशन्स	60.00
वस्तुनिष्ठ अभ्यास-संख्या सम्बन्धी योग्यता परीक्षा	11.00
वस्तुनिष्ठ अभ्यास-डेसक्रिप्टिव इंगलिश	12.00
वस्तुनिष्ठ अभ्यास-तर्क-शक्ति परीक्षा	14.00
वस्तुनिष्ठ अभ्यास-लिपिकीय योग्यता परीक्षा	14.00
ग्रामीण बैंक अधिकारी प्रवेश परीक्षा	42.00
स्टेट बैंक प्रोबेशनरी ऑफीसर परीक्षा	50.00
क्लर्कस् ग्रेड परीक्षा	30.00
क्लर्कस् ग्रेड परीक्षा ***लेखक : जैन एवं किशोर***	38.00
रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा	27.00
नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा	40.00
नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा ***लेखक : लाल एवं जैन***	25.00
नवोदय विद्यालय दिग्दर्शिका ***लेखक : शर्मा, लाल एवं जैन***	35.00
आयकर, उत्पाद शुल्क निरीक्षक परीक्षा	38.00
पुलिस सब इन्सपैक्टर (प्रारम्भिक परीक्षा)	25.00
पुलिस सब इन्सपैक्टर परीक्षा (उ. प्र.)	27.00
राजस्थान पुलिस सब इन्सपैक्टर परीक्षा	36.00
लेखा परीक्षक, कनिष्ठ लेखाकार, उच्च श्रेणी लिपिक परीक्षा	44.00
सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा	30.00
सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा निर्देशिका ***लेखक : जे. एन. शर्मा एवं जैन***	40.00
वायु सैनिक भर्ती परीक्षा	23.00
पॉलिटैक्निक प्रवेश परीक्षा (उ. प्र.)	40.00
व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा (म. प्र.)	50.00
मध्य प्रदेश लिपिकीय वर्ग परीक्षा	33.00
वस्तुनिष्ठ अभ्यास-पी. ई. टी. परीक्षा (राज.) गणित	12.00
राजस्थान बी. एड. प्रवेश परीक्षा	35.00
राजस्थान बी. एड. प्रवेश परीक्षा	60.00

छात्रवृत्ति परीक्षाएँ

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा *(9 वीं एवं 10 वीं कक्षाओं के लिए)*	55.00
एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा	30.00
एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा (हल प्रश्न-पत्र)	30.00
जूनियर हाई स्कूल छात्रवृत्ति परीक्षा	17.00

मध्य प्रदेश पी. एस. सी. परीक्षा

पी. एस. सी. पाठ्यक्रम	10.00
कनिष्ठ लोक सेवा आयोग परीक्षा गाइड	30.00
म. प्र. पी. एस. सी. गाइड	50.00
पी. एस. सी. अर्थशास्त्र	45.00
पी. एस. सी. भारतीय इतिहास	65.00
पी. एस. सी. राजनीति शास्त्र	50.00
पी. एस. सी. भूगोल	45.00
पी. एस. सी. समाजशास्त्र	30.00
पी. एस. सी. सांख्यिकी	50.00
पी. एस. सी. विधि	45.00

सामान्य ज्ञान

सामान्य ज्ञान, कौन क्या है?	6.00
वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान एवं दैनिक विज्ञान	16.00
सामान्य ज्ञान एवं व्यक्ति परिचय	26.00
सामान्य ज्ञान दिग्दर्शन	50.00
सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान	22.00
राजस्थान सामान्य ज्ञान	18.00
मध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान	20.00
उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान	12.00
बिहार सामान्य ज्ञान	20.00
कृषि सामान्य ज्ञान (वस्तुनिष्ठ प्रकार)	6.00
कृषि सामान्य ज्ञान कोश	20.00

सामान्य हिन्दी

सामान्य हिन्दी	8.00
सामान्य हिन्दी	27.00
वस्तुनिष्ठ सामान्य हिन्दी	12.00

निबन्ध

हिन्दी निबन्ध ***लेखक : जैन एवं कुलश्रेष्ठ***	22.00
सामयिक निबन्ध ***लेखक : डॉ. चतुर्वेदी***	25.00

गणित

प्रारम्भिक गणित	15.00
अंकगणित ***लेखक : खन्ना एवं वर्मा***	10.00
अंकगणित ***लेखक : डॉ. एम. बी. लाल***	20.00
वस्तुनिष्ठ अंकगणित	8.00
वस्तुनिष्ठ अंकगणित	22.00

अन्य पुस्तकें

बौद्धिक योग्यता एवं मनोवैज्ञानिक योग्यता परीक्षा	17.00
हृदयस्पर्शी प्रेम-पत्र	11.00
बुद्धि परीक्षण, साक्षात्कार एवं वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान	10.00
सामान्य विज्ञान	18.00

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक महेन्द्र सिंह जैन ने कैलादेवी प्रेस, 11/111, रामबाग, आगरा से छपवाकर 2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2 से प्रकाशित.

Postal Regd. No. LAG 361 Regd. No. R. N. 48019

डायमंड पाकेट बुक्स में
आप अंग्रेजी जानते तो हैं-
लेकिन ठीक ढंग से बोल नहीं पाते।
क्या आप अच्छी अंग्रेजी
बोलना सीखना चाहते हैं तो
आज ही खरीदिये अंग्रेजी
बोलचाल सिखाने वाला एक प्रभावी कोर्स
डॉयमण्ड इंगलिश स्पीकिंग कोर्स
जो आपको कुछ प्रभावित शब्द और वाक्य नहीं रटाता बल्कि अंग्रेजी भाषा की गहराई को समझाकर उस पर पूरा अधिकार करने की क्षमता प्रदान करता है। अंग्रेजी प्रभावी ढंग से न बोल पाने से जो हीन भावना घर कर जाती है उसे दूर करके अपने कार्य, व्यवसाय व मित्रों में प्रभावित ढंग से अंग्रेजी बोलकर अपना मान व प्रतिष्ठा बढ़ाइये
मूल्य 32/- डाक व्यय 5/-
डॉयमन्ड इंगलिश स्पीकिंग कोर्स
अंग्रेजी सीखने का सरल कोर्स
डॉयमण्ड
क्रिकेट हर युवक का मनपसंद खेल है और क्रिकेट के इतिहास और क्रिकेट के रिकार्डस के बारे में मन में अनेक सवाल उठते हैं, क्रिकेट प्रश्नोत्तरी आपके मन में उठने वाली सभी जिज्ञासाओं का समाधान है।
क्रिकेट प्रश्नोत्तरी
क्रिकेट प्रश्नोत्तरी
लेखक: विकास लूथरा
मूल्य 20/- डाक व्यय 3/-
विभिन्न खेलों के नियम 10.00
कपिल देव 10.00
क्रिकेट कैसे खेलें 12.00
तैराकी कैसे सीखें 6.00
आधुनिक मल्लयुद्ध 10.00
शारीरिक प्रशिक्षण पी.टी. एवं ड्रिल गाइड 6.00
जूडो, कराटे, बाक्सिंग व कुंगफू 12.00
सुनील गावस्कर 10.00
डायमंड पाकेट बुक्स प्रा.लि.
2715, दरियागंज, नई दिल्ली-110002

अमर वाणी

- जो मनुष्य अपने कुल की कीर्ति का नाश करके अपयश प्राप्त करके जीवित रहते हैं, वे कुत्ते के समान नीच होते हैं और जीते जी मुर्दे के समान होते हैं — *द्वारका प्रसाद मिश्र*
- अपराध करने के पश्चात् डर पैदा होता है और यही उसका दण्ड है. — *वाल्टेयर*
- अपराधी अपने सिवाए सभी को दोषी ठहराता है. — *डेल कारनेजी*
- बुढ़ापा रूप को, आशा धैर्य को, मृत्यु प्राण को, असूया धर्म चर्या को, क्रोध श्री को, अनार्य सेवा शील को, काम लज्जा को और अभिमान सबको हरता है. — *विदुर*
- अहं का धर्म ही संग्रह करना, संचय करना है, वह केवल लेता ही रहता है. — *रबीन्द्रनाथ ठाकुर*
- अहिंसा की भावना से अनुप्राणित रहकर ही प्राणियों पर अनुशासन करना चाहिए. — *मनुस्मृति*
- जो मनुष्य किसी को राक्षस भाव से नष्ट करना चाहता है, वह स्वयं स्वकर्मों से नष्ट हो जाता है, अपदस्थ हो जाता है. — *ऋग्वेद*
- आकाँक्षा अयोग्यता का लक्षण है. — *जैनेन्द्र कुमार*
- अपने चरित्र की रक्षा यत्नपूर्वक करनी चाहिए, धन तो आता-जाता रहता है. धन से क्षीण मनुष्य क्षीण नहीं माना जाता, परन्तु आचार भ्रष्ट को तो मरा ही समझना चाहिए. — *कौटिल्य*
- ईश्वर की पूजा करना अन्तर्निहित आत्मा की उपासना ही है. — *विवेकानन्द*
- उत्तरदायित्व, योग्यता तथा शक्ति के साथ-साथ चलता है. — *जे. बी. हॉलैण्ड*

अपनी बात

सामान्य ज्ञान दर्पण *का मई अंक प्रस्तुत है. इस समय सभी विश्वविद्यालयों में परीक्षाएं चल रही हैं. हमारे अनेक पाठक भी इनमें शामिल हो रहे होंगे. हम उनसे निवेदन करते हैं कि वे लगन व परिश्रम से परीक्षा दें और अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हों. हमारी शुभकामनाएं आपके साथ हैं.*

भारत की आबादी में बेतहाशा वृद्धि एक गम्भीर समस्या है. यही हमारी गरीबी का सबसे बड़ा कारण है. इसी विषय पर इस अंक की आवरण कथा है.

इस अंक में कई परीक्षाओं के हल प्रश्न-पत्र हैं. इनमें सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 1988, एन. डी. ए. परीक्षा, 1987, बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (लखनऊ) परीक्षा, 1989 की संख्या सम्बन्धी योग्यता के हल प्रश्न-पत्र शामिल हैं.

हमारा विश्वास है कि आपको यह अंक अवश्य पसन्द आएगा.

धन्यवाद.

महेन्द्र जैन
(सम्पादक)

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएँ

4 व 5 मई, 1990- इण्डियन स्कूल ऑफ माइन्स, धनबाद परीक्षा.

6 मई, 1990- बैंकिंग सेवा भर्ती मण्डल, भोपाल (म. प्र.) अधिकारी वर्ग परीक्षा.

6 मई, 1990-संघ लोक सेवा आयोग राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा.

11 से 13 मई, 1990- प्री. पॉलिटेक्निक परीक्षा, मध्य प्रदेश (पी. पी. टी.)

13 मई, 1990- बैंकिंग सेवा भर्ती मण्डल, भोपाल (म. प्र.) क्षेत्र पर्यवेक्षक परीक्षा.

19 मई, 1990- संघ लोक सेवा आयोग सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा.

20 व 27 मई, 1990-बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (मध्य क्षेत्र)लखनऊ परीक्षा.

20 मई, 1990- बैंकिंग सेवा भर्ती मण्डल, भोपाल (म. प्र.) लिपिक संवर्ग परीक्षा.

मई, 1990- लोक सेवा आयोग (उ.प्र.) डिस्ट्रिक्ट ऑडिट ऑफीसर्स परीक्षा.

22 से 26 मई, 1990- पी.ई.टी. परीक्षा, भोपाल.

5 से 9 जून, 1990- पी.एम.टी. परीक्षा, भोपाल.

10 जून, 1990-सिविल सर्विसेज प्रिलिमिनरि परीक्षा.

20 से 23 जून, 1990- पी.ए.टी. परीक्षा, भोपाल.

27 से 30 जून, 1990-भिलाई इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश हेतु परीक्षा.

जुलाई, 1990-उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रारम्भिक परीक्षा.

जुलाई, 1990-राजस्थान लोक सेवा आयोग, प्रारम्भिक परीक्षा.

दशम् अंक मई 1990

सामान्य ज्ञान दर्पण

इस अंक में

सामान्य ज्ञान दर्पण में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति का तालमेल होना आवश्यक नहीं है.

सम्पादक

चयन

मेरा चयन भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया लखनऊ में हो गया है. मैं सामान्य ज्ञान दर्पण के प्रति बहुत आभारी हूँ.

रामेश्वर खण्डेलवाल — अजमेर

प्रशंसा

'नेल्सन मण्डेला' की रिहाई—लेख बहुत अच्छा लगा—गिरधर पारीक— गंगानगर, नलिन कुमार सिंह—बंगलौर, संजीव कुमार—पटना, रामलखन प्रसाद—गढ़नोटक

"एक-एक मिनट का सदुपयोग कीजिए" तथा "अन्याय के विरुद्ध संघर्ष कीजिए"—शीर्षक सम्पादकीय लेखों के प्रति अनेक पाठकों ने प्रशंसात्मक-पत्र भेजे हैं. समस्त पत्र-लेखकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं.

श्यामा चरण गंगवार (नैनीताल), गोपीचन्द प्रजापति (नैनीताल), (साँरवू फोर्डी), नीलिमा रानी (मुरलीगंज) आदि

अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करना हमारा परम धर्म है.

ऋषि कुमार खदरिया — हनुमानगढ़

'अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करें' सम्पादकीय पढ़कर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की नई प्रेरणा प्राप्त हुई.

मनोज कुमार झा बेगूसराय, केवल सिंह (बरेली),

सुझाव

सन् 1988 में N. D. A. की परीक्षा तथा सन् 1989 में S. S. C. की परीक्षा (पटना) के हल प्रश्न-पत्र देने की कृपा करें.

मोहन प्रसाद — गया

R. A. S. परीक्षा सम्बन्धी अधिक से अधिक जानकारी देने की कृपा करें.

सफी मोहम्मद चानियाँ — जैसलमेर

महत्वपूर्ण भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ देने की कृपा करें

सुरजीत सिंह — दुमका

आलेख सिन्हा — इलाहाबाद

प्रत्येक अंक में किसी एक महान वैज्ञानिक के कृतित्व का परिचय देने की कृपा करें.

पंकज कुमार सिंह — पटना

कृपा करके निम्नलिखित परीक्षाओं के हल प्रश्न-पत्र दें—I. E. R. T., रेलवे भर्ती बोर्ड—भोपाल, मध्य प्रदेश जूनियर सर्विसेज सलेक्शन बोर्ड, भोपाल,

आलेख सिन्हा — इलाहाबाद

हरिलाल गंजीर — रायपुर

अमरीका ने एक नया अन्तरिक्ष शटल डिस्कवरी बनाया है. उसके बारे में जानकारी देने की कृपा करें.

हरिशंकर सहाय — कानपुर

धूम्रपान के विरुद्ध लेख प्रकाशित करने की कृपा करें

हुक्म भाटी — सेरवा

प्रत्येक माह में किसी एक प्रतियोगिता से सम्बन्धित जानकारी देने की कृपा करें.

अशोक कुमार — दरभंगा

यह बताने की कृपा करें कि किन-किन प्रतियोगी परीक्षाओं में Minus Marking होती है तथा I. A. S., I. P. S. और P. C. S. में होने वाली परीक्षाओं का पूरा विवरण देने की कृपा करें तथा इससे सम्बन्धित किताबों के बारे में जानकारी दें.

संजय कुमार पासवान — मुंगेर

प्रत्येक अंक में सामयिक घटनाओं से सम्बन्धित एक लेख अवश्य दिया करें.

राम प्रकाश — रायबरेली

वादियों के बीच मध्यस्थता की थी.

26 श्री राणे ने गोआ के मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया. मेघालय में श्री पी. ए. संगमा ने मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया. मेघालय में नवगठित यूनाइटेड मेघालय पार्टी के नेता बी. बी. लिगंदोह को मुख्यमंत्री बनाया गया है.

➽ फिलीस्तीनी राज्य के 'राष्ट्रपति' यासर अराफात नई दिल्ली आए. उन्हें वर्ष 1988 का जवाहर लाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाना है.

➽ रेलमंत्री ने रेलवे बजट पर बहस के दौरान यात्री किराए भाड़े में कुछ मामूली रियायतों की घोषणा की.

27 फिलिस्तीनी 'राष्ट्रपति' यासर अराफात को नई दिल्ली में एक भव्य समारोह में नेहरू अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

➽ खड़गपुर (पं. बंगाल) में एक बस के हाईटेन्शन रेलवे वायर से टकरा जाने से आग लग गई जिसमें 41 व्यक्ति मारे गए.

➽ गोआ में 10 सदस्यीय चर्चिल अलेमाओ मंत्रिमण्डल ने शपथ ग्रहण कर ली.

29 श्रीनगर में करफ्यू में ढील के दौरान उग्रवादियों व पुलिस के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए.

➽ केन्द्रीय जाँच ब्यूरो ने एअर बस ए–320 के 2500 करोड़ रुपए के सौदे के सिलसिले में भूतपूर्व नागरिक विमानन सचिव डॉ. एस. एस. सिद्धू और इण्डियन एअर लाइन्स के भूतपूर्व प्रबन्ध निदेशक आर. प्रसाद सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ दिल्ली की एक अदालत में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई.

➽ राज्य सभा चुनावों में कांग्रेस का बहुमत समाप्त हो गया. 245 में से अब उसके पास केवल 111 स्थान रह गए हैं.

30 राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के सामने आज उस समय विचित्र स्थिति पैदा हो गई जब पंजाब में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने के लिए प्रस्तुत 64 वाँ संविधान संशोधन विधेयक लोक सभा में आवश्यक बहुमत के अभाव में गिर गया. अब सरकार कुछ विकल्पों पर विचार कर रही है.

➽ केन्द्र सरकार ने आगामी तीन वर्ष के लिए आयात-निर्यात नीति की घोषणा कर दी. नई नीति 1 अप्रैल, 1990 से प्रभावी होगी.

➽ कश्मीर में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में 11 आतंकवादी मारे गए.

➽ भारत ने राष्ट्र निर्माण के लिए नामीबिया को 20 करोड़ रुपए की सहायता देने का निश्चय किया है.

अप्रैल 1990

3 रामनवमी के अवसर बटाला में भीड़-भरे बाजार में भीषण बम-विस्फोट हुआ जिसमें 30 से अधिक व्यक्ति मारे गए.

➽ देवीलाल ने एक पत्र लिखकर अजीतसिंह को जनता दल संसदीय बोर्ड का सचिव पुनः मान लिया है.

4 पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि को 6 माह के लिए बढ़ाने की व्यवस्था हेतु संसद में 65 वां संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया गया. इससे पूर्व 64 वां संविधान संशोधन विधेयक आवश्यक बहुमत के अभाव में लोक सभा में गिर गया था. राज्य सभा इसे पहले ही पारित कर चुकी थी.

➽ केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री पी. उपेन्द्र ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में 37 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की. वर्ष 1989 का दादा साहब फाल्के पुरस्कार लता मंगेशकर को देने की घोषणा की गई है.

5 लोक सभा ने 65 वाँ संविधान संशोधन विधेयक पारित कर दिया.

➽ दिल्ली परिवहन निगम की यमुना नगर से दिल्ली आ रही एक बस में उस समय एक भीषण बम विस्फोट हुआ जब बस पानीपत में थी. इसमें 10 व्यक्ति मारे गए व कई घायल हो गए.

6 श्रीनगर में आतंकवादियों ने कश्मीर विश्वविद्यालय के कुलपति व हिन्दुस्तान मशीन टूल्स फैक्ट्री के महाप्रबंधक का अपहरण कर लिया.

➽ जनता दल के वरिष्ठ सांसद चन्द्रशेखर ने एक अंग्रेजी साप्ताहिक पत्रिका को दी गई एक भेंटवार्ता

में आरोप लगाया था कि उनका व कई लोगों के फोन टेप किए जा रहे हैं. आज लोक सभा में इस आरोप पर विपक्ष ने सरकार की कडी आलोचना की. सरकार ने घोषणा की कि टेलीफोन टेप प्रकरण की जाँच सी. बी. आई. द्वारा कराई जाएगी.

7 अहमदाबाद में जातीय दंगों में अनेक व्यक्ति हताहत हो गए. सेना ने नगर में फ्लेग मार्च किया.

••• भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की कलकत्ता बैठक में सरकार की जम्मू-कश्मीर सम्बन्धी नीति की आलोचना की गई. भाजपा ने माँग की कि भारत-पाक सीमा को सील किया जाए और आतंकवादी व राष्ट्रविरोधी तत्वों से कड़ाई से निपटा जाए.

8 उपप्रधानमंत्री देवीलाल ने केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया. उन्होंने कहा कि 'एक व्यक्ति एक पद' के सिद्धान्त के तहत उन्होंने ऐसा किया है.

••• कांग्रेस कार्यकारिणी ने अपनी नई दिल्ली बैठक के बाद घोषणा की कि इस वर्ष के अन्त तक पार्टी में संगठनात्मक चुनाव पूरे कर लिए जाएंगे.

9 जनता दल के नेता श्री चन्द्रशेखर के टेलीफोन बीच में सुने जाने के आरोप पर सरकार ने आश्वासन दिया है कि इस विषय में कानून में संशोधन किया जाएगा.

10 दिल्ली के दो थानों में आज एक साथ हुए बम विस्फोट ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवादियों के हाथ कितने लम्बे हैं. इन विस्फोटों में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए.

••• श्रीनगर में पाक समर्थित उग्रवादियों ने एच. एम. टी. के अपहृत महाप्रबंधक एच. एल. खेरा की हत्या कर दी. उनके शव को करफ्यू के बावजूद सड़क पर फैंक दिया गया. सभी दलों व नेताओं ने इस जघन्य हत्या की निन्दा की है

••• पंजाब में राष्ट्रपति शासन की अवधि 6 माह और बढ़ाने से सम्बन्धित 65 वें संविधान संशोधन विधेयक को राज्य सभा ने स्वीकृति दे दी.

11 बम्बई में मलाड स्टेशन पर एक लोकल ट्रेन में भीषण बम विस्फोट हुआ. इससे 24 लोग घायल हो गए.

••• नई दिल्ली में नवगठित राष्ट्रीय एकता परिषद् की बैठक का प्रधानमंत्री ने उद्घाटन किया

12 लोक सभा में अनेक सदस्यों ने माँग की कि अमरीकी सरकार से अमानुल्ला खाँ को गिरफ्तार कर भारत को सौंपने को कहा जाए.

••• संसद के केन्द्रीय कक्ष में भीमराव अम्बेडकर के चित्र का अनावरण किया गया.

14 नई दिल्ली में राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने एक भव्य समारोह में डॉ. अम्बेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से अलंकृत किया. डॉ. अम्बेडकर की पत्नी सविता अम्बेडकर ने यह सम्मान ग्रहण किया.

••• गोआ में प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक फ्रन्ट के डॉ. लुइस प्रोटो बारबोसा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की. बारबोसा ने अपने मंत्रिमण्डल में चर्चिल अलेमाओ के मंत्रिमण्डल के सभी सदस्यों सहित भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती शशिकला काकोडकर को भी सम्मिलित किया है.

अन्तर्राष्ट्रीय

मार्च 1990

15 सोवियत संघ में श्री गोर्बाचोव को भारी बहुमत से देश का पहला कार्यकारी राष्ट्रपति चुन लिया गया. उन्होंने कहा कि अब वे अपने सुधार कार्यक्रम को लागू करेंगे. श्री गोर्बाचोव ने कहा कि वे देश की एकता को खण्डित नहीं होने देंगे.

18-19 पूर्वी जर्मनी में 45 वर्ष बाद स्वतंत्र चुनाव हुए. पहली बार कई राजनीतिक दलों ने इन चुनावों में भाग लिया. चुनाव परिणामों में कंजरवेटिव एलाइन्स को भारी विजय मिली. यह संगठन जर्मनी के एकीकरण का प्रबल समर्थक है. इसे प. जर्मन के चांसलर हेलमुट कोल का समर्थन प्राप्त था

20 आज अर्द्धरात्रि के बाद अर्थात् 21 मार्च के आरम्भ होते ही नामीबिया एक स्वतंत्र देश हो गया. 14 लाख की आबादी वाले इस देश में हर्षोल्लास के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव पेरेज द कुइयार ने देश के पहले राष्ट्रपति सैम नुजोमा को शपथ दिलाई. इस अवसर पर अनेक देशों के

प्रतिनिधि उपस्थित थे. आजाद होते ही भारत ने तत्काल उसे मान्यता दे दी.

21 पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने इस्लामाबाद में एक भाषण में पाकिस्तानी जनता से कहा कि वह गोली चलाए और कश्मीर की आजादी को प्राप्त करे. उन्होंने व्यक्तियों से वायदा माँगा कि वे अपने कश्मीरी भाइयों के लिए आखिरी साँस तक लड़ेगें. स्पष्ट है कि श्रीमती भुट्टो अपनी सरकार को बचाने व देश की खराब आन्तरिक स्थिति से ध्यान बटाने के लिए बार-बार भारत के साथ युद्ध की बात कह रही हैं.

24 श्रीलंका से भारतीय सेना की आखिरी टुकड़ी स्वदेश रवाना हो गई. यह सेना 1987 में राजीव-जयवर्धने समझौते के तहत गई थी. लगभग 60 हजार सैनिकों को विषम परिस्थितियों में वहाँ काम करना पड़ा. 1156 सैनिक शहीद हो गए.

26 सोवियत सैनिकों ने लिथुआनिया के तीन अस्पतालों से 23 भगोड़े सैनिकों को पकड़ लिया और लिथुआनिया की कम्यूनिस्ट पार्टी के कार्यालय पर अधिकार कर लिया. लिथुआनिया की सरकार ने इस कार्यवाही पर कड़ा विरोध प्रकट किया है.

27 हॉलीवुड में 62 वें ऑस्कर पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई. फिल्म 'ड्राइविंग मिस डेजी' को वर्ष 1989 की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का ऑस्कर प्रदान किया गया है.

28 श्रीलंका में प्रधानमंत्री सहित सभी मंत्रियों ने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति प्रेमदास को दे दिया. राष्ट्रपति प्रेमदास ने कहा था कि वे 1 वर्ष के लिए प्रधानमंत्री बनाएंगे.

29 अमरीका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भारत की कश्मीर सम्बन्धी नीति को सही बताया है. दूसरी ओर अमरीका पाकिस्तान को आवश्यकता से कहीं अधिक नवीनतम हथियार दे रहा है.

❖ भारत व अमरीका के मध्य आज नई दिल्ली में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए जिसके अन्तर्गत नशीली दवाइयों के प्रसार को रोकने के लिए कदम उठाने के प्रावधान हैं.

30 भारत के राष्ट्रपति आर. वेंकटरमण तीन देशों की यात्रा पर नई दिल्ली से रवाना हो गए. श्री रमण पुर्तगाल, ब्रिटेन व माल्टा की यात्रा करेंगे.

31 नेपाल में प्रधानमंत्री मारीच मानसिंह श्रेष्ठ के चार वर्ष पुराने मंत्रिमण्डल में व्यापक फेरबदल कर उसके बारह सदस्यों को हटा दिया गया. इनमें तीन कैबिनेट मंत्री भी शामिल हैं.

अप्रैल 1990

1 जिम्बाब्वे में राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे पुनः राष्ट्रपति चुन लिए गए. उन्हें 83 प्रतिशत मत मिले. ससंद में भी 120 सीटों के लिए हुए चुनाव में उनके दल को 117 सीटें मिली. श्री मुगाबे ने यह चुनाव इस मुद्दे को लेकर लड़ा कि देश में एक दलीय प्रणाली स्थापित की जाए.

3 नेपाल में पुलिस द्वारा गोली चलाने से 11 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई. ये व्यक्ति बहुदलीय लोकतंत्र की स्थापना की माँग कर रहे थे.

❖ श्रीलंका सरकार ने नौसेना के उस व्यक्ति को रिहा कर दिया जिसने गार्ड ऑफ ऑनर के समय राजीव गांधी पर हमला किया था. विजेमुनी विजिया रोहना डसिल्वा नामक इस आक्रमणकारी ने रिहा होने के बाद कहा कि उसने जो किया, उसके लिए उसे दुःख नहीं है.

6 काठमांडू में लोकतंत्र बहाली व मानव अधिकारों की स्थापना की माँग ने हिंसक रूप ले लिया. हिंसक वारदातों व पुलिस गोलीकाण्ड में 100 से 150 व्यक्तियों के मारे जाने का समाचार है. महाराजा वीरेन्द्र ने प्रधानमंत्री मारीच मानसिंह को बर्खास्त कर दिया और एक पूर्व प्रधानमंत्री लोकेन्द्र बहादुर चन्द्र को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है. एक रेडियो प्रसारण में महाराजा ने कहा कि नई सरकार विभिन्न विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ विचार-विमर्श करेगी.

7-8 नेपाल में नई सरकार ने विभिन्न नेताओं से बातचीत का क्रम जारी रखा. समझा जाता है कि नेपाल नरेश संविधान में संशोधन कर 'दल विहीन' शब्द को हटाने के लिए तैयार हो गए हैं. यही

शेष पृष्ठ 794 पर

क्रीड़ा जगत

मार्च 1990

19 जमशेदपुर में 37 वीं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में दिल्ली ने सर्वाधिक 81 अंक प्राप्तकर चैम्पियनशिप जीत ली.

26 ग्रैंड मास्टर विश्व नाथ आनन्द ने 9 अंक अर्जित कर एशियाई क्षेत्र शतरंज प्रतियोगिता जीत ली. प्रवीण थिप्से उपविजेता रहा.

••• अमरीका के आन्द्रे आगासी ने साढ़े पच्चीस लाख डॉलर की अन्तर्राष्ट्रीय प्लेयर्स टेनिस प्रतियोगिता जीत ली. की विस्केन में उसने स्वीडन के स्टीफन एडबर्ग को हराकर यह प्रतियोगिता जीती.

28 कलकत्ता में बंगाल ने दिल्ली को हराकर रणजी ट्रॉफी जीत ली. 51 वर्ष बाद बंगाल को यह विजय प्राप्त हुई है.

31 भारत व जापान के बीच डेविस कप मुकाबले में भारत ने 4-1 की बढ़त ले ली.

अप्रैल 1990

7 माल्टा में सम्पन्न अन्तर्राष्ट्रीय ओपन तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत के सीनियर तथा जूनियर तीरंदाजों ने दोनों वर्गों के टीम खिताब जीत लिए.

9 विश्व की दूसरे नम्बर की टेनिस खिलाड़ी अमरीका की मार्टिना नवरातिलोवा ने अमरीकी किशोरी जेनिफर केप्रियानी को हराकर हिल्टन हैड महिला टेनिस टूर्नामेंट में एकल खिताब जीत लिया.

10 कलकत्ता में ईस्ट बंगाल ने मोहम्डन स्पोर्टिंग को 1 गोल से हराकर फुटबॉल का एअर लाइन्स गोल्ड कप जीत लिया.

15 टोक्यो में स्वीडन के स्टीफन एडबर्ग ने अमरीका के आरोन क्रिकस्टीन को 6-4, 7-5 से हराकर जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल तीसरी बार जीता.

••• महिला एकल मुकाबला स्वीडन की ही कैटरीना लिंडक्वीस्ट ने ऑस्ट्रेलिया की एलिजाबेथ स्माइली को 6-3, 6-2 से हराकर जीता.

••• विल्स एकादश ने गत विजेता दिल्ली को 6 विकेट से हराकर विल्स ट्रॉफी एक दिवसीय क्रिकेट चैम्पियनशिप जीत ली. ■■■

शेष पृष्ठ 793 का

मौजूदा आन्दोलनकारियों की माँग भी है.

9 नेपाल में बहुदलीय प्रणाली की बहाली से खुशी की लहर दौड़ गई और व्यक्तियों ने सड़कों पर जुलूस निकालकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की.

11-12 न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के नेता अमानुल्ला खाँ ने कहा कि कश्मीर में हिंसा में तेजी लाई जाएगी. कश्मीर न भारत का है और न पाकिस्तान का. उन्होंने कहा कि शिमला समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता. भारत ने अमानुल्ला के बयान की ओर अमरीका का ध्यान दिलाया है. भारत ने संयुक्त राष्ट्र से भी पूछा है कि एक आतंकवादी को क्यों संयुक्त राष्ट्र परिसर में आने दिया गया.

12 पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल असलम बेग ने प्रधानमंत्री बेनजीर को चेतावनी दी है कि यदि उनकी सरकार देश में बिगड़ती कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने में असफल रहती है तो सेना मूकदर्शक नहीं बनी रहेगी.

14 वियतनाम के विदेशमंत्री नगुयेन ने कश्मीर में पाकिस्तानी हस्तक्षेप की निन्दा की. उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अंग है, भारतीय विदेशमंत्री श्री इन्द्रकुमार गुजराल की तीन दिवसीय वियतनाम यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए. ■■■

परिवार कल्याण

आज राष्ट्र के सम्मुख जो अनेक कठिन समस्याएं उपस्थित हैं, उनमें से एक जटिल व ज्वलंत है– जनसंख्या में अभूतपूर्व वृद्धि. भारत की जनसंख्या सन् 1947 से लेकर 1981 तक दो-गुनी हो गई. जनसंख्या में निरन्तर बढ़ोत्तरी देश के सामाजिक- आर्थिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है. विभिन्न सामाजिक रीति-रिवाज़ और विश्वास बड़े परिवार का ही समर्थन करते हैं और इस प्रकार बदलाव की प्रक्रिया को रोकते हैं, जिसके कारण वे गर्भ निरोध की आधुनिक विधियों को स्वीकार करने को बढ़ावा नहीं देते.

परिवार कल्याण कार्यक्रम पूर्णतः स्वैच्छिक कार्यक्रम है. इसे समग्र विकास नीति, जिसमें स्वास्थ्य, माँ, और बच्चों की देखभाल, परिवार कल्याण, महिलाओं के अधिकार और पोषाहार आते हैं, के अनिवार्य अंग के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है. इस नीति के विशेष पहलू हैं– 1. विविध प्रचार माध्यमों और लोगों से मिल-जुलकर जनता में जागरूकता पैदा करने के प्रयास तेज करने, 2. कार्यक्रम को अपनाने वाले लोगों को समीप के स्थानों पर ही सेवाएं उपलब्ध कराना, 3. महिला साक्षरता में तेजी से बढ़ोत्तरी के लिए सुविधाओं का विकास करना, 4. स्कूलों और कॉलेजों में और साथ ही स्कूल न जाने वाले युवाओं को जनसंख्या के बारे में शिक्षा और जानकारी देना, 5. लोगों के चुने हुए प्रतिनिधियों से सहायता और समर्थन प्राप्त करना, 6. अन्य सम्बद्ध मंत्रालयों और विभागों से उचित सम्पर्क बनाना, 7. परिवार नियोजन अपनाने वाले व्यक्तियों और राज्य सरकारों को प्रोत्साहन देना, तथा 8. सभी स्तरों पर इस परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रगति की देखरेख करना.

पहली पंचवर्षीय योजना की शुरुआत के साथ ही 1952 में परिवार नियोजन को सरकारी कार्यक्रम के रूप में अपनाया गया. इस कार्यक्रम को पहली और दूसरी योजना में साधारण रूप से लिया गया था और जन-सांख्यिकी, सम्पर्क, शरीर विज्ञान के पुनरुत्पत्ति और प्रेरणा देने आदि के बारे में अनुसंधान पर मुख्यतः जोर दिया गया था. परिवार नियोजन के इच्छुक व्यक्तियों को सलाह और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए कुछ क्षेत्रों में केन्द्रों की स्थापना की गई. तीसरी योजना में कार्यक्रम को पुनर्गठित किया गया. चौथी और पाँचवीं योजना के कार्यक्रमों में इसको बहुत उच्च प्राथमिकता प्रदान की गई थी.

माता और शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम

समाज में माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर किसी भी बात का जल्दी प्रभाव पड़ता है अतः इनके स्वास्थ्य की देखभाल परिवार कल्याण कार्यक्रम में बहुत महत्वपूर्ण है. प्रसव तथा शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रभावी जन्म-पूर्व देखभाल, सुरक्षित प्रसव, समुचित जन्मोत्तर देखभाल, माताओं द्वारा शिशुओं को अपना दूध पर्याप्त समय तक पिलाने के लिए प्रोत्साहित करना, आम संचारी रोगों से बचाव के लिए समय पर रोग निरोधक टीके लगाना, दस्तों की रोकथाम, विकास की तरफ ध्यान और बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है. स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. 1986-87 में 'रिहाइड्रेशन' चिकित्सा पद्धति द्वारा बच्चों में पेचिश और अतिसार रोगों की रोकथाम का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है.

स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण सेवाओं को गाँवों में लोगों तक पहुँचाने के लिए बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में प्रशिक्षित किया

जाता है. केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में जिला स्तर के चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य परिवार कल्याण केन्द्रों के प्रमुख प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है.

विशेष योजनाएं

इन योजनाओं के अंतर्गत निम्नलिखित चार परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है–

1. जिला तथा उप जिला अस्पतालों में प्रसवोत्तर कार्यक्रम और चुने हुए मेडिकल कॉलेजों में पैप (पी. ए. पी.) स्मियर परीक्षण कार्यक्रम.
2. शहरी तंग बस्तियों में काम करने वाले संगठनों में सुधार.
3. नसबंदी आदि ऑपरेशनों के लिए शैय्या योजना, तथा
4. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से सम्बद्ध ग्रामीण परिवार केन्द्रों में लूप लगाने के कमरों की नई सज्जा.

प्रसवोत्तर कार्यक्रम परिवार कल्याण का ऐसा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य अस्पतालों में प्रसव के बाद जच्चाओं की देखभाल करना है और यह कार्यक्रम अब राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर 555 संस्थाओं में लागू हो चुका है. इनमें 104 मेडिकल कॉलेज और दो स्नातकोत्तर संस्थाएं शामिल हैं. इसके अतिरिक्त परिवार नियोजन अपनाने वाली महिलाओं में गर्भाशय के कैंसर का शुरू में पता लगाने के लिए 60 मेडिकल कॉलेजों में पैप स्मियर परीक्षण सुविधा उपलब्ध हो गई है.

प्रेरणा तथा शिक्षा

भारत में परिवार कल्याण कार्यक्रम पूर्णतया स्वैच्छिक है. नगरों तथा दूर गाँवों में रहने वाले लगभग 13 करोड़ से अधिक पढ़े-लिखे और अनपढ़ प्रजनन-वय दम्पत्तियों तक पहुँचाने के लिए एक व्यापक जन-शिक्षण तथा प्रेरणा कार्यक्रम चलाया गया है. परिवार कल्याण विभाग का डाक द्वारा मुदित सामग्री भेजने वाला एकांश डाक द्वारा मुदित सामग्री सीधे उन नेताओं को भेजता है, जिनका जनमत पर प्रभाव है. पतों की सूची में 5 लाख पते इस समय जारी है. इसके अतिरिक्त यह एकांश दो मासिक पत्रिकाएं–अंग्रेजी में 'सेंटर कॉलिंग' और हिन्दी में 'हमारा घर' और दो त्रैमासिक प्रकाशन–अंग्रेजी में 'ई. पी. बुलेटिन' और हिन्दी में 'जन स्वास्थ्य रक्षक' को नियमित रूप से प्रकाशित कर रहा है.

क्षेत्रीय परियोजना

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बनाई गई आदर्श योजना के आधार पर 15 राज्यों के 67 जिलों को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण की आवश्यक सुविधाएं जुटाने के लिए सघन विकास हेतु तथा क्षेत्रीय परियोजना के अंतर्गत इन सुविधाओं को बढ़ाने के लिए चुना गया है. इस कार्यक्रम को विश्व बैंक, यू. एन. एफ. पी. ए., डी. ए. एन. आई. डी. ए., यू. एस. ए. आई. डी. तथा ओवरसीज़ डेवलपमेंट एजेंसी से कुछ वित्तीय सहायता मिलेगी. परियो-जनाएं इस ढंग से बनाई गई हैं कि लगभग 5 वर्षों तक स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण सेवाओं के लिए आवश्यक सुविधाएं और जन-शक्ति को जुटाया जा सके, जिससे यह समन्वित ढंग से एक स्तर को प्राप्त कर पाँच वर्ष की अवधि में देश के प्रत्येक भाग तक पहुँच जाएं.

सिविल सर्विस प्रिलिमिनरी परीक्षा 1988 का हल प्रश्न पत्र

सामान्य ज्ञान

1. मनुष्य खाद्य संग्रह युग से निकलकर खाद्य उत्पादन की अवस्था में कब आया?
   (A) नवपाषाण काल में
   (B) महापाषण काल में
   (C) ताम्र पाषाण काल में
   (D) पुरापाषाण काल में
2. डायट किस देश की संसद का नाम है?
   (A) इंगलैण्ड
   (B) संयुक्त राज्य अमरीका
   (C) जापान
   (D) फ्रान्स
3. जल कुम्भी 'वाटर हायसिन्थ' का सम्बन्ध होता है:
   (A) भरण सामग्री के रूप में और जल में
   (B) कुछ विष द्रव्यों के निराकरण के लिए
   (C) भरण सामग्री व पशु चारे में
   (D) जल से कुछ विशिष्ट प्रदूषकों के निराकरण के लिए
4. उल्ववेधन (Amniocentesis) पद्धति से क्या नापा जाता है?
   (A) पानी की शुद्धता
   (B) दूध की शुद्धता
   (C) खून की शुद्धता
   (D) इनमें से कोई नहीं
5. भारतीय भाषाशास्त्र का प्राचीनतम ग्रन्थ कौनसा है?
   (A) महाभारत (B) निरुक्त
   (C) अष्टाध्यायी (D) काशिकावृत्ति
6. किसका अध्ययन करके मानव मृत्यु का कारण जान सकते हैं?
   (A) माँसपेशियों का हिमायन व सोलेशन
   (B) परितारिका (Iris) का विस्फारण
   (C) त्वचा का विवर्ण होना
   (D) हृदय में खून का थक्का बनना
7. मथुरा मूर्तिकला में बनी मूर्तियाँ किसकी बनी हैं?
   (A) लाल पत्थर
   (B) भूरा पत्थर
   (C) सफेद पत्थर
   (D) इनमें से किसी की नहीं
8. किस भक्तिमार्गी ने अपने विचारों का प्रचार करने के लिए पुराणों के विषय को समाविष्ट करके ग्रन्थ रचे?
   (A) असमी भाषा के शंकर देव
   (B) बंगला भाषा के चंडीदास
   (C) मराठी भाषा के ज्ञानदेव
   (D) कन्नड भाषा के पुरन्दर दास
9. गर्भस्थ भ्रूण का विकास जानने के लिए किन किरणों का प्रयोग किया जाता है?
   (A) एक्स-रे (X-rays)
   (B) सूक्ष्म तरंगों (Micro Waves)
   (C) अल्ट्रासोनिक (Ultrasonic)
   (D) पराबैंगनी (Ultra Violet)
10. लार (Sliva) किसके पाचन में सहायक है?
    (A) स्टार्च (B) प्रोटीन
    (C) रेशे (Fibre) (D) वसा (Fat)
11. निम्नलिखित में से अधात्विक खनिज कौनसा है?
    (A) मैंगनीज (B) मैग्नीशियम
    (C) जिप्सम (D) बॉक्साइट
12. निम्नलिखित में कौनसा सुमेलित नहीं है?
    (A) इस्लाम–बोहरा
    (B) हिन्दू–आर्यसमाज

(C) जरथुस्म–बहाई
(D) ईसाई–मोरमोन

13. 'चरक संहिता' ग्रंथ किस पर लिखा गया है?
(A) आयुर्वेद पर
(B) सैनिक विधा पर
(C) खगोल विधा पर
(D) अर्थशास्त्र पर

14. चमड़े का मुख्य संघटक कौन है?
(A) कोलेजन (Collagen)
(B) बहुलक या (Polymer)
(C) कार्बोहाइड्रेट
(D) न्यूक्लीक अम्ल

15. जलवायु विषयक तथ्यों की सारणी

नगर	ताप (^0C) जनवरी	ताप (^0C) जुलाई	वर्षा (MM) जनवरी	वर्षा (MM) जुलाई
A	11	10	475	515
B	2	22	5	155
C	20	28	250	300
D	10	30	35	0.5

उपर्युक्त सारणी के आधार पर बताइए कि सामान्यतया कौनसे दो नगर समुद्र तट पर स्थित प्रतीत होते हैं?
(A) A और B (B) B और D
(C) C और D (D) A और C

16. समुद्र का जल वर्षा के जल से अधिक लवणयुक्त होता है, क्योंकि–
(A) नदियाँ अपने साथ लवण बहाकर लाती हैं
(B) समुद्र के अन्दर लवण की चट्टानें हैं.
(C) समुद्र के आस-पास का वातावरण लवणयुक्त होता है.
(D) समुद्र में रहने वाले जीव-जन्तु लवण उत्पन्न करते हैं.

17. भारत की जनसंख्या में प्रतिवर्ष 1½ करोड़ की वृद्धि होती जा रही है यह वृद्धि किस देश की जनसंख्या के बराबर है?
(A) सिंगापुर (B) पाकिस्तान
(C) आस्ट्रेलिया (D) बांग्लादेश

18. अन्तरिक्ष में मुक्त रूप से तैरता हुआ अन्तरिक्ष यात्री A, दूसरे अन्तरिक्ष यात्री B को धकेलता है. A का द्रव्यमान B से ज्यादा है, A द्वारा B पर डाला गया बल होगा–
(A) B द्वारा A पर डाले गए बल से कम
(B) B द्वारा A पर डाले गए बल से अधिक
(C) शून्य होगा
(D) B द्वारा A पर डाले गए बल के बराबर

19. पर्यावरण में अम्ल वर्षा का कारण क्या है?
(A) कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाईऑक्साइड
(B) नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर डाई ऑक्साइड
(C) कार्बन डाईऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड
(D) सल्फर डाईऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड

20. कौनसी नस्ल का मवेशी अधिक दूध देता है?
(A) राठी (B) थारपाकर
(C) हरियाणा (D) काकरेय नस्ल

21. नेवेली के अतिरिक्त लिग्नाइट कहाँ पाया जाता है?
(A) सिंगरेनी (B) चाँदा
(C) पलना (D) डिगबोई

22. 1981 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य का जनसंख्या घनत्व न्यूनतम है?
(A) मेघालय
(B) सिक्किम
(C) नागालैण्ड
(D) अरुणाचल प्रदेश

23. झूलती हुई मीनारें कहाँ पर स्थित हैं?
(A) फैजाबाद (B) अहमदाबाद
(C) सिकन्दराबाद (D) आगरा

24. ग्रामीण भारत में परम्परागत ऊर्जा का स्रोत नहीं है:
(A) लकड़ी (B) कंडे
(C) बायोगैस (D) जल विद्युत

25. बर्फ पर Scating का प्रयोग यह प्रदर्शित

करने के लिए किया जाता है, कि जब बर्फ दबाव के अधीन होती है तो–
(A) गलन बिन्दु नीचे चला जाता है.
(B) गलन बिन्दु में कोई अन्तर नहीं पड़ता.
(C) गलन बिन्दु ऊपर चला जाता है.
(D) धातु के साथ घर्षण का गुणांक कम हो जाता है.

26. नए खोजे गए उच्च ताप अतिचालक हैं:
(A) धातु-मिश्रण (Metal-Alloys)
(B) शुद्ध अप्राप्य भू-धातु (Pure Rare earth Metal)
(C) सेरेमिक ऑक्साइड (Ceramic Oxide)
(D) अकार्बनिक बहुलक (Inorganic Polymer)

27. एक अन्तरिक्ष यात्री चन्द्रमा में जाकर रबड़ का गुब्बारा हाइड्रोजन गैस से फुलाकर 2 मीटर ऊँचाई से छोड़े तो:
(A) गुब्बारा ऊपर चला जाएगा.
(B) गुब्बारा नीचे आ जाएगा.
(C) गुब्बारा वहीं रहेगा.
(D) इनमें से कोई नहीं

28. जिस सीमा को लाँघने में तारों में आन्तरिक निपात होता है, उसे कहते हैं:
(A) चन्द्रशेखर सीमा
(B) एडिंग्टन सीमा
(C) होयले सीमा
(D) फाउलर सीमा

29. पंचवर्षीय योजना के प्रस्तावों को अंतिम रूप कौन देता है?
(A) योजना आयोग
(B) योजना मंत्रालय
(C) संघीय मण्डल
(D) राष्ट्रीय विकास परिषद्

30. निम्नलिखित उद्योगों में से सर्वाधिक श्रमिक किस उद्योग में कार्यरत हैं?
(A) चीनी
(B) जूट
(C) लौह एवं इस्पात
(D) सूती कपड़ा

31. सातवीं पंचवर्षीय योजना में 'सूर्योदय' उद्योग को बढ़ावा देने की बात कही गई थी. सूर्योदय उद्योग क्या है?
(A) भारतीय आयात को बढ़ावा देना
(B) वे उद्योग जिनकी देश में तथा निर्यात बाजार में बड़ी मांग है.
(C) विदेशी मुद्रा को बढ़ावा देना
(D) इनमें से कोई नहीं

32. यहूदी समाज में भारत के उपनिवेशन का प्राचीनतम साक्ष्य निम्नलिखित राजा के दिए गए अधिकार पत्र में है:
(A) चोल राजा
(B) पांडव
(C) चेर राजा
(D) विजयनगर का राजा

33. यथामूल्य (Advalorem) शुल्क वह कर है, जिसका आधार होता है:
(A) पणय का मूल्यांकन
(B) एक मुश्त कर (Value added)
(C) विज्ञापन व्यय
(D) पणय की इकाई

34. निम्नलिखित में से किसके उत्पादन की उच्चतम प्रतिशतता विक्रय अधिशेष (Marketting Surplus) होगी?
(A) चावल (B) गेहूँ
(C) चना (D) तम्बाकू

35. भारतीय रुपए की विनिमय दर का निम्नलिखित में से किससे सम्बन्ध है?
(A) डॉलर (B) पाउण्ड
(C) रुपया (D) स्टर्लिंग

36. ऑस्कर एवार्ड पाने वाली 'Amedeus' अमेदियस फिल्म किसके जीवन पर आधारित थी?
(A) चोपिन (Chopin)
(B) मोजार्ट (Mozart)
(C) बाक (Back)
(D) बिथोवन (Beethoven)

37. वायुमण्डल के अभाव में आकाश का रंग कैसा होगा?

(A) लाल (B) काला
(C) नीला (D) सफेद

38. व्यापक मृदा अपरदन से भारत में एक नया द्वीप उत्पन्न हो गया है जिससे भारत को लाभ है, वह कहाँ पर हुआ है?
(A) गंगा के डेल्टा में
(B) केरल के तट पर
(C) कच्छ के तट पर
(D) गोदावरी के तट पर

39. भारत में कोई राजनीतिक दल राष्ट्रीय दल तभी कहलाता है:
(A) जब वह तीन राज्यों में सत्ता प्राप्त कर लेता है.
(B) जब वह चार या उससे अधिक राज्यों में सत्ता प्राप्त कर लेता है.
(C) जब वह सभी राज्यों के मतदान में भाग लेता है.
(D) इनमें से कोई नहीं.

40. न्यूफाउण्डलैण्ड के आस-पास हमेशा कोहरा छाया रहता है कारण–
(A) ठंडी और गर्म जल की धाराएं वहाँ आकर मिलती हैं.
(B) वहाँ पर हमेशा बर्फ पिघलती रहती है.
(C) वहाँ पर ओस पड़ती है.
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. वायुमण्डल में इन गैसों की मात्रा बढ़ते क्रम में लिखिए–
(A) ओजोन, कार्बन डाईऑक्साइड, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन
(B) नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, कार्बन डाईऑक्साइड, ओजोन
(C) ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, कार्बन डाईऑक्साइड, ओजोन
(D) नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, ऑरगन, कार्बन डाईऑक्साइड

42. दक्षिण गंगोत्री क्या है?
(A) इंगलैण्ड की एक वेधशाला
(B) भारत द्वारा अंटार्कटिका में, वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए शिविर का नाम
(C) रूस का अन्तरिक्ष स्थल
(D) भारत में भारी पानी का कारखाना

43. ग्रीष्म ऋतु में मनुष्यों और पशुओं का निम्नलिखित प्रदेशों से तुंग प्रदेशों में ऋतु-मूलक प्रवास क्या कहलाता है?
(A) NOMADISM MIGRATION
(B) TRANSHUMANCE MIGRATION
(C) PASTORALISN MIGRATION
(D) यायावरता

44. कैफीन, टैनीन, निकोटीन हैं–
(A) मंदक्षार (B) एल्केलाइड
(C) कोर्टिजोन (D) स्टेरोइड

45. मानव शरीर के तत्व ह्रास मान क्रम (Decreasing Order) में बताइए.
(A) कैल्सियम, लोहा, सोडियम, फास्फोरस
(B) कैल्सियम, लोहा, सोडियम, सल्फर
(C) सोडियम, लोहा, कैल्सियम, फास्फोरस
(D) फास्फोरस, लोहा, कैल्सियम, सोडियम

46. इड्डुकी कोयना और कोरबा में है:
(A) ताप विद्युत गृह
(B) तेल-शोधक कारखाना
(C) जल विद्युत
(D) इनमें से कोई नहीं

47. फारस वास्तुकला की कौनसी विशेषता है जिसे तुर्क भारत में लाए?
(A) नुकीली मेहराब व गुम्बद दोनों
(B) गुम्बद
(C) सिरदली मेहराब
(D) अनुप्रस्थ गुम्बद

48. शेरशाह का मकबरा कहाँ पर है?
(A) सहसाराम (B) दिल्ली
(C) आगरा (D) फतेहपुर

49. पंजाब व हरियाणा में Soil damage का प्रमुख कारण क्या है?
(A) वन कटाई
(B) खड्ड अपरदन
(C) चराई
(D) लवणता व जलाक्रान्ति

50. लौंग का उत्पादन कहाँ पर नहीं होता है?
(A) कर्नाटक (B) केरल
(C) राजस्थान (D) तमिलनाडु

51. वर्तमान में लोक सभा में प्रत्येक राज्य में सदस्य संख्या के आवंटन का आधार है:
(A) 1951 की जनगणना
(B) 1961 की जनगणना
(C) 1971 की जनगणना
(D) 1981 की जनगणना

52. निम्नलिखित में से कौनसा भारतीय रिजर्व बैंक से सम्बन्धित नहीं है?
(A) यूनिट ट्रस्ट ऑफ इण्डिया
(B) कृषि पुनर्वित्त निगम
(C) जीवन बीमा निगम
(D) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक

53. एक व्यापारी ने 87 रुपये के 10 किलोग्राम सेब खरीदे उसमें से 1 किलोग्राम खराब हो गए. अब वह इन्हें कितने में बेचे कि उसे 10% लाभ हो?
(A) रु. 9.90
(B) रु. 9.00
(C) रु. 10.63
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. एक 6 कोग (Cogs) पहिए के दाँते 14 कोग वाले दूसरे पहिए के दाँतों में फँसे हैं, जितने समय में छोटा पहिया 21 चक्कर लगाता है उतने में बड़ा पहिया कितने चक्कर लगाएगा?
(A) 12 (B) 49
(C) 9 (D) 4

55. न्यूट्रॉन की खोज किसने की थी?
(A) चैडविक (B) थामसन
(C) मैडम क्यूरी (D) हेनरी बेक्वेरल

56. ED, EP और ES क्रमशः डीजल इंजन, पैट्रोल इंजन, भाप इंजन की कुशलता के द्योतक हैं. कौनसा सही क्रम है?
(A) ED > EP > ES
(B) ED < EP < ES
(C) EP > ED > ES
(D) ED < EP < ES

57. माना सामान्य मूल्य सूचकांक (1970=100) इस समय 500 है इसका अर्थ है:
(A) सभी वस्तुओं और पण्यों के मूल्य पाँच गुने बढ़ गए हैं.
(B) उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्य पाँच गुने बढ़ गए हैं.
(C) किसी विशिष्ट सूची में सभी मदों के मूल्यों में 400% की वृद्धि होगी.
(D) मूल्य बढ़ गए और कुछ विशिष्ट सूची में मदों की भारित में वृद्धि हो गई.

58. प्रति विद्रोही (Contra rebels) सक्रिय हैं?
(A) निकारागुआ में (B) परागुए में
(C) ब्राजील में (D) अर्जेन्टाइना में

59. सुमेल करिए:
(a) कर्सनदास मूलजी
(b) दादा भाई नौरोजी
(c) दवेन्द्र नाथ ठाकुर
(d) हेनरी विलियम डेरिजियो
(1) तत्व बोधिनी सभा
(2) युवा बंग आंदोलन
(3) पारसी स्त्रियों की विधिक परिस्थिति के लिए संघर्ष
(4) कृषक आंदोलन
(5) गुजरात में विधवा पुनर्विवाह के लिए आंदोलन

	a	b	c	d
(A)	1	2	3	4
(B)	5	4	3	2
(C)	4	3	1	2
(D)	3	2	1	4

60. 'पक्षिपाद' डेल्टा कौनसी नदी का है?
(A) अमेजन (B) ब्रह्मपुत्र
(C) मिसीसिपी (D) नील

61. अकबर ने दीन-ए-इलाही की स्थापना की, इसका उद्देश्य था, कि
(A) हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच के भेद को समाप्त करना
(B) धर्मों के बीच भाई-चारा स्थापित करना
(C) जातीय और साम्प्रदायिक समन्वय

सुनिश्चित करना
(D) एक धार्मिक मण्डली की स्थापना करना

62. EFGH : DEFG :: OPQR : ?
कूट से सही उत्तर चुनिए.
(A) PQRS (B) NOPQ
(C) MNOP (D) QRST

63. रविवार-मार्च सम्बन्धित है तो बृहस्पति सम्बंधित है–
(A) जून (B) जुलाई
(C) अगस्त (D) सितम्बर

64. S व्यक्त करता है–ध्वनि ऊर्जा
E व्यक्त करता है–विद्युत ऊर्जा
M व्यक्त करता है–चुम्बकीय ऊर्जा किसी श्रव्य टेपरिकार्डर में अभिलेखन (रिकार्डिंग) और पुनः प्रस्तुति की सही अभिव्यक्ति होगी:
(A) E → S → M → S
(B) S → E → M → E → S
(C) E → M → E → S
(D) S → M → E → M → S

65. निम्नलिखित कूटों का सही मिलान करिए.
(a) मिंटो मार्ले सुधार
(b) मांटेग्यू चेम्सफोर्ड
(c) 1935 का सुधार अधिनियम
(d) क्रिप्स प्रस्ताव
(1) प्रान्तों में द्वैध शासन
(2) प्रान्तीय स्वशासन
(3) पृथक निर्वाचन पद्धति का आरंभ
(4) संविधान सभा की स्थापना की व्यवस्था

	a	b	c	d
(A)	1	2	3	4
(B)	4	3	2	1
(C)	3	1	2	4
(D)	2	1	3	4

66. निम्नलिखित में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?
(A) होल्ट मैकेन्जी–उत्तरी भारत में महलवारी बन्दोबस्त
(B) कार्नवालिस–सहायक प्रथा
(C) लार्ड रिपन–स्थानीय स्वशासन
(D) टॉमस मुनरो–रैयतवाड़ी बन्दोबस्त

67. सुमेल करिए–
परम्परागत जनजातीय हस्तशिल्प
(a) मृदु भाण्ड पोटरी
(b) काँच की चूड़ियाँ
(c) काष्ठ उत्कीर्णन–
(d) सिल्क–
उत्पादन का स्थान
1. फिरोजाबाद
2. त्रिवेन्द्रम
3. भागलपुर
4. मिर्जापुर

	a	b	c	d
(A)	4	1	2	3
(B)	3	4	2	1
(C)	2	1	3	4
(D)	4	2	1	3

68. सुमेल करिए–
(a) राजगोपालाचारी
(b) मदनमोहन मालवीय
(c) सोहनसिंह भाकना
(d) चिदम्बरम् पिल्ले
(1) गदर आंदोलन
(2) आत्म सम्मान आंदोलन
(3) हिन्दू महासभा
(4) स्वदेशी स्टीम नेवीगेशन कंपनी
(5) वेदारण्यम् नमक सत्याग्रह

	a	b	c	d
(A)	2	1	5	3
(B)	3	1	4	5
(C)	4	5	2	1
(D)	5	3	1	4

69. सुमेल करिए–
लेखक
(a) महात्मा गांधी
(b) सुभाष चन्द्र बोस
(c) एस. राधाकृष्णन्
(d) माइकेल एन्डरसन
पुस्तकें
(1) एक्सपैरीमैंटस विद अनट्रुथ

(2) हिन्दू व्यू ऑफ लाइफ
(3) दि स्ट्रगल
(4) माई एक्सपैरीमेंट्स विद ट्रुथ
(5) अनटोल्ड स्टोरी

	a	b	c	d
(A)	4	3	2	1
(B)	2	3	1	4
(C)	1	2	3	4
(D)	5	4	3	2

70. सुमेल करिए–

राज्य
(a) मध्य प्रदेश
(b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु
(d) उत्तर प्रदेश

मिट्टी के प्रकार
(1) लाल मिट्टी
(2) लैटेराइट मिट्टी
(3) काली मिट्टी
(4) एलुवियल मिट्टी

	a	b	c	d
(A)	2	1	3	4
(B)	2	3	1	4
(C)	1	2	3	4
(D)	4	3	2	1

71. सुमेल करिए–
(a) समताप रेखाएं
(b) सम वर्षा दर्शक रेखाएं
(c) समदाब रेखाएं
(d) हिम रेखा
(1) पहाड़ों पर पाई जाने वाली बर्फ की निम्न रेखा
(2) समान तापक्रम वाले स्थानों को जोड़ने वाली रेखा
(3) कम हवा के दबाव वाली रेखा
(4) समान वर्षा के स्थान को जोड़ने वाली रेखा
(5) समान हवा के दबाव के स्थान को जोड़ने वाली रेखा

	a	b	c	d
(A)	2	4	5	1
(B)	1	2	3	4
(C)	2	3	4	5
(D)	4	3	2	1

72. निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा सही है?

झील	राज्य
(A) डल	– राजस्थान
(B) लोकटक	– मणिपुर
(C) गल्ता	– उड़ीसा
(D) चिल्का	– कश्मीर

73. निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा सही है?

अम्ल	पदार्थ
(A) लैक्टिक अम्ल	– नीबू
(B) साइट्रिक एसिड	– दूध
(C) सैलिसिलिक एसिड	– तेल
(D) टारटेरिक एसिड	– अंगूर

74. निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा सही नहीं है?

देश	विशेषता
(A) जापान	– सूर्योदय का देश
(B) नार्वे	– आधीरात के सूर्य का देश
(C) सहस्त्र झीलों का देश	– फिनलैण्ड
(D) सफेद हाथियों का देश	– भूटान

75. निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा सही नहीं है?

उपकरण	उनके द्वारा नापी गई मात्रा
(A) एनिमोमीटर	– वायु की गति की माप
(B) अमीटर	– विद्युत का मापन
(C) आल्टीमीटर	– विमान की उड़ान की ऊँचाई
(D) ऑडियोमीटर	– ध्वनि की तीव्रता नापने में

76. निम्नलिखित में से किसका अकबर की केन्द्रीय सरकार में असाधारण महत्व का व सर्वोच्च स्थान था?
(A) वकील
(B) वजीर

(C) मीर बख्शी
(D) सदर-उस-सदर

77. अफ्रीका के मानचित्र में छायांकित क्षेत्र की जलवायु है:

(A) शीत शीतोष्ण महासागरीय जलवायु
(B) भूमध्य सागरीय जलवायु
(C) मानसूनी जलवायु
(D) उष्ण मरुस्थलीय जलवायु

78. मानचित्र में दिखाई गई नदी R है:

(A) नाइजर (Niger)
(B) औरेंज (Orange)
(C) काँगो (Congo)
(D) जम्बेजी (Zambezi)

79. मानचित्र में रेखांकित क्षेत्र की घास स्थली है:

(A) पैम्पाज (B) प्रेयरी
(C) सवाना (D) वेल्ड

80. $2x + 3y = 12$ का ग्राफ Y- अक्ष को निम्नलिखित बिन्दु पर काटेगा:
(A) (O, 4) (B) (O, 6)
(C) (4, O) (D) (6, O)

81. यदि 20 और 80 के बीच की n एक पूर्ण संख्या है तो निम्नलिखित में किसको छोड़कर कोई भी n + 7 हो सकती है?
(A) 47 (B) 58
(C) 84 (D) 88

निर्देश—नीचे के मानचित्र पर आधारित मान का अध्ययन कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए.

82. मानचित्र में X की स्थिति व्यक्त करती है बंदरगाह:

(A) बैंकाक (B) हांगकांग
(C) सिंगापुर (D) जकार्ता

83. मानचित्र का चिन्ह Y व्यक्त करता है–:
(A) स्याम की खाड़ी
(B) बंगाल की खाड़ी
(C) मलाया की खाड़ी
(D) दक्षिणी चीन समुद्र

84. मानचित्र में AA अंकित अक्षांश रेखा व्यक्त करती है:
(A) कर्क रेखा
(B) भूमध्य रेखा
(C) मकर रेखा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

85. नीचे के आरेख पर विचार करिए.

ऊपर के आरेख के अक्षर A B C और D एक समुद्र तट के पास की भूमि के आधारभूत भौतिक लक्षणों के अनुक्रम को व्यक्त करते हैं. सही क्रम की पहचान कीजिए.
(A) स्थल, महाद्वीपीय शेल्फ, महाद्वीपीय ढाल, गंभीर सागरीय मैदान
(B) स्थल, महाद्वीपीय ढाल, महाद्वीपीय शेल्फ, गंभीर सागरीय मैदान
(C) पर्वत, समुद्र तट, महाद्वीपीय ढाल, गंभीर सागरीय मैदान
(D) पहाड़ी, महाद्वीपीय ढाल, महाद्वीपीय गंभीर, गंभीर सागरीय मैदान

86. 'शाह फहद' रेखा कहाँ स्थित है?
(A) सऊदी अरब के आकाश क्षेत्र में
(B) अफगानिस्तान के आकाश क्षेत्र में
(C) ईरान के आकाश क्षेत्र में
(D) मिस्र के आकाश क्षेत्र में

87. अस्त होता हुआ सूरज पानी के अन्दर से गोताखोर को किस कोण पर दिखाई पड़ेगा?
(A) क्षितिज से 72^0 पर
(B) क्षितिज से 90^0 पर
(C) क्षितिज से 49^0 पर
(D) क्षितिज से 80^0 पर

88. भारतीय मानक समय (IST) किसके देशांतर के आधार पर निश्चित किया जाता है?
(A) 0^0 देशान्तर
(B) 180^0 पूर्वी अथवा पश्चिमी देशान्तर
(C) 82.5^0 पूर्वी देशान्तर
(D) 70^0 पूर्वी देशान्तर

89. बंधुआ मजदूर (Bonded Labour) है:
(A) जो जमींदारों से ऋण लेता है.
(B) जो ऋणदाता के पास रहकर कार्य करता है.
(C) जो कम ब्याज देता है.
(D) जो अपनी भूमि जमींदार को बेच देता है.

90. भारतीय मुद्रा को हाल ही में IMF द्वारा किस मुद्रा के बराबर मान्यता दी गई?
(A) पाउण्ड (B) एस. डी. आर.
(C) डॉलर (D) स्टर्लिंग

91. निम्नलिखित में से कौनसी तीन गर्म धाराएं हैं:
(A) गल्फस्ट्रीम, क्यूराइल, क्यूरोशिवो
(B) क्यूरोशिवो, क्यूराइल, केलीफोर्निया
(C) क्यूरोशिवो, गल्फ स्ट्रीम, मोजाम्बिक
(D) गल्फ स्ट्रीम, मोजाम्बिक, ब्राजील

92. परमाणु बम में प्रयोग किया जाता है:
(A) यूरेनियम–233
(B) यूरेनियम–238
(C) यूरेनियम–235
(D) थोरियम

93. Lingayat लिंगायट सम्प्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं?
(A) Nannayya (B) Basava
(C) Pampa (D) Panna

94. वायु की नाइट्रोजन का यौगिकीकरण निम्नलिखित में से कौनसी फसलें करती हैं?
(A) कॉफी (B) फलीदार
(C) कंद वाली (D) गेहूँ

95. एक व्यक्तिगत कम्पनी के समक्ष एक सीमेंट उद्योग लगाने की समस्या है. इस उद्योग को स्थापित करने हेतु निम्नलिखित में से किस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए?
(A) अधिक मात्रा में विद्युत
(B) अधिक मात्रा में चूने का पत्थर /डोलोमाइट
(C) अधिक मात्रा में श्रमिक
(D) अधिक मात्रा में कोयला

96. सुमेल करिए–
(a) बुलन्द दरवाजा
(b) कुतुबमीनार
(c) ताजमहल
(d) Quwwat-ul-Islam
(1) इल्तुतमिश
(2) शाहजहाँ
(3) अकबर
(4) कुतुबउद्दीन ऐबक
(5) शेरशाह सूरी

	a	b	c	d
(A)	4	3	2	1
(B)	3	1	2	4
(C)	4	2	1	3
(D)	1	2	3	4

97. निम्नलिखित में से थर्मोसेटिंग प्लास्टिकं है:
(A) पॉलीथीन
(B) बैकेलाइट
(C) पॉली विनाइल क्लोराइड
(D) केसीन

98. सुमेल करिए–
कलाकार
(a) टी. आर. महालिंगम
(b) शिव कुमार शर्मा
(c) उस्ताद सबरी खान
(d) जिया मुईनुद्दीन
(e) जाकिर हुसैन
वाद्य यंत्र (Musical Instruments)
(1) सारंगी
(2) रुद्रवीणा
(3) बाँसुरी
(4) संतूर
(5) तबला
निम्नलिखित कूटों में से कौनसा सही है?

	a	b	c	d	e
(A)	4	1	2	5	3
(B)	3	4	1	2	5
(C)	1	2	3	4	5
(D)	4	3	2	1	5

99. विश्व में सबसे छोटा महाद्वीप कौनसा है?
(A) अफ्रीका (B) ऑस्ट्रेलिया
(C) उत्तरी अमरीका (D) अंटार्कटिका

100. मृग मरीचिका का कारण क्या है?
(A) प्रकाश का अपवर्तन
(B) प्रकाश का पूर्ण आन्तरिक परावर्तन
(C) प्रकाश का पूर्ण परावर्तन
(D) इनमें से कोई नहीं

101. यदि पृथ्वी की सारी वनस्पति नष्ट हो जाए, तो सभी जीव-जन्तु मर जाएंगे–
(A) वर्षा के अभाव से
(B) हरियाली के अभाव से
(C) ऑक्सीजन के अभाव से
(D) कार्बन डाईऑक्साइड की अधिकता से

102. हवा से भरे एक गुब्बारे में इतना भार (W) है कि वह जल में इस प्रकार तैरता है जैसा कि चित्र में दिखाया गया है. यदि उसे पानी में कुछ दूर तक और धकेला जाए तो वह:

(A) डूबकर पेंदे में पहुँच जाएगा.
(B) जहाँ तक पानी में पहुँचा है वहीं बना रहेगा.
(C) अपनी मूल स्थिति में वापस आ जाएगा.

(D) कुछ और नीचे जाएगा पर पेंदे तक नहीं पहुँचेगा.

103. निम्नांकित आरेखों पर विचार करिए.

(a) चन्द्रमा पृथ्वी सूर्य
(b) पृथ्वी चन्द्रमा सूर्य

ऊपर के आरेखों में तीन की स्थिति बताई गई है जिनमें:

(A) केवल (a) स्थिति वृहत् ज्वार की दिग्दर्शक है.

(B) केवल (b) स्थिति वृहत् ज्वार की दिग्दर्शक है.

(C) (a) और (b) की स्थिति वृहत् ज्वार की दिग्दर्शक है.

(D) (a) और (b) की स्थिति वृहत् ज्वार की दिग्दर्शक नहीं है.

104. नीचे एक ऐसे द्रव का समय-ताप वक्र है जो गैस बर्नर पर गर्म किया जा रहा है ग्राफ देखकर निष्कर्ष निकालिए.

(A) द्रव A पर क्वथन (boiling) आरम्भ होता है

(B) गैस समाप्त होने से A पर गर्म होना बंद हो जाता है.

(C) द्रव का A पर पूरी तरह क्वथन हो जाता है.

(D) वक्र से किसी विशेष स्थिति का द्योतन नहीं होता.

105. निम्नांकित आरेख में एक संदूक है जो फीते से बंधा है. यदि मान लो कि गाँठ लगाने में 10 सेमी अतिरिक्त फीता आवश्यक हो तो संदूक को उपयुक्त रीति से बाँधने के लिए फीता चाहिए कम से कम लम्बा :

(A) 200 सेमी (B) 190 सेमी
(C) 180 सेमी (D) 160 सेमी

106. नीचे दिए गए विषयों के पारस्परिक सम्बंध को व्यक्त करने वाले इन आरेखों में से सर्वोत्तम को चुनिए.

विषय-समाज विरोधी तत्व (Anti-social elements) जेबकतरे (Pick Pocketers) भयादोहक (Black Mailers)

107. एक भेड़ S दो बिन्दुओं P और Q पर दो रस्सियों से बंधी है जो दोनों 15-15 मीटर लम्बी है. P और Q बिन्दुओं की परस्पर दूरी 20 मीटर है.
संलग्न आरेख देखें
नीचे के छायांकित क्षेत्रों में से कौनसा क्षेत्र ऐसा है, जिस पर भेड़ घूम फिर सकती है.

108. निम्नांकित रेखा चित्रों में त्रिभुज a b c का क्षेत्रफल 1 वर्ग इकाई है. समषटकोण DEFGHI का क्षेत्रफल है :

(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 6

109. निम्नलिखित आरेख दो मोटर चालकों a और b का पथ दर्शाता है जो P से Q की ओर जा रहे हैं, इस आरेख से यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि:

(A) a की औसत गति b से अधिक है
(B) b की औसत गति a से अधिक है
(C) a की औसत गति b के बराबर है
(D) a की औसत गति सदैव ही b से अधिक है.

110. नीचे दिए गए चार्ट में 1 वर्ष में आने वाले विदेशी पर्यटकों का स्वरूप प्रदर्शित है.

ऊपर के चार्ट के अनुसार 20-40 वर्ष के आयु वर्ग के अमरीकी पर्यटकों की संख्या जो वर्ष के दौरान आए हैं–

(A) 12,000 (B) 20,000
(C) 40,000 (D) 60,000

111. नीचे के आरेख में दिखाए गए वृत्त का परिमाप है:

(A) $4\sqrt{2}\pi$ (B) $8\sqrt{2}\pi$
(C) 8π (D) 16π

112. नीचे दो यानों a और b का वेग-समय ग्राफ है. ये दोनों यान अविचल स्थिति से एक साथ यात्रा आरम्भ करते हैं. इस ग्राफ से निष्कर्ष निकलता है:

(A) a का त्वरण b से अधिक है
(B) b का त्वरण a से अधिक है
(C) a का त्वरण b के त्वरण की तुलना में मंदगति से बढ़ता है.
(D) b का वेग a के वेग से अधिक है.

113. नीचे एक ही क्षेत्र और एक ही माध्य वाले x और y का वितरण आरेखित है. इस आरेख से यह निष्कर्ष निकलता है कि:

(A) x का परिक्षेपण y की तुलना में अधिक है
(B) y का परिक्षेपण x की तुलना में अधिक है
(C) x और y दोनों का परिक्षेपण समान है
(D) इनके परिक्षेपणों की तुलना संभव नहीं है.

114. नीचे की सारणी में बताया गया है कि दो छात्रों ने विविध विषयों में कितने-कितने अंक प्राप्त किए. छात्रों के माध्य समुच्चयी प्रतिशत अंकों में अन्तर है:

	छात्र A	अधिक-तक अंक	छात्र B	अधिक-तम अंक
अंग्रेजी	60	100	80	150
मनो-विज्ञान	70	100	70	100
इतिहास	50	100	60	100
संस्कृत	30	50	15	25

(A) 2.5% (B) 13.75%
(C) 1.25% (D) शून्य

115. संलग्न ग्राफ में एक परिवार का एक वर्ष का जनवरी से मई तक खाद्य वस्तुओं और अन्य वस्तुओं पर किया गया संचयी व्यय आरेखित है. इस ग्राफ से यह निष्कर्ष निकलता है कि खाद्य वस्तुओं और अन्य वस्तुओं दोनों पर एक साथ अधिकतम व्यय हुआ.

(A) जनवरी–फरवरी
(B) मार्च–अप्रैल
(C) अप्रैल–मई
(D) उपर्युक्त सभी

116. विचार करिए. निम्नलिखित कूटों से सही उत्तर चुनिए.

117. नीचे का आरेख abcd आयत है जो क्षैतिज समतल है. e तथा f क्रमशः d तथा c पर ऊर्ध्वाधर हैं. be की लम्बाई है:

(A) 200 सेमी (B) 250 सेमी
(C) 300 सेमी (D) 350 सेमी

118. प्रवाल (Coral) क्या है?
(A) एक वन काष्ठ
(B) एक समुद्री जीव
(C) एक जड़ी-बूटी
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

119. अंतरिक्ष अनुसंधान में जो शैवाल (Algae) प्रयोग में लाया गया है:–
(A) नासटॉक
(B) क्लोरेला
(C) यूलोथ्रिक्स
(D) पोलीसाइफोनिया

120. भारतीय वायुसेना में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित एवं प्रहारक क्षमता में परिष्कृत कुछ विमान शामिल किए गए हैं. बताइए कि सर्वाधिक प्रहारक एवं आधुनिकतम विमान इनमें से कौनसा है?
(A) मिग–27 (B) मिग–25
(C) मिग–29 (D) मिग–31

121. सुमेल करिए–
लेखक
(a) महात्मा गांधी
(b) राममनोहर लोहिया
(c) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
पुस्तकों के नाम
(1) इण्डिया डिवाइडेड (India Divided)
(2) इण्डिया विन्स फ्रीडम (India Wins Freedom)
(3) हिन्द स्वराज (Hind Swaraj)
(4) द व्हील ऑफ हिस्ट्री (The Wheel of History)

	a	b	c	d
(A)	3	4	2	1
(B)	1	3	4	2
(C)	2	1	3	4
(D)	4	2	1	3

122. भारतीय संविधान में 'आर्थिक न्याय' (Economic Justice) का उल्लेख किस स्थान पर किया गया है?
(A) प्रस्तावना एवं मौलिक अधिकारों के अन्तर्गत
(B) मौलिक अधिकारों एवं नीति निर्देशक तत्वों के अन्तर्गत
(C) प्रस्तावना, मौलिक अधिकार एवं नीति निर्देशक तत्वों के अन्तर्गत
(D) प्रस्तावना एवं नीति निर्देशक तत्वों के अन्तर्गत

123. निम्नांकित किस देश में तीन सदनीय विधायिका का प्रावधान है?
(A) श्रीलंका
(B) मालदीव
(C) दक्षिणी अफ्रीका
(D) फिजी

124. एक छात्र द्वारा किसी पेड़ के तने की छाल में जमीन से 2.5मीटर की ऊँचाई पर एक स्थाई निशान बना दिया गया जबकि उस पेड़ की ऊँचाई 10 मीटर थी. बताइए कि दस साल बाद यह निशान किस ऊँचाई पर होगा जबकि पेड़ की ऊँचाई इस अवधि में 15 मीटर हो गई?
(A) 7.5 मीटर पर जमीन से
(B) 5 मीटर पर जमीन से
(C) 2.5 मीटर पर जमीन से
(D) इनमें से कोई नहीं

125. किस नदी के किनारों पर खुदाई करने पर प्राप्त अवशेषों के अध्ययन से हाल ही में यह ज्ञात हुआ कि सिन्धु घाटी सभ्यता का प्रसार दक्षिण तक था?
(A) महानदी (B) कावेरी
(C) कृष्णा (D) तुंगभद्रा

126. निम्नलिखित में से किसको उपराष्ट्रपति के चुनाव में वोट देने का अधिकार है परन्तु राष्ट्रपति के चुनाव में नहीं?
(A) राज्य सभा के निर्वाचित सदस्यों को
(B) लोक सभा के निर्वाचित सदस्यों को
(C) मनोनीत संसद सदस्यों को
(D) केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के उन सदस्यों को जो दोनों सदनों में से किसी के भी सदस्य नहीं है.

127. मोटर कार द्वारा निष्कासित निम्नलिखित में से किनके द्वारा कैन्सर रोग का प्रकोप हो सकता है?
(A) कार्बन मोनो-ऑक्साइड
(B) पॉलीसाइक्लिक हाइड्रोकार्बन्स्
(C) नाइट्रोजन के ऑक्साइड
(D) इनमें से किसी से नहीं

128. a तथा b दो परिवारों का विविध वस्तुओं पर व्यय निम्नलिखित दो बार चार्ट्स द्वारा दर्शित किया गया है:

परिवार (a) 20,000 प्रति वर्ष   परिवार (b) 10,000 प्रति वर्ष

उपर्युक्त चार्ट्स में हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि–
(A) a परिवार ने b परिवार से भोजन पर अधिक व्यय किया
(B) a परिवार ने b परिवार से भोजन पर अधिक व्यय किया
(C) a परिवार व b परिवार दोनों ने भोजन पर समान धन व्यय किया
(D) भोजन पर a तथा b परिवारों के व्यय की तुलना नहीं हो सकती.

129. सही मिलान कीजिए–
सूची 1
(a) क्यूसेक
(b) बाइट
(c) रिक्टर
(d) बार
सूची 2
(1) दाब
(2) भूकम्प की तीव्रता
(3) प्रवाह दर
(4) कम्प्यूटर मेमोरी

	a	b	c	d
(A)	2	4	3	1
(B)	3	4	2	1
(C)	3	2	1	4
(D)	4	1	2	3

130. सही मिलान कीजिए–
सूची 1
(a) बॉक्साइट
(b) हेमेटाइट
(c) गेलेने
(d) मोनाजाइट
सूची 2
(1) सीसा
(2) थोरियम
(3) एल्यूमिनियम
(4) लोहा

	a	b	c	d
(A)	4	2	1	3
(B)	3	1	4	2
(C)	3	4	1	2
(D)	2	4	3	1

131. निम्नलिखित में से कौनसा/से ठीक प्रकार मिलान किए गए हैं?
(a) केशव चन्द्र सेन
(b) महादेव गोविन्द रानाडे
(c) स्वामी विवेकानन्द
(1) प्रार्थना समाज
(2) ब्रह्म समाज
(3) रामकृष्ण मिशन
(A) 1 व 2
(B) 2 व 3

(C) 1 व 3
(D) केवल 1

132. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही है?
(A) बदायूँनी–अकबरनामा
(B) अब्दुल हमीद लाहोरी–तबकत-ए-अकबरी
(C) निजामुद्दीन अहमद–बादशाहनामा
(D) अबुल फजल–आइन-ए-अकबरी

133. सही मिलान कीजिए–
सूची 1
(a) ऋग्वेद
(b) यजुर्वेद
(c) सामवेद
(d) अथर्ववेद
सूची 2
(1) संगीमय स्तुति गीत
(2) स्तुति गीत एवं कर्मकाण्ड
(3) जादू-टोना
(4) स्तुति गीत एवं प्रार्थना

	a	b	c	d
(A)	3	2	4	1
(B)	4	1	2	3
(C)	4	2	1	3
(D)	2	3	1	4

134. सही मिलान कीजिए–
सूची 1
(a) अमरावती
(b) अहोले
(c) थन्जाबुर
(d) हेलबिड
सूची 2
(1) होयसाल
(2) चोल
(3) सातवाहन
(4) चालुक्य

	a	b	c	d
(A)	3	4	2	1
(B)	1	2	3	4
(C)	2	3	1	4
(D)	4	3	1	2

135. मिलाइए–
सूची 1 (नेता)
(a) नेहरू
(b) अम्बेडकर
(c) गांधी
(d) सप्रू एवं जयकर
सूची 2 (1942 के क्रिप्स मिशन पर विचार)
(1) आगे की तारीख का चैक
(2) वायसराय की निरंकुश शक्ति बनी रहेगी
(3) यह पिछड़े वर्गों के लिए सर्वाधिक हानिकारक होगी
(4) एक से अधिक संघों का निर्माण घातक होगा.

	a	b	c	d
(A)	1	2	3	4
(B)	2	3	1	4
(C)	4	3	2	1
(D)	3	4	2	1

136. सही मिलाइए–
सूची 1 (कलाकार)
(a) अली अकबर खाँ
(b) येहूदी मेनहुइन
(c) रविशंकर
(d) हरि प्रसाद चौरसिया
सूची 2 (वाद्य)
(1) बाँसुरी
(2) सरोद
(3) सितार
(4) वायलिन

	a	b	c	d
(A)	4	3	1	2
(B)	1	2	3	4
(C)	2	4	3	1
(D)	2	3	4	1

137. निम्नलिखित में से किस कारण से गुजरात में लगातार चार वर्षों में सूखा पड़ा?
(A) निरन्तर मानसून न आने से
(B) व्यापारिक हवाओं की दिशा बदलने से
(C) पश्चिमी गड़बड़ियों से
(D) जंगलों के कट जाने से

138. श्रीलंका प्रसारण निगम 25 मीटर बैण्ड से अपने कार्यक्रम प्रसारित करता है. बताइए कि वह प्रसारण किस आवृत्ति पर करता है?
(A) 1.2 मेगा हर्ट्ज
(B) 12 मेगा हर्ट्ज
(C) 12 किलो हर्ट्ज
(D) 120 हर्ट्ज

139. एक धावक ने दावा किया कि 100 मीटर दौड़ का समय ठीक किया जाए क्योंकि दौड़ प्रारम्भ करने का संकेत 10मीटर दूर से दिया गया था और समय लिखने वाला बन्दूक के समीप था. इस कारण से कितनी गलती (सेकिण्ड में) सम्भव थी?
(A) 0.5 (B) 0.7
(C) 0.03 (D) 0.1

140. यदि केमरा a का +4.5 लेन्स (Lens) है तथा दूसरे केमरा b का +2.8 लेन्स है तथा दोनों का व्यास समान है तो–
(A) b से लिया गया चित्र सदैव अधिक स्पष्ट होगा
(B) a से लिया गया चित्र सदैव अधिक स्पष्ट होगा
(C) a चलती वस्तुओं का चित्र लेने को श्रेष्ठतर है
(D) b चलती वस्तुओं का चित्र लेने को श्रेष्ठतर

141. निम्नलिखित में से कौनसा हड्डी का तत्व नहीं है?
(A) कार्बन
(B) कैल्शियम
(C) ऑक्सीजन
(D) फॉसफोरस

142. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का निम्नलिखित में से कौनसा आदर्श है?
(A) व्यापारिक बैंकों की भाँति कार्य करती हैं
(B) सहकारी संस्थाओं से कम ब्याज दर लेती हैं
(C) निश्चित वर्गों को सहायता देती हैं
(D) नवीन आदर्शों पर काम करती हैं.

निर्देश–प्रश्न 143–148 निम्नलिखित प्रश्नों में दो वक्तव्य दिए गए हैं. उनमें से एक कथन (A) है तथा दूसरा कारण (R) है. दोनों वक्तव्यों का परीक्षण सावधानी से कीजिए तथा निश्चित कीजिए कि क्या (A) तथा (R) दोनों अलग-अलग सत्य हैं और यदि ऐसा है तो क्या कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है? अपना उत्तर निम्नलिखित के अनुसार चयन कीजिए.
(A) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है.
(B) A तथा R दोनों सही हैं किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है.
(C) A सही है किन्तु R गलत है
(D) A गलत है और R सही है

143. A- 19 वीं शताब्दी में भारत उपनिवेशवाद का शिकार हुआ
R-औद्योगिक क्रान्ति के फलस्वरूप और अधिक बाजारों की आवश्यकता बढ़ती गई.
(A) (B)
(C) (D)

144. A- एक शुष्क सैल को पुनः आवेशित नहीं किया जा सकता है.
R- शुष्क सैल में रासायनिक प्रतिक्रिया परिवर्तनीय है.
(A) (B)
(C) (D)

145. A- भारत के प्राचीन इतिहास में चरागाह जीवन के पश्चात् शहरीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई.
R- हड़प्पा की सभ्यता नगरीय सभ्यता थी.
(A) (B)
(C) (D)

146. A- भारतीय संविधान अधिकतर ब्रिटिश संसदीय पद्धति पर आधारित है.
R- भारत के द्वितीय सदन को न्यायिक शक्तियाँ प्राप्त हैं.
(A) (B)
(C) (D)

147. A- कीड़े-मकोड़े मनुष्य को लाभकारी हैं
R- कीड़े-मकोड़े पोधों में नाइट्रोजन का नियन्त्रीकरण करते हैं

(A) (B)
(C) (D)

148. A- शोधक सरलता से तेल लगे कपड़ों का तेल व मैल दूर करते हैं.
B- शोधक पानी की सतह के तनाव को बढ़ाते है.

(A) (B)
(C) (D)

उत्तरमाला

1. (A)	2. (C)	3. (D)	4. (D)
5. (A)	6. (A)	7. (A)	8. (D)
9. (C)	10. (A)	11. (C)	12. (C)
13. (A)	14. (A)	15. (D)	16. (A)
17. (C)	18. (D)	19. (B)	20. (B)
21. (A)	22. (D)	23. (B)	24. (C)
25. (A)	26. (C)	27. (B)	28. (A)
29. (D)	30. (D)	31. (B)	32. (C)
33. (B)	34. (D)	35. (A)	36. (B)
37. (B)	38. (A)	39. (D)	40. (A)
41. (A)	42. (B)	43. (B)	44. (B)
45. (A)	46. (A)	47. (A)	48. (A)
49. (D)	50. (C)	51. (C)	52. (A)
53. (C)	54. (C)	55. (A)	56. (C)
57. (A)	58. (A)	59. (C)	60. (C)
61. (C)	62. (B)	63. (B)	64. (D)
65. (C)	66. (B)	67. (A)	68. (D)
69. (A)	70. (B)	71. (A)	72. (B)
73. (D)	74. (D)	75. (B)	76. (A)
77. (D)	78. (B)	79. (D)	80. (A)
81. (A)	82. (C)	83. (A)	84. (B)
85. (A)	86. (A)	87. (C)	88. (C)
89. (B)	90. (B)	91. (D)	92. (C)
93. (B)	94. (B)	95. (B)	96. (B)
97. (B)	98. (B)	99. (B)	100. (B)
101. (C)	102. (B)	103. (C)	104. (A)
105. (B)	106. (C)	107. (C)	108. (D)
109. (B)	110. (A)	111. (C)	112. (A)
113. (D)	114. (D)	115. (B)	116. (B)
117. (B)	118. (B)	119. (B)	120. (C)
121. (A)	122. (D)	123. (C)	124. (C)
125. (C)	126. (C)	127. (B)	128. (C)
129. (B)	130. (C)	131. (C)	132. (D)
133. (C)	134. (A)	135. (B)	136. (C)
137. (A)	138. (B)	139. (C)	140. (B)
141. (A)	142. (C)	143. (D)	144. (C)
145. (B)	146. (A)	147. (C)	148. (C)

राजस्थान लोक सेवा आयोग
शुद्धि-पत्र

आयोग के विज्ञापन संख्या 1/ परीक्षा /89-90 दिनांक 18-1-90 के अंतर्गत राजस्थान राज्य सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 1989-90 हेतु केवल सामान्य अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा में बैठने के लिए अब तीन अवसरों के स्थान पर बढ़ाकर चार अवसर कर दिए गए हैं.

आवेदन-पत्र कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि 9-4-90 से बढ़ाकर अब 25-4-90 (सायं पाँच बजे) कर दी गई है. अन्य शर्तें यथावत् हैं.

नोट–विस्तृत जानकारी दिनांक 1-2-90 के 'राजस्थान रोजगार संदेश' में देखें.

एन. डी. ए. परीक्षा, 1987 का हल प्रश्न-पत्र

सामान्य ज्ञान

1. "स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा." यह किसका कथन है?
   (A) गोपाल कृष्ण गोखले
   (B) सरदार बल्लभ भाई पटेल
   (C) बाल गंगाधर तिलक
   (D) सुभाष चन्द्र बोस
2. ख्वाजा अहमद अब्बास थे–
   (A) प्रसिद्ध उर्दू शायर
   (B) सुप्रसिद्ध पत्रकार तथा फिल्म निर्माता
   (C) राजनीतिज्ञ
   (D) इनमें से कोई नहीं
3. एक स्कूली लड़की, जिसने हाल ही में ब्रिटिश चैनल तैरकर पार किया है–
   (A) अनीता सूद (B) आरती प्रधान
   (C) अलका याज्ञनिक (D) पापिया दत्ता
4. सलीम अली थे–
   (A) खिलाफत आंदोलन के प्रणेता
   (B) पक्षी-विज्ञान में शोधकर्ता
   (C) भू-गर्भशास्त्री
   (D) इतिहासकार
5. हवाई जहाज का आविष्कार किसने किया?
   (A) राइट ब्रदर्स
   (B) ग्राह्म बैल
   (C) जीस
   (D) इनमें से कोई नहीं
6. भारत में कहवा का मुख्य उत्पादक राज्य है–
   (A) कर्नाटक (B) आंध्र प्रदेश
   (C) तमिलनाडु (D) केरल
7. निम्नलिखित में से किस चीज के निर्यात से सबसे अधिक विदेशी मुद्रा आती है?
   (A) चाय (B) कहवा
   (C) जूट (D) गन्ना
8. हुगली नदी क्षेत्र किसलिए प्रसिद्ध है?
   (A) जूट (B) कहवा
   (C) गन्ना (D) बाजरा
9. भारत के पश्चिमी तट पर वर्षा कैसे होती है?
   (A) दक्षिण-पूर्व के मानसून के लौटकर पर्वत से टकराने के कारण
   (B) दैवयोग से
   (C) प्राकृतिक स्वरूप के कारण
   (D) इनमें से कोई नहीं
10. भारत की दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है–
    (A) बंगाली (B) तमिल
    (C) तेलुगू (D) उर्दू
11. सही युग्म बताइए–
    खनिज अयस्क
    (i) लोहा-पायराइट
    (ii) जिंक-बॉक्साइट
    (iii) अभ्रक-हेमेटाइट
    (iv) कोयला-लिग्नाइट
    (A) (i) तथा (ii) सही हैं
    (B) (ii) तथा (iii) सही हैं
    (C) (i) तथा (iv) सही हैं
    (D) सभी गलत हैं
12. सार्क (SAARC) का स्थाई मुख्यालय कहाँ है?
    (A) नई दिल्ली (B) कोलम्बो
    (C) काठमाण्डू (D) इस्लामाबाद
13. हाल ही में भारत का कौनसा उपग्रह नष्ट हुआ है?
    (A) एप्पल (B) इन्सेट–1 बी
    (C) ए.एस.एल.वी.–3 (D) आर्यभट्ट
14. सही युग्म कौनसा है?
    (i) टाटा–लोहा तथा इस्पात उद्योग
    (ii) मथुरा–हवाई जहाज निर्माण

(iii) सिन्दरी–खाद कारखाना
(iv) विशाखापट्नम–जलयान निर्माण
(A) (i) तथा (ii) गलत हैं
(B) (i), (iii), (iv) सही हैं
(C) केवल (ii) सही है
(D) सभी गलत हैं

15. राष्ट्रपति का चुनाव होता है–
(A) लोक सभा के सदस्यों द्वारा
(B) संसद के दोनों सदनों तथा राज्य विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा
(C) प्रधानमंत्री तथा मुख्य न्यायाधीश द्वारा
(D) इनमें से किसी के द्वारा नहीं

16. कौनसा पंचशील का सिद्धान्त नहीं है?
(A) सौहार्दता तथा मैत्री
(B) आपसी आयात-निर्यात को बढ़ावा
(C) आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना
(D) इनमें से कोई नहीं

17. भारतीय राष्ट्रीय संविधान कब लागू हुआ?
(A) 29 जनवरी, 1930
(B) 15 अगस्त, 1947
(C) 29 नवम्बर, 1949
(D) 26 जनवरी, 1950

18. इनमें से कौनसा सही क्रम (Sequence) होगा?
(i) सती प्रथा बन्द
(ii) अंग्रेजी शिक्षा लागू
(iii) रेल-डाकतार का प्रारम्भ
(A) (i), (ii) और तब (iii)
(B) (ii), (i) और तब (iii)
(C) (iii), (ii) और तब (i)
(D) (i), (iii) और तब (ii)

19. प्रथम पंचवर्षीय योजना शुरू की गई–
(A) 1950 में (B) 1951 में
(C) 1952 में (D) 1953 में

20. इनमें से सबसे बाद में आने वाला विदेशी यात्री था–
(A) ह्वानसांग (B) मार्को पोलो
(C) अलबरूनी (D) वास्कोडिगामा

21. किसके राज्य काल में एलोरा (Ellora) में कैलाश मंदिर बना था?
(A) चोल वंश (B) राष्ट्रकूट वंश
(C) चालुक्य वंश (D) पल्लव वंश

22. ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता सच्चिदान[illegible] राउतराय किस भाषा के कवि हैं?
(A) उड़िया (B) बंगाली
(C) मैथिली (D) कन्नड़

23. वोमेश चन्द्र बनर्जी थे–
(A) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्य[illegible]
(B) खगोलविद्
(C) क्रान्तिकारी नेता
(D) बंगाल के मुख्यमंत्री

24. औद्योगिक क्रान्ति सर्वप्रथम कहाँ शुरू हु[illegible] थी?
(A) इंगलैण्ड में
(B) फ्राँस में
(C) इटली में
(D) उपर्युक्त में से कहीं नहीं

25. फ्राँस की राज्य-क्रान्ति किसके शासनकाल [illegible] हुई?
(A) लुई 15 वाँ
(B) लुई सोलहवाँ
(C) लुई प्रथम
(D) किसी के शासनकाल में नहीं

26. ब्रिटिश सरकार ने प्रथम भारतीय स्वतन्त्र[illegible] विचार को क्यों स्थगित कर दिया?
(A) द्वितीय विश्व युद्ध के कारण
(B) गांधी जी की मृत्यु के कारण
(C) भारतीय क्रान्तिकारियों की कारगु[illegible] जारियों के कारण
(D) उपर्युक्त सभी गलत हैं

27. भारत का सर्वाधिक गेहूँ उत्पादक राज्य है-
(A) पंजाब (B) हरियाणा
(C) बंगाल (D) उत्तर प्रदेश

28. भारत का गन्ने का सर्वाधिक उत्पादक राज[illegible] है–
(A) बिहार (B) उत्तर प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश (D) पंजाब

29. असहयोग आंदोलन का मुख्य उद्देश्य था–
(A) नीलहों पर हो रहे अत्याचार को हटान[illegible]
(B) स्वराज की स्थापना

(C) प्रथम विश्व युद्ध से भारत को बचाना
(D) इनमें से कोई नहीं

30. गांधी जी के डांडी मार्च का उद्देश्य था–
(A) नमक बनाकर कानून का उल्लंघन
(B) साइमन कमीशन का बहिष्कार
(C) ब्रिटिश वस्तुओं (Goods) का बहिष्कार
(D) लोकप्रियता

31. श्रीलंका-भारत शान्ति समझौता हुआ–
(A) 1985 में (B) 1986 में
(C) 1987 में (D) 1984 में

32. भारत में सदाबहार वन पाए जाते हैं–
(A) सुन्दरवन में
(B) हिमालय की तराई में
(C) सतुपड़ा के जंगलों में
(D) मध्य प्रदेश में

33. दक्षिण गंगोत्री में सूर्य कब से दिखाई पड़ता है?
(A) मध्य जनवरी से
(B) मध्य मार्च से
(C) मध्य जून से
(D) मध्य फरवरी से

34. पहले क्रान्तिकारी थे, पर बाद में दार्शनिक की तरह हो गए–
(A) वीर सावरकर
(B) वोमेश चन्द्र बनर्जी
(C) महमूद राणा
(D) अरबिन्द घोष

35. तृष्णा क्या है?
(A) भारत की वह नौका जो संसार का भ्रमण कर आई
(B) भारत का युद्धपोत
(C) मृगतृष्णा
(D) इजराइल का युद्धपोत जो डूब गया

36. विटामिन C के लिए स्रोत हैं–
(A) आम, गाजर, हरी सब्जियाँ
(B) पालक, तूत, अमरूद
(C) आँवला, टमाटर, नीबू
(D) सभी सही हैं

37. बेरी-बेरी रोग होता है–
(A) विटामिन D की कमी से
(B) विटामिन B की कमी से
(C) विटामिन A की कमी से
(D) विटामिन K की कमी से

38. रतौंधी होता है–
(A) विटामिन A की कमी से
(B) विटामिन B की कमी से
(C) विटामिन C की कमी से
(D) विटामिन D की कमी से

39. Barbarous का समकक्ष अर्थ है–
(A) Cruel (B) Nice
(C) Uncivilized (D) Kind

40. एक्स-रे (X-Ray) का उपयोग है–
(A) समुद्र में पड़े जहाज को देखने के लिए
(B) मनुष्य की आन्तरिक अस्थि संरचनाओं को दिखाने के लिए
(C) कैंसर के उपचार के लिए
(D) भू-गर्भ के खनिजों को ऊपर से देखने के लिए

41. निम्नलिखित में सबसे कठोर चीज है–
(A) कोयला (B) हीरा
(C) लोहा (D) शुष्क पत्थर

42. निम्नांकित में कौनसा भौतिक परिवर्तन है?
(A) दूध का खट्टा होना
(B) गन्ने के रस से सिरके का उत्पादन
(C) पानी तथा चीनी से शर्बत का बनना
(D) कोयले से हीरे का बनना

43. सूर्य से पृथ्वी तक प्रकाश आता है–
(A) चालन विधि से
(B) विकिरण द्वारा
(C) संवहन द्वारा
(D) इनमें से किसी से नहीं

44. पुरा-भारतीयों ने सबसे पहले किस धातु का प्रयोग किया था?
(A) काँसा (B) ताँबा
(C) पीतल (D) लोहा

45. प्रकाश का विसरण (diffusion) आकाश में किसके द्वारा होता है?
(A) बादल
(B) धूल-कण

(C) हाइड्रोजन गैस
(D) इनमें से कोई नहीं

46. पानी (H_2O) में क्या है?
(A) O_2 & H_2
(B) H & CO
(C) H & CO_2
(D) उपर्युक्त सभी गलत हैं

47. धातु का हवा की अनुपस्थिति में गलन कराना कहलाता है–
(A) Roasting (B) Calcination
(C) Polarisation (D) Vaporisation

48. चावल का मुख्य उत्पादक राज्य है–
(A) बिहार (B) पश्चिम बंगाल
(C) उत्तर प्रदेश (D) पंजाब

49. ठक्कर-नटराजन आयोग गठित किया गया है–
(A) श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या के बाद हुए दिल्ली के दंगों की जाँच के लिए
(B) फेयर फैक्स सौदे की जाँच के लिए
(C) तमिल समस्या सुलझाने के लिए
(D) इनमें से कोई नहीं

50. F_2O में O की ऑक्सीकरण संख्या है–
(A) 1 (B) + 2
(C) - 1 (D) - 2

51. ब्रह्म समाज के संस्थापक थे–
(A) राजा राममोहन राय
(B) स्वामी विवेकानन्द
(C) दयानन्द सरस्वती
(D) रामकृष्ण परमहंस

52. प्राथमिक शिक्षा (Basic Education) पर किसने ध्यान दिया?
(A) सरोजिनी नायडू
(B) महात्मा गांधी
(C) राजा राममोहन राय
(D) विवेकानन्द

53. प्रेशर कुकर में खाना जल्दी क्यों पकता है?
(A) दाब अधिक होने से उसमें जल का क्वथनांक (Boiling Point) बढ़ जाने से
(B) जल का क्वथनांक कम हो जाने से
(C) वाष्पीकरण से
(D) उपर्युक्त सभी गलत हैं

54. इनमें विद्युत का सर्वश्रेष्ठ चालक कौन है?
(A) ताँबा (B) लोहा
(C) सोना (D) एल्यूमिनियम

55. स्टेपी क्या है?
(A) आस्ट्रेलिया के घास के मैदान
(B) एशिया (मध्य)-यूरोप के घास के मैदान
(C) अफ्रीका के घास के मैदान
(D) इनमें से कोई नहीं

56. कौनसा देश संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य नहीं है?
(A) इजराइल
(B) मिस्र
(C) स्विट्जरलैण्ड
(D) इनमें से कोई नहीं

57. हमारे देश की सेना के तीनों अंगों का प्रधान होता है–
(A) प्रधानमंत्री
(B) रक्षा मंत्री
(C) राष्ट्रपति
(D) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

58. 'Dry ice' कहलाता है–
(A) O_2 का संघनित रूप
(B) H_2O का संघनित रूप (शुष्क)
(C) CO_2 का संघनित रूप
(D) H_2 + $KMnO_4$

59. 'हँसाने वाली गैस' है–
(A) HNO_2 (B) H_2N
(C) N_2O (D) NO_2

60. हमारे देश का सबसे साक्षर राज्य है–
(A) महाराष्ट्र (B) बंगाल
(C) केरल (D) उत्तर प्रदेश

61. राष्ट्र संघ (League of Nations) का मुख्यालय कहाँ था?
(A) पेरिस (B) लन्दन
(C) जेनेवा (D) लक्ज़ेमबर्ग

62. पुनर्जागरण आंदोलन सर्वप्रथम कहाँ प्रारम्भ हुआ?
(A) जर्मनी (B) फ्राँस
(C) ब्रिटेन (D) इटली

63. विश्व में सर्वाधिक उत्पादन भारत में किसका

होता है?
(A) अभ्रक (B) ताँबा
(C) कोयला (D) लौह अयस्क

54. भारतीय मानक समय (IST) ग्रीनविच (GMT) से–
(A) 3½ घंटे आगे रहता है
(B) 3½ घंटे पीछे रहता है
(C) 5½ घंटे आगे रहता है
(D) 5½ घंटे पीछे रहता है

55. एक गेंद ऊपर की ओर 25 मीटर/सेकंड की गति से फेंकी जाती है. यह कितने समय तक ऊपर उठेगी? ($g = 10$ मी/सेकंड ^{2})
(A) 2.5 सेकंड (B) 7.5 सेकंड
(C) 5 सेकंड (D) 10 सेकंड

56. निम्नलिखित में से कौन ऊष्मा का सर्वाधिक सुचालक है?
(A) लकड़ी (B) ताँबा
(C) पत्थर (D) स्टील

57. सूर्य का प्रकाश सूर्य से पृथ्वी तक आने में समय लगाता है–
(A) 100 सेकंड
(B) 50 सेकंड
(C) लगभग 8 मिनट
(D) 1 सेकंड

58. एक आदर्श गेस के नमूने का दाब P तथा केल्विन ताप T पर आयतन 1 लिटर है. यदि ताप और दाब दोनों दुगने कर दिये जायें तो उसका आयतन हो जाएगा–
(A) 1 लिटर
(B) 2 लिटर
(C) 3 लिटर
(D) 4 लिटर

69. वातावरण में आर्द्रता सर्वाधिक होती है–
(A) शीत काल में (B) ग्रीष्म काल में
(C) वर्षा काल में (D) पतझर काल में

उत्तरमाला

1. (C) 2. (B) 3. (B) 4. (B)
5. (A) 6. (A) 7. (A) 8. (A)
9. (A) 10. (C) 11. (C) 12. (C)
13. (C) 14. (B) 15. (B) 16. (B)
17. (D) 18. (A) 19. (B) 20. (D)
21. (B) 22. (A) 23. (A) 24. (A)
25. (B) 26. (A) 27. (D) 28. (B)
29. (D) 30. (A) 31. (C) 32. (A)
33. (A) 34. (D) 35. (A) 36. (C)
37. (B) 38. (A) 39. (C) 40. (B)
41. (B) 42. (C) 43. (B) 44. (B)
45. (B) 46. (A) 47. (B) 48. (B)
49. (B) 50. (B) 51. (A) 52. (B)
53. (A) 54. (A) 55. (B) 56. (C)
57. (C) 58. (C) 59. (C) 60. (C)
61. (C) 62. (D) 63. (A) 64. (C)
65. (A) 66. (B) 67. (C) 68. (A)
69. (C)

वस्तुनिष्ठ सामान्य विज्ञान

1. निम्नलिखित में से कौन ट्रान्जिस्टर्स का प्रमुख अवयव है?
   (A) यूरेनियम (B) प्लूटोनियम
   (C) जर्मेनियम (D) नेप्चूनियम
2. एक रेडियोएक्टिव पदार्थ का 16 ग्राम द्रव्यमान का सेम्पिल लिया जाता है. 4 दिन में इसका 15 ग्राम विघटित हो जाता है. इसकी अर्द्ध-आयु होगी–
   (A) 15 दिन (B) 16 दिन
   (C) 8 दिन (D) 1 दिन
3. निम्नलिखित में से कौन अर्द्धचालक नहीं है?
   (A) सेलेनियम (B) सिलिकॉन
   (C) आर्सेनिक (D) जर्मेनियम
4. टैकोमीटर (Tachometer) से नापते हैं–
   (A) घूर्णी शैफ्ट का कोणीय वेग
   (B) गुरुत्वीय बल
   (C) धातु के तारों में तनाव
   (D) श्यानता गुणांक
5. दो काँच की प्लेटों के बीच पानी की परत रखकर उन्हें आसानी से अलग नहीं किया जा सकता है. इसका कारण है–
   (A) जड़त्व (B) दाब
   (C) पृष्ठ तनाव (D) श्यानता
6. टेलीविजन ट्यूब में इलेक्ट्रॉन त्वरित होते हैं–
   (A) चुम्बकीय क्षेत्र द्वारा
   (B) विद्युतीय क्षेत्र द्वारा
   (C) फोटोनों की बौछार द्वारा
   (D) रेडियो तरंगों द्वारा
7. प्रशीतक (Refrigerant) के रूप में प्रयुक्त किया जाता है–
   (A) कार्बन टैट्रा क्लोराइड
   (B) कार्बन टैट्रा फ्लोराइड
   (C) क्लोरोफॉर्म
   (D) डाईक्लोरो–डाई फ्लोरो मीथेन
8. सीसा संचायक सेल में प्रयुक्त किया जाता है–
   (A) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
   (B) नाइट्रिक अम्ल
   (C) सल्फ्यूरिक अम्ल
   (D) फॉस्फोरिक अम्ल
9. हाइड्रोजन निम्नलिखित में से किसके साथ यौगिक नहीं बनाती?
   (A) सोडियम (B) बिस्मथ
   (C) एन्टीमनी (D) हीलियम
10. ओटोमोबाइल ईंधन के रूप में प्रयुक्त पेट्रोल किनका मिश्रण होता है?
    (A) हाइड्रोकार्बन्स का
    (B) कार्बोहाइड्रेट्स का
    (C) अल्कोहल्स का
    (D) हाइड्रोकार्बन्स तथा अल्कोहल्स का
11. निम्नलिखित में से किसमें केवल एक ही तत्व होता है?
    (A) काँच (B) संगमरमर
    (C) बालू (D) हीरा
12. आतिशबाजी में किरमिजी (crimson) रंग किसके कारण होता है?
    (A) सोडियम (B) कैल्सियम
    (C) स्ट्रोन्शियम (D) बेरियम
13. निर्जल (Anhydrous) कॉपर सल्फेट का रंग होता है–
    (A) सफेद (B) नीला
    (C) हरा (D) पीला
14. हाइड्रोजन-पर-ऑक्साइड कार्य करता है–

(A) केवल उपचायक (Oxidising agent) की भाँति
(B) केवल अपचायक (Reducing agent) की भाँति
(C) उपचायक तथा अपचायक दोनों की भाँति
(D) उपचायक, अपचायक तथा निर्जलीकारक (Dehydrating) की भाँति

15. इलेक्ट्रॉन का विशिष्ट आवेश (e/m) होता है–
(A) 1.6×10^{-10} कूलॉम/किग्रा
(B) 1.6×10^{-19} कूलॉम/किग्रा
(C) 1.76×10^{-11} कूलॉम/किग्रा
(D) 9.1×10^{12} कूलॉम/किग्रा

16. पोटेशियम को रखा जाता है–
(A) अल्कोहल में
(B) पानी में
(C) मिट्टी के तेल में
(D) अमोनिया में

17. निम्नलिखित में से 'मिल्क ऑफ लाइम' किसे कहते हैं?
(A) $CaHCO_3$ (B) $CaCO_3$
(C) $Ca(OH)_2$ (D) $CaSO_4 \cdot 2H_2O$

18. कार से निष्कासित धुएं में जहरीली गैस है–
(A) C_2H_2 (B) CH_4
(C) CO_2 (D) CO

19. आतिशबाजी में हरा रंग किसके कारण होता है?
(A) Na (B) K
(C) Ba (D) Ca

20. सुमेल कीजिए–
(a) हैवीवाटर
(b) सुपर फॉस्फेट ऑफ लाइम
(c) सोडियम
(d) कैल्सियम
(1) अल्कली मेटल
(2) ड्यूटिरियम ऑक्साइड
(3) उर्वरक
(4) अक्लाइन अर्थमेटल

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	4	1	3	2
(B)	2	3	4	1
(C)	2	3	1	4
(D)	1	4	2	3

21. सुमेल कीजिए–
(a) विद्युत धारा (1) ओम
(b) विद्युत आवेश (2) वोल्ट
(c) विभवान्तर (3) कूलॉम
(d) विद्युत प्रतिरोध (4) एम्पियर

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	2	4	1	3
(B)	3	4	2	1
(C)	4	3	1	2
(D)	4	3	2	1

22. एक आदर्श गैस के नमूने का दाब P तथा केल्विन ताप T पर आयतन 1 लिटर है. यदि दाब तथा ताप दोनों दुगुने कर दिए जाएं तो उसका आयतन हो जाएगा–
(A) 4 लिटर (B) 3 लिटर
(C) 2 लिटर (D) 1 लिटर

23. मौसम–गुब्बारे (Weather Balloon) में कौनसी गैस प्रयुक्त की जाती है?
(A) हीलियम (B) हाइड्रोजन
(C) ऑक्सीजन (D) आर्गन

24. खाना पकाने की क्रिया में कुछ विटामिन नष्ट हो जाते हैं. निम्नलिखित में से कौनसा विटामिन ऊष्मा से नष्ट होने के लिए सर्वाधिक संवेदनशील है?
(A) विटामिन A (B) विटामिन D
(C) विटामिन C (D) विटामिन K

25. 'वाटर गैस' मिश्रण है–
(A) H_2 तथा N_2 का
(B) CO तथा N_2 का
(C) CO तथा H_2 का
(D) CO_2 तथा H_2 का

26. चित्र में नगण्य आन्तरिक प्रतिरोध का बैटरी धारा प्रवाहित कर रही है. A और B के बीच

विभवान्तर V_a-V_b होगा–
(A) 2 वोल्ट (B) -2 वोल्ट
(C) 4 वोल्ट (D) -4 वोल्ट

27. निम्नलिखित में से किस दशा में प्रकाश का पूर्ण आन्तरिक परावर्तन सम्भव नहीं है? जब प्रकाश गमन करता है–
(A) काँच से वायु में
(B) पानी से वायु में
(C) काँच से पानी में
(D) पानी से काँच में

28. वोल्टेज के उच्चयन तथा अपचयन के लिए प्रयुक्त किया जाता है–
(A) डायनमो (B) ट्रान्सफॉर्मर
(C) रेक्टीफायर (D) ऑसीलेटर

29. सरल आवर्त्त गति करते हुए किसी कण का आयाम A है. इसका त्वरण किस विस्थापन पर अधिकतम होगा?
(A) O (B) A/4
(C) A/2 (D) A

30. सुमेल कीजिए–
बीमारी
(a) हैजा
(b) चेचक
(c) अतिसार
(d) मलेरिया
कारण
(1) प्लास्मोडियम (Plasmodium)
(2) एन्टेमोयबा (Entamoeba)
(3) विषाणु (Virus)
(4) जीवाणु (Bacteria)

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	3	4	1	2
(B)	4	3	2	1
(C)	4	3	1	2
(D)	3	4	2	1

31. सुमेल कीजिए–

खाद्य पदार्थ	**स्रोत**
(a) स्टार्च	(1) सरसों
(b) ग्लूकोज	(2) आलू
(c) सुक्रोज	(3) अंगूर
(d) तेल	(4) गन्ना

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	1	3	2	4
(B)	2	4	3	1
(C)	2	3	1	4
(D)	2	3	4	1

निर्देश–प्रश्न 32-35 : इन प्रश्नों में दिए गए कथनों (A) तथा उनके कारणों (R) पर विचार कीजिए तथा निम्नलिखित कोड से सही उत्तर चुनिए–

(A) दोनों A तथा R सत्य हैं तथा R, A का सही कारण है.
(B) दोनों A तथा R सत्य हैं लेकिन R, A का सही कारण नहीं है.
(C) A सत्य है लेकिन R असत्य है.
(D) A असत्य है लेकिन R सत्य है.

32. **कथन** (A): उत्तल दर्पण मोटर कार में पीछे की वस्तुओं को देखने के लिए प्रयोग में लाया जाता है.
कारण (R): यह दूरस्थ वस्तु का वास्तविक प्रतिबिम्ब बनाता है.
(A) (B) (C) (D)

33. **कथन** (A): यह अक्सर कहा जाता है कि 'पानी अपना तल स्वयं खोज लेता है'.
कारण (R): गुरुत्व के कारण ऐसा होता है.
(A) (B) (C) (D)

34. **कथन** (A): फॉस्फोरिक अम्ल में तीन आय-नीकरण योग्य (ionisable) H परमाणु होते हैं. अतएव यह गुण में ट्राइबेसिक (tribasic) है.
कारण (R): किसी अम्ल में आयनीकरण योग्य H परमाणुओं की संख्या

उस अम्ल की क्षारकता (Basicity) प्रदर्शित करती है.

(A) (B) (C) (D)

35. **कथन** (A): लोहा, लकड़ी से भारी होता है.
कारण (R): लोहे का घनत्व लकड़ी के घनत्व से अधिक होता है.

(A) (B) (C) (D)

36. जब वेजीटेबल तेल अथवा वसा की क्रिया अल्कली (Alkali) से होती है तो क्या उत्पन्न होता है?
(A) ग्लाइसिन (Glycin)
(B) ग्लिसरॉल (Glycerol)
(C) ग्लाइकॉल (Glycol)
(D) ग्लाइऑक्जाइम (Glyoxime)

37. एक कार पर कोई त्वरणकारक बल कार्य नहीं करता तो–
(A) कार निश्चय ही स्थिर अवस्था में होनी चाहिए
(B) कार गति में भी हो सकती है
(C) कार का वेग घट रहा होगा
(D) कार का वेग बढ़ रहा होगा

38. जब अण्डे की सफेदी स्कंदित हो जाती है तो कहा जाता है कि प्रोटीन–
(A) जल अपघटित हो गया है
(B) किणिवत हो गया है
(C) विकृतीकृत हो गया है
(D) संघनित हो गया है

39. निम्नलिखित में से ताप दृढ़ प्लास्टिक (Thermosetting Plastic) का उदाहरण है
(A) लूसाइट (B) नाइलोन
(C) पॉली एथिलीन (D) बैकेलाइट

40. निम्नलिखित में से लोहे का शुद्धतम रूप है–
(A) ढलवाँ (Cast iron)
(B) पिटवाँ लोहा (Wrought iron)
(C) स्टील (Steel)
(D) कच्चा लोहा (Pig iron)

41. जिस ताप पर पदार्थ का कोई नमूना तीनों अवस्थाओं (Phases) में विद्यमान रहता है, उसे कहते हैं–
(A) गलनांक (B) क्वथनांक
(C) ऊर्ध्वपातनांक (D) त्रिक बिन्दु

42. क्वाड्रूपल एन्टीजन (Quadruple Antigen) के इन्जेक्शन से बच्चों को निम्नलिखित बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है–
(A) डिप्थीरिया, चेचक, टिटेनस तथा ल्यूकीमिया
(B) डिप्थीरिया, काली खाँसी, टिटेनस तथा पोलियो
(C) डिप्थीरिया, चेचक, क्षयरोग तथा खसरा
(D) डिप्थीरिया, टायफाइड, खसरा तथा ल्यूकीमिया

43. केल्सियम कार्बाइड के ऊपर पानी डालने से निकलने वाली गैस है–
(A) ईथेन (B) एसिटिलीन
(C) पेन्टेन (D) हेक्सेन

44. पेड़-पौधे दिन में उत्पन्न करते हैं–
(A) कार्बन-डाई-ऑक्साइड
(B) ऑक्सीजन
(C) नाइट्रोजन
(D) इनमें से कोई नहीं

45. 200 वोल्ट पर कार्य करने वाले एक संयंत्र की पावर 100 वाट है. उसमें प्रवाहित विद्युत धारा होगी–
(A) 2 एम्पियर
(B) 0.2 एम्पियर
(C) 0.5 एम्पियर
(D) 0.1 एम्पियर

46. रतोंधी का कारण है–
(A) विटामिन B की कमी
(B) मोतियाबिन्द
(C) विटामिन A की कमी
(D) रेटिना का क्षतिग्रस्त होना

47. निम्नलिखित में से मलेरिया से प्रभावित होने वाला अंग है–
(A) जिगर (B) आँतें
(C) फेफड़े (D) आँखें

48. आँख से सम्बन्धित नहीं है–
(A) रेटिना (B) ईरिस

(C) उल्टा प्रतिबिम्ब (D) अवतल लेंस

49. कुत्ते के पागलपन का निश्चय करने के लिए उसके किस अंग की जाँच करनी चाहिए?
(A) हृदय
(B) मस्तिष्क तथा तंत्रिका तंत्र
(C) जिगर
(D) पेट

50. यदि किसी वृत्त की त्रिज्या 10% कम कर दी जाए तो उसका क्षेत्रफल कितने प्रतिशत कम हो जाएगा?
(A) 20% (B) 19%
(C) 38% (D) 40%

उत्तरमाला

1. (C) 2. (D) 3. (C) 4. (A)
5. (C) 6. (B) 7. (D) 8. (C)
9. (D) 10. (A) 11. (D) 12. (C)
13. (B) 14. (C) 15. (C) 16. (C)
17. (C) 18. (D) 19. (C) 20. (C)
21. (D) 22. (D) 23. (B) 24. (C)
25. (C) 26. (B) 27. (D) 28. (B)
29. (D) 30. (B) 31. (D) 32. (C)
33. (A) 34. (A) 35. (A) 36. (B)
37. (B) 38. (C) 39. (D) 40. (B)
41. (D) 42. (B) 43. (B) 44. (B)
45. (C) 46. (C) 47. (A) 48. (D)
49. (B) 50. (B)

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सम्भावित

सामान्य मानसिक योग्यता

समय : दो घण्टे **अधिकतम अंक** : 300

नोट –इस प्रश्न-पत्र में 100 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है. सभी प्रश्न करने आवश्यक हैं.

1. मैं 12 किलोमीटर उत्तर की ओर चला, फिर 10 किलोमीटर पूरब की ओर, फिर 12 किलोमीटर दक्षिण की ओर. अब मैं जहाँ से चला था वहाँ से कितनी दूरी पर हूँ?
   (A) 22 किमी (B) 34 किमी
   (C) 10 किमी (D) 2 किमी

2. वाद-विवाद के लिए आवश्यक है–
   (A) कमरा (B) पंच
   (C) कागज (D) विषय

3. 2, 3, 4 से तीन अंकों वाली कितनी संख्याएं बनाई जा सकती हैं?
   (A) 3 (B) 5
   (C) 4 (D) 6

4. शब्द QUALIFICATION में वर्णमाला का कौनसा अक्षर F और T के बीच के अक्षर के बाईं ओर चौथे नम्बर पर है?
   (A) O (B) A
   (C) L (D) I

5. यदि मैं तुम्हें एक पैंसिल दूँ तो हम दोनों के पास बराबर संख्या में पैंसिलें हो जाएंगी, तुम अगर मुझे एक पैंसिल दे दो तो मेरे पास तुम से तिगुनी पैंसिलें हो जाएंगी. बताइए हमारे पास कितनी-कितनी पैंसिलें हैं.
   (A) 4 और 2 (B) 5 और 7
   (C) 5 और 3 (D) 6 और 4

6. दो एक से गिलासों में $\frac{1}{3}$ और $\frac{1}{4}$ भाग दूध है. उन्हें पानी डालकर भर दिया गया. फिर दोनों को मिला दिया. उस घोल में दूध और पानी किस अनुपात में हैं?
   (A) 1 : 5 (B) 3 : 9
   (C) 2 : 5 (D) 7 : 17

7. निम्नलिखित में से कौनसी संख्या रिक्त स्थान में होनी चाहिए?

   (A) 10 (B) 12
   (C) 15 (D) 20

8. रिक्त स्थान पर कौनसा रेखाचित्र होना चाहिए?

9. रिक्त स्थान पर कौनसा रेखाचित्र होना चाहिए?

10. रिक्त स्थान में कौनसा रेखाचित्र होना चाहिए?

(A) (B) (C) (D)

11. कौनसी आकृति ? का स्थान ले सकती है?

(A) (B) (C) (D)

12. बैरोमीटर में एकाएक पारे का गिरना किस बात की सूचना देता है?
(A) शुष्क मौसम (B) ठंडा मौसम
(C) वर्षा (D) तूफान

13. कौनसा अन्यों से भिन्न है?
(A) ABCD (B) PQRS
(C) OPQT (D) EFGH

14. वह शब्द क्या है जो निम्नलिखित तीनों के लिए प्रयोग किया जा सकता है?
सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम
(A) मिश्रण (B) यौगिक
(C) तत्त्व (D) घोलक

15. निम्नलिखित में से कौनसा अन्य तीन के समान नहीं है?
(A) कलकत्ता (B) दिल्ली
(C) मद्रास (D) बम्बई

16. कौनसा दूसरों से भिन्न है?
ताँबा, सोना, चाँदी, जस्ता, हीरा
(A) ताँबा (B) जस्ता
(C) हीरा (D) चाँदी

17. .68 में 3.4 का भाग देने से हमें क्या प्राप्त होता है?
(A) ·002 (B) ·02
(C) 2 (D) ·2

18. उस संख्या को मालूम करो जो क्रम को तोड़ देती है–
1, 2, 9, 27, 81, 243
(A) 2 (B) 243
(C) 27 (D) 9

19. पाँच को कितने से गुणा किया जाए कि गुणनफल और 13 और 12 के अन्तर के बराबर हो?
(A) 5 (B) 1/2
(C) 1/3 (D) 1/5

20. नीचे दो शब्द दिए हुए हैं जो एक नियत ढंग से साथ हैं. उन शब्दों के जोड़े को मालूम करो जो उस प्रकार से ही साथ है, जैसे कि दिए हुए शब्दों का जोड़ा है–
बछड़ा : गाय
(A) पिल्ला : कुतिया
(B) घोंसला : चिड़िया
(C) घोड़ा : बैल
(D) खोल : कछुआ

21. यदि एक संख्या N का दुगना, 5 से गुणा किया जाए और गुणनफल को 10 से भाग दिया जाए तो भागफल 1/2 आता है. N क्या है?
(A) 1/10 (B) 1/2
(C) 1 (D) 2

22. आधुनिक बल्ब के अन्दर भरी होती है–
(A) वायु (B) हाइड्रोजन
(C) आर्गन (D) निर्वात

23. यदि किसी वस्तु के 2/3भाग का मूल्य 350रु. हो तो उसके 4/5भाग का मूल्य कितना होगा?
(A) 420 रु. (B) 520 रु
(C) 570 रु. (D) 610 रु.

24. एक गाय को किसी खेत के बीच में 7मीटर की रस्सी से बांध दिया गया. यदि वह गाय प्रति दिन खेत के 22वर्ग मीटर भाग से घास

खाए तो कितने दिन तक उसके खाने के लिए पर्याप्त घास मिल सकेगी?

(A) 4 दिन (B) 8 दिन
(C) 7 दिन (D) 11 दिन

25. निम्नलिखित में से कौन अन्यों से भिन्न है?

(A) तलवार (B) सुई
(C) चाकू (D) कैंची

26. निम्नलिखित क्रम की पूर्ति कीजिए:
16, 23, 20, 27, 24, 31, ?

(A) 36 (B) 29
(C) 28 (D) 38

27. यदि दर्पण में देखा जाए तो एक घड़ी में तीन बजकर 15 मिनट दिखाई देते हैं, वास्तविक समय क्या है?

(A) 7-30 (B) 8-30
(C) 8-45 (D) 6-45

28. किसी संख्या के 1/2 तथा 1/5 भागों में 561 का अन्तर है. वह संख्या क्या है?

(A) 1050 (B) 1680
(C) 2050 (D) 1870

29. यदि आने वाले परसों शुक्रवार हो तो बीता हुआ कल कौनसा दिन था?

(A) इतवार (B) मंगलवार
(C) बुधवार (D) शनिवार

30. एक बक्से में चार छोटे बक्से हैं. उन चार बक्सों में प्रत्येक में तीन बक्से हैं. जिनमें प्रत्येक में दो बक्से हैं. कुल मिलाकर कितने बक्से हैं?

(A) 37 (B) 39
(C) 24 (D) 41

31. यदि बस का किराया पहले 1.6 किलोमीटर के लिए 40 पैसे, उसके पश्चात् 2.4 किलोमीटर के लिए 35 पैसे और उसके पश्चात् हर 3 किलोमीटर के लिए 25 पैसे हो तो तीन रुपए में एक व्यक्ति कितने किलोमीटर की यात्रा कर सकता है?

(A) 11 किमी (B) 21 किमी
(C) 31 किमी (D) 41 किमी

32. निम्नलिखित में से कौन अन्यों से भिन्न है?

(A) 117 (B) 197
(C) 224 (D) 333

33. राजेश के पास राकेश के धन का 2/3 भाग है और राकेश के पास अशोक से डेढ़ गुना धन है. यदि अशोक के पास 720 रु. हैं तो राजेश के पास कितने रुपए होंगे?

(A) 320 रु. (B) 1620 रु.
(C) 720 रु. (D) 840 रु.

34. यदि 16 वस्तुओं के खरीदने का मूल्य 12 वस्तुओं के बेचने के मूल्य के बराबर हो तो प्रतिशत लाभ कितना होगा?

(A) 33% (B) 25%
(C) 30% (D) 50%

35. एक कार दस घण्टे की यात्रा में पहले आधे भाग में 21 किमी प्रति घंटा की दर से चली और दूसरे आधे भाग में 24 किमी प्रति घंटा की दर से चली. बताइए वह कुल कितने किलोमीटर चली

(A) 248 किमी (B) 224 किमी
(C) 250 किमी (D) 325 किमी

36. यदि राम के पिता मोहन के पुत्र हैं तो राम का मोहन से क्या सम्बन्ध होगा?

(A) पुत्र (B) चचेरा भाई
(C) भतीजा (D) पोता

37. तीन साल पहले राम की आयु श्याम की आयु से 5 वर्ष अधिक थी. अब उनकी आयु में कितना अन्तर होगा?

(A) 3 वर्ष (B) 2 वर्ष
(C) 5 वर्ष (D) 4 वर्ष

38. निम्नलिखित क्रम की पूर्ति कीजिए
101, 92, 83, 74, ?

(A) 63 (B) 66
(C) 65 (D) 64

39. निम्नलिखित क्रम की पूर्ति कीजिए–
6, 7, 36, 49, 1296, ?

(A) 720 (B) 836
(C) 2208 (D) 2401

40. एक घन में कितने किनारे होते हैं?

(A) 4 (B) 8

(C) 12 (D) 16

41. निम्नलिखित क्रम की पूर्ति कीजिए–
बहुधा : हमेशा : : कभी कभार : ?
(A) एक बार
(B) कभी नहीं
(C) आमतौर पर
(D) कुछ भी

42. यदि MLC को ONE लिखा जाए तो BME को आप कैसे लिखेंगे?
(A) TWO (B) DOG
(C) CAT (D) FOUR

43. यदि MARCH को OCTEJ लिखा जाए तो RETURN को कैसे लिखेंगे?
(A) SEUVSO
(B) TFUVSM
(C) QGSTQM
(D) TGVWTP

44. A ने एक घड़ी 20 प्रतिशत लाभ पर B को बेची. B ने उसे 10 प्रतिशत हानि पर C को बेचा. यदि C ने उसका मूल्य 216 रुपए दिया हो तो A ने उसे कितने में खरीदा होगा?
(A) 200 (B) 216
(C) 180 (D) 210

45. एक माता की आयु अपने पुत्र से तीन गुनी है. 15 वर्ष के पश्चात् उसकी आयु अपने पुत्र की आयु से दो गुनी हो जाएगी. माता की आयु इस समय कितनी है?
(A) 30 वर्ष (B) 45 वर्ष
(C) 50 वर्ष (D) 60 वर्ष

46. अगला अक्षर ज्ञात करो–
A D H M S .....
(A) Z (B) T
(C) Y (D) U

47. मानव गुर्दे की आकृति कैसी होती है?
(A) अण्डाकार
(B) गोल
(C) आयताकार
(D) नाशपाती का आकार

48. अगली संख्या क्या है?
4, 6, 9, 13, 18, ...
(A) 19 (B) 24
(C) 20 (D) 22

49. इनमें से कौनसा दूसरों की भाँति नहीं है?
(A) कागज (B) लिफाफा
(C) पोस्टकार्ड (D) स्टेशनरी

50. एक साधारण प्रौढ़ की प्रति मिनट हृदय की धड़कनों की संख्या होती है–
(A) 42 (B) 100
(C) 120 (D) 72

51. हिरोशिमा पर एटम बम गिराया गया था–
(A) 6 अगस्त, 1944 को
(B) 6 अगस्त, 1945 को
(C) 2 अगस्त, 1945 को
(D) 2 अगस्त, 1944 को

52. निम्नलिखित में कौनसा अन्यों से भिन्न है?
(A) नागालैण्ड (B) मणिपुर
(C) दिल्ली (D) अरुणाचल प्रदेश

53. हम बिजली की चमक को पहले देखते हैं और बादलों की कड़क बाद में सुनाई देती है क्योंकि–
(A) कान आँखों की अपेक्षा कम संवेदनशील होते हैं
(B) आँखें तुरन्त देख लेती हैं
(C) ध्वनि नम हवा में कम गति से चलती है
(D) प्रकाश ध्वनि से ज्यादा तेजी से चलता है

54. एक गिलास में यदि बर्फ हो तो उसके बाहर पानी की बूँदें इसलिए आ जाती हैं क्योंकि–
(A) हवा की नमी जम जाती है
(B) ठंडा पानी बाहर निकल आता है
(C) कुछ पानी बाहर गिर जाता है
(D) बर्फ पानी से हल्की होती है

55. प्रेशर कुकर (Pressure Cooker) में खाना जल्दी पकता है क्योंकि–
(A) भाप के इकट्ठा हो जाने से दबाव बढ़ता है
(B) प्रेशर कुकर का पानी खाना पकाने में सहायता देता है
(C) प्रेशर कुकर में भाप व्यर्थ नहीं जाती है
(D) प्रेशर कुकर भारी होता है

56. निम्नलिखित में से कौनसा नृत्य शास्त्रीय नृत्य नहीं है?
(A) कथकली (B) गरबा
(C) ओडिसी (D) मणिपुरी

57. ब्रह्म समाज के संस्थापक कौन थे?
(A) राजा राममोहन राय
(B) शंकराचार्य
(C) स्वामी दयानन्द
(D) स्वामी विवेकानन्द

58. पुस्तक 'इण्डिया डिवाइडेड' के लेखक कौन थे?
(A) जवाहरलाल नेहरू
(B) अबुल कलाम आजाद
(C) डॉ. राधाकृष्णन
(D) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

59. भारतवर्ष ने हॉकी का स्वर्ण पदक किस स्थान पर आयोजित ओलम्पिक में पहली बार हारा था?
(A) रोम में (B) टोकियो में
(C) मैक्सिको में (D) म्यूनिख में

60. "थामस कप" किस खेल से सम्बन्धित है?
(A) बैडमिन्टन से (B) फुटबॉल से
(C) हॉकी से (D) टेनिस से

61. स्वतंत्र भारत में पहला आम चुनाव हुआ था–
(A) 1951 में (B) 1952 में
(C) 1956 में (D) 1947 में

62. ताजमहल बनाने वाला मुख्य शिल्पकार कहाँ से आया था?
(A) चीन से
(B) रोम से
(C) सऊदी अरब से
(D) परशिया से

63. जो आन्दोलन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1942 में प्रारम्भ किया था, वह था–
(A) कानून न मानने का आन्दोलन
(B) स्वदेशी आन्दोलन
(C) भारत छोड़ो आन्दोलन
(D) होमरूल आन्दोलन

64. साइमन कमीशन के विरुद्ध प्रदर्शन में कौन गम्भीर रूप से जख्मी हुआ था?
(A) जवाहर लाल नेहरू
(B) सी.आर. दास
(C) जी.के. गोखले
(D) लाला लाजपत राय

65. राष्ट्रीय गान लिखा गया था–
(A) रबीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा
(B) बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा
(C) ताराशंकर बंद्योपाध्याय द्वारा
(D) निराला द्वारा

66. पुस्तक "My Experiments With Truth" के लेखक हैं–
(A) महात्मा गांधी (B) मौलाना आजाद
(C) टैगोर (D) सरोजिनी नायडू

67. "Origin of Species" लिखी गई–
(A) चार्ल्स डिकिन्स द्वारा
(B) लियो टॉलस्टाय द्वारा
(C) चार्ल्स डारविन द्वारा
(D) थामस हक्सले द्वारा

68. भारत में कौनसे राज्य पर संविधान की धारा 370 लागू होती है?
(A) पंजाब
(B) सिक्किम
(C) जम्मू तथा कश्मीर
(D) मिजोरम

69. राज्य सभा की बैठकों में सभापतित्व कौन करता है?
(A) राष्ट्रपति (B) प्रधानमंत्री
(C) स्पीकर (D) उपराष्ट्रपति

70. यदि भारत सरकार तथा किसी राज्य सरकार में मतभेद हो तो उसमें निर्णय कौन देगा?
(A) राष्ट्रपति
(B) प्रधानमन्त्री
(C) उच्चतम न्यायालय
(D) लोक सभा

71. निम्नलिखित में से किसके माध्यम में ध्वनि सबसे तेजी से चलती है?
(A) हवा (B) स्टील
(C) शून्य (D) पानी

72. उड़ने वाले गुब्बारों में कौनसी गैस भरी जाती है?
(A) ऑक्सीजन
(B) हाइड्रोजन
(C) नाइट्रोजन
(D) कार्बन डाईऑक्साइड

73. निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है?
(A) लोहा पानी में डूब जाता है
(B) लकड़ी पानी में तैरती है
(C) पारा पानी पर तैरता है
(D) लोहा पारे पर तैरता है

74. एक सामान्य प्रौढ़ व्यक्ति के रक्त का दबाव कितना होना चाहिए?
(A) 120 और 80
(B) 140 और 100
(C) 160 और 60
(D) 100 और 80

75. क्षेत्रफल के अनुसार भारत का सबसे बड़ा राज्य कौनसा है?
(A) मध्य प्देश (B) बिहार
(C) उत्तर प्रदेश (D) तमिलनाडु

76. कार्बेट नेशनल पार्क स्थित है–
(A) असम में (B) केरल में
(C) मध्य प्रदेश में (D) उत्तर प्रदेश में

77. डोलड्रम शब्द का प्रयोग किया जाता है–
(A) भूगोल शास्त्र में
(B) अर्थशास्त्र मे
(C) खगोल विज्ञान में
(D) राजनीति शास्त्र में

78. वह रेखा जो भारत और चीन की सीमा का विभाजन करती है, कहलाती है–
(A) रेडक्लिफ रेखा (B) डूरेन्ड रेखा
(C) मेकमोहन रेखा (D) सीगफ्राइड रेखा

79. "सलाम बॉम्बे" फिल्म का प्रोड्यूसर एवं डायरेक्टर कौन है?
(A) मीरा नायर (B) शबाना आजमी
(C) गुलजार (D) सत्यजीत रे

80. ऑपरेशन ब्लेकबोर्ड शब्दों का प्रयोग किया गया है–
(A) राधाकृष्णन कमीशन द्वारा
(B) सरकारिया कमीशन द्वारा
(C) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में
(D) कोठारी कमीशन द्वारा

81. टेलीविजन सीरियल 'बुनियाद' में श्यामलाल का अभिनय किसने किया था?
(A) विनोद नागपाल (B) आलोक नाथ
(C) राजीव महरोत्रा (D) राकेश पांडे

82. आर.के. लक्ष्मण किस कारण प्रसिद्ध हैं?
(A) पेन्सिल ड्राइंग के कारण
(B) पेन्टिंग के कारण
(C) कार्टून के कारण
(D) फोटोग्राफी के कारण

83. रूस में क्रान्ति हुई थी–
(A) 1916 में (B) 1917 में
(C) 1918 में (D) 1914 में

84. मैगनाकार्टा पर हस्ताक्षर कब हुए थे?
(A) 1215 AD (B) 1152 AD
(C) 1512 AD (D) 1375 AD

85. फाह्यान किसके राज्यकाल में भारत में आया था?
(A) चन्द्रगुप्त मौर्य
(B) अशोक
(C) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(D) हर्षवर्द्धन

86. हल्दीघाटी का युद्ध किस वर्ष में हुआ था?
(A) 1526 AD (B) 1576 AD
(C) 1565 AD (D) 1600 AD

87. चन्द्रमा को पृथ्वी का उपग्रह इसलिए कहते हैं क्योंकि–
(A) यह पृथ्वी से बहुत छोटा है
(B) इसमें अपनी रोशनी नहीं है
(C) यह पृथ्वी के चारों ओर घूमता हैं
(D) इससे पृथ्वी पर ज्वार-भाटा उत्पन्न होते हैं

88. भारत में सबसे अधिक कॉफी किस प्रदेश में होती है?
(A) केरल में (B) तमिलनाडु में
(C) आंध्र प्रदेश में (D) कर्नाटक में

89. "गीत गोविन्द" का लेखक है–
(A) जयदेव (B) बिहारी
(C) रहीम (D) रसखान

90. प्रसिद्ध शहनाई वादक कौन है?
(A) अमजद अली खाँ
(B) बुन्दा खाँ
(C) विजय राघव राव
(D) बिसमिल्ला खाँ

91. एम.एफ. हुसैन हैं प्रसिद्ध–
(A) पत्रकार (B) लेखक
(C) मूर्तिकार (D) चित्रकार

92. निम्नलिखित में से संसार का सबसे प्रथम व्यक्ति कौनसा था जिसने चन्द्रमा की सतह पर पाँव रखा?
(A) यूरी गगारिन (B) नील आर्मस्ट्रांग
(C) लुसाका (D) राकेश शर्मा

93. समुद्री धाराओं का कारण है–
(A) तापमान में परिवर्तन
(B) गतिमान हवाएं
(C) तरंगें
(D) ज्वार भाटा

94. येन मुद्रा है–
(A) जापान की (B) थाईलैण्ड की
(C) ईरान की (D) इटली की

95. संसार में सबसे अधिक गेहूँ का उत्पादन करता है–
(A) चीन (B) यू.एस.ए.
(C) भारत (D) यू.एस.एस.आर.

96. संगमरमर निकाला जाता है–
(A) चूने के पत्थर से
(B) क्वार्ट्ज से
(C) सिलिका से
(D) लाल पत्थर से

97. अर्थशास्त्र के लेखक थे–
(A) कालिदास (B) बाणभट्ट
(C) कौटिल्य (D) गौतम

98. 1981की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित राज्यों में से किसमें सबसे उत्तम साक्षरता की दर थी?
(A) तमिलनाडु (B) पश्चिमी बंगाल
(C) केरल (D) कर्नाटक

99. 'गुगली' शब्द का सम्बन्ध है–
(A) टेनिस से (B) बेडमिन्टन से
(C) क्रिकेट से (D) हॉकी से

100. किसने पुस्तक "Satanic Verses" लिखी है?
(A) ख्वाजा अहमद अब्बास ने
(B) सलमान रश्दी ने
(C) सिडनी शेलडन ने
(D) अनीता देसाई ने

उत्तरमाला

1. (C)	2. (D)	3. (D)	4. (C)	5. (C)
6. (D)	7. (C)	8. (A)	9. (D)	10. (C)
11. (D)	12. (D)	13. (C)	14. (C)	15. (B)
16. (C)	17. (D)	18. (A)	19. (D)	20. (A)
21. (B)	22. (C)	23. (A)	24. (C)	25. (B)
26. (C)	27. (C)	28. (D)	29. (B)	30. (D)
31. (C)	32. (B)	33. (C)	34. (A)	35. (B)
36. (D)	37. (C)	38. (C)	39. (D)	40. (C)
41. (B)	42. (B)	43. (D)	44. (A)	45. (B)
46. (A)	47. (A)	48. (B)	49. (D)	50. (D)
51. (B)	52. (C)	53. (D)	54. (A)	55. (A)
56. (B)	57. (A)	58. (D)	59. (A)	60. (A)
61. (A)	62. (D)	63. (C)	64. (D)	65. (A)
66. (A)	67. (C)	68. (C)	69. (D)	70. (C)
71. (B)	72. (B)	73. (C)	74. (A)	75. (A)
76. (D)	77. (A)	78. (C)	79. (A)	80. (C)
81. (A)	82. (C)	83. (B)	84. (A)	85. (C)
86. (B)	87. (C)	88. (D)	89. (A)	90. (D)
91. (D)	92. (B)	93. (A)	94. (A)	95. (D)
96. (A)	97. (C)	98. (C)	99. (C)	100. (B)

महत्वपूर्ण संकेत

3. अभीष्ट संख्याएं हैं : 234, 243, 324, 342, 423 तथा 432

4. F और T के बीच का अक्षर C है तथा C के बाईं ओर चौथे नम्बर पर O है.

6. पहले गिलास में $\frac{1}{3}$ भाग दूध तथा $\frac{2}{3}$ भाग पानी है दूसरे गिलास में $\frac{1}{4}$ भाग दूध तथा $\frac{3}{4}$ भाग पानी है

कुल दूध की मात्रा $= \frac{1}{3} + \frac{1}{4} = \frac{7}{12}$ भाग

तथा कुल पानी की मात्रा $= \frac{2}{3} + \frac{3}{4} = \frac{17}{12}$ भाग

$\therefore$ दूध और पानी में अनुपात

$$= \frac{7}{12} : \frac{17}{12} = 7 : 17$$

13. अन्य सभी में चारों अक्षर वर्णमाला के क्रमानुसार हैं.
15. अन्य सभी बन्दरगाह हैं.
16. अन्य सभी धातु हैं.
18. अन्य सभी विषम संख्याएं हैं.
25. अन्य सभी वस्तुएं काटने में प्रयोग की जाती हैं.
32. केवल 197 अभाज्य संख्या है.
35. माना चली हुई दूरी x किमी है

$\therefore \frac{x}{2}$ किमी दूरी 21 किमी/घं. की दर से चलने में लगा समय

$$= \frac{x}{2 \times 21} = \frac{x}{42} \text{ घन्टा}$$

तथा $\frac{x}{2}$ किमी दूरी 24 किमी/घं. की दर से चलने में लगा समय

$$= \frac{x}{2 \times 24} = \frac{x}{48} \text{ घन्टा}$$

$$\therefore \frac{x}{42} + \frac{x}{48} = 10$$

या. $\frac{8x+7x}{336}$

$$\therefore x = \frac{10 \times 336}{15} = 224 \text{ किमी}$$

38. प्रत्येक संख्या अपनी पिछली संख्या से 9 कम है.
39. $36 = (6)^2, 49 = (7)^2, 1296 = (36)^2$ तथा $? = (49)^2 = 2401$.
42. ONE के प्रत्येक अक्षर MLC के संगत अक्षर के बीच वर्णमाला का एक अक्षर छूटा हुआ है.
46. प्रत्येक अक्षर और उनके पिछले अक्षर के बीच क्रमशः 2, 3, 4, 5 तथा 6 अक्षर छूटे हुए हैं.
48. प्रत्येक अंक तथा उसके पिछले अंक के बीच क्रमशः 2, 3, 4, 5, तथा 6 का अन्तर है.
52. अन्य सभी राज्य हैं.

समंकों की व्याख्या

निर्देश—निम्नांकित ग्राफ भारत से 1983 से 1987 तक के वस्त्रों की निर्यात की संख्या और मूल्य प्रदर्शित करता है. वस्त्रों के नगों की संख्या लाख में तथा मूल्य करोड़ रु. में है. इस ग्राफ पर आधारित 1 से 5 तक प्रश्न दिए हुए हैं. प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर ज्ञात करो.

1. 1983 से 1984 में निर्यात वस्त्रों के नगों में कितने प्रतिशत कमी हुई ?
   (A) 27.90 (B) 17.99
   (C) 25.72 (D) 18.18
   (E) इनमें से कोई नहीं
2. 1983 की अपेक्षा 1987 में निर्यात वस्त्रों के मूल्य में लगभग कितने प्रतिशत वृद्धि हुई ?
   (A) 45.5 (B) 44.5
   (C) 47.5 (D) 123.4
   (E) इनमें से कोई नहीं
3. 1983 से 1987 तक निर्यात वस्त्रों का वार्षिक औसत मूल्य क्या है ?
   (A) 432 करोड़ रु. (B) 485 करोड़ रु.
   (C) 475 करोड़ रु. (D) 474 करोड़ रु.
   (E) इनमें से कोई नहीं
4. निम्नलिखित में से किस वर्ष वस्त्रों का प्रति नग मूल्य सबसे कम था ?
   (A) 1987 (B) 1984
   (C) 1983 (D) 1985
   (E) 1986
5. यदि 1987 में वस्त्रों का प्रति नग मूल्य वही होता जो 1985 में था तो 1987 में निर्यात से प्राप्त धनराशि कितने करोड़ रुपए होती ?
   (A) 726.94 करोड़ रु.
   (B) 726.95 करोड़ रु.
   (C) 736 करोड़ रु.
   (D) 717 करोड़ रु.
   (E) इनमें से कोई नहीं

निर्देश—निम्नांकित चार्ट में 1901 से 1971 तक आयु,वर्ग एवं लिंग अनुसार प्रतिशत जनसंख्या दी हुई है. इस पर आधारित 6 से 10 तक प्रश्न हैं. प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर ज्ञात करो.

आयु वर्ग	0–4	5–9	10–14	0–14	15–24	25–34	15–34	35–44	45–59	35–59	60 व इससे अधिक
1901 पुरुष	12.5	14.0	12.7	39.2	16.5	17.2	33.7	12.6	9.9	22.5	4.6
स्त्री	13.3	13.8	10.9	38.0	17.2	17.5	34.7	12.2	9.6	21.8	5.5
1911 पुरुष	13.3	13.8	11.7	38.8	16.7	17.2	33.9	12.6	9.9	22.5	4.8
स्त्री	14.3	13.8	10.0	38.1	17.6	17.5	35.1	11.9	9.4	21.3	5.5
1921 पुरुष	12.1	14.8	12.5	39.4	16.0	16.9	32.9	12.6	10.1	22.7	5.0
स्त्री	13.2	15.0	10.8	39.0	16.8	17.3	34.2	11.9	9.5	21.4	5.5
1931 पुरुष	14.7	13.3	12.0	40.0	17.9	16.4	34.3	11.9	9.9	21.8	3.9
स्त्री	16.0	12.8	11.2	40.0	19.2	16.2	35.4	11.0	9.4	20.4	4.2
1941 पुरुष	13.2	13.6	11.3	38.1	18.1	15.9	34.1	12.1	10.9	23.0	4.9
स्त्री	14.0	13.6	10.8	38.4	18.3	16.3	34.6	11.6	10.5	22.1	4.9
1951 पुरुष	13.1	12.6	11.4	37.1	18.9	15.4	34.3	12.0	11.1	23.1	5.5
स्त्री	13.7	12.9	11.3	37.9	19.1	15.3	34.4	11.3	10.6	21.9	5.8
1961 पुरुष	14.7	14.6	11.6	40.9	16.3	15.2	31.5	11.4	10.7	22.1	5.5
स्त्री	15.5	14.9	10.8	41.2	17.1	15.5	32.6	10.6	9.8	20.4	5.8
1971 पुरुष	14.1	15.0	12.7	41.8	16.5	13.5	30.0	11.4	10.7	22.1	5.9
स्त्री	14.6	15.1	12.1	41.8	16.7	14.6	31.3	11.0	9.7	20.7	6.0

6. पुरुष एवं स्त्री दोनों लिंगों के लिए किस आयु-वर्ग की जनसंख्या सबसे अधिक है ?
   (A) 15–34 (B) 15–24
   (C) 35–59 (D) 0–14
   (E) इनमें से कोई नहीं

7. ऐसे कुल कितने आयु वर्ग हैं जिनमें पुरुष और स्त्रियों की प्रतिशत जनसंख्या समान हैं ?
   (A) तीन (B) दो
   (C) पाँच (D) एक
   (E) एक भी नहीं

8. 1961 में पुरुष और स्त्रियों में किस आयु वर्ग में सबसे अधिक अन्तर है ?
   (A) 0–4 (B) 35–59
   (C) 5–9 (D) 10–14
   (E) 15–34

9. यदि प्रत्येक आयु वर्ग की औसत आयु उस वर्ग का मध्य बिन्दु हो तो सम्पूर्ण जनसंख्या की औसत आयु क्या है ?
   (A) 19.5–29.5 (B) 0–19.5
   (C) 29.5–34.0 (D) 0–29.5
   (E) इनमें से कोई नहीं

10. 1901 से 1971 तक किस आयु वर्ग में दोनों लिंगों की जनसंख्या में सबसे अधिक अन्तर है?
   (A) 0–4 (B) 5–9
   (C) 0–14 (D) 15–24
   (E) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

1. (D) 2. (C) 3. (D) 4. (A) 5. (E)
6. (D) 7. (C) 8. (B) 9. (A) 10. (E)

उत्तर व्याख्या सहित

1. 1983 में निर्यात वस्त्रों के नगों की संख्या
   = 220 लाख
   तथा 1984 में निर्यात वस्त्रों के नगों की संख्या
   = 180 लाख

∴ प्रतिशत कमी $= \frac{(220 - 180) \times 100}{220}$

$= 18.18$ **उत्तर**

2. 1983 में निर्यात वस्त्रों का मूल्य

= 400 करोड़ रु.

तथा 1987 में निर्यात वस्त्रों का मूल्य

= 590 करोड़ रु.

∴ 1983 की अपेक्षा 1987 के मूल्य में प्रतिशत वृद्धि $= \frac{(590 - 400) \times 100}{400}$

$= 47.5$ **उत्तर**

3. वार्षिक औसत मूल्य

$= \frac{400 + 390 + 450 + 540 + 590}{5}$

= 474 करोड़ रु. **उत्तर**

4. 1983 में वस्त्र का मूल्य प्रति नग

$= \frac{400,00,00,000}{220,00,000}$ रु.

= 181.82 रु.

1984 में वस्त्र का मूल्य प्रति नग

$= \frac{390,00,00,000}{180,00,000}$ रु.

= 216.67 रु.

1985 में वस्त्र का मूल्य प्रति नग

$= \frac{450,00,00,000}{260,00,000}$ रु.

= 173.08 रु.

1986 में वस्त्र का मूल्य प्रति नग

$= \frac{540,00,00,000}{230,00,000}$ रु.

= 234.78 रु.

तथा 1987 में वस्त्र का मूल्य प्रति नग

$= \frac{590,00,00,000}{420,00,000}$ रु.

= 140.48 रु.

अतः 1987 में वस्त्रों का मूल्य प्रति नग सबसे कम है. **उत्तर**

5. 1985 में प्रति नग मूल्य

= 173.08 रु.

तथा 1987 में निर्यात वस्त्रों की संख्या

= 420 लाख

∴ 1987 में निर्यात से प्राप्त धनराशि

$= 173.08 \times 420$

= 726.936 करोड़ रु. **उत्तर**

7. 1911 में (5 से 9); 1931 में (0 से 14); 1941 में (5 से 9); 1941 में (60 तथा 60 से अधिक) तथा 1971 में (0 से 14)

9. विभिन्न आयु-वर्ग निम्नलिखित हैं:

0 से 4, 5 से 9, 10 से 14, 15 से 24, 25 से 34, 35 से 44, 45 से 59, तथा 60 व ऊपर.

इस प्रकार कुल 8 आयु-वर्ग हैं

इसलिए बीच में पड़ने वाले आयु-वर्ग हैं चौथा व पाँचवां अर्थात् 15 से 24, व 25 से 34.

15 से 24 आयु वर्ग की औसत आयु

$= \frac{15 + 24}{2} = 19.5$ वर्ष

बी. एड. प्रवेश परीक्षा (उ. प्र) (द्वितीय खण्ड) (विज्ञान वर्ग)	25.00
बी. एड. प्रवेश परीक्षा (प्रथम खण्ड)	26.00
बी. एड. प्रवेश परीक्षा (द्वितीय खण्ड) (वाणिज्य वर्ग)	17.00

मध्य प्रदेश प्री. बी. एड. प्रवेश परीक्षा

म. प्र. प्री. बी. एड. प्रवेश परीक्षा	34.00
म. प्र. प्री. बी. एड. प्रवेश परीक्षा *लेखक : लाल एवं जैन*	30.00
प्री. बी. एड. वस्तुनिष्ठ भारतीय इतिहास	16.00
प्री. बी. एड. वस्तुनिष्ठ अर्थशास्त्र	25.00
प्री. बी. एड. वस्तुनिष्ठ राजनीति शास्त्र	14.00
प्री. बी. एड. वस्तुनिष्ठ यूरोप का इतिहास	20.00

छात्रवृत्ति परीक्षाएँ

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा *(9 वीं एवं 10 वीं कक्षाओं के लिए)*	55.00
ग्रामीण राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा (म. प्र.)	28.00
एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा	33.00
एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा (हल प्रश्न-पत्र)	30.00
जूनियर हाई स्कूल छात्रवृत्ति परीक्षा	20.00

मध्य प्रदेश पी. एस. सी. परीक्षा

पी. एस. सी. पाठ्यक्रम	10.00
कनिष्ठ लोक सेवा आयोग परीक्षा गाइड	30.00
म. प्र. पी. एस. सी. गाइड	50.00
पी. एस. सी. अर्थशास्त्र	45.00
पी. एस. सी. भारतीय इतिहास	65.00
पी. एस. सी. राजनीति शास्त्र	50.00
पी. एस. सी. भूगोल	50.00
पी. एस. सी. समाजशास्त्र	30.00
पी. एस. सी. सांख्यिकी	50.00
पी. एस. सी. विधि	45.00

उत्तर प्रदेश पी. एस. सी. परीक्षा

पी. एस. सी. गाइड (सामान्य अध्ययन)	50.00
पी. एस. सी. अर्थशास्त्र	44.00
पी. एस. सी. विधि	40.00
पी. एस. सी. राजनीति शास्त्र	50.00
पी. एस. सी. भारतीय इतिहास	50.00
पी. एस. सी. भूगोल	45.00
पी. एस. सी. समाज शास्त्र	
पी. एस. सी. दर्शनशास्त्र	28.00

सामान्य ज्ञान

सामान्य ज्ञान, कौन क्या है?	6.00
वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान एवं दैनिक विज्ञान	16.00
सामान्य ज्ञान एवं व्यक्ति परिचय	28.00
सामान्य ज्ञान दिग्दर्शन	50.00
सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान	22.00
राजस्थान सामान्य ज्ञान	18.00
मध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान	20.00
उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान	12.00
बिहार सामान्य ज्ञान	20.00
कृषि सामान्य ज्ञान (वस्तुनिष्ठ प्रकार)	6.00
कृषि सामान्य ज्ञान कोश	20.00

सामान्य हिन्दी

सामान्य हिन्दी	8.00
सामान्य हिन्दी	27.00
वस्तुनिष्ठ सामान्य हिन्दी *लेखक : जैन एवं भटनागर*	16.00

निबन्ध

हिन्दी निबन्ध *लेखक : जैन एवं कुलश्रेष्ठ*	23.00
सामयिक निबन्ध *लेखक : डॉ. चतुर्वेदी*	25.00

गणित

प्रारम्भिक गणित	15.00
अंकगणित *लेखक : खन्ना एवं वर्मा*	10.00
अंकगणित *लेखक : डॉ. एम. बी. लाल*	20.00
वस्तुनिष्ठ अंकगणित	8.00
वस्तुनिष्ठ अंकगणित	22.00

अन्य पुस्तकें

बौद्धिक एवं तर्कशक्ति परीक्षा	34.00
बौद्धिक योग्यता एवं मनोवैज्ञानिक योग्यता परीक्षा	17.00
हृदयस्पर्शी प्रेम-पत्र	11.00
बुद्धि परीक्षण, साक्षात्कार एवं वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान	10.00
सामान्य विज्ञान	18.00

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक महेन्द्र सिंह जैन ने कैलादेवी प्रेस, 11/111, रामबाग, आगरा से छपवाकर 2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2 से प्रकाशित.

डायमंड पाकेट बुक्स में
आप अंग्रेजी जानते तो हैं
लेकिन ठीक ढंग से बोल नहीं पाते।
क्या आप अच्छी अंग्रेजी
बोलना सीखना चाहते हैं तो
आज ही खरीदिये अंग्रेजी
बोलचाल सिखाने वाला एक प्रभावी कोर्स
डॉयमण्ड इंगलिश स्पीकिंग कोर्स
डॉयमण्ड इंगलिश स्पीकिंग कोर्स
अंग्रेजी सीखने का सरल कोर्स
डॉयमण्ड
जो आपको कुछ प्रभावित शब्द और वाक्य नहीं रटाता बल्कि अंग्रेजी भाषा की गहराई को समझाकर उस पर पूरा अधिकार करने की क्षमता प्रदान करता है। अंग्रेजी प्रभावी ढंग से न बोल पाने से जो हीन भावना घर कर जाती है उसे दूर करके अपने कार्य, व्यवसाय व मित्रों में प्रभावित ढंग से अंग्रेजी बोलकर अपना मान व प्रतिष्ठा बढ़ाइये
मूल्य 32/- डाक व्यय 5/-
क्रिकेट प्रश्नोत्तरी
क्रिकेट हर युवक का मनपसंद खेल है और क्रिकेट के इतिहास और क्रिकेट के रिकार्डस के बारे में मन में अनेक सवाल उठते हैं, क्रिकेट प्रश्नोत्तरी आपके मन में उठने वाली सभी जिज्ञासाओं का समाधान है।
क्रिकेट प्रश्नोत्तरी
लेखक: विकास लूथरा
मूल्य 20/- डाक व्यय 3/-
विभिन्न खेलों के नियम 10.00
कपिल देव 10.00
क्रिकेट कैसे खेलें 12.00
तैराकी कैसे सीखें 6.00
आधुनिक मल्लयुद्ध 10.00
शारीरिक प्रशिक्षण पी.टी. एवं ड्रिल गाइड 6.00
जूडो, कराटे, बाक्सिंग व कुंगफू 12.00
सुनील गावस्कर 10.00
डायमंड पाकेट बुक्स प्रा.लि.
2715, दरियागंज, नई दिल्ली-110002

उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि प्रदेशों में आयोजित
बी. एड. प्रवेश
प्रारम्भिक परीक्षा
अब उपलब्ध
प्रतियोगिता दर्पण
हिन्दी मासिक
बी. एड.
प्रवेश परीक्षा
विशेषताएँ :—
सामान्य ज्ञान
सामान्य हिन्दी
मानसिक योग्यता परीक्षा
शिक्षण अभिरुचि परीक्षा
General English
वर्ष भर का घटनाक्रम
विभिन्न प्रदेशों के गत्
वर्षों के हल प्रश्न-पत्र
मूल्य
30.00 रुपए मात्र
अतिरिक्तांक
प्रतियोगिता दर्पण
हिन्दी मासिक
प्रतियोगिता दर्पण
2/11 ए. स्वदेशी बीमा नगर, आगरा- 282 002

अमर वाणी

- जो वस्तु आनन्द प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर नहीं हो सकती और जो सुन्दर नहीं हो सकती वह सत्य भी नहीं हो सकती. जहाँ आनन्द है, वहीं सत्य है. —प्रेमचन्द
- पीड़ा तो स्वयं को संभाल पाती है, परन्तु आनन्द का भार बाँटने के लिए तो किसी मनुष्य का साथ होना आवश्यक है. —मार्क ट्वेन
- ऐश्वर्य का आभूषण सज्जनता, शूरता का वाक्-संयम, ज्ञान का शान्ति, कुल का विनय, धन का सुपात्र के लिए व्यय, तपस्वी का भूषण अक्रोध, बलवानों का क्षमा, धर्म का निश्छलता और सब गुणों का आभूषण शील है. —भर्तृहरि
- सुन्दर आकृति वालों के लिए आभूषण की आवश्यकता नहीं है. —कालिदास
- जब तक तुम में दूसरों को व्यवस्था देने या दूसरों के अवगुण ढूँढने, या दूसरों के दोष ही देखने की आदत मौजूद है तब तक तुम्हारे लिए ईश्वर का साक्षात् करना अत्यन्त कठिन है. —स्वामी रामतीर्थ
- आशा अमर है, उसकी आराधना कभी निष्फल नहीं होती. —महात्मा गांधी
- उत्तम पुरुषों की गति फूल के गुच्छे के सदृश होती है; या तो वे लोगों के सिर पर विराजते हैं या वन में ही सूखकर समाप्त हो जाते हैं. —अज्ञात

अपनी बात

'सामान्य ज्ञान दर्पण' के प्रस्तुत अंक में सभी स्थाई स्तम्भों के अतिरिक्त प्रतियोगिता परीक्षाओं सम्बन्धी जानकारी विशेष रूप से दी जा रही है. रेलवे भर्ती बोर्ड की सहायक स्टेशन मास्टर परीक्षा 1990 तथा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा 1988 के हल प्रश्न-पत्रों के साथ ही आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं के सम्बन्ध में सूचना दी जा रही है, जिससे हमारे सुधी पाठक पूर्ण मनोयोग के साथ तैयारी कर सकें.

कॉफी का उत्पादन भारतीय कृषि की एक विशेष देन है. इंगलैण्ड को छोड़कर सम्पूर्ण यूरोप इसका सेवन करता है. यह एक अत्यन्त लोकप्रिय पेय है. इस अंक में कॉफी से सम्बन्धित आवरण कथा दी जा रही है. हमें आशा है कि पाठकों को वह विशेष रुचिकर लगेगी.

समंकों की व्याख्या, तर्कशक्ति परीक्षा आदि द्वारा इस अंक को विशेष उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया गया है.

धन्यवाद

भवदीय
महेन्द्र जैन

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएं

जुलाई, 1990- उ. प्र. लोक सेवा आयोग, प्रारम्भिक परीक्षा.

जुलाई, 1990- राजस्थान लोक सेवा आयोग, प्रारम्भिक परीक्षा.

1 जुलाई, 1990- बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड, जयपुर परीक्षा.

8 जुलाई, 1990- स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेन्टिस परीक्षा.

5 अगस्त, 1990- भारतीय वन सेवा परीक्षा.

12 अगस्त, 1990- म. प्र. राज्य लोक सेवा आयोग (प्रारम्भिक) परीक्षा.

26 अगस्त, 1990- इंजीनियरिंग सर्विसेज परीक्षा.

2 सितम्बर, 1990- स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया प्रोबेशनरी ऑफीसर परीक्षा.

2 सितम्बर, 1990- पुलिस सब-इन्सपैक्टर (दिल्ली पुलिस सी. बी. आई., सी. पी. ओ.) परीक्षा.

7 अक्टूबर, 1990- सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा.

8 से 13 अक्टूबर, 1990- मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य वन सेवा परीक्षा.

21 अक्टूबर, 1990- नेशनल डिफेन्स अकादमी व नेवल अकादमी परीक्षा.

28 अक्टूबर, 1990- एस. एस. सी. क्लर्कस् ग्रेड परीक्षा.

28 अक्टूबर, 1990- ग्रामीण बैंकिंग सेवा भर्ती (क्लर्कस) बोर्ड, चण्डीगढ़ परीक्षा.

नवम्बर, 1990- सिविल सर्विसेज मुख्य (Main) परीक्षा.

9 दिसम्बर, 1990- रेलवे भर्ती बोर्ड, शिवाजी नगर भोपाल (म. प्र.) परीक्षा.

द्वादश अंक जुलाई 1990

सामान्य ज्ञान दर्पण

इस अंक में

आई. ए. एस. परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त सुधीर राजपाल से भेंटवार्ता पृष्ठ 971 पर

प्रशंसनीय पत्र

मई अंक की सम्पादकीय 'स्वाध्याय का अभ्यास कीजिए' पढ़ी, जोकि बहुत ही प्रेरक लगी. स्वाध्याय का महत्व स्वयंसिद्ध है. एकलव्य व अब्राहम लिंकन अपनी मेहनत व स्वाध्याय के बल पर ही कहाँ से कहाँ पहुँच गए, यह किसी से छिपा नहीं है. आज जबकि प्रतियोगिताओं का युग है, इसलिए स्वाध्याय का महत्व और भी बढ़ जाता है. हमारे देश में आज शिक्षा का स्तर बराबर गिरता जा रहा है. आज अधिकांश विद्यार्थी डिग्री लेने तक तो ठीक-ठाक पढ़ते हैं, लेकिन बाद में अभ्यास छोड़ देते हैं जिससे बाद में टेस्टों में असफलता हाथ लगती है. यह प्रवृत्ति बहुत ही हानिप्रद है. इस प्रवृत्ति पर स्वाध्याय के द्वारा ही अंकुश लगाया जा सकता है. स्वाध्याय द्वारा हम स्वयं के ज्ञानार्जन में तो वृद्धि करेंगे ही, साथ ही साथ समाज में सम्मान पाने के लायक भी बन सकेंगे. परिवार कल्याण पर दी गई जानकारी बहुत ही ज्ञानवर्धक है. परिवार कल्याण तभी सफल होगा जबकि लोगों में यह धारणा दृढ़ हो जाए कि छोटा परिवार सुख का आधार है, क्योंकि जब तक जन-सामान्य का दृष्टिकोण नहीं बदलता, तब तक परिवार कल्याण की समस्त योजनाएं केवल शिक्षित नागरिकों व दफ्तर की फाइलों तक ही सीमित रह जाएंगी. आपने मई अंक में सामान्य ज्ञान वर्ग पहेली न देकर निराश किया. कृपया इसे हर माह दिया करें.

रामजी शरण राय, जयेन्द्र सिंह यादव — *सीतापुर*

आप सम्पादकीय के जरिए इस पत्रिका में इतने उच्चकोटि के एवं प्रेरणादायक लेख प्रकाशित करते हैं जिससे हम पाठकों को इससे कुछ समझने, सीखने एवं करने की सतत् प्रेरणा मिलती रहती है. वैसे तो आजकल अनेक पत्र-पत्रिकाओं का जाल सा बिछा हुआ है परन्तु ऐसे श्रेष्ठ लेख केवल आपकी इस पत्रिका में ही पढ़ने को मिलते हैं. आशा ही नहीं, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप भविष्य में भी इसी प्रकार के प्रेरणादायक लेख प्रस्तुत करते रहने की कृपा करेंगे.

विविध ज्ञान एवं तथ्य के अन्तर्गत नवीन जानकारी देने के लिए धन्यवाद. 'सामान्य मानसिक योग्यता परीक्षा' एवं 'सामान्य विज्ञान' ज्ञानप्रद लगे और विशेष पसन्द आए.

यह केवल एक पत्रिका ही नहीं, यह वो चिराग है जो गहन अंधकार में भटकते हुए राही को राह दिखाता रहता है.

धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी — *कछवाँ बाजार*

सुझाव

निम्नलिखित पाठकों ने विविध विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए लिखा है :

CPMT, NDA, PMT आदि के लिए सम्भावित प्रश्नोत्तर.

रूबी — *सुल्तानपुर*

रासायनिक सूत्र एवं समीकरण.

विजय कुमार सिंह — *सिकन्दरा*

इण्डियन स्कूल ऑफ माइन्स, धनबाद तथा एन.डी.ए. की परीक्षाएं.

रवीश चन्द्र शर्मा — *बाश (बिहार)*

बी.एड. परीक्षा से सम्बन्धित प्रश्नोत्तर.

राजेश दीक्षित, कौशलेन्द्र दीक्षित (फर्रुखाबाद), शशिशेखर तिवारी (झाँसी)

पी.सी.एस. के हल प्रश्न-पत्र

श्याम बिहारी तिवारी — *मण्डी मिर्जा खाँ*

आर.ए.एस., आई.ए.एस., आई.पी.एस., पी.सी.एस. आदि परीक्षाएं.

महावीर प्रसाद — *श्रीगंगानगर*

गणित (Mathematics).

संतोष कुमार झा — *वाराणसी*

इन्कम टैक्स परीक्षा.

ब्रजमोहन निरंजन — *बड़ागाँव*

कुटीर उद्योग धन्धे.

सुनील कुमार चौधरी — *दरभंगा*

पॉलिटैक्नीक प्रवेश परीक्षा.

धीरेन्द्र काला — *अल्मोड़ा*

चिरप्रतीक्षित बहुउद्देशीय संग्रहणीय

प्रतियोगिता दर्पण

हिन्दी मासिक

शिक्षित युवा वर्ग के स्वर्णिम भविष्य के लिये

वार्षिकांक

अगस्त 1990

सही मार्गदर्शन-प्रेरक ज्ञानवर्धन

प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु हिन्दी की प्रथम तथा सर्वाधिक बिकने वाली पत्रिका

10 जुलाई तक बाजार में उपलब्ध

समसामयिक घटनाचक्र

राष्ट्रीय

मई 1990

17 मेहम में एक निर्दलीय उम्मीदवार अमीर सिंह की हत्या हो गई. इस कारण विधान सभा चुनाव रद्द कर दिया गया है. चौटाला का आरोप यह है कि हत्या आनन्द सिंह डांगी ने कराई है. उनके विरुद्ध अभियोग भी पंजीकृत हो गया है. डांगी ने चौटाला पर हत्या कराने का आरोप लगाया. बहराल मेहम में इस प्रकार की घटना की पहले से ही आशा थी.

18 संसद में अनेक कांग्रेसी सदस्यों ने ओमप्रकाश चौटाला की गिरफ्तारी की माँग की. सरकार ने इस मामले की सी. बी. आई. व सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश से जाँच कराने की बात स्वीकार कर ली.

उधर मेहम में डांगी को गिरफ्तार करने गई पुलिस पार्टी ने प्रतिरोध के कारण अंधाधुंध गोलियाँ चलाई, जिसमें डांगी परिवार के तीन लोग मारे गए.

19 कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री एस. आर. बोम्मई को जनता दल का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया. इससे पूर्व अध्यक्ष पद के उम्मीदवार जयपाल रेड्डी और हुकुमदेव नारायण यादव ने अपने नाम वापस ले लिए.

••• योजना आयोग के सदस्य एल. सी. जैन ने मेहम काण्ड से क्षुब्ध होकर त्यागपत्र दे दिया.

20 प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा है कि हरियाणा विधान सभा को भंग कर दोबारा चुनाव कराए जा सकते हैं. यह बात उन्होंने मेहम की स्थिति को ध्यान में रखकर कही, जहाँ कुछ दिन पूर्व एक निर्दलीय प्रत्याशी अमीर सिंह की हत्या कर दी गई थी.

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मेहम निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने के बाद कहा कि ओमप्रकाश चौटाला की सरकार लोकतंत्र की खुल्लमखुल्ला हत्या कर रही है.

21 श्रीनगर में अलगाववादियों ने अवामी एक्शन के प्रमुख व धार्मिक नेता मीर वायज फारुख की हत्या कर दी. इसके बाद भड़की हिंसा में 47 लोग मारे गए.

••• नई दिल्ली में अमरीकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश के विशेष दूत रॉबर्ट गेट्स ने प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह व विदेश मंत्री इन्द्र कुमार गुजराल से भेंट की.

22 हरियाणा के मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया. यह त्यागपत्र जनता दल के हाई कमान के निर्देश पर दिया गया. प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने संसद में चौटाला के त्यागपत्र की घोषणा करते हुए कहा कि लोक सभा चुनावों में अमेठी में हुई हिंसा को ध्यान में रखते हुए श्री राजीव गांधी को भी अपनी लोक सभा सदस्यता से त्यागपत्र दे देना चाहिए.

••• श्री चौटाला का त्यागपत्र दे देने के बाद योजना आयोग के सदस्य श्री एल. सी. जैन ने भी अपना त्यागपत्र वापस ले लिया.

23 नई दिल्ली में हरियाणा भवन में राज्यपाल श्री धनिक लाल मण्डल ने श्री बनारसी दास गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई. उनके साथ 6 मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की. इससे पूर्व श्री बनारसी दास गुप्ता को हरियाणा जनता दल विधायकों की सर्वसम्मति से नेता चुन लिया गया. भाजपा ने स्पष्ट किया है कि वह श्री बनारसी दास गुप्ता की सरकार में शामिल नहीं होगी

24 योजना आयोग ने 8 वीं पंचवर्षीय योजना के प्रारूप को तैयार कर लिया है. केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने इसका अनुमोदन कर दिया है. अब यह राष्ट्रीय विकास परिषद् के सामने रखा जाएगा. प्रारूप में 5.5 प्रतिशत की वार्षिक विकास दर व रोजगार की 3 प्रतिशत की वार्षिक विकास दर रखी गई है.

25 जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल श्री जगमोहन ने त्यागपत्र दे दिया, राष्ट्रपति ने उनके स्थान पर रॉ के पूर्व निर्देशक डॉ. गिरीश चन्द्र सक्सेना को नियुक्त किया है. श्री जगमोहन को एक तरह से हटने के लिए बाध्य किया गया. सत्तारूढ़ दल और अनेक विपक्षी सदस्यों ने उनकी कार्यशैली की कड़ी आलोचना की थी.

❖ केन्द्रीय जाँच ब्यूरो ने सेंट किट्स जालसाजी के मामले में तांत्रिक चन्द्रास्वामी, दो सरकारी अधिकारियों तथा एक अमरीकी नागरिक सहित 6 व्यक्तियों के खिलाफ नई दिल्ली के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट जे. एम. मलिक की अदालत में प्राथमिकी दायर की है.

27 दड़बा कलाँ में हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री श्री ओमप्रकाश चौटाला ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्द्वी को 54 हजार से अधिक मतों से हराया. इस प्रकार चौटाला ने यह सिद्ध कर दिया कि हरियाणा की जनता का उन्हें समर्थन प्राप्त है.

❖ उपप्रधानमंत्री देवीलाल ने विश्वनाथ प्रताप सिंह पर विश्वासघात का आरोप लगाते हुए यहाँ तक कहा कि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार तो अपना समय पूरा करेगी, विश्वनाथ प्रताप सिंह के बारे में यह नहीं कहा जा सकता. श्री देवीलाल ने मेहम मुद्दे पर चौटाला के विरुद्ध विश्वनाथ प्रताप सिंह के रवैये की कड़ी आलोचना की.

28 जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व राज्यपाल श्री जगमोहन को राज्य सभा का सदस्य मनोनीत किया गया है.

❖ पंजाब में फिरोजपुर जिले में आतंकवादियों ने 13 बिहारी मजदूरों को गोली मार दी.

29 पचास जनता दल सांसदों ने प्रधानमंत्री से गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद को हटाने का आग्रह किया है.

❖ संसद में दो संविधान संशोधन विधेयक आवश्यक बहुमत के अभाव में पारित नहीं हो सके. कांग्रेस (इ) ने बोफोर्स के दस्तावेज सदन के पटल पर रखने की माँग की. जब सरकार ने ऐसा नहीं किया तो इसका सदस्य संसद के बाहर चले गए. अतः सदन में उपस्थित सदस्यो की संख्या कम रह गई.

30 लोक सभा ने दो संविधान संशोधन विधेयक पारित कर दिए. 66 वें संविधान संशोधन विधेयक के अनुसार भूमि सुधार कानूनों को संविधान की 9 वीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा. 67 वें संविधान संशोधन के द्वारा अनुसूचित जाति आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाएगा. इसमें 1 चेयरमैन, 1 उप-चेयरमैन व 5 सदस्य होंगे.

31 संसद में 72 वाँ संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया. इसमें दिल्ली को राज्य का दर्जा देने की बात कही गई है. विधेयक में कहा गया है कि पुलिस व कानून व्यवस्था राज्यपाल के अधीन रहेगी.

❖ लोक सभा ने आज एक बिल पारित करके राष्ट्रपति का वेतन 15 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए प्रति माह कर दिया. पूर्व राष्ट्रपतियों की पेंशन व सुविधाओं को भी बढ़ाया गया है.

जून 1990

1 पंजाब के राज्यपाल श्री निर्मल कुमार मुखर्जी ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया. वे 8 दिसम्बर, 1989 को इस पद पर आसीन हुए थे. श्री मुखर्जी ने केन्द्र सरकार पर पंजाब के बारे में ढुलमुल नीति अपनाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को उनसे मिलने के लिए समय नहीं है.

❖ राज्य सभा में 66 वाँ संविधान सशोधन विधेयक पारित कर दिया. लोक सभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है. इस विधेयक में भूमि सुधार सम्बन्धी कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रावधान है.

❖ आज प्रातः 11 बजे भूतपूर्व केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री के. के. तिवारी को राज्य सभा में प्रताड़ित किया गया.

2 निकट भविष्य में देश के अन्य 16 राज्यों की राजधानियों में भी दूरदर्शन के दूसरे चैनल पर प्रसारण आरम्भ कर दिया जाएगा. इसकी व्यवस्था पर लगभग 700 करोड़ रुपए व्यय होंगे.

4 दक्षिणी मध्य रेलवे के सिकन्दराबाद-बाड़ी सेक्शन मे शंकरपल्ली और गोलागुडा के मध्य

हुई एक ट्रेन दुर्घटना में 35 लोग मारे गए और 85 लोग घायल हो गए.

5 प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय मोर्चा सरकार के गठन के सुझाव का जोरदार समर्थन करते हुए स्पष्ट किया कि अगर सभी राजनीतिक दल, मुद्दों और कार्यक्रम के आधार पर राजनीति की शुरुआत कर राष्ट्रीय सरकार बनाए तो वह पूरी तरह से इसके पक्ष में हैं

6 सरकार ने आज सीमेंट, पॉलिएस्टर धागे, मेटल कनटेनर और कुछ विशेष प्रकार की कपड़ा मशीनों सहित अनेक वस्तुओं के केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में संशोधन करने की घोषणा की.

7 पंजाब बंद के आह्वान को राज्य में भारी सफलता मिली है. होशियारपुर शहर को छोड़कर सम्पूर्ण राज्य बंद रहा. इस दौरान आतंकवादियों ने रेल पटरियों पर 13 बम विस्फोट किए और कई पुलिस चौकियों पर हमला किया.

❖ देश में निर्मित भारत का दूसरा कार्वेट पोत 'आई. एन. एस. कुठार' आज भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया.

8 राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन ने श्री वीरेन्द्र वर्मा को पंजाब का राज्यपाल नियुक्त किया है.

❖ नेपाल के प्रधानमंत्री श्री भट्टराय तीन दिन की भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे. उन्होंने कहा कि नेपाल तत्काल प्रभाव से भारत द्वारा लगाए व्यापारिक प्रतिबंधों की वापसी चाहता है. उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा नेपाल से जुड़ी हुई है. अतः नेपाल कभी यह नहीं चाहेगा कि भारत के लिए असुरक्षा उत्पन्न हो.

9 अमरीकी कांग्रेस के सदस्य सोलार्ज ने सुझाव दिया है कि सम्भावित भारत-पाक युद्ध को टालने के लिए कश्मीर में निष्पक्ष चुनाव आवश्यक हैं.

❖ श्री गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति ने हत्या के आरोपी रणजीत सिंह को अकाल तख्त का जत्थेदार नियुक्त किया है.

❖ मध्य प्रदेश में तीन मंत्री व दस राज्य मंत्रियों की नियुक्ति से मंत्रिमण्डल के सदस्यों की संख्या 40 हुई.

10 भारत-नेपाल के समस्त गतिरोध समाप्त तथा पारस्परिक सहयोग के युग का सूत्रपात ;व्यापार व पारगमन संधियों पर हस्ताक्षर

❖ उत्तर प्रदेश में भूमि सेना का गठन किया जाएगा, जो कृषि के लिए अयोग्य भमि को कृषि-योग्य बनाने का कार्य करेगी.

❖ पाकिस्तान की शह पर भगोड़े सैनिकों की 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' गठित.

11 राष्ट्रीय मोर्चा सरकार द्वारा पंचायती राज व्यवस्था पर संविधान संशोधन विधेयक संसद के अगले सत्र में प्रस्तुत करने का निश्चय, गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद द्वारा घोषणा कि कश्मीर में राजनीतिक प्रक्रिया शुरु करने का समय आ गया है केन्द्र द्वारा वार्ता के लिए फारुख अब्दुला आमंत्रित.

12 इन्सेट–1 डी का केप केनेवरल से सफल प्रक्षेपण.

❖ भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा गोर्बाचोव के सुधारों की तीव्र भर्त्सना.

❖ राजीव गांधी द्वारा 'भारत यात्रा' प्रारम्भ.

❖ यदि वी. पी. के स्थान पर अन्य कोई प्रधानमंत्री बना तो भाजपा राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार को समर्थन पर पुनर्विचार करेगी.

13 नागालैण्ड में चिशी सरकार अल्पमत में.

❖ इन्सैट–1 डी सफलतापूर्वक पृथ्वी की कक्षा में स्थापित.

14 भारतीय माल नेपाल में सीमा शुल्क से मुक्त.

❖ नागालैण्ड विधान सभा का आपात अधिवेशन सम्भव.

15 उ. प्र. विधान सभा में 1.5 अरब रुपए का 1990-91 का बजट प्रस्तुत.

16 धान के खरीद मूल्य में 30 से 110 रु. की वृद्धि की घोषणा केन्द्र सरकार ने की है.

अन्तर्राष्ट्रीय

मई 1990

16 न्यूयार्क में मपेट कलाकृतियों के प्रसिद्ध निर्माणकर्त्ता जिम हेन्सन का 53 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया.

••• मास्को में सोवियत विदेश मंत्री एडुआर्ड शेवर्दनात्से व अमरीकी विदेश मंत्री जेम्स बेकर के बीच बातचीत हुई. बातचीत का उद्देश्य आगामी शिखर सम्मेलन की तैयारी करना था.

18 पश्चिम जर्मनी के मंत्रिमण्डलों ने दोनों देशों के बीच 25 मई को हस्ताक्षर की जाने वाली आर्थिक संधि के प्रारूप को औपचारिक स्वीकृति दे दी. दोनों देशों के बीच 1 जुलाई से एक ही मुद्रा चलना आरम्भ हो जाएगी. इससे देश की आर्थिक व राजनीतिक एकता की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है.

20 दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति फ्रेडरिक डि क्लार्क ने लंदन में कहा कि दक्षिण अफ्रीकी रंगभेदी सरकार का खात्मा अब तय हो चुका है और यूरोप को प्रिटोरिया के बारे में अपनी नीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए.

21 रूमानिया में राष्ट्रपति व संसद के लिए चुनाव हो गए. श्री इलियेस्कू को राष्ट्रपति पद के लिए भारी बहुमत मिला. संसद में उनके दल को ब्रहुमत मिल गया. इस प्रकार विदेशी पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में रूमानिया की जनता ने 45 वर्ष में पहली बार मुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

22 श्रीमती बेनजीर भुट्टो 8 इस्लामी देशों की यात्रा पूरी कर स्वदेश लौटीं. इस यात्रा के दौरान वे तुर्की, मिस्र, सीरिया, यमन, ईरान आदि देश गईं. यात्रा का मुख्य उद्देश्य कश्मीर के प्रश्न पर इन देशों का समर्थन प्राप्त करना था. कहा जाता है कि अधिकांश इस्लामी देशों ने कश्मीर विवाद को शान्ति से हल करने पर जोर दिया.

23 अमरीका ने भारत से कहा कि वह कश्मीर में बल प्रयोग करने में सावधानी बरते. यह बात खासतौर से मीर वायज की हत्या के बाद आतंकवादियों पर सुरक्षा कर्मियों के गोली-चालन से 27 व्यक्तियों के मारे जाने के संदर्भ में कही गई है. वैसे अमरीका को यह जान लेना चाहिए कि उसे यह बताने का कोई अधिकार नहीं है कि हमारे सुरक्षा बल कब, कहाँ और कितना बल प्रयोग करें?

••• फिजी सरकार ने फीजी में भारतीय दूतावास को बद करने के आदेश दिए तथा दूतावास कर्मचारियों को 24 घंटों में फिजी छोड़ने को कहा

25 फ्राँस के राष्ट्रपति मित्तरां ने मास्कों में सोवियत राष्ट्रपति गोर्बाचोव से भेंट की. दोनों नेताओं ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को भी सम्बोधित किया. श्री मित्तरां ने कहा कि यूरोप में शान्ति का एक नया युग शुरू हुआ है. उनका देश परमाणु निरस्त्रीकरण का समर्थन करता है.

27 लगभग 30 वर्ष बाद बर्मा में बहुउद्देशीय प्रणाली के अन्तर्गत संसद के चुनाव हुए. परन्तु चुनाव सेना के साए में हुए. अनेक नेताओं को चुनाव में भाग नहीं लेने दिया गया और अनेक नेता इस समय जेल में बंद हैं.

••• अरब शिखर सम्मेलन कल से बगदाद में आरम्भ हो रहा है. विषय समिति में पाकिस्तान ने प्रस्ताव रखा कि कश्मीर के मुद्दे को इसमें विचार हेतु शामिल किया जाए, परन्तु अरब नेताओं ने कहा कि यह समस्या भारत और पाकिस्तान को मिलकर हल करनी चाहिए.

28 अरब देशों के शिखर सम्मेलन में आह्वान किया गया है कि वे अपने आपसी मतभेद भुलाकर अरब जगत की सुरक्षा और आजादी की रक्षा के लिए संयुक्त कार्यवाही की योजना बनाएं.

••• अमरीका ने सेटेलाइट से ऐसी तस्वीरें प्राप्त की हैं, जिनसे पता चलता है कि पाकिस्तान के कहुटा परमाणु केन्द्र से परमाणु बम हवाई अड्डों तक पहुँचाए जा रहे थे.

29 गोर्बाचोव के प्रमुख प्रतिद्वन्द्वी बोरिस येल्तसिन को रूसी फेडरेशन का राष्ट्रपति चुन लिया गया. रूसी फेडरेशन रूस की सबसे बड़ी इकाई है

30-31 श्री गोर्बाचोव 24 घंटे की यात्रा पर कनाडा की राजधानी ओटावा पहुँचे. वहाँ उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री से बातचीत की. अगले दिन वे वाशिंगटन पहुँचे, जहाँ उन्होंने राष्ट्रपति बुश के साथ शिखर वार्ता आरम्भ की.

••• 15 विकासशील देशों के शासनाध्यक्ष कुआलालम्पुर में एकत्र हुए, जहाँ अगले दिन से शिखर वार्ता शुरू हो रही है.

जून 1990

1 श्री गोर्बाचोव ने राष्ट्रपति बुश द्वारा दिए गए भोज में कहा कि शीत युद्ध व आपसी वैमनस्य अब इतिहास की बात है. दोनों नेताओं ने शस्त्रों के परिसीमन व प. जर्मनी सहित अनेक समस्याओं पर विचार किया.

••• कुआलालम्पुर में 15 देशों का सम्मेलन आरम्भ हुआ. सम्मेलन में अधिकांश वक्ताओं का मत था कि विकासशील देशों के ऋण को माफ कर दिया जाए.

2-3 शस्त्र कटौती के मामले में सोवियत संघ व अमरीका में सहमति हो गई है. गोर्बाचोव व बुश के बीच शिखर वार्ता में दोनों नेता सामरिक शस्त्रों में 50 प्रतिशत तक कटौती करने को सहमत हो गए हैं. अमरीका, सोवियत संघ के साथ एक व्यापारिक समझौता करने पर भी सहमत हो गया है. श्री बुश, सोवियत संघ को व्यापारिक फसलों में 'सर्वाधिक सुविधा प्राप्त देय का दर्जा' देने पर सहमत हो गए, परन्तु अन्य विषयों पर दोनों देशों के बीच मतभेद बने रहे.

••• 15 विकाशील देशों (जी– 15) का सम्मेलन कुआलालम्पुर में समाप्त हो गया. इसमें गरीब देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई. साथ ही द्विपक्षीय व्यापार प्रणाली द्वारा उभर रही आर्थिक गुटबंदी के खिलाफ संयुक्त लड़ाई छेड़ने का संकल्प किया गया.

सम्मेलन में पर्यावरण, ड्रग्स व टेक्नोलॉजी के विकास के लिए विकसित देशों द्वारा एकाधिकार की समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त की गई

4 मलेशिया ने कश्मीर के बारे में भारत के रवैये का समर्थन किया है और पाकिस्तान से कहा है कि वह शिमला समझौते के तहत बातचीत करे.

6 सोवियत संघ के खिरगिजिया क्षेत्र मे जातीय दंगों में 40 से अधिक लोग मारे गए. केन्द्र सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त सैन्य बल भेजा है.

••• कराची से 40 किमी दूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात बंदूकधारियों ने एक बस को रोककर 18 यात्रियों को गोलियों से भून दिया. इससे पूर्व 31 मई को भी एक बस में सवार 30 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी.

7 दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति एफ. डब्ल्यू. डी. क्लार्क ने घोषणा की है कि देश के चार प्रान्तो में से तीन प्रान्तों में पिछले चार वर्षो से जारी आपातकाल उठा लिया जाएगा. उन्होंने 48 राजनीतिक बंदियों को रिहा करने की भी घोषणा की.

8 बुल्गारिया में साढ़े चार दशक बाद पहली बार लोकतांत्रिक चुनाव हुए. 400 स्थानो वाली संसद के चुनाव में 40 राजनीतिक दलों के 3,143 प्रत्याशियों ने अपने भाग्य को आजमाया.

9 सोवियत संघ के राष्ट्रपति गोर्बाचोव द्वारा राष्ट्रीय एकता की अपील.

••• मण्डेला द्वारा दक्षिणी अफ्रीका के विरुद्ध आर्थिक प्रतिबन्ध उस समय तक लगाए रखने की अपील की जब तक कि वहाँ की सरकार रंगभेद नीति में मूलभूत परिवर्तन न करे.

••• चेकोस्लोवाकिया में राष्ट्रपति हेवेल के दल को देश के प्रथम निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनावों मे बहुमत प्राप्त.

10 पाकिस्तान, श्रीलंका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा.

••• बुल्गारिया में प्रथम स्वतंत्र चुनाव सम्पन्न.

••• सिंध (पाकिस्तान) में सहस्त्रों व्यक्तियों को बंदी बनाया गया

••• जी. डी. आर. व हंगरी 'वारसा पेक्ट' से पृथक होंगे.

11 नेपाल की व्यापारिक टीम भारत आएगी. यह घोषणा नेपाल के प्रधानमंत्री भट्टराय ने की.

••• भारत-अफगानिस्तान के मध्य सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज.

••• पाकिस्तान के शासक दल पी. पी. पी में मतभेद ;बेनजीर व सेना में मतभेदों से पाकिस्तान में गम्भीर संकट.

••• फूजीमोरी पेरू के नए राष्ट्रपति.

••• बुल्गारिया में कम्युनिस्ट पार्टी का वर्चस्व स्थापित हुआ.

शेष पृष्ठ 1010 पर

मई 1990

21 मुजफ्फरपुर में 5 वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं समाप्त हो गई. बिहार ने 254 अंक अर्जित किए और टीम चैम्पियनशिप जीती. दूसरे स्थान पर केरल व तीसरे स्थान पर पंजाब रहा.

पदक तालिका

	स्वर्ण	रजत	कांस्य
पंजाब	11	4	4
बिहार	7	14	13
हरियाणा	8	4	4
केरल	8	8	10
प. बंगाल	5	7	5
तमिलनाडु	3	3	3
मध्य प्रदेश	3	1	-
दिल्ली	4	4	1
कर्नाटक	2	-	3
उत्तर प्रदेश	3	4	1

23 विश्व चैम्पियन स्वीडन ने चीन पर 3-2 की संकीर्ण विजय प्राप्त कर विश्व कप टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप का पुरुष खिताब जीत लिया. यह प्रतिस्पर्धा ओसाका (जापान) में सम्पन्न हुई.

❖ स्टाकटन में दक्षिण अफ्रीका के सिजी मरवाथिनी ने अंतर-महाद्वीपीय कुसरवेट मुक्केबाजी में इंगलैण्ड के डेव गरसाइड को हराकर अन्तर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ का खिताब जीत लिया.

27 मारमागाओ में गोआ ने केरल को 2-0 से हराकर राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप संतोष ट्राफी जीत ली.

❖ डसलडर्फ में यूरगोस्लाविया ने वर्ल्ड टीम कप (टेनिस) जीत लिया. उसने फाइनल में अमरीका को हराया.

जून 1990

2 टोकियों में चीन ने महिला वर्ग में अपनी श्रेष्ठता कायम रखते हुए दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर लगातार चौथी बार उबेर कप जीत लिया.

3 चीन ने मलेशिया को 4-1 से पराजित कर लगातार तीसरी बार पुरुषों का टॉमस कप टीम बेडमिंटन खिताब जीत लिया.

8 रोम में विश्व कप फुटबॉल का भव्य समारोह के साथ शुभारम्भ हुआ. इस अवसर पर इटली के राष्ट्रपति भी मौजूद थे. बहुरंगी वेशभूषा में सजी-धजी महिलाओं ने खेल में भाग ले रहीं विभिन्न टीमों का प्रतीकस्वरूप प्रतिनिधित्व किया.

❖ विश्व कप फुटबाल का 'वर्ग ए' का पहला मैच विश्व कप विजेता अर्जेन्टीना व केमरून के बीच मिलान में खेला गया. केमरून की टीम शुरु से ही हावी रही. माराडोना का जादू नहीं चल पाया और केमरून 1 गोल से विजयी रहा.

9 एन्ड्रेज गोमेज ने एण्ड्रे अग्गासी को पराजित कर फ्रैंच ओपन का पुरुषों का खिताब जीत लिया.

❖ मोनिका सेलेस ने स्टेफी ग्राफ को पराजित कर फ्रैंच ओपन का महिला खिताब जीत लिया.

16 विश्व कप फुटबॉल में अभी तक की स्थिति इस प्रकार है–

चैकोस्लोवाकिया, कैमरून, ब्राजील, पश्चिम जर्मनी, बेल्जियम व इंगलैण्ड अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर हैं. ग्रुफ 'एफ' में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है क्योंकि इस ग्रुप की चारों टीमों ने एक-एक अंक अर्जित किया है. चैकोस्लोवाकिया, इटली, ब्राजील व पश्चिम जर्मनी का दूसरे दौर में प्रवेश निश्चित है. गत विजेता अर्जेन्टीना अभी भी दूसरे दौर में प्रवेश के लिए संघर्षरत है

■■■

इन्सैट- 1 डी का सफल प्रक्षेपण

भारतीय संचार उपग्रह इन्सैट– 1 डी का सफल प्रक्षेपण भारतीय अन्तरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए एक अन्य गौरवपूर्ण घटना है. इसका प्रक्षेपण एक अमरीकी डेल्टा 4,225 रॉकेट के जरिए केप केनेवरेल (अमरीका) से 12 जून, 1990 को भारतीय मानक समय के अनुसार 11 बजकर 22 मिनट पर निर्विघ्न रूप से किया गया. प्रक्षेपण के 102 मिनट के भीतर भारतीय अन्तरिक्ष वैज्ञानिकों ने इन्सैट–1 डी को सौर अभिग्रहण की स्थिति में रखने के लिए इसकी सौर पट्टिकाओं और सी. बैंड एंटेना को सफलतापूर्वक खोलने का महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित किया. यह कार्य कर्नाटक के हासन स्थित मास्टर कंट्रोल केन्द्र में अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष यू. आर. राव के नेतृत्व में शीर्ष वैज्ञानिकों के एक दल ने किया. भारत के अंतरिक्ष विभाग के परियोजना निदेशक शास्त्री बसंत के अनुसार उपग्रह 10 दिन में पृथ्वी से 35 हजार 887 किमी दूर स्थाई कक्षा में पहुँच जाएगा तथा जुलाई 1990 के मध्य तक कार्य करना प्रारम्भ कर देगा.

इन्सैट– 1 डी का निर्माण भारतीय अंतरिक्ष विभाग के लिए फोर्ड एरोस्पेस निगम ने किया है. इसका भार 650 किग्रा तथा लागत 8 करोड़ डॉलर है. पूरी तरह फैला होने पर इसकी लम्बाई 20 मीटर है. इसमें दूर संचार के लिए 12 प्रेषानुकर (ट्रान्सपोंडर) हैं तथा राष्ट्रीय दूरदर्शन प्रसारण के लिए दो उच्च शक्ति के प्रेषानुकर हैं. इन्सैट– 1 डी के प्रेषानुकरों से तूफानों के बारे में भी सूचना मिल सकेगी. इनसे मौसम सम्बन्धी अन्य आँकड़े भी प्राप्त होंगे तथा समाचार और फेसीमल संदेश भी भेजे जा सकेंगे. उपग्रह में लगा एक शक्तिशाली रेडियोमीटर मौसम की भविष्यवाणी के लिए पृथ्वी के चित्र लेगा. इन्सैट– 1 डी की कार्यावधि 7 वर्ष निर्धारित की गई है.

यह उपग्रह इन्सैट- 1 श्रृंखला का चौथा और अन्तिम उपग्रह है. यह ऐसे महत्वपूर्ण समय पर छोड़ा गया है जब इसके पूर्व उपग्रह इन्सैट- 1 बी की कार्य क्षमता लगभग समाप्त हो चुकी थी और इसकी सेवाएं वर्तमान में अरबसेट इन्टलसेट और एक सोवियत उपग्रह से जारी रखी जा रहीं हैं. इन्सैट- 1 डी उपग्रह का संचार, रेडियो, दूरदर्शन और मौसम सम्बन्धी सेवाओं में महत्वपूर्ण उपयोग किया जाना है.

इन्सैट– 1 डी विदेशी भूमि से छोड़ा गया नौवाँ भारतीय उपग्रह है तथा अमरीका से अंतरिक्ष में छोड़ा गया यह तीसरा भारतीय उपग्रह है. भारत के चार उपग्रह सोवियत संघ से और दो उपग्रह फ्रेंच गुयाना के कोरु द्वीप से अंतरिक्ष में भेजे गए थे. इन सब उपग्रहों का विवरण निम्नलिखित प्रकार है–

1. आर्यभट्ट	(1975)	सोवियत संघ
2. भास्कर–I	(1979)	सोवियत संघ
3. एपल	(1981)	कोरु
4. भास्कर–II	(1981)	सोवियत संघ
5. इन्सैट–1 ए	(1982	अमरीका
6. इन्सैट–1 बी	(1983)	अमरीका
7. आई.आर.एस.–1 ए	(1988)	सोवियत संघ
8. इन्सैट–1 सी	(1988)	कोरु
9. इन्सैट–1 डी	(1990)	अमरीका

■■■

कॉफी

भारत ही नहीं, वरन् सारे संसार में सम्भ्रांत समाज की संस्कृति का प्रतीक कॉफी है. एक कप कॉफी पिलाकर किसी आगन्तुक या अतिथि का स्वागत-सत्कार करना एक उत्कृष्ट परम्परा है. अनेक जटिल समस्याओं का समाधान कॉफी पीते ही निकल आता है. न जाने कितने समझौते और मेल-मिलाप कॉफी से संभव हो जाते हैं. विश्व के महानगरों में आज एक से एक उत्तम कॉफी हाउस हैं, जहाँ मेजों पर कॉफी की चुस्कियों का आनन्द लेते हुए बुद्धिजीवी वर्ग (लेखक, कवि, कलाकार, फिल्मकार आदि) तथा राजनीतिज्ञ बहुत से समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श तथा परि-चर्चा में अपना समय व्यतीत करते हैं.

वास्तव में कॉफी एक लोकप्रिय व उत्कृष्ट पेय है. दक्षिण भारत में अधिकांश लोग केवल कॉफी का सेवन करते हैं, किन्तु उत्तर भारत में इसका नम्बर चाय के बाद आता है. प्राचीन समय से ही अरब देशों में कॉफी या कहवा एक लोकप्रिय पेय पदार्थ रहा है. यूरोप में भी चाय के पहुँचने से पहले ही कॉफी का प्रचलन था. संभवतः किसी अन्य पेय की अपेक्षा, कॉफी विश्व की एक-तिहाई जनसंख्या द्वारा गर्म या ठंडे पेय के रूप में सबसे अधिक मात्रा में प्रयोग की जाती है.

कॉफी की उत्पत्ति

कॉफी की खोज के बारे में अनेक कथाएं प्रचलित हैं, किन्तु इनमें सबसे अधिक प्रसिद्ध कहानी यमन के एक चरवाहे, **काल्डी** से सम्बन्धित है. काल्डी एक स्थानीय मठ में नौकरी करता था. उसने एक दिन देखा कि उसकी बकरियाँ विचित्र व्यवहार कर रही हैं. सामान्यतः उसकी बकरियों का झुंड शांत रहता था, किन्तु वह अचानक उस दिन अत्यधिक सक्रिय हो गया, उछलने, कूदने और नाचने लगा काल्डी को संदेह हुआ कि संभवतः समीप की झाड़ी में लगे चमकीले लाल सरस फलों (Berries) को खाकर बकरियों के आचरण में अकस्मात् यह बदलाव आया है. अतः इनमें से कुछ फलों को तोड़कर वह मठ ले गया. वहाँ जाकर उसने अपनी कहानी महंत को सुनाई, जिसने कुछ संशय के साथ इसे सुना, किन्तु जैसे ही काल्डी चला गया, महंत ने पानी गर्म करके, उसमें सरस फलों से निकाले गए बीज डाल दिए. जब उसने वह काढ़ा पिया तो आश्चर्यचकित हो गया, क्योंकि उसे पीते ही महंत को जैसे अनोखी स्फूर्ति और ताज़गी का संचार हुआ. वास्तव में वह इस कसैले काढ़े से इतना प्रभावित हुआ कि मठवासियों को मध्य रात्रि की प्रार्थना में सजग रखने के लिए उसने यह गाढ़ा रस पिलाना शुरु कर दिया. मठवासी इस कड़वे काले पेय को **कहवा** कहने लगे, जिसका अर्थ है उत्तेजक व शक्तिवर्धक. यह विचार अरब के बाहर भी फैला और चमकदार लाल बदरी फलों से यह पेय तैयार करने का रिवाज़ निकट पूर्व (Near East), अफ्रीका तथा बाद में तुर्की तक पहुँचा. इंगलैण्ड में कॉफी 17 वीं शताब्दी में पहुँची.

सन् 1650 में इंगलैण्ड में पहला कॉफी हाउस ऑक्सफोर्ड में खोला गया, जिसे प्राध्यापकों और छात्रों में समान रूप से तात्कालिक सफलता मिली. उन्होंने देखा कि नया पेय उत्तेजक तथा उनके बौद्धिक कार्य में सहायक भी है, जोकि थकान और नींद को दूर करता है, जिससे वे अधिक समय तक काम कर सकते हैं. शीघ्र ही कॉफी की ख्याति लंदन तक पहुँची और वहाँ पहला कॉफी हाउस 1652 में खुला. 18 वीं शताब्दी आते-आते सारे लंदन में प्रायः 2,000 कॉफी हाउस हो गए. ये हाउस अपने समय के महत्वपूर्ण मिलन स्थल और सूचना केन्द्र थे. इनके द्वार गरीब तथा धनी दोनों को समान रूप से

खुले रहते थे. उस काल के दार्शनिकों, साहित्य-कारों, कलाकारों, नाटककारों, उपन्यासकारों, पादरियों आदि से कॉफी हाउस भरे रहते थे. उस समय बिना दूध की बड़ी तेज कॉफी इन हाउसों में दी जाती थी. अठारहवीं शताब्दी के मध्य तक कॉफी यूरोप का सर्वाधिक लोकप्रिय पेय बना गया था. उस समय जोहेन से बास्टियन बाच ने अपनी "Coffee Aria" (कॉफी की लय) में लिखा–'यह शहद से भी ज्यादा मीठी है, हजारों चुम्बनों (Kisses) से भी अच्छा है और मस्काटेल नामक शराब से भी अच्छी है.'

उत्तम कॉफी तैयार करने के लिए एक कप उबले पानी में आधा छटाँक या एक चम्मच चूर्ण और दूध व शक्कर मिला दी जाती है. कुछ लोग बिना दूध और चीनी की कॉफी पसंद करते हैं. कॉफी में अधिक पानी मिला देने से इसकी पौष्टिक शक्ति कम हो जाती है. कॉफी के बीजों को भूनकर और पीसकर, विभिन्न प्रकार के उपकरणों की मदद से अनेक विधियों से इसका पेय तैयार किया जाता है, जिसे बाजार या घरों में अलग-अलग नाम से पुकारा जाता है, जैसे–'इंस्टैन्ट कॉफी', एक्स्प्रेसो कॉफी या ठंडी झागदार कॉफी. इंस्टैन्ट कॉफी तुरन्त तैयार होने वाला पेय है. यद्यपि कॉफी में थोड़ा कड़वापन होता है, किन्तु धीरे-धीरे उसका विशिष्ट स्वाद स्वतः ही उत्पन्न हो जाता है. कॉफी का संघटन इस प्रकार है कैफीन– 1.21%; टेनिन– 32.79%; डेक्स्ट्रेन– 8.55%, नाइट्रोजनयुक्त पदार्थ– 12.07% तथा जल– 19.23%. कॉफी के एक कप में 100-150 मिग्रा कैफीन होती है. कैफीन, कॉफी का एक प्रमुख घटक है. चिकोरी (Chicory) नामक पौधे की जड़ का पाउडर कॉफी के साथ प्रायः इसलिए मिलाया जाता है, जिससे उसकी कड़वाहट कम हो जाए.

दक्षिण-पश्चिमी इथोपिया (अफ्रीका) को कॉफी का उत्पत्ति स्थान माना जाता है. भारत में कॉफी का पौधा 17 वीं शताब्दी में ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा लाया गया था. 1798 में वैलीचेरी के निकट यह प्रयोगात्मक रूप से बोया गया, किन्तु सन् 1830 में व्यवस्थित रूप से यह पैदा किया जाने लगा. ऐसा भी कहा जाता है कि भारत में कॉफी का बीज सबसे पहले लगभग तीन सौ वर्ष पूर्व मैसूर के **बाबा बूढ़न** लाए थे. वे मक्का गए थे ; वहीं से सात दाने छिपाकर ले आए. अतः सबसे पहले इसकी खेती मैसूर राज्य में शुरु की गई. कॉफी, भारत में अधिकतर दक्षिण में पश्चिमी घाट तथा इसकी पहाड़ी तलहटी में और उत्तर में मैसूर राज्य के कादूर जिले से दक्षिण में त्रावनकोर तक उगाई जाती है. कॉफी 1,800 मी तक की सभी ऊँचाइयों पर उगाई जा सकती है. बिहार, बंगाल तथा असम के कुछ भागों में केवल अल्प मात्रा में कॉफी की खेती की जाती है. उपजाऊ, अच्छी जल निकासी वाली, भुरभुरी, मिट्टी में, जिसमें पर्याप्त मात्रा में फफूँदिया रहती हैं, कॉफी सबसे अच्छी तरह पनपती है. भारत के अलावा श्रीलंका, ब्राजील, अफ्रीका के देशों तथा मध्य अमरीका में भी इसकी खेती की जाती है.

कॉफिया (Coffea), यह उष्ण कटिबंधीय अफ्रीका तथा एशिया में पाई जाने वाली सदाबहार झाड़ियों अथवा लघु वृक्षों की 50-60 जातियों का वंश है, जो रूबिएसी कुल में आता है. इनमें 4 या 5 जातियाँ व्यापारिक कॉफी की महत्वपूर्ण स्रोत हैं. इनमें से **का. अरेबिका** की सर्वाधिक खेती की जाती है, जबकि **का. लिबरिका, का. रोबस्टा** तथा **का. स्टेनोफिला** की खेती सीमित मात्रा में होती है. कृष्ट जातियों के अतिरिक्त भारत में विशेषतया उष्ण कटिबंधीय हिमालय तथा दक्षिणी भारत के उच्चतर क्षेत्रों में 5 या 6 जंगली जातियाँ भी पाई जाती हैं. इनमें से कोई भी जाति आर्थिक महत्व की सिद्ध नहीं हुई है. **का. अरेबिका** की तीन किस्में–**चिक्स, कुर्ग्स** तथा **केंट्स**–भारत में बड़ी महत्वपूर्ण हैं, जो दक्षिण भारत के मैसूर कुर्ग तथा नीलगिरि की पहाड़ियों में उगाई जाती हैं. **रोबस्टा कॉफी** आजकल अधिक लोकप्रिय होती जा रही है. इसको रोगों और कीड़ों का भय कम रहता है. इसका प्रति हेक्टेयर उत्पादन भी अधिक होता है. गत 25 वर्षों में कॉफी के उपयोग और व्यापार दोनों में ही बढ़ोत्तरी हुई है. इस वृद्धि का कारण **भारतीय कॉफी बोर्ड** के निरन्तर प्रयास हैं. कॉफी का उपयोग कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में अधिक होता है. यूरोप के देशों में भारत की **मानसून कॉफी** की अधिक माँग होती है, इसे मधुर

शेष पृष्ठ 1008 पर

युवा प्रतिभाएं

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 1989 की आई. ए. एस. (I. A. S.) परीक्षा में द्वितीय स्थान पर चयनित

श्री सुधीर राजपाल

*देश के सर्वोच्च सेवा तंत्र में प्रथम प्रयास में ही आई. पी. एस. तथा द्वितीय प्रयास में आई. ए. एस. में द्वितीय स्थान पर चयनित होकर गौरवपूर्ण सफलता अर्जित करने वाले श्री **सुधीर राजपाल** सौम्य, सुशील, सुभाषी एवं सुदर्शन व्यक्तित्व के धनी एक ऐसे संघर्षशील प्रतिभाशाली नवयुवक हैं, जिनके जीवन के मूलमंत्र रहे हैं--अनवरत कठिन परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति, लक्ष्य के प्रतिसमर्पण, कर्तव्यनिष्ठा तथा भगवत्कृपा में अटूट विश्वास. 'प्रतियोगिता दर्पण' के साथ उनसे हुई विस्तृत भेंटवार्ता का सारांश हम अपने प्रतियोगी पाठकों के मार्ग-दर्शन एवं प्रेरणा ग्रहण करने के उद्देश्य से यहाँ प्रस्तुत कर रहे हैं.*

प्र.द.–'प्रतियोगिता दर्पण' परिवार की ओर से मैं आपकी शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ.

सु.रा.–धन्यवाद.

प्र.द.–आपको इस सफलता की सूचना कैसे मिली? आपकी सर्वप्रथम प्रतिक्रिया क्या थी?

सु.रा.–दिल्ली से मेरी बहन ने इसकी सूचना मुझे टेलीफोन से दी. मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हुई. मैंने तत्क्षण इस सफलता के लिए ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट की.

प्र.द.–क्या इतने उच्च स्थान के साथ आपको सफलता प्राप्त करने की आशा थी?

सु.रा.–मुझे आई. ए. एस. में सफल होने की तो आशा निश्चित थी, लेकिन सफलता में प्राप्त होने वाले स्थान के बारे में आश्वस्त होना अथवा उसकी आशा करना तो अत्यन्त कठिन विषय है.

प्र.द.–आई. ए. एस. कैरियर चुनने की प्रेरणा आप को कहाँ से मिली? क्या अपने परिवारिक वातावरण से?

सु.रा.–आई. ए. एस. सर्वोत्तम सेवा है. इसमें कार्य की अनेक विविधताएं हैं तथा लोक सेवा के क्षेत्र में सार्थक कार्य कर सकने की बृहत् सम्भावनाएं हैं. मेरे लिए आई. ए. एस. के यही प्रमुख आकर्षण थे. मेरे पिताजी तथा बड़े भाई साहब भी सरकारी सेवा में हैं. यह दोनों निश्चय ही मेरे आई. ए. एस. में जाने में निर्णायक पथ प्रदर्शक रहे हैं.

प्र.द.–आपने किस स्तर से सिविल सर्विस के बारे में सोचना प्रारम्भ किया था?

सु.रा.–ग्रेजुएट कक्षाओं की पढ़ाई के लिए कॉलेज में प्रवेश लेने के साथ ही मैंने सिविल सर्विसेज के विषय में सोचना प्रारम्भ कर दिया था.

प्र.द.–आपने इस परीक्षा के लिए गम्भीरता-पूर्वक तैयारी कब से प्रारम्भ की?

सु.रा.– 1988 के अन्त से ही इस परीक्षा के लिए गम्भीर तैयारी प्रारम्भ हो सकी थी.

प्र.द.–आपके ऐच्छिक विषय क्या थे? उनको चुनने का मापदण्ड क्या था?

सु.रा.–मेरे ऐच्छिक विषय थे : प्रारम्भिक परीक्षा के लिए अर्थशास्त्र तथा मुख्य परीक्षा के लिए अर्थशास्त्र एवं प्रबन्ध व्यवस्था (मैनेजमेण्ट). इन विषयों के सम्बन्ध में मेरी जानकारी ही इन ऐच्छिक विषयों को लेने में प्रमुख कारण रही. बी. ए. ऑनर्स में मैंने अर्थशास्त्र विषय पढ़ा था. एम. ए. में मेरा विषय बिजनिस मैनेजमेण्ट था.

प्र.द.–आपने ऐच्छिक विषयों के लिए कौन-कौनसी पुस्तकों का अध्ययन किया था?

सु.रा.–ऐच्छिक विषयों के लिए प्रमुखतः पुस्तकें पढ़ीं–

Economics

Micro- Kautsoyiannis, H. L. Ahuja
Macro- Jhingon, Shapiro
Money- S.B. Gupta, Chandler
International Economics- Sudama Singh & Vaish
Public Finance- H. L. Bhatia
Indian Economics- Dutta

Management

Organisation Behaviour Luthans, Stephen Robbins
Marketing- Kotler
Finance- Khan & Jain, I.M. Pandey
Production- Buffa
Industrial Relations- Monappa & Saiyaddin, Arun Monappa.
Managerial Economics- Mote, Paul & Gupta
Quantitative- Shrivastava

प्र.द.– इनके अतिरिक्त आपने सामान्य अध्ययन (G. S.) तथा ऐच्छिक विषयों पर क्या सामग्री पढ़ी?

सु.रा.–सामान्य अध्ययन के लिए समाचार-पत्रों में प्रमुखतः टाइम्स ऑफ इण्डिया, इकनोमिक टाइम्स तथा ट्रिब्यून और पत्रिकाओं में फ्रन्टलाइन, मेनस्ट्रीम, इकनोमिक एण्ड पोलिटिकल वीकली आदि का नियमित अध्ययन किया.

प्र.द.–इसके अतिरिक्त.

सु.रा.–इसके अतिरिक्त यह पुस्तकें भी पढ़ीं– Unique Guide for General Studies, Raus Notes on General Studies, B. O.-Basu, Maker of Modern India (a Patiala House ,Publication). दूरदर्शन से प्रसारित सामयिक घटनाओं (Current Affairs) के प्रोग्रामों और आकाशवाणी के 'स्पॉट लाइट' प्रोग्राम पर भी ध्यान केन्द्रित किया. इण्डियन इकनोमिक रिव्यू जैसे जरनल भी पढ़े. इन्दिरा गांधी नेशनल ओपन यूनीवर्सिटी (IGNOU) के मैनेजमेण्ट नोट्स से भारी सहायता प्राप्त की. अन्य जरनल भी पढ़े, जैसे–विकल्प (Vikalpa), डिसीजन (Decision) Indian Management and Supplements on Management (carried out by the Economic Times & the Financial Express).

प्र.द.–प्रारम्भिक परीक्षा (Prelims) के लिए आपने क्या अध्ययन योजना अपनाई?

सु.रा.–प्रारम्भिक परीक्षा को तो मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यास स्थली ही समझना चाहिए. प्रारम्भ से अपनी पूरी शक्ति तथा सभी प्रयासों को मुख्य परीक्षा की दिशा में केन्द्रित कर देना चाहिए. फिर भी प्रारम्भिक परीक्षा से लगभग 10 दिन पहले से मैंने वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का अध्ययन किया.

प्र.द.–प्रारम्भिक परीक्षा के पश्चात् मुख्य परीक्षा की तैयारी आपने कब से प्रारम्भ की?

सु.रा.–मुझे प्रारम्भिक परीक्षा में सफल होने का पूर्ण विश्वास था, अतः बिना समय नष्ट किए ही मैंने मुख्य परीक्षा की तैयारी प्रारम्भ कर दी थी. प्रारम्भिक परीक्षा के पश्चात् केवल एक सप्ताह का विश्राम करके ही मैं पुनः गम्भीर रूप से मुख्य परीक्षा की तैयारी में जुट गया था.

प्र.द.–क्या आपने कोचिंग इत्यादि की कोई बाह्य सहायता भी ली थी?

सु.रा.–जी नहीं, मैंने इस प्रकार की कोई बाह्य सहायता,कोचिंग आदि नहीं ली.

प्र.द.–आपने इतने विस्तृत पाठ्यक्रम को इतने कम समय में कैसे पूरा किया?

सु.रा.–वास्तव में बात यह है कि पाठ्यक्रम के इतने विस्तृत होने के कारण मैंने मुख्य परीक्षा के बहुत पहले से ही नियमित अध्ययन प्रारम्भ कर दिया था. इस परीक्षा के लिए निर्धारित विस्तृत पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए यह अपरिहार्य ही है कि इसकी तैयारी परीक्षा से काफी समय पहले से की जाए. इस आवश्यकता से कोई छुटकारा नहीं है. यह परीक्षा अन्य आम परीक्षाओं से इसी कारण से भिन्न होती है.

प्र.द.–मुख्य परीक्षा के पश्चात् साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए जाने के लिए क्या आप आश्वस्त थे?

सु.रा.—मैंने अपने प्रश्न-पत्र बहुत अच्छे किए थे, अतः साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए मैं काफी आशावान था.

प्र.द.—साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के बाद आपने किस प्रकार तैयारी की, जैसे—व्यक्तित्व (Personality), वस्त्रादि (Dress-up), विषय प्रवेश (Approach) तथा बातचीत का ढंग (Way of talking) आदि.

सु.रा.—देखिए, व्यक्तित्व का विकास तो एक लम्बी तथा निरन्तर प्रक्रिया है. साक्षात्कार से पहले के अल्पकाल में व्यक्तित्व में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं किया जा सकता. वस्त्रादि के विषय में मैंने कई एक वरिष्ठ आई. ए. एस. अधिकारियों तथा अपने जानकार मित्रों से परामर्श किया था, जो पहले इस साक्षात्कार में भाग ले चुके थे. मेरे विचार में वस्त्रादि के चयन में आम धारणा बहुत बढ़ा-चढ़ाकर व्यक्त की जाती है, ड्रैस का इतना अधिक महत्व शायद है नहीं, जितना कि निरूपित किया जाता है. अवसर की गरिमा के अनुकूल केवल मनोहर वस्त्र ही धारण करना पर्याप्त है. विषय-प्रवेश एवं बातचीत करने के ढंग के विषय में मैंने चंडीगढ़ के हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के विशेषज्ञों से सहायता प्राप्त की थी.

प्र.द.—आपका साक्षात्कार कैसा रहा? साक्षात्कार मण्डल के विषय में आपका क्या विचार है?

सु.रा.—मेरा साक्षात्कार मेरे लिए एक अत्यन्त आनन्ददायक अनुभव रहा. वहाँ का वातावरण इतना आत्मीय एवं सौहार्द्रपूर्ण था कि मैं पूर्णतः तनावमुक्त स्थिति में आ गया था. साक्षात्कार बोर्ड के सदस्य अत्यन्त सहानुभूतिपूर्ण एवं पारस्परिक समझ के महानुभाव थे, जिन्होंने मुझे अपने समक्ष तनाव रहित, सामान्य एवं सहज स्थिति में लाने का भरपूर प्रयास किया.

प्र.द.—आपसे किस विषय में अधिक प्रश्न पूछे गए? आपके विषयों से सम्बन्धित अथवा सामयिक घटनाओं से सम्बन्धित या अन्य सामान्य विषयों पर.

सु.रा.—मेरे साक्षात्कार का अधिकतर भाग मैनेजमेण्ट से सम्बन्धित रहा, जो स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेरे अध्ययन का विषय था, क्योंकि मैं कॉलेज में 'गांधी स्टडी सर्किल' का सचिव रहा था, अतः मुझसे गांधियन विचारधारा से सम्बन्धित अनेक प्रश्न पूछे गए. सामयिक घटनाओं पर अत्यन्त संक्षिप्त वार्ता हुई. प्रारम्भ में कुछ मिनटों तक यू. एस. सुपर 301 एक्ट के भारत पर सम्भावित प्रभावों के विषय में वार्ता होती रही.

प्र.द.—अपने परिवार के सम्बन्ध में कुछ बताइए. आपके जीवन-वृत्ति विकास (Career Development) में आपके माता-पिता की क्या भूमिका रही?

सु.रा.—मेरे पिताजी हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड में इंजीनियर-इन-चीफ हैं, मेरी माताजी ने हरियाणा सरकार के 'मास एजूकेशन एण्ड इनफॉरमेशन ऑफीसर' के पद से अवकाश ग्रहण किया है. मेरी बहन दिल्ली के एक कॉलेज में प्रवक्ता हैं. मेरे बड़े भाई भी इंजीनियर हैं. तीन व्यक्तियों के परिवार में मैं सबसे छोटा हूँ. मेरे कैरियर के विकास में मेरे माता-पिता की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका रही है. उनसे मुझे प्रत्येक स्तर पर तथा प्रत्येक समय अमूल्य मार्ग-दर्शन, समर्थन एवं प्रोत्साहन मिलता रहा है.

प्र.द.—आप अपनी सफलता का श्रेय किसको देना चाहेंगे?

सु.रा.—मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के सदस्यों, अपने गुरुजनों, अपने कठिन परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प और सबसे अधिक ईश्वर की कृपा को देना चाहूँगा.

प्र.द.—आपने कितने प्रयासों में यह सफलता अर्जित की?

सु.रा.—प्रथम प्रयास में मेरा चयन आई. पी. एस. के लिए हुआ. आई. ए. एस. के लिए यह मेरा दूसरा प्रयास था.

प्र.द.—सेवाओं के लिए आपकी प्राथमिकता क्या है?

सु.रा.—मैंने आई. ए. एस. के लिए प्रथम विकल्प दिया है.

प्र.द.—यदि आप आई. ए. एस. में न आते तो क्या करते?

सु.रा.–मैंने आई. आई. एम. अहमदाबाद से स्नातकोत्तर स्तर पर 'एम. बी. ए.' की डिग्री प्राप्त की है. इसलिए यदि मैं आई. ए. एस. में सफल नहीं हो पाता तो निजी क्षेत्र में प्रबन्धकीय (Managerial) कैरियर अपनाने का प्रयास करता.

प्र.द.–वर्तमान में आप क्या कर रहे हैं?

सु.रा.–मार्च 1989 में 'एम. बी. ए.' करने पश्चात् मैं घर पर रहकर ही इस परीक्षा की तैयारी करता रहा हूँ.

प्र.द.–आई. ए. एस. में हिन्दी माध्यम के प्रतियोगियों के लिए सम्भावनाओं के सम्बन्ध में आपका क्या विचार है?

सु.रा.–मुझे ऐसा कोई तथ्य दृष्टिगत नहीं होता, जिसके कारण हिन्दी माध्यम के प्रतियोगी परीक्षा में उतना अच्छी न कर सकें, जितना अच्छा कि अंग्रेजी माध्यम वाले प्रतियोगी करते हैं. मुख्य प्रश्न तो उद्देश्य के प्रति दृढ़ता तथा अदम्य इच्छाशक्ति प्रदर्शित करने का है. वास्तव में मेरी तो यह इच्छा है कि अधिक से अधिक प्रतियोगी हिन्दी (तथा क्षेत्रीय भाषाएं) लेकर इस परीक्षा में बैठें. उनकी सफलता से भारतीय अधिकारीतंत्र (Indian Bureaucracy) के लिए विस्तृत आधार का निर्माण होगा.

प्र.द.–आपकी राय में देश में हिन्दी का क्या भविष्य है?

सु.रा.–हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा है. हिन्दी को हर सम्भव सहायता दी जानी चाहिए, जिससे वह उच्च शिक्षा, व्यापार-व्यवसाय तथा प्रशासन तंत्र की भाषा बन सके. मेरा विचार है कि कोई भी राष्ट्र उधार ली हुई भाषा पर अनन्तकाल तक फल-फूल नहीं सकता. मुझे विश्वास है कि हमारा देश भी इस तथ्य की अनुभूति करेगा. मेरी राय में हिन्दी का हमारे देश में बड़ा उज्जवल भविष्य है.

प्र.द.–आप हिन्दी क्षेत्र के निवासी है. आपकी मातृभाषा भी हिन्दी है, फिर आपने अंग्रेजी माध्यम क्यों अपनाया? क्या आप नहीं समझते कि अधिक सुस्पष्ट तथा सही ज्ञान मातृभाषा के माध्यम से ही होता है.

सु.रा.–मैं आपकी इस बात से पूर्णतः सहमत हूँ कि अधिक सुस्पष्ट तथा सही ज्ञान केवल मातृभाषा से ही सम्भव होता है. यदि मैं हिन्दी माध्यम से परीक्षा दे पाता तो यह एक आदर्श स्थिति होती, लेकिन मैं प्रारम्भ से ही इगलिश मीडियम स्कूलों व कॉलेजों में पढ़ा हूँ. एक अन्य कठिनाई हिन्दी में अच्छे स्तर की मानक पुस्तकों का अभाव है. इन कारणों ने मुझे यह परीक्षा अंग्रेजी माध्यम से देने के लिए विवश कर दिया.

प्र.द.–हमारे प्रकाशनों 'प्रतियोगिता दर्पण' तथा 'सामान्य ज्ञान दर्पण' का आप क्या मूल्यांकन करते हैं? इन पत्रिकाओं को अधिक उपयोगी बनाने के लिए आप क्या सलाह देंगे?

सु.रा.–विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले अभ्यर्थियों को बहुमूल्य जानकारी देने तथा विश्लेषण– आधारित लेख उपलब्ध कराने में यह दोनों पत्रिकाएं प्रशंसनीय कार्य कर रही हैं. मुझे विश्वास है कि यह पत्रिकाएं विभिन्न प्रतियोगियों के अतिरिक्त हिन्दी माध्यम के प्रतियोगियों के लिए विशेष रूप से अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो रही हैं

प्र.द.–आपकी रुचि (हॉबी).

सु.रा.–मुझे पढ़ने में रुचि है. क्रिकेट, हॉकी तथा टेबिल टेनिस मेरे रुचिकर खेल हैं.

प्र.द.–आपका प्रिय व्यक्ति.

सु.रा.–मि. गोर्बाचोव.

प्र.द.–आपका सबल पक्ष?

सु.रा.–मैं समझता हूँ कि मैं कठिन परिश्रम से कार्य कर सकता हूँ.

प्र.द.–कोई स्वप्न.

सु.रा.–जीवन के जिस किसी क्षेत्र में मैं प्रवेश करूँ, उसमें सर्वोच्च स्थान तक पहुँचना.

प्र.द.–भविष्य में प्रतियोगियों के लिए आपके सुझाव/टीका-टिप्पणी/परामर्श, मंत्रणा या सीख.

सु.रा.–कठिन परिश्रम करने से डरें नहीं. इस परीक्षा में धैर्य एवं दृढ़ता का उचित फल मिलता है.

प्र.द.–आपको क्या करना प्रिय है?

सु.रा.–अपने लिए चुनौतियाँ तय करना तथा उन्हें विजित करने के लिए प्रयास एवं परिश्रम करना. ■■■

रेलवे भर्ती बोर्ड, मुजफ्फरपुर, (बिहार) द्वारा आयोजित सहायक स्टेशन मास्टर परीक्षा, 1990

सामान्य ज्ञान

1. 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' यह कथन किसका है?
   (A) बाल गंगाधर तिलक
   (B) महात्मा गांधी
   (C) सरदार पटेल
   (D) लाला लाजपत राय
2. आई. एल. ओ. का मुख्यालय कहाँ है?
   (A) जेनेवा (B) द हेग
   (C) न्यूयार्क (D) रोम
3. सरकारिया आयोग किससे सम्बन्धित है?
   (A) भोपाल गैस दुर्घटना से
   (B) पत्रकारों की समस्याओं से
   (C) केन्द्र-राज्य सम्बन्धों से
   (D) चुनाव सुधार से
4. 'रामायण' के लेखक कौन हैं?
   (A) वाल्मीकि (B) तुलसीदास
   (C) बाणभट्ट (D) सूरदास
5. पानीपत का प्रथम युद्ध किसके मध्य हुआ था?
   (A) राणा प्रताप एवं अकबर
   (B) अकबर एवं हेमू
   (C) बाबर एवं इब्राहीम लोदी
   (D) बाबर व पृथ्वीराज
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था?
   (A) कपिलवस्तु (B) सारनाथ
   (C) गया (D) लुम्बिनी
7. 'ए पैसेज टू इण्डिया' के रचयिता कौन हैं?
   (A) ई. एम. फोर्स्टर
   (B) जॉर्ज ऑरवेल
   (C) शेक्सपियर
   (D) लेनिन
8. एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम भारतीय महिला कौन थी?
   (A) पी. टी. ऊषा
   (B) बछेन्द्री पाल
   (C) शाइनी अब्राहम
   (D) आरती प्रधान
9. भारत गणतंत्र कब घोषित हुआ?
   (A) 15 अगस्त, 1947
   (B) 26 जनवरी, 1949
   (C) 26 जनवरी, 1950
   (D) 15 अगस्त, 1950
10. लोहे की कमी से कौनसा रोग होता है?
   (A) एनीमिया (B) रिकेट्स
   (C) स्कर्वी (D) रतौंधी
11. गुलीवर्स ट्रेवल्स' किसकी कृति है?
   (A) जोनाथन स्विफ्ट (B) लेनिन
   (C) गोर्की (D) शेक्सपियर
12. अन्तर्राष्ट्रीय दिनांक रेखा, वह रेखा है, जहाँ–
   (A) समय जी. एम. टी. से 24 घंटे आग रहता है
   (B) समय ग्रीनविच मैरीडियन से 12 घंटे आगे रहता है
   (C) विश्व के सभी स्थानों के लिए दिनांक का निर्धारण होता है
   (D) रेखा के दोनों ओर 24 घंटे का अन्तर होता है
13. निम्नलिखित में से कौनसी गैस वायु में सर्वाधिक है?
   (A) हाइड्रोजन
   (B) ऑक्सीजन
   (C) नाइट्रोजन
   (D) कार्बन-डाई-ऑक्साइड
14. द्वितीय विश्व-युद्ध में दो शहरों पर परमाणु बम गिराए गए थे. ये शहर किस देश में स्थित हैं?

(A) जर्मनी (B) ऑस्ट्रिया
(C) जापान (D) फ्राँस

15. नेपोलियन वाटरलू के युद्ध में किससे पराजित हुआ?
(A) बिस्मार्क से
(B) मार्शल रोमेल से
(C) वेलिंगटन के ड्यूक से
(D) जॉन एफ. कैनेडी से

16. 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' के लेखक कौन हैं?
(A) महात्मा गांधी
(B) जवाहर लाल नेहरू
(C) सुभाष चन्द्र बोस
(D) डॉ. राधाकृष्णन्

17. प्रसिद्ध 'सूर्य मन्दिर' कहाँ स्थित है?
(A) कोणार्क (B) सोमनाथ
(C) पुरी (D) माउण्ट आबू

18. 'मीनाक्षी मन्दिर' कहाँ स्थित है?
(A) मदुरै (B) त्रिवेन्द्रम
(C) मद्रास (D) कोचीन

19. 'स्वेज नहर' लाल सागर को किससे जोड़ती है?
(A) काला सागर से
(B) कैस्पियन सागर से
(C) अरब सागर से
(D) भूमध्य सागर से

20. 'युद्ध एवं शान्ति' के लेखक कौन हैं?
(A) लियो टॉलस्टॉय
(B) विन्सटन चर्चिल
(C) एडोल्फ हिटलर
(D) डॉ. राधाकृष्णन्

21. लिविंगस्टोन किस देश की खोज से सम्बन्धित है?
(A) अफ्रीका (B) उत्तरी अमरीका
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) दक्षिणी अमरीका

22. पृथ्वी तल पर वायुमण्डलीय दबाव कितना होता है?
(A) 20 किग्रा /वर्ग सेमी
(B) 7 किग्रा/वर्ग सेमी
(C) 1 किग्रा/वर्ग सेमी
(D) 3 किग्रा/वर्ग सेमी

23. भारतीय मानक समय तथा ग्रीनविच मानक समय के मध्य कितना अन्तर है?
(A) 2 घंटा (B) 5 घंटा
(C) 5½ घंटा (D) 2½ घंटा

24. 'केन्द्रीय औषध अनुसंधान संस्थान' कहाँ स्थित है?
(A) बम्बई (B) लखनऊ
(C) दिल्ली (D) पुणे

(C) विवाह : समारोह (D) अकाल : वर्षा
(E) जीर्ण : कमजोरी

49. आँधी : तूफान
(A) पर्वत : घाटी (B) सहानुभूति : द्वेष
(C) दुबला : पतला (D) विष : मृत्यु
(E) ऊँचा : नीचा

50. महाशय : साहिबा
(A) कलम : पैंसिल (B) भाग : दौड़
(C) राजा : महाराजा (D) खेल : कूद
(E) मुर्गा : मुर्गी

उत्तर व्याख्या सहित

1. (B) प्रत्येक आकृति घड़ी की सुइयों की दिशा में 90^0 पर घूम रही है. पहली आकृति में बाहर एक रेखा तथा अंदर भी एक रेखा है; लेकिन दूसरी आकृति में बाहर दो रेखाएं तथा अंदर भी दो रेखाएं हैं, तीसरी आकृति में बाहर एक रेखा तथा अंदर तीन रेखाएं हैं. यही क्रम आगे चल रहा है.

2. (A) प्रत्येक आकृति में वृत्तों की संख्या में वृद्धि हो रही है. पहली और तीसरी आकृति में वृत्त चार रेखाओं से घिरे हैं, लेकिन दूसरी और चौथी आकृति में वृत्त ऊर्ध्वाधर दिशा में हैं.

3. (E) प्रत्येक आकृति खुली है तथा एक-एक रेखा की कमी होती जा रही है

11. (B) प्रत्येक आकृति घड़ी की सुइयों की दिशा में 45^0 पर घूम रही है और प्रत्येक आकृति के बीच में बना चिन्ह भिन्न-भिन्न चिन्हों में बदल रहा

47. नगर : गाँव
(A) घड़ी : सेकण्ड (B) राज्य : राज्यपाल

तीसरी आकृति में वृत्त चार रेखाओं से घिरे हैं, लेकिन दूसरी और चौथी आकृति में वृत्त ऊर्ध्वाधर दिशा में हैं.

3. *(E) प्रत्येक आकृति खुली है तथा एक-एक रेखा की कमी होती जा रही है.*

4. (D) प्रत्येक आकृति के बाहर कोने पर बना डैश घड़ी की सुइयों की विपरीत दिशा में प्रत्येक कोने पर घूम रहा है तथा प्रत्येक आकृति के अंदर एक-एक रेखा की वृद्धि हो रही है. पहली तथा तीसरी आकृति के मध्य में एक वृत्त है.

5. (C) प्रत्येक आकृति में छोटा वृत्त सफेद से काला और काले से सफेद बनकर घड़ी की सुइयों की दिशा में घूम रहा है तथा वृत्त के अंदर बना त्रिभुज पहले वर्ग में फिर वृत्त में तथा फिर त्रिभुज में बदल रहा है.

6. (A) प्रत्येक आकृति में अंक क्रमानुसार बढ़ रहे हैं तथा रेखाएं क्षैतिज से ऊर्ध्वाधर दिशा में और फिर क्षैतिज दिशा में हो रही हैं और प्रत्येक तीसरी आकृति में रेखाओं की संख्या बढ़ रही है.

7. (D) प्रत्येक आकृति घड़ी की सुइयों की विपरीत दिशा में 90^0 पर घूम रही है तथा तिरछी रेखाओं की संख्या बढ़ रही है. सफेद वृत्त, काला फिर सफेद हो रहा है.

8. (D) प्रत्येक आकृति घड़ी की सुइयों की दिशा में 90^0 पर घूम रही है तथा पहली और तीसरी आकृति में तिरछी रेखाएं हैं, लेकिन दूसरी और चौथी आकृति में क्षैतिज रेखाएं हैं. यही क्रम आगे भी चल रहा है.

9. (E) प्रत्येक आकृति में वृत्त पर आलपिन एक-एक बढ़ रही है तथा पहली से तीसरी आकृति तक ये आलपिनें वृत्त में घुसती जाती हैं, लेकिन चौथी आकृति से बाहर निकलने लगती हैं. प्रत्येक आकृति में छोटा वृत्त घड़ी की सुइयों की दिशा में कभी अंदर कभी बाहर घूम रहा है.

10. (C) प्रत्येक आकृति अपनी पिछली आकृति से पलट जाती है तथा एक-एक डैश की संख्या में वृद्धि हो रही है. पहली से तीसरी आकृति तक सफेद वृत्त एक-एक करके कम होते हैं, लेकिन चौथी आकृति से फिर तीन वृत्त हो जाते हैं.

11. (B) प्रत्येक आकृति घड़ी की सुइयों की दिशा में 45^0 पर घूम रही है और प्रत्येक आकृति के बीच में बना चिन्ह भिन्न-भिन्न चिन्हों में बदल रहा है.

12. (D) प्रत्येक आकृति घड़ी की सुइयों की दिशा में घूम रही है तथा रेखा के एक सिरे पर बना वृत्त, आयत में, फिर त्रिभुज में तथा फिर वृत्त में बदल रहा है. धन का निशान प्रत्येक आकृति में घड़ी की सुइयों की विपरीत दिशा में घूमता हुआ एक-एक बढ़ रहा है.

13. (D) प्रत्येक आकृति में एक रेखा की वृद्धि हो रही है तथा रेखा के बाएं सिरे पर बना सफेद वृत्त, काला और फिर सफेद हो रहा है.

14. (A) पहली तथा तीसरी आकृति में बीच की रेखा क्षैतिज है और दूसरी तथा चौथी आकृति में रेखा तिरछी है. आकृति के बाहर बना 'टी' का निशान घड़ी की सुइयों की दिशा में घूम रहा है तथा 'टी' का डैश पहले ऊपर की ओर फिर नीचे की ओर तथा फिर क्षैतिज हो रहा है.

15. (D) प्रत्येक आकृति में एक रेखा की वृद्धि हो रही है. आकृति के एक कोने पर बने दो वृत्त पहले एक में फिर काले में तथा फिर दो वृत्त में बदल रहे हैं तथा अपनी स्थिति आमने-सामने के कोनों पर बदल रहे हैं.

16. (E) प्रत्येक आकृति में डैश पहले बिन्दु में फिर डैश में बदलते हुए एक-एक बढ़ रहे हैं. आकृति का ऊपरी भाग अवतल से समतल तथा समतल से उत्तल और उत्तल से अवतल में बदल रहा है.

17. (A) पहली आकृति के नीचे वाला अर्द्धवृत्त दूसरी आकृति में पूरा वृत्त हो जाता है तथा पहली आकृति का शेष भाग लुप्त हो जाता है.

18. (C) पहली आकृति दूसरी आकृति में घड़ी की सुइयों के चलने की दिशा में 45^0 पर घूम जाती है. इसके अतिरिक्त दूसरी आकृति में बीच में एक रेखा तथा दोनों सिरों पर एक-एक रेखा बढ़ जाती है.

19. (E) पहली आकृति दूसरी आकृति में घड़ी की सुइयों के चलने की दिशा में 45^0 पर घूम जाती है. इसके अतिरिक्त दूसरी आकृति में डण्ठल हट

जाता है तथा बीच में दोनों ओर दो-दो पंखड़ी बढ़ जाती हैं.

20. (B) पहली आकृति का वृत्त दूसरी आकृति में घड़ी की सुइयों के चलने की दिशा में एक कोने से दूसरे कोने में पहुँच जाता है. इसके अतिरिक्त वृत्त के बीच का व्यास हट जाता है तथा वृत्तों की संख्या में एक की वृद्धि हो जाती है.

21. (D) पहली आकृति दूसरी आकृति में घड़ी की सुइयों के चलने की दिशा में 90^0 पर घूम जाती है. इसके अतिरिक्त सरल रेखा हट जाती है तथा डिजाइनों की संख्या में एक की वृद्धि हो जाती है.

22. (C) अन्य सभी आकृतियों में वृत्त के बाहर की रेखा या तो ऊर्ध्वाधर है या क्षैतिज.

23. (E) अन्य सभी आकृतियों में वृत्त दूर-दूर हैं.

24. (D) केवल आकृति (D) में डिजाइन के अंदर के बिन्दु से बाहर की ओर आने पर घड़ी की सुइयों के चलने की दिशा में चलना पड़ता है.

25. (C) अन्य सभी आकृतियों में वर्ग रेखाओं द्वारा चार भागों में विभाजित होता है.

26. (B) वर्षा से ठण्डक उत्पन्न होती है, जो आरामदायक है.

27. (A) 28. (C) 29. (A) 30. (B) 31. (E)
32. (E) 33. (D) 34. (C) 35. (B)

36. (A) मूल शब्द के पहले व तीसरे अक्षरों के लिए सांकेतिक भाषा में अगले दो अक्षर लिखे जाते हैं तथा दूसरे व चौथे वैसे ही रहते हैं.

37. (C) चूँकि C, D का पुत्र है अतः D या तो C की माँ हुई अथवा पिता. C का F चचेरा भाई है इसलिए D, F का चाचा, ताऊ या चाची व ताई हुई. चूँकि A, F का पिता है. अतः D या तो A का भाई हुआ अथवा पति का भाई. परन्तु उत्तर पति का भाई है नहीं अतः D, A का भाई हुआ.

38. (E) हरीमोहन के चलने का मार्ग निम्नवत् है—

हरीमोहन का घर
1 किमी
1 किमी
2 किमी
1
1
राजेश का घर
उ.
प.
पू.
द.

39. (D) कुछ पुरुष तथा कुछ महिलाएं डाक्टर होती हैं.

40. (C) 29 जून से 5 सितम्बर के बीच के दिनों की संख्या $= 1+31+31+4 = 67$

∴ 29 जून और 5 सितम्बर के ठीक बीच की तारीख = 2 अगस्त
अब 2 अगस्त से 5 सितम्बर तक दिनों की संख्या = 34
34 में 7 का भाग देने पर 6 शेष बचते हैं तथा 5 सितम्बर का शनिवार था.
∴ 2 अगस्त को शनिवार से 6 दिन पहले अर्थात् रविवार होगा.

41. (E) अन्य सभी भाषाएं हैं.

42. (D) अन्य सभी बोझ ढोने के काम आते हैं.

43. (C) अन्य सभी तरकारी हैं.

44. (B) अन्य सभी फूल हैं.

45. (A) अन्य सभी पुल्लिंग हैं.

46. (C) पहला, दूसरे का परिणाम है.

47. (E) 48. (D) 49. (C) 50. (E)

प्रश्न—ऐसा पदाधिकारी कौन है जो भारतीय संसद के दोनों सदनों की गतिविधियों में भाग ले सकता है तथा किसी भी संसदीय समिति का सदस्य हो सकता है किन्तु मतदान में भाग नहीं ले सकता है?

उत्तर—भारत के महान्यायवादी को यह अधिकार है कि वह संसद के किसी भी सदन में वाद-विवाद में भाग ले सकता है. उसे संसद की किसी समिति का सदस्य बनने का भी अधिकार है किन्तु संसद के किसी भी सदन में मतदान का अधिकार नहीं है. वह सरकार को कानूनी परामर्श देने का कार्य भी करता है और सर्वोच्च न्यायालय में सरकार का प्रतिनिधित्व करता है.

प्रश्न—अर्द्धरात्रि के सूर्य से क्या तात्पर्य है?

उत्तर—21 मार्च से 23 सितम्बर के मध्य सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध में रहता है. अतः हम जितने ध्रुव के समीप जाते हैं, दिन बड़ा होता जाता है एवं उत्तरी ध्रुव पर सूर्य 24 घण्टे चमकता रहता है. परिणामस्वरूप वहाँ छः महीने तक दिन रहता है. उत्तरी ध्रुव के समीपवर्ती क्षेत्रों में (नार्वे, ग्रीनलैण्ड, उत्तरी रूस) में अर्द्धरात्रि को भी सूर्य दिखाई देता है यही कारण है कि नार्वे को मध्य रात्रि के सूर्य का देश कहते हैं. इस काल में दक्षिणी ध्रुव पर छः महीने तक रात्रि रहती है. 23 सितम्बर से 21 मार्च तक दक्षिणी ध्रुव पर दिन रहता है और दक्षिणी गोलार्द्ध में दिन बड़े व रात्रि छोटी होती हैं.

प्रश्न—अनाच्छादन, अपक्षय एवं अपरदन के मध्य क्या अन्तर है?

उत्तर—भूपटल पर निरन्तर परिवर्तन होते रहते हैं. यह परिवर्तन कई क्रियाओं द्वारा होते हैं भूपटल पर अपक्षय एवं अपरदन के कारण होने वाले परिवर्तनों को संयुक्त रूप से अनाच्छादन (Denudation) कहते हैं. इसमें जहाँ एक स्थान पर चट्टानों का क्षय होता है, वहीं दूसरे स्थान पर क्षय पदार्थों का निक्षेप होता है.

बाह्य शक्तियों के कारण चट्टानों के विघटन एवं नष्ट होने को अपक्षय (Weathering) कहते हैं. यह परिवर्तन भौतिक, रासायनिक तथा जैविक क्रियाओं के द्वारा होता है.

पृथ्वी पर कार्यरत गतिशील बाह्य शक्तियों (वर्षा, वायु, नदियाँ आदि) द्वारा धरातल की चट्टानों को खुरचते हुए तथा उसके चट्टानी मलवे को अलग करके अपने साथ बहाकर ले जाने को अपरदन (Erosion) कहते हैं.

प्रश्न—भ्रंशन, विभ्रंश घाटी एवं ब्लॉक पर्वत के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए.

उत्तर—आन्तरिक हलचलों के कारण शैलों के टूटने की प्रतिक्रिया को भ्रंशन कहते हैं. भ्रंशन के कारण जब कुछ भाग दब जाता है तथा आस-पास के किनारे सीधे खड़े रहते हैं तो दबे हुए भाग को विभ्रंश घाटी या दरार घाटी कहा जाता है. दो विभ्रंश घाटियों के बीच सीधे खड़े भूभाग को ब्लॉक पर्वत कहा जाता है.

प्रश्न—उल्का एवं उल्काश्म में अन्तर बताइए.

उत्तर—पृथ्वी के निकट आए धूमकेतु से पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण अलग हुआ वह पिण्ड, जो पृथ्वी की ओर जाने पर वायुमण्डल से घर्षण के कारण जलकर राख हो जाता है, उसे उल्का कहते हैं जबकि वह पिण्ड जोकि पूरी तरह नहीं जलता तथा चट्टान के रूप मे पृथ्वी पर गिरता है उसे उल्काश्म कहते हैं.

प्रश्न—भारत को किन-किन क्षेत्रो में विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त है?

उत्तर—भारत को चाय उत्पादन, पशु संख्या मूँगफली उत्पादन व फीचर फिल्म निर्माण के क्षेत्रों में विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त है.

प्रश्न—एक्टीनोमीटर (Actinometer) क्या है? इसका प्रयोग किसमें होता है?

उत्तर—एक्टीनोमीटर एक यंत्र है जो सौर विकिरण को मापने में प्रयोग होता है?

प्रश्न—वायु विज्ञान (Aerology) से आप क्या समझते हैं?

उत्तर–वायुविज्ञान वायुमण्डल का वैज्ञानिक अध्ययन है जिसमें धरातल से ऊपर के वायुमण्डल का अध्ययन किया जाता है.

प्रश्न–कायान्तरित चट्टानें (Metamorphic Rocks) किसे कहते हैं?

उत्तर–जिन चट्टानों में गर्मी, दबाव अथवा रासायनिक क्रियाओं के परिणामस्वरूप उनके रूप, बनावट अथवा खनिजों का पूर्ण कायान्तरण हो जाता है, वे कायान्तरित चट्टानें कहलाती हैं. कायान्तरित चट्टानें अन्य चट्टानों के रूप परिवर्तन द्वारा बनी होती हैं.

शेष पृष्ठ 970 का

कॉफी (Mild Coffee) कहते हैं. व्यापारिक दृष्टि से कॉफी की ये किस्में महत्वपूर्ण हैं--बाबाबूदन, मैसरू, कुर्ग, नीलगिरि, शिवराय, अन्नामलाई, पालनी और विलीगिरी.

कॉफी का मुख्य उपयोग पेय पदार्थ के रूप में किया जाता है. इसे तैयार करने के लिए बीजों को भूनकर पीसते हैं और जल में निष्कर्ष (Extract) बना लेते हैं. इस निष्कर्ष का स्वाद कड़वा होता है. इसकी एक विशिष्ट प्रकार की गंध होती है. इसका प्रभाव केन्द्रीय स्नायु एवं संवाही तंत्रों पर उत्तेजक के रूप में होता है. कॉफी मूत्रल (Diuretic) है. कॉफी का प्रयोग रोगियों की औषधि की भाँति भी किया जाता है. चीनी तथा दूध रहित कॉफी का पोषण-मान नगण्य होता है. यह पाचक रसों के प्रवाह तथा आन्त्र-पुरःसरण को उद्दीपित करके पाचन क्रिया को प्रोत्साहित करती है, किन्तु इसके अत्यधिक सेवन से कुछ दुष्प्रभाव भी होते हैं, जैसे--नींद न आना, हृदय की धड़कन बढ़ जाना, पाचन क्रिया में गड़बड़ी होना आदि. ऐसा कैफि-ओटॉक्सिन की उपस्थिति के कारण माना जाता है. कैफि-ओटॉक्सिन एक वाष्पशील, विषैला पदार्थ है, जो भुनने की क्रिया से बनता है. कॉफी से होने वाले दुष्प्रभावों पर अभी भी व्यापक अनुसंधान जारी हैं.

निस्संदेह अस्सी के दशक में सर्वाधिक विवादास्पद पेय सिद्ध हुई है–कॉफी ■■■

विविध ज्ञान एवं तथ्य

भारतीय रेल

- भारत में प्रथम रेल 16 अप्रैल, 1853 को बम्बई एवं थाणे के मध्य चलाई गई जिसने करीब 34 किमी की दूरी तय की थी.
- भारत में द्वितीय रेल 1854 में हावड़ा से हुगली के मध्य चलाई गई.
- भारतीय रेल का एशिया में प्रथम एवं विश्व में दूसरा स्थान है.
- भारतीय रेल का राष्ट्रीयकरण 1950 में हुआ.
- भारतीय रेलवे बोर्ड की स्थापना मार्च 1905 में की गई थी.
- 27 जनवरी, 1951 को चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (CLW) का चितरंजन में विधिवत् उद्घाटन किया गया.
- 14 अगस्त, 1956 को पेराम्बूर में इन्टीग्रल कोच फैक्टरी की स्थापना की गई.
- 2 अक्टूबर, 1953 को रेलवे की शताब्दी प्रदर्शनी का उद्घाटन नई दिल्ली और कलकत्ता में हुआ.
- भारतीय रेल को 9 जोन्स (Zones) में विभक्त किया गया है?
- भारतीय रेल लगभग 62000 किमी मार्ग पर 12,670 रेलगाड़ियाँ चलती है तथा जो लगभग 7105 स्टेशनों से होकर गुजरती है.
- वर्ष 1987-88 में रेलों द्वारा लगभग 31.84 करोड़ टन माल ढोया गया तथा इसी अवधि में 379.2 करोड़ यात्रियों ने भारतीय रेलों में यात्रा की.
- इस संस्थान में लगभग 16.12 लाख नियम्ति कर्मचारी व लगभग 2 लाख आकस्मिक कर्मचारी कार्यरत हैं.
- 31 मार्च, 1987 को इस संस्थान के अन्तर्गत लगभग 4950 भाप इंजन, 3182 डीजल इंजन, 1366 विद्युत इंजन, 37,997 यात्री डिब्बे तथा 3,54,018 माल वैगन कार्य में लगे हुए थे.
- 1986-87 के अन्त तक कुल रेलवे ट्रैक में 7270 किमी लाइन विद्युतीकृत एवं 54,540 किमी अविद्युतीकृत थी.
- मीटर गेज पर चलने वाली भारत की प्रथम सुपर फास्ट गाड़ी पिंक सिटी एक्सप्रेस है जो दिल्ली तथा जयपुर के बीच चलती है.

जोन	रूट किलोमीटर	हैड ऑफिस (मुख्यालय)	स्थापना तिथि
(a) मध्य रेलवे (CR)	6486	बम्बई	5 नवम्बर, 1951
(b) दक्षिणी रेलवे (SR)	6711	मद्रास	14 अप्रैल, 1951
(c) उत्तरी रेलवे (N.R.)	10,977	नई दिल्ली	4 अप्रैल, 1952
(d) पश्चिमी रेलवे (W.R.)	10,211	बम्बई	5 नवम्बर, 1951
(e) पूर्वी रेलवे (E.R.)	4,281	कलकत्ता	1 अगस्त, 1955
(f) दक्षिणी-पूर्वी रेलवे (S.E.R.)	7,085	कलकत्ता	1 अगस्त, 1955
(g) दक्षिणी-मध्य रेलवे (S.C.R.)	7,134	सिकन्दराबाद	2 अक्टूबर, 1966
(h) उत्तरी-पूर्वी सीमा प्रान्त रेलवे (N.E.F.R.)	3,763	गुवाहाटी	15 जनवरी, 1958
(i) उत्तरी-पूर्वी रेलवे (N.E.R.)	5,163	गोरखपुर	4 अप्रैल, 1952

- प्रथम भूमिगत रेल मेट्रो (Metro) 24 अक्टूबर, 1984 को कलकत्ता में एसप्लेनेड (ESPLANADE) से टोलीगंज (TOLLY-GANJ) 8 किमी और दमदम से 2 किमी बेलगाचिया स्टेशनों के मध्य चलाई जाती है. इसके द्वारा 10 किमी की दूरी तय की जाती है.
- प्रथम बिजली से चलने वाली गाड़ी 'डेकन क्वीन' थी जो बम्बई एवं पुणे के मध्य चली थी.
- प्रथम कम्प्यूटर रिजर्वेशन पद्धति नई दिल्ली में लागू की गई थी.
- भारत की सबसे तेज चलने वाली गाड़ी शताब्दी एक्सप्रेस है जो नई दिल्ली और भोपाल के मध्य चलती है, जिसकी अधिकतम गति लगभग 140 किमी/घंटा है. दो अन्य शताब्दी एक्सप्रेस गाड़ियाँ नई दिल्ली–लखनऊ व नई दिल्ली से चंडीगढ़ के मध्य चलाई गई हैं.
- भारत में यात्री डिब्बे तथा मालवाहक डिब्बों का निर्माण इन्टीग्रल कोच फैक्टरी, पैराम्बूर (मद्रास) एवं रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला में होता है.
- इन्टीग्रल कोच फैक्टरी स्विट्जरलैण्ड के मॉडल पर आधारित है.
- भारत में विद्युत इंजन का निर्माण चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (CLW) चितरंजन (पश्चिम बंगाल) में होता है.
- डीजल इंजन का निर्माण डीजल लोकोमोटिव वर्क्स (DLW) वाराणसी में होता है.
- भाप के इंजन का निर्माण चितरंजन में होता था. 1971 से भाप-इंजन का निर्माण बंद कर दिया गया है.
- भारतीय रेलवे का व्हील और एक्सल बनाने का कारखाना बंगलौर में है.
- सबसे लम्बी सुरंग मध्य रेल के अन्तर्गत 'मंकीहिल' व 'खण्डाला' के मध्य है. यह सुरंग करीब 2100 मीटर लम्बी है.
- भारत में सबसे लम्बा प्लेटफार्म खड़गपुर (पश्चिम बंगाल) में है. यह लगभग 2733 फुट लम्बा है.
- भारतीय रेल के तीन गेज है.

(a) बड़ी लाइन (Broadgauge)	1.675 मीटर
(b) मीटर गेज	1 मीटर
(c) छोटी लाइन	0.762 मीटर

- उत्तरी रेलवे की लम्बाई सबसे अधिक है.
- नार्थ ईस्ट फ्रन्टियर रेलवे की लम्बाई सबसे कम है.
- भारत में सबसे उत्तर में स्थित रेलवे स्टेशन जम्मू तवी तथा सबसे दक्षिण में कन्याकुमारी है.

■■■

शेष पृष्ठ 966 का

12 गोर्बाचोव का कथन है कि संयुक्त जर्मनी नाटो का सदस्य हो सकेगा.

•••❖ सोवियत संघ के रूसी गणराज्य द्वारा संप्रभुता सम्पन्न गणराज्य की घोषणा.

13 लिट्टे व श्रीलंकाई सेना के मध्य संघर्ष में 400 व्यक्ति मारे गए.

•••❖ भारत व अफगानिस्तान व्यापार दुगुना करने पर सहमत.

14 सुपर 301 के तहत अब कार्यवाही नहीं. भारतीय कूटनीति की विजय.

– श्रीलंका में 30 थानों पर लिट्टे का कब्जा.

15 श्रीलंका में लिट्टे ने सैनिक शिविरों पर आक्रमण कर 38 लोगों की हत्या कर दी. दूसरी ओर लिट्टे प्रतिनिधियों से श्रीलंका सरकार युद्ध विराम वार्ता कर रही है.

•••❖ यूरो संसद (Euro Parliament) ने दक्षिण अफ्रीका की प्रीटोरिया सरकार के विरुद्ध प्रतिबन्धों को स्वीकृति प्रदान की.

16 श्रीलंका में लिट्टे तथा सरकार के मध्य युद्ध-विराम समझौता. यह निर्णय 17 जून की प्रातः 6 बजे से लागू होगा.

■■■

हुआ.

रोजगार समाचार

कर्मचारी चयन आयोग

क्लर्क ग्रेड परीक्षा, 1990

कर्मचारी चयन आयोग 28 अक्टूबर, 1990 को लोअर डिवीजन क्लर्कों की भर्ती हेतु एक लिखित परीक्षा लेगा.

आयु सीमा	18 से 25 वर्ष
शैक्षिक योग्यता	हाई स्कूल या समकक्ष
शुल्क	12 रुपए

आवेदन-पत्र निर्धारित प्रारूप में आयोग के कार्यालय में 2 जुलाई, 1990 तक पहुँच जाना चाहिए. विस्तृत विवरण के लिए 2-8 जून, 1990 का रोजगार समाचार देखें.

बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड, भोपाल

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लिपिक व टंकक वर्ग में भर्ती हेतु एक प्रतियोगितात्मक परीक्षा, 16 सितम्बर, 1990 को मध्य प्रदेश के विभिन्न केन्द्रों पर होगी.

पात्रता—विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री अथवा 50 प्रतिशत अंकों के साथ, इण्टरमीडियट या 60 प्रतिशत अंकों के साथ हाई स्कूल.

आयु— 1 जनवरी, 1990 को 18 से 26 वर्ष

आवेदन-पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि— 30 जून, 1990.

आवेदन-पत्र का प्रारूप व अन्य विवरण 5 जून, 1990 की 'नई दुनिया' में उपलब्ध है.

संघीय लोक सेवा आयोग

द्वारा नेशनल डिफेंस एकेडेमी में प्रवेश हेतु 21 अक्टूबर, 1990

एक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा. इसमें थल सेना, जल सेना व वायु सेना के लिए तथा 10+2 (एक्जीक्यूटिव ब्रांच—जल सेना) नेवी, जो जुलाई 1991 में प्रारम्भ होगी, के लिए प्रवेश दिया जाएगा. केवल अविवाहित पुरुष ही अभ्यर्थी हो सकते हैं.

कुल स्थान—लगभग 340

आयु सीमा – 2 जुलाई, 1972 के पूर्व तथा 1 जनवरी, 1975 के पश्चात् जन्म न हुआ हो.

शैक्षणिक योग्यता—एन. डी. ए. के लिए 10+2 पद्धति की 12 वीं कक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण ; 10+2 (एक्जीक्यूटिव ब्रांच) नेवी के लिए भौतिकी, रसायनशास्त्र व गणित के साथ 10+2 पद्धति की 12 वीं कक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण.

परीक्षा योजना—लिखित परीक्षा के दो भाग होंगे— (1) गणित, तथा (2) सामान्य योग्यता. सामान्य योग्यता परीक्षा के दो भाग अंग्रेजी व सामान्य ज्ञान होंगे. प्रश्न-पत्र तीन घंटों के होंगे तथा प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे.

आवेदन-पत्र—आवेदन-पत्र का प्रारूप दैनिक समाचार-पत्रों व 19 मई, 1990 के रोजगार समाचार में प्रकाशित हुआ है. (आवेदन-पत्र के लिए संघीय लोक सेवा आयोग को न लिखा जाए) प्रकाशित फार्म को पूर्णरूप से भरकर सचिव, संघीय लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली को भेजें.

अन्तिम तिथि— 2 जुलाई, 1990. (कुछ क्षेत्रों के लिए 16 जुलाई, 1990).

प्रथम पुरस्कृत

तार्किक प्रतियोगिता

विषय : *दोहरी शिक्षा प्रणाली समाप्त की जाए.*

— जीतेन्द्र जैन

(1) भारत में आधुनिक शिक्षा के नाम पर दोहरी शिक्षा प्रणाली की स्थापना सन् 1833 में लार्ड मैकाले ने अपने साम्राजी हितों की साधना हेतु की थी, जिसका पुरजोर विरोध, हमारे तत्कालीन आंदोलनकारी राष्ट्रीय नेता करते रहे. अतः स्वतंत्रता प्राप्ति के शीघ्र बाद ही देश के सभी नागरिकों को एक समान शिक्षा देने के लिए मैकाले की शिक्षा प्रणाली को समाप्त करना युगीन माँग के अनुकूल था, किन्तु यह शोषणकारी शिक्षा-प्रणाली स्वातन्त्र्योत्तर 43 वर्षों तक भी अनवरत् जारी है जो लोकतंत्र में समानता एवं संविधान के मौलिक अधिकारों में संकलित 'अवसर की समानता' के अधिकार पर एक कुत्सित कलंक की भाँति है. इसे अतिशीघ्र समाप्त कर दिया जाए. यह नीति समाज में वर्ग-भेद के बीज बो रही है. वर्ग-संघर्ष एवं गृह-युद्ध इसके आवश्यक परिणाम होंगे.

(2) दोहरी शिक्षा प्रणाली ने देश में राष्ट्रभाषा हिन्दी पर अंग्रेजी को हावी करने के षड्यंत्र में पूरा योग दिया है. पब्लिक स्कूलों व सरकारी स्कूलों के बच्चों में अनजाने में ही 'वर्ग-संघर्ष' की भावना विकसित हो रही है. इसके दूरगामी दुष्परिणामों को समय पर भाँपते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव ने पब्लिक स्कूलों व अंग्रेजी की अनिवार्यता को समाप्त करने की दिशा में सराहनीय पहल प्रारम्भ की है.

(3) 'राष्ट्रीय शिक्षा-नीति' को वास्तविक रूप में क्रियान्वित करने हेतु सारे देश में एक सामान्य पाठ्यक्रम व समान शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में दोहरी शिक्षा प्रणाली एक बाधा है. अतः राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को दृढ़ बनाने हेतु दोहरी शिक्षा-प्रणाली समाप्त की जाए.

विषय : *राजनीति में अपराधीकरण लोकतंत्र के लिए घातक है.*

— मोहन लाल स्वर्णकार

(1) राजनीति में अपराधीकरण एक अत्यन्त घातक तत्व है जो लोकतंत्र को बाहुबलियों के बीच में कराहने को विवश कर देता है. यह एक महारोग है. इसके कारण लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है क्योंकि राजनीतिक अपराधीकरण ने निष्पक्ष चुनावों को असम्भव बना दिया है.

(2) बिहार, हरियाणा, उ.प्र. और मध्य प्रदेश में इस बार 1989 के लोक सभा के आम चुनावों में और विधान सभा चुनावों में गुण्डों, बदमाशों, आतंकवादियों और सैकड़ों कुख्यात अपराधियों का बोलबाला रहा और वे कई स्थानों पर विजयी रहे-क्या वे वास्तव में लोकप्रिय थे ? नहीं ! उनके आतंक से भयभीत होकर, लोगों ने उन्हें वोट दिए.

राजनीतिक अपराधीकरण ने राजनीतिक हत्याओं को एक सामान्य घटना बना दिया है. पिछले लोक सभा चुनावों में लगभग 20 व्यक्ति राजनीतिक हत्या के शिकार हुए. इतना ही नहीं विधानमण्डलों में आपराधिक प्रवृत्ति के सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है.

(3) चुनावों में बूथ कैप्चरिंग, नकली मतदान, डराकर और प्रलोभन देकर मतदाताओं से उनकी मरजी के खिलाफ वोट डलवाना-आज के चुनावों में फैशन की तरह व्याप्त हो गया है. यह लोकतंत्र का मखौल उड़ाना ही तो है.

(4) जब सैकड़ों अपराधो में लिपटा व्यक्ति राजनीति की सफेद चादर लपेटकर अपनी सारी कालिमा दबाकर राजनीति में प्रवेश कर जाता है और दुर्भाग्यवश देश के संचालनकर्ताओं की पंक्ति में आ बैठता है तो फिर देश की नैतिकता,

आदर्शवादिता आदि का बेड़ा गर्क तो होना ही है फिर इसमें आश्चर्य ही क्यों? इतना ही नहीं इसके कारण देश की सीमाएं आपदाग्रस्त होती जा रही हैं और जनहित के सामने प्रश्नचिन्ह लग गया है.

(5) भारत की केन्द्रीय राजनीति पर ही नहीं प्रांतीय और यहाँ तक कि पंचायत स्तर तक की राजनीति पर भी आपराधिक प्रवृत्तियाँ हावी होती जा रही हैं. यह आने वाली महामारी का पूर्व संकेत है. हमारे देश और इसकी जनता और इसके शासन संचालकों का यह पहला कर्तव्य है कि इस महामारी का 'टीका' शीघ्र तैयार कर जन-जन में प्रविष्ट करा दें ताकि महाविनाश रुक जा. इस टीके के दो तत्व हैं– (1) कानूनन चुनावों मे अपराधियों का पूर्णत: निषेध का प्रावधान, (2) लोगों में दृढ़ता और विचार पैदा करना ताकि अपराधी व्यक्ति चुना ही न जा सके.

विषय : *कश्मीर के बारे में अनुच्छेद 370 का कोई औचित्य नहीं है.*

– विनोद कुमार

(1) यदि 'कश्मीर' भारत संघ का अभिन्न अंग है तो फिर उसे विशेष स्तर प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 का कोई औचित्य नजर नहीं आता. कश्मीर को भी अन्य राज्यों की भाँति 'भारत' ही कहा जाना चाहिए. उसको अभिन्न अंग कहना ही हमारी दुविधापूर्ण मानसिकता का द्योतक है.

अनुच्छेद 370 ने ही कश्मीर को विशिष्ट राज्य अथवा एक भिन्न राज्य घोषित कर रखा है.

(2) आज कश्मीर घाटी में 'आत्मनिर्णय का अधिकार' व 'जनमत संग्रह' के जो विद्रोही स्वर सुनाई पड़ रहे हैं, वे सब अनुच्छेद 370 की ही देन हैं.

(3) यह कहना गलत है कि अनुच्छेद 370 को समाप्त करने से 'कश्मीर की संस्कृति' पर कुप्रभाव पड़ेगा. सत्यता तो यह है कि कश्मीर की संस्कृति को खतरा अनुच्छेद 370 के हटने से नहीं, बल्कि पाक-समर्थित गुटों की विघटनकारी प्रवृत्तियों तथा पाकिस्तान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आतंकवादियों से है.

(4) यदि 26 अक्टूबर, 1947 को पाकिस्तान, कश्मीर पर आक्रमण न करता और कश्मीर का मामला UNO में न जाता, तो क्या कश्मीर की स्थिति जयपुर, जोधपुर, बड़ौदा जैसी अन्य रियासतों जैसी नहीं होती और क्या अनुच्छेद 370 अस्तित्व में आता ? अनुच्छेद 370 यह घोषित करता है कि कश्मीर भारतीय राज्य के अलावा भी कुछ और है.

(5) अनुच्छेद 370 कश्मीर को 'भारत' का अंग होने पर प्रश्नचिन्ह लगाता है और इस प्रश्नचिन्ह ने ही वहाँ 'आतंकवाद' का बोलबाला उत्पन्न कर दिया है.

(6) भारत सरकार ने कश्मीर में अनेक बार स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराकर इस बात का प्रमाण दे दिया है कि कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है अत: कश्मीर व अन्य 24 राज्यों के बीच अकाट्य दीवार खड़ी करने वाली धारा-370 का कोई औचित्य नहीं है और इसे शीघ्रातिशीघ्र समाप्त किया जाए. ■■■

तार्किक प्रतियोगिता

बैंकिंग रिक्रूटमेंट वोर्ड द्वारा आयोजित प्रोबेशनरी ऑफीसर्स व क्लर्क्स ग्रेड परीक्षाओं में नवीन पद्धति के वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाते हैं. इसे ध्यान में रखकर यह प्रतियोगिता आयोजित की जाने लगी है, जिससे आपकी तर्क व कल्पना शक्ति में वृद्धि हो तथा आप पुरस्कार भी प्राप्त कर सकें.

तार्किक प्रतियोगिता के नियम

1. अपनी प्रविष्टि केवल साधारण डाक से निर्धारित तिथि की सीमा में भेजने की व्यवस्था करें अन्यथा प्रविष्टि अमान्य होगी और इसके लिए उत्तरदायित्व आपका होगा.
2. लिफाफे के ऊपर पत्रिका में दिए गए कूपन को अवश्य चिपकाएँ.
3. दिए गए विषय पर अपने-अपने तर्क प्रस्तुत करें. किसी भी दशा में उत्तर कुल 150 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए. अधिक शब्दों में लिखित रचना प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं की जाएगी.
4. भाषा, सरल, स्पष्ट एवं प्रवाहमय होनी चाहिए. मूल्यांकन करते समय भाषा का विशेष ध्यान रखा जाएगा.
5. तीन विषय दिए जाएगे और प्रत्येक विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशी को समान रूप से 100 रु. पुरस्कारस्वरूप दिए जाएंगे.
6. आप एक अथवा दो अथवा तीनों विषयों पर लिख सकते हैं. प्रत्येक विषय को अलग-अलग पृष्ठों पर एक ही तरफ लिखें. अन्त में शब्द संख्या अवश्य लिखें.
7. प्रत्येक प्रविष्टि पर अपना नाम व पता स्पष्ट शब्दों में लिखें.
8. पुरस्कृत उत्तर पर पत्रिका प्रकाशक का कॉपीराइट © होगा. अन्य उत्तर वापिस करने की कोई व्यवस्था नहीं है.
9. पुरस्कार के विषय में अन्तिम निर्णय सम्पादक का होगा. किसी भी दशा मे वह न्यायालय का विषय नहीं होगा.
10. सम्पादक को अधिकार है कि किसी प्रकार की त्रुटि के कारण वह प्रविष्टि/प्रविष्टियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित न करें.

(कृपया इसे लिफाफे पर चिपकाएँ)

तार्किक प्रतियोगिता के विषय :

1. *ऋणमॉफी की नीति.*
2. *लोकपालों की नियुक्ति, उनके अधिकार एव नियुक्ति की पद्धति.*
3. *प्रबन्ध में श्रमिकों की भागीदारी.*

अन्तिम तिथि– 30 जुलाई, 1990

सामान्य ज्ञान दर्पण–तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक– 24

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता

प्रतियोगिता क्रमांक - 24

1. निम्नलिखित अक्षर श्रेणी में कौनसे दो क्रमागत अक्षर वर्णमाला के अनुसार सबसे अधिक दूरी पर हैं?

   HDYSMWNBQPOCRTBLZV
   EGUF

   (A) B तथा Z   (B) B तथा Q
   (C) V तथा E   (D) U तथा F
   (E) इनमें से कोई नहीं

2. इस प्रश्न में दो कथन दिए हुए हैं. यदि पहला कथन सत्य है तथा दूसरा कथन कारण है तो उत्तर (A) है. यदि पहला कथन सही है और दूसरा गलत है तो उत्तर (B) है. यदि दोनों कथन सही हैं, परन्तु दूसरा कथन पहले का कारण नहीं है तो उत्तर (C) है. यदि पहला कथन गलत है और दूसरा सही है तो उत्तर (D) है तथा यदि दोनों कथन गलत हैं तो उत्तर (E) है.

   कथन

   I. सच्चे अपराधी कभी नहीं पकड़े जाते हैं
   II. पुलिस के पास अपराधियों का पता लगाने के पूरे यंत्र एवं साधन नहीं हैं.

निर्देश– 3 से 6 तक प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित वक्तव्य पर आधारित है.

मनोज को रसगुल्ले की अपेक्षा रसमलाई तथा इमरती की अपेक्षा घेवर अधिक पसन्द है. उसको पिस्ते की बर्फी की अपेक्षा काजू की बर्फी तथा इमरती की अपेक्षा पिस्ते की बर्फी अधिक रुचिकर है. उसको रसमलाई के अतिरिक्त 'र' से प्रारम्भ वाली कोई भी मिठाई की अपेक्षा घेवर अधिक पसन्द है. वह अपनी रुचि क्रम में ही मिठाइयाँ खाता है.

3. मनोज के मित्र ने अपने जन्म दिवस पर मनोज के समक्ष कई मिठाइयाँ रखीं. यदि सबसे पहले उसने रबड़ी खाना प्रारम्भ किया तो निम्नलिखित कथनों में से कौनसा कथन सही है?

   (A) वहाँ पर पिस्ते की बर्फी नहीं परोसी गई होगी
   (B) वहाँ पर रसगुल्ला नहीं परोसा गया होगा
   (C) पिस्ते की बर्फी भी परोसी गई होगी
   (D) वहाँ पर रसमलाई नहीं परोसी गई होगी
   (E) यदि काजू की बर्फी परोसी गई होगी तो दूसरी बार मनोज यही खाता

4. मनोज अपनी चाची के यहाँ होली पर गया. यदि उसकी चाची ने उपर्युक्त वक्तव्य में कही गई सभी प्रकार की मिठाइयाँ उसके सामने खाने के लिए रखीं, तो निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है?

   (A) मनोज ने सबसे पहले रसमलाई खाई
   (B) मनोज ने सबसे पहले काजू की बर्फी खाई
   (C) मनोज ने पाँचवें नम्बर पर रसमलाई खाई
   (D) मनोज ने तीसरे नम्बर पर घेवर खाया
   (E) मनोज ने अंत में रसगुल्ला खाया

5. यदि मनोज के परीक्षा में प्रथम आने की खुशी में उसकी माता ने उपर्युक्त वर्णित 6 प्रकार की मिठाई उसके खाने के लिए मंगवाई तो उसके खाने का क्रम निम्नलिखित में से कौनसा सही है?

   (A) रसमलाई, रसगुल्ला, इमरती
   (B) रसमलाई, घेवर, रसगुल्ला
   (C) पिस्ते की बर्फी, घेवर, इमरती
   (D) काजू की बर्फी, पिस्ते की बर्फी, घेवर
   (E) काजू की बर्फी, पिस्ते की बर्फी, इमरती

6. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य नहीं हो सकता है?
(A) मनोज को रसगुल्ला की अपेक्षा घेवर अधिक रुचिकर है
(B) मनोज को रसमलाई, घेवर की अपेक्षा अधिक पसन्द है
(C) मनोज को इमरती की अपेक्षा रसगुल्ला अधिक पसन्द है
(D) मनोज को रसमलाई की अपेक्षा घेवर अधिक पसन्द है
(E) मनोज को काजू की बर्फी की अपेक्षा घेवर अधिक पसन्द है

निर्देश– 7 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित वक्तव्य पर आधारित है–

एक पिकनिक पार्टी में आंठ व्यक्तियों ने भाग लिया. इसमें चार महिलाएं और चार पुरुष हैं. इसमें दो व्यक्ति–एक पुरुष तथा एक महिला पिकनिक के प्रबन्धक हैं. वे सभी व्यक्ति आयताकार रूप में ताश खेलने बैठते हैं. प्रत्येक पुरुष कम से कम एक महिला के बाद तथा प्रत्येक महिला कम से कम एक पुरुष के बाद बैठती है. A, D के सम्मुख बैठता है तथा D प्रबन्धकों में से नहीं है. G के दाहिनी ओर तथा सामने एक-एक महिला है. H प्रबन्धक महिला के दाहिनी ओर तथा F के बगल में बैठती है. C और B के बीच एक व्यक्ति और बैठता है. आयत की प्रत्येक लम्बाई में तीन व्यक्ति तथा प्रत्येक चौड़ाई वाली भुजा पर एक-एक व्यक्ति बैठता है.

7. E के सम्बन्ध में कौनसी बात सही है?
I. प्रबन्धक पुरुष
II. D के दाहिनी ओर बैठने वाला पुरुष
III. C के सामने बैठने वाला व्यक्ति
(A) सिर्फ I (B) सिर्फ II
(C) I और II (D) I और III
(E) सभी तीनों

8. यदि प्रत्येक पति-पत्नी एक-दूसरे के सामने बैठते हैं तो निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा पति-पत्नी का है?
(A) B तथा F (B) G तथा H
(C) B तथा G (D) E तथा H
(E) A तथा F

9. G के बगल में बैठने वाले व्यक्ति को बार-बार पान थूकने की आदत है अतः वह अपने बाईं ओर से चौथे व्यक्ति से अपनी सीट बदलना चाहता है. सीट बदलने के बाद निम्नलिखित में से कौनसी बात सही है?
I. या तो प्रबन्धक पुरुष अथवा प्रबन्धक महिला ने सीट बदली है
II. विषम लिंगी दो व्यक्तियों के बीच कोई व्यक्ति नहीं रहता है
III. आयत की एक साइड में केवल समलिंगी व्यक्ति रहेंगे.
(A) सिर्फ I (B) सिर्फ III
(C) सिर्फ II (D) I तथा II
(E) तीनों में से कोई नहीं

निर्देश– 10 से 13 तक प्रत्येक प्रश्न निम्नलिखित वक्तव्य पर आधारित है–

किसी दफ्तर में पाँच आदमी काम करते हैं. ये रोजाना काम पर नहीं आते हैं परन्तु इनमें से कम से कम तीन व्यक्तियों का प्रत्येक दिन दफ्तर में उपस्थित रहना अनिवार्य है. सुशील केवल सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दफ्तर आता है. ललित बुधवार के दिन दफ्तर किसी भी हालत में नहीं पहुँचेगा. सिंघल केवल मंगलवार तथा बुधवार को दफ्तर जाता है. राजेन्द्र, शुक्रवार को दफ्तर नहीं जा सकता है. उमेश महीने के पहले सोमवार और बृहस्पतिवार के अतिरिक्त चाहे जब दफ्तर जा सकता है. दफ्तर की रविवार और शनिवार के दिन छुट्टी रहती है.

10. निम्नलिखित में से कौनसे तीन व्यक्ति सोमवार को उपलब्ध हो सकते हैं?
(A) सुशील, उमेश और सिंघल
(B) ललित, उमेश और सिंघल
(C) उमेश, सिंघल और राजेन्द
(D) ललित, सिंघल और राजेन्द्र
(E) सुशील, ललित और राजेन्द्र

11. शुक्रवार के दिन निम्नलिखित में से कौनसे तीन कार्य पर उपस्थित होंगे?
(A) सुशील, ललित और राजेन्द्र
(B) सुशील, सिंघल और राजेन्द्र
(C) ललित, सिंघल और उमेश

(D) सुशील, ललित और उमेश
(E) सिंघल ललित और सुशील

12. सप्ताह के किस दिन सभी आवश्यक कर्मचारियों का उपस्थित होना असम्भव है?
(A) सोमवार (B) शुक्रवार
(C) बृहस्पतिवार (D) मंगलवार
(E) बुधवार

13. निम्नलिखित में से किस दिन कर्मचारियों की संख्या पूरी करने के लिए उमेश को बुलाया जाएगा?
(A) सोमवार (B) मंगलवार
(C) बुधवार (D) बृहस्पतिवार
(E) शुक्रवार

14. यदि 3 + 7 = 56, 5 + 6 = 59 तथा 3 + 6 = 43 हो तो 5 - 2 = ?
(A) 18 (B) 2
(C) 7 (D) 6
(E) 16

15. निम्नलिखित पाँच शब्दो मे से एक शब्द शेष चार शब्दो से भिन्न है. उस भिन्न शब्द को ज्ञात करो
(A) Mercury (B) Lock
(C) Vessel (D) Chair
(E) Temple

निर्देश– 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न निम्नांकित वर्ग पर आधारित है इसमें प्रत्येक पंक्ति के अक्षरों से समाचार-पत्रों के नाम बनते है पहले, तीसरे और सातवे स्तम्भो में से प्रत्येक में दो अलग-अलग एकसे व्यंजनों (Consonants) की

	R		B			
M			H	R		Q
A		N		H	A	
	I					R
P					O	
L	E		O		D	
		T	L		O	K

पुनरावृत्ति होती है जबकि दूसरे स्तम्भ में दो एकसे स्वरों की. तीसरी पंक्ति में 3 स्वर एकसे, चौथी पंक्ति में 2 स्वर एकसे, पाँचवीं पंक्ति में 2 व्यंजन एकसे, छठवीं पंक्ति में 2 स्वर एकसे तथा सातवीं पंक्ति में 3 स्वर एकसे प्रयोग होते हैं. दोनों विकर्णों में से एक में दो समान व्यंजन तथा दूसरे 2 समान स्वर प्रयोग होते हैं

16. चौथी पंक्ति एवं तीसरे स्तम्भ में किस अक्षर का प्रयोग हुआ है?
(A) A (B) I
(C) O (D) N
(E) L

17. सातवीं पंक्ति में कुल कितने स्वरों का प्रयोग हुआ है?
(A) 1 (B) 4
(C) 2 (D) 3
(E) 5

18. सम्पूर्ण वर्ग में ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनका प्रयोग बिल्कुल नहीं हुआ हो?
(A) 9 (B) 8
(C) 7 (D) 6
(E) 5

19. सम्पूर्ण वर्ग मे O का प्रयोग कितनी बार हुआ है?
(A) 9 (B) 8
(C) 6 (D) 3
(E) 1

20. सम्पर्ण वर्ग में कितने अक्षरों का प्रयोग सिर्फ एक बार हुआ है?
(A) 6 (B) 2
(C) 7 (D) 4
(E) 5

मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता के नियम

1. अपनी प्रविष्टि केवल दिए हुए प्रवेश प्रारूप पर ही भेजें तथा निर्धारित तिथि सीमा में भेजने की व्यवस्था करें अन्यथा प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं की जाएगी. प्रविष्टि केवल साधारण डाक से ही स्वीकार की जाएगी.
2. लिफाफे के बाईं ओर **'सामान्य ज्ञान दर्पण–मानसिक योग्यता परीक्षा प्रतियोगिता'** अवश्य लिखें.
3. प्रत्येक प्रश्न के पाँच कोष्ठक दिए गए हैं. जिस उत्तर को ठीक समझें उस कॉलम में (×) का चिन्ह लगाएं. एक प्रश्न का एक ही उत्तर मान्य होगा. एक से अधिक उत्तर देने पर उत्तर अमान्य होगा और अशुद्धियों में गिन लिया जाएगा. प्रत्येक अशुद्ध हल के लिए एक अंक काटा जाएगा.
4. सर्वाधिक शुद्ध हल भेजने वाले दो प्रतियोगियों को क्रमशः 200/- रु., 150/- रु. पुरस्कारस्वरूप दिए जाएंगे.
5. पुरस्कार के विषय में सम्पादक का निर्णय सर्वमान्य होगा और किसी भी दशा में न्यायालय का विषय नहीं होगा.

सामान्य ज्ञान दर्पण
प्रवेश प्रारूप

मानसिक योग्यता परीक्षा क्रमांक- 24 का हल भेजने की अन्तिम तिथि 30 जुलाई, 1990 है.

नाम श्री/कु./श्रीमती ....

....

पूरा पता ....

....

....

राज्य पिन कोड नं. ☐☐☐☐☐☐

उत्तर-पत्र

प्रश्न संख्या	A	B	C	D	E
1.	☐	☐	☐	☐	☐
2.	☐	☐	☐	☐	☐
3.	☐	☐	☐	☐	☐
4.	☐	☐	☐	☐	☐
5.	☐	☐	☐	☐	☐
6.	☐	☐	☐	☐	☐
7.	☐	☐	☐	☐	☐
8.	☐	☐	☐	☐	☐
9.	☐	☐	☐	☐	☐
10.	☐	☐	☐	☐	☐
11.	☐	☐	☐	☐	☐
12.	☐	☐	☐	☐	☐
13.	☐	☐	☐	☐	☐
14.	☐	☐	☐	☐	☐
15.	☐	☐	☐	☐	☐
16.	☐	☐	☐	☐	☐
17.	☐	☐	☐	☐	☐
18.	☐	☐	☐	☐	☐
19.	☐	☐	☐	☐	☐
20.	☐	☐	☐	☐	☐

मानसिक योग्यता परीक्षा क्रमांक- 22 के पुरस्कार विजेता एवं सर्वशुद्ध हल

प्रथम तथा द्वितीय पुरस्कार सम्मिलित रूप से:

(i) सर्वेश कुमार मित्तल
616, जवाहर कालोनी,
पटेल नगर, कुकड़ा रोड
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)- 251 001

(ii) कौशल कुमार श्रीवास्तव
इण्डियन ओवरसीज बैंक
विजय चौक
गोरखपुर (उ.प्र.)- 273 001

(iii) कुलदीप कुमार पाराशर
गाँव-तेलपुर,
डा.-अम्वाड़ी
जिला-देहरादून (उ.प्र.)- 248 126

(iv) विजयवीर सिंह
पुत्र श्री जे. आर. राणा
गाँव-बसन्तपुर
डा.-विकास नगर
जिला-देहरादून (उ.प्र.)- 248 398

सर्वशुद्ध हल

1. (C) 2. (E) 3. (D) 4. (C) 5. (E)
6. (D) 7. (E) 8. (B) 9. (A) 10. (C)
11. (E) 12. (D) 13. (C) 14. (E) 15. (D)
16. (C) 17. (B) 18. (A) 19. (C) 20. (E)

उत्तर व्याख्या सहित

1. $8 \times 1 = 8$
$(8 + 1) \times 2 = 18$
$(8 + 2) \times 4 = 40$
$(8 + 3) \times 8 = 88$
$(8 + 4) \times 16 = 192$
$(8 + 5) \times 32 = 416$

3 से 6 तक के लिए उपयोगी चार्ट :

N	A	I	L
B	K	C	A
A	C	F	E
E	E	T	F

3. CAKE

7. चूँकि 31 जनवरी को बसन्त पंचमी का त्यौहार है, अतः दोपहर की ड्यूटी पर मि. शर्मा और रुकमणि में से एक छुट्टी पर रहेंगे. उस दिन सर्दी भी काफी अधिक है, अतः मि. शर्मा, रुकमणि और सरोज सुबह और दोपहर को काम पर न पहुँचेंगे. मि. शर्मा के छुट्टी पर रहने से मि. गुप्ता का तथा रुकमणि के कारण मि. वर्मा का काम भी प्रभावित होगा. इस प्रकार कुल पाँच व्यक्तियों का काम प्रभावित होगा.

8. 17 जून, 1989 को सुबह से वर्षा होने लगी थी अतः ऐसी दशा में मि. शर्मा, सरोज और रुकमणि काम पर नहीं जाएंगे. चूँकि उस दिन गर्मी भी अधिक है अतः मि. गुप्ता और रुकमणि में से एक नहीं ड्यूटी देंगे. चूँकि रुकमणि वर्षा के कारण छुट्टी पर है अतः मि. गुप्ता काम पर आएंगे. रुकमणि के छुट्टी लेने से मि. वर्मा का काम भी प्रभावित होता है. अतः कुल चार व्यक्ति प्रभावित होंगे.

9. चूँकि रविवार को सुबह से कड़ाके की सर्दी होने से मि. वर्मा, मि. शर्मा, सरोज, रुकमणि और मि. गुप्ता का कार्य प्रभावित होगा.
जिस दिन गर्मी अधिक होती है उस दिन मि. गुप्ता या रुकमणि में से एक छुट्टी पर रहेंगे. यदि रुकमणि छुट्टी पर है तो मि. वर्मा का काम भी प्रभावित होगा. ऐसी दशा में अधिक से अधिक दो व्यक्ति प्रभावित होंगे.
दीपावली के त्यौहार के कारण मि. शर्मा या रुकमणि में से एक छुट्टी पर रहेंगे. मि. शर्मा के कारण मि. गुप्ता का और रुकमणि के कारण मि. वर्मा का काम प्रभावित होगा. इस प्रकार अधिक से अधिक दो व्यक्तियों का काम प्रभावित होगा. रविवार को केवल मि. वर्मा का काम प्रभावित होगा.
होली के दिन त्यौहार होने के कारण मि. शर्मा या रुकमणि में से एक छुट्टी पर रहेंगे. मि. शर्मा का गुप्ता के काम पर तथा रुकमणि का मि. वर्मा के काम पर प्रभाव पड़ेगा. इस प्रकार दो व्यक्ति प्रभावित होंगे.

10 से 14 के लिए– 6 अंकों से बनी संख्या

205379 है. इसमें 0 भी प्रयोग हुआ है तथा किसी अंक की पुनरावृत्ति नहीं हुई है. इसके अंकों से बनी संख्या 59 का घन है. चार अंकों से बनी संख्याएं 3025; 5329 तथा 9025 पूर्ण वर्ग हैं. दो अंकों व तीन अंकों की संख्याएं 27 और 729 पूर्ण घन हैं. दो-दो अंकों से बनी संख्याएं 23; 29; 37; 53; 59; 73; 79 और 97 अभाज्य संख्याएं हैं.

14. हजारवें स्थान पर 5 का अंक है.

15. सभी जोड़ों में पहला शब्द कोई वस्तु को प्रदर्शित करता है और दूसरा शब्द उसकी ध्वनि को लेकिन Coins की ध्वनि Zoom न होकर Clink है.

16. प्रत्येक शब्द के अक्षरों को व्यवस्थित करके लिखने पर निम्नलिखित शब्द बनते हैं— TRUMPET, SQUEAK, WAIL, CHIRP, NEIGH, WAIL के अतिरिक्त अन्य सभी जानवरों की बोलिया हैं जबकि WAIL, SIREN की ध्वनि होती है.

17. $39 = 3 \times 13$
छोटी से छोटी सम्भव संख्याएं =
13×4 तथा 3×7
अभीष्ट अन्तर $= 52 - 21 = 31$

18. चार्ट में देखने पर $2*0 = 0$ तथा $2*3 = 0$ है
अतः $a = 0$ और 3

19. चार्ट में देखने पर ज्ञात होता है कि p के किसी भी मान के लिए $p*1 = p$ है अतः $x = 1$

20. $\because \quad 3*4 = 0$
तथा $2*0 = 0$
$\therefore 2*(3*4) = 0$

■■■

तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक- 22 का परिणाम

विषय : ***दोहरी शिक्षा प्रणाली समाप्त की जाए.***
जीतेन्द्र जैन
काल-डी. एड (I)
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET)
गुड़गाँव (हरियाणा)- 122 001

विषय : ***राजनीति का अपराधीकरण लोकतंत्र के लिए घातक है.***
मोहन लाल स्वर्णकार (C.E.O.)
पोस्ट-बारीगढ़ जिला-छतरपुर (म.प्र.)

विषय : ***कश्मीर के बारे में अनुच्छेद 370 का कोई औचित्य नहीं है.***
विनोद कुमार
पुत्री श्री काशीराम
769/II/III/B.H.E.L.
हरिद्वार (उ.प्र.)- 249 403

Railway Service Recruitment Board, (Clerk Cadre, Exam.) Muzaffarpur- 1989 solved paper

General English

Each question carries one mark.

Choose the correct words to fill in the blanks.

1. The office should deal.....equal justice to all his subordinates.
   (A) out (B) of
   (C) on (D) in
2. He should be alive......the consequences of his wrong doings..
   (A) for (B) with
   (C) of (D) after
3. They trembled......fear at the sight of the lion..
   (A) in (B) with
   (C) of (D) after
4. Danger calls......courage..
   (A) with (B) forth
   (C) for (D) in
5. He yearns......true friendship..
   (A) to (B) with
   (C) for (D) after
6. I cannot make......what this beggar wants..
   (A) of (B) out
   (C) about (D) off
7. He was admitted......the 10th class..
   (A) in (B) into
   (C) to (D) after
8. Ram assured the officer......his sincerity..
   (A) with (B) in
   (C) for (D) of
9. He must avail himself.....this opportunity..
   (A) for (B) with
   (C) of (D) in
10. His father is very anxious......his son's health..
    (A) on (B) about
    (C) with (D) in

11-15. A group of four words is given. One word in each group is mis-spelt. Choose this mis-spelt word.

11. (A) dorment (B) strife
    (C) mitigate (D) evade.
12. (A) Eulogy (B) exchiw
    (C) endorse (D) emulsion
13. (A) fortitude (B) frantic
    (C) gallant (D) immutable
14. (A) Ceramist (B) chauvinism
    (C) clyche (D) catalogue
15. (A) exhort (B) arbitrate
    (C) conspicuious (D) bereft

Select the words which closely fit in the definition.

16. A person who loves everybody.
    (A) cosmopolitan (B) fratricide
    (C) atheist (D) aristocrat
17. One who cannot be easily pleased.
    (A) Cosmopolitan
    (B) fratricide
    (C) fastidious
    (D) feminist
18. The murder of brother.
    (A) homicide (B) fratricide
    (C) dermatologist (D) regicide

19. A person who is indifferent to pains and pleasure of life
    (A) stoic (B) sadist
    (C) psychiatrist (D) patricide
20. Talking to one's own self
    (A) Sinecure
    (B) Soliloquy
    (C) pessimist
    (D) philanthropist

Pick out the correct synonyms.

21. Fugitive
    (A) escaping (B) enduring
    (C) vain (D) weak
22. Exponent
    (A) meddler (B) cancel
    (C) advocate (D) horrid
23. Goad
    (A) Soothe (B) Save
    (C) irritate (D) worship
24. Foment
    (A) extirpate (B) provoke
    (C) isolation (D) abrasion
25. Imperceptible
    (A) mean (B) obvious
    (C) humble (D) subtle

Pick out the correct antonyms.

26. Insipid
    (A) tasty (B) stupid
    (C) discreet (D) feast
27. Lucid
    (A) glory (B) noisy
    (C) obscure (D) distinct
28. Malignant
    (A) virulent (B) prime
    (C) benign (D) swallow
29. Extricate
    (A) menifest (B) palpable
    (C) release (D) entangle
30. Gallant
    (A) fine (B) bold
    (C) coward (D) frolic

ANSWERS

1. (A)	2. (C)	3. (B)	4. (B)
5. (C)	6. (B)	7. (C)	8. (D)
9. (C)	10. (B)	11. (A)	12. (B)
13. (A)	14. (C)	15. (C)	16. (A)
17. (C)	18. (B)	19. (A)	20. (B)
21. (A)	22. (C)	23. (C)	24. (B)
25. (D)	26. (A)	27. (C)	28. (C)
29. (D)	30. (C)		

व्यक्ति परिचय

राष्ट्रपति	आर. वेंकटरमन
उपराष्ट्रपति	डॉ. शंकरदयाल शर्मा

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल
(केबिनेट मंत्री)

वी. पी. सिंह	प्रधानमंत्री, रक्षा, लोक शिकायत, पेंशन, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा, इलैक्ट्रॉनिक्स, सागर विकास, अंतरिक्ष तथा अन्य मंत्रालय जो किसी अन्य केबिनेट मंत्री या राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) को नहीं दिए गए.
देवीलाल	उपप्रधानमंत्री तथा कृषि.
मधु दंडवते	वित्त.
जार्ज फर्नांडीज	रेलवे.
मुफ्ती मुहम्मद सईद	गृह.
अजीत सिंह	उद्योग.
अरुण नेहरू	वाणिज्य और पर्यटन.
शरद यादव	कपड़ा और फूड प्रोसेसिंग का अतिरिक्त भार.
आरिफ मुहम्मद खान	ऊर्जा और नागरिक उड्डयन का अतिरिक्त भार.
रामविलास पासवान	श्रम और कल्याण.
नीलमणि राउतराय	पर्यावरण एवं वन.
इंद्रकुमार गुजराल	विदेश.
एम. एस. गुरुपदस्वामी	पेट्रोलियम एवं रसायन.
नाथूराम मिर्धा	खाद्य और नागरिक आपूर्ति.
पी. उपेन्द्र	सूचना और प्रसारण तथा संसदीय कार्य.
के. पी. उन्नीकृष्णन	भूतल परिवहन.
दिनेश गोस्वामी	इस्पात और खान, विधि एवं न्याय का अतिरिक्त कार्यभार.
मुरासोली मारान	शहरी विकास.

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

मनुभाई कोटाडिया	जल संसाधन.
जनेश्वर मिश्र	संचार.
रशीद मसूद	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण.

राज्यमंत्री (संबद्ध)

डॉ. राजा रमन्ना	रक्षा.
एम. जी. के. मेनन	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी.
मेनका गांधी	पर्यावरण एवं वन.
चिमनभाई मेहता	मानव संसाधन विकास
भजमन बेहड़ा	पेट्रोलियम एवं रसायन.
हरिकिशोर सिंह	विदेश.
उपेन्द्र नाथ वर्मा	ग्रामीण विकास.
सुबोधकांत सहाय	गृह.
सत्यपाल मलिक	संसदीय कार्य और पर्यटन
भागकु गोवर्धन	योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन.
नितीश कुमार	कृषि और सहकारिता.
ीकांत जेना	उद्योग मंत्रालय में लघु उद्योग, कृषि एवं ग्रामीण उद्योग.
ए. श्रीधरन	वाणिज्य.
ामपूजन पटेल	खाद्य व नागरिक आपूर्ति.

उपमंत्री

अजय सिंह रेलवे.

उत्तर प्रदेश बी. सत्यनारायण रेड्डी मुलायम सिंह यादव
पश्चिमी बंगाल नुरुल हसन ज्योति बसु
मणिपुर चिंतामणि पाणिग्रही राजकुमार रणवीर सिंह

इंद्रकुमार गुजराल	विदेश.
एम. एस. गुरुपदस्वामी	पेट्रोलियम एवं रसायन.
रामपूजन पटेल	खाद्य व नागरिक आपूर्ति.

उपमंत्री

अजय सिंह	रेलवे.
श्रीमती ऊषा सिंह	कल्याण मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास.
अनिल शास्त्री	वित्त.
भक्त चरणदास	मानव संसाधन विकास मंत्रालय में खेलकूद एवं युवा मामले
जगदीप धनकड़	संसदीय कार्य.

राज्यों के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री

राज्य	राज्यपाल	मुख्यमन्त्री
आन्ध्र प्रदेश	कृष्णकान्त	डॉ. एम. चेन्नारेड्डी
असम	डी. डी. ठाकुर	प्रफुल्ल कुमार महन्त
बिहार	यूनुस सलीम	लालू प्रसाद यादव
गुजरात	महीपाल शास्त्री	चिम्मनभाई पटेल
गोआ	खुर्शीद आलम खाँ	डॉ. लुईस प्रोतो बारबोसा
हरियाणा	धनिक लाल मंडल	बनारसी दास गुप्ता
हिमाचल प्रदेश	बी. रचैया	शान्ता कुमार
जम्मू और कश्मीर	डॉ. गिरीश चन्द्र सक्सैना	राष्ट्रपति शासन
केरल	डॉ. स्वरूप सिंह	ई. के. नयनार
मध्य प्रदेश	के. महमूद अली	सुन्दर लाल पटवा
महाराष्ट्र	सी. सुब्रह्मणय	शरद पंवार
मेघालय	मधुकर दिघे	बी. बी. लिंगडोह
मिजोरम	स्वराज कौशल	लालथनहावाला
कर्नाटक	ठा. भानुप्रताप सिंह	वीरेन्द्र पाटिल
नागालैण्ड	एम. एस. थॉमस	के. एल. चिशी
उड़ीसा	यज्ञ दत्त शर्मा	बीजू पटनायक
पंजाब	वीरेन्द वर्मा	राष्ट्रपति शासन
राजस्थान	डी. पी. चट्टोपाध्याय	भैरों सिंह शेखावत
तमिलनाडु	सुरजीत सिंह बरनाला	एम. करुणानिधि
उत्तर प्रदेश	बी. सत्यनारायण रेड्डी	मुलायम सिंह यादव
पश्चिमी बंगाल	नुरूल हसन	ज्योति बसु
मणिपुर	चिंतामणि पाणिग्रही	राजकुमार रणवीर सिंह
त्रिपुरा	रघुनाथ रेड्डी	सुधीर रंजन मजूमदार
सिक्किम	आर. एच. तहिलियानी	नर बहादुर भण्डारी
अरुणाचल प्रदेश	एम. एस. थॉमस	गेगोंग अपांग

केन्द्र-शासित प्रदेशों का प्रशासन

दिल्ली	एअर चीफ मार्शल अर्जुनसिंह (उपराज्यपाल)	जग परवेश चन्द्र (मुख्य कार्यकारी पार्षद)
अण्डमान तथा निकोबार	ले. जन. आर. एस. दयाल (उपराज्यपाल)	
लक्षद्वीप	बी. शैजा (प्रशासक)	
दादरा एवं नगर हवेली	खुर्शीद आलम खाँ (प्रशासक)	
दमन, दीव	खुर्शीद आलम खाँ (प्रशासक)	....
पांडिचेरी	श्रीमती चन्द्रावती (उपराज्यपाल)	डी. रामचन्दन (मुख्यमन्त्री)
चण्डीगढ़	वीरेन्द्र वर्मा (प्रशासक)	राष्ट्रपति शासन

विभिन्न उच्चाधिकारी (भारत सरकार)

वी. पी. सिंह	अध्यक्ष, योजना आयोग
रविराय	अध्यक्ष, लोक सभा
श्रीमती नजमा हेपतुल्ला	उपाध्यक्ष, राज्य सभा
आर.वी.एस. पेरीशास्त्री	मुख्य चुनाव आयुक्त
जे. पी. गुप्ता	अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग
सव्य साची मुखर्जी	सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

एस. एम. एस. बर्नी	अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग
डॉ. पी. के. आयंगर	अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग
रामकृष्ण हेगड़े,	उपाध्यक्ष, योजना आयोग
सी. जी. सोमैया	ऑडिटर एण्ड कम्पट्रोलर जनरल ऑफ इंण्डिया
आर. एन. मल्होत्रा	गवर्नर, रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया
सोली सोराबजी	अटार्नी जनरल ऑफ इण्डिया
अशोक देसाई	सॉलिसिटर जनरल ऑफ इण्डिया
प्रो. यशपाल	अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
एम. एन. प्रसाद	चेयरमैन, रेलवे बोर्ड
एस. के. बिरला	चेयरमैन, फिक्की
एन. के. शिंकर	चेयरमैन, एल. आई. सी.
पी. एस. देवधर	चेयरमैन, इलैक्ट्रोनिक आयोग
एम. एल. गोइपोरिया	चेयरमैन, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
डॉ. शंकरदयाल शर्मा	सभापति, राज्य सभा
जस्टिस आर.एस. सरकारिया	चेयरमैन, प्रेस परिषद्
डॉ. एस. के. मिश्रा	डायरेक्टर जनरल, नेशनल कौंसिल ऑफ इकनोमिक रिसर्च
प्रो. यू. आर. राव	अध्यक्ष, अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन
डॉ. ए. पी. मित्रा	डायरेक्टर जनरल, औद्योगिक एवं वैज्ञानिक अनुसन्धान परिषद्
वी. वी. बदामी	चेयरमैन, इन्कम टैक्स सैटलमेंट कमीशन
आनन्द सरूप	चेयरमैन, नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इण्डिया
जस्टिस एम. पी. ठक्कर	अध्यक्ष, विधि आयोग
बी. बी. इराडी	अध्यक्ष, उपभोक्ता संरक्षण आयोग

सुरक्षा (Indian Defence Services)

थल सेनाध्यक्ष	जनरल वी. एन. शर्मा
जल सेनाध्यक्ष	एडमिरल जयन्त गणपति नडकर्णी
वायु सेनाध्यक्ष	एयर चीफ मार्शल एस. के. मेहरा
प्रथम फील्ड मार्शल	एस. एच. एफ. जे. मानेकशा
दूसरे फील्ड मार्शल	के. एम. करिअप्पा

विभिन्न राष्ट्रों के प्रमुख

राष्ट्र	प्रमुख	प्रधानमन्त्री
अफगानिस्तान	मोहम्मद नजीबुल्ला	फजल हक खालिकयार
आस्ट्रिया	कुर्त वाल्दहीम (रा.)	फ्रेन्ज व्रेनिट्ज़की
आस्ट्रेलिया	बिल होयडिन (ग. ज.)	राबर्ट जेम्स ली हॉक
अंगोला	जोस इदुरदाओ दोष सांतोष	लोपो द्वि नेसीनेन्ता
अर्जेन्टीना	कार्लोस एस. मैंनम	....
बांग्लादेश	ले.ज. एच.एम. इरशाद	काज़ी ज़फर अहमद
बोलिविया	पाज जमोरा	एस. टेसेरो
बुल्गारिया	ट्यूडर झियकोव	आन्द्रेई लुकानोव
भूटान	जिग्मे सिंघे वांगचुक (नरेश)	....
कम्बोडिया	हेंग सेमरिन	हनसेन
कनाडा	जेन सौवे (ग. ज.)	मार्टिन ब्रियग मुलरोनी
श्रीलंका	प्रेमदासा रणसिंघे	डी. वी. विजयतुंगे
चीन (गणतन्त्र)	यांग शांग कुन	ली पेंग
चीन (राष्ट्रवादी)	ली तेंग हुई	यू कूओ हुआ
डेनमार्क	मारग्रेट द्वितीय (रानी)	पॉल श्लूटर
फ्राँस	फ्रेंकोइस मित्तराँ (रा.)	माइकल रेकार्ड
जर्मनी (पूर्वी)	डॉ. सेबाइन बर्गमन (रा)	लोदर डि मैनीरा
जर्मनी (पश्चिमी)	रिचर्ड वोन वीजेकर	हेल्मुट कोहल (चांसलर)
ईरान	हाशमी रफसंजानी	मीर हुसैन मुसावी
इजराइल	केम हरझोग	यतजक शमीर
इटली	फ्रांसिस्को कोसीगा	गिलियो एंड्रियोटी
जापान	सम्राट आकिहितो (न.)	तोशिकी कैफू
आयरलैण्ड	श्रीमती बिगडिस फिनबोगेडोटिर	स्टीनगिरमर हर्मान्सन

जल सेनाध्यक्ष	एडमिरल जयन्त गणपति नडकर्णी	
वायु सेनाध्यक्ष	एयर चीफ मार्शल एस. के. मेहरा	
आयरलैण्ड	श्रीमती बिगडिस फिनबोगेडोटिर	स्टीनगिरमर हर्मान्सन

मलेशिया	सुल्तान अजलान शाह	महाथिर मोहम्मद
माल्टा	मिस आगाथा बारबरा (रा.)	ऐडी फ्रेन्च अदामी
मंगोलिया	जाम्बिन बतमुन्ह	बहिसेडन्बल
मॉरीटानिया	ले. के. मोहम्मद ओल्डहार्डता	लेफ्टी. कर्नल अहमदताया
मैलागासी	डिन्डी रतसिराका (रा.)	डिजायर रकोटा
नेपाल	वीरेन्द्र वीर विक्रमशाह (न.)	कृष्ण प्रसाद भट्टराय
न्यूजीलैण्ड	सर पाल रीव्ज	ज्यॉफ्री पामर
कोरिया (उ.)	कि इल सुंग (रा.)	वांग हियोंग मुक
कोरिया (द.)	रो ताई वू (रा.)	कांग यंग हुन
लाओस	राजकुमार सुफानबोंग (रा.)	कीसोन फोम विहन
लेबनान	अमीन गमाएल	सलीम अलहीस
नार्वे	किंग ओलेफ (न.)	जान साइसे
पाकिस्तान	गुलाम इशाक खाँ	बेनजीर भुट्टो
मिस्र	होसनी मुबारक	अतेफ सेदकी
पोलैण्ड	जनरल जारूजेल्स्की	तादूज माजोविएस्की
पुर्तगाल	मेरियो सोरेस	एनीबॉल कारवेको सिल्वा
पेरू	एलन गार्सिया परेज	एमेन्डा विलानेवा
नाईजीरिया	इब्राहीम बबनगिडा	....
रूमानिया	इवान इलियेस्कू (रा.)	पीटर रोमन
अफ्रीका (द.)	एफ. डब्ल्यू. डी. क्लार्क	....
स्वीडन	गुस्ताव (न.)	इंग्वर कॉर्लैसन
सीरिया	हाफिल अल असद (रा.)	मोहम्मद अल जोहनी
सिंगापुर	वी किम वी (रा.)	ली. कुआन ये
स्पेन	जुआन कार्लोस	फिलिपे गोंजालेज मार्क्वेज
तुर्की	टरगट ओजल	
यू. के.	एलिजाबेथ II (महारानी)	श्रीमती मारग्रेट थैचर
सं. रा. अमरीका	जार्ज बुश (रा.)	....
सोवियत संघ	मिखाइल गोर्बाचोव	निकोलोई रिजकोव

नोट—रा. = राष्ट्रपति, न. = नरेश, ग. ज = गवर्नर जनरल

Our Aim is to develope new ways to keep your success

UPKAR'S CAREER BOOKS For All Competitive Exam.

RECENT RELEASE

Quiz India	26.00
Navodaya School Entrance Exam. *By : Dr. Lal & Jain*	30.00
Navodaya School Entrance Digest *By : J. N. Sharma & T. S. Jain*	32.00
Combined Defence Services Exam.	40.00
N. D. A. Exam.	55.00
'O' Level Test of Reasoning	12.00
'O' Level Numerical Aptitude Test	15.00
'O' Level Objective General English	20.00
Upkar's Mental Ability Test	11.00
Sainik School Digest *By : J. N. Sharma*	30.00

CIVIL SERVICES PRE. EXAM.

Syllabus for Civil Services Exam.	10.00

OPTIONAL SUBJECTS

C.S.P.E. Economics	15.00
C.S.P.E. Indian History	55.00

UPKAR GUIDES

Bank's Recruitment Tests	22.00
Bank Competitions *By : Khanna & Verma*	32.00
Bank Competitions *By : T. S. Jain*	40.00
New Bank Recruitment Tests	23.00
A Practical Book of Bank Competition *By : Dr. Lal & Jain*	60.00
A Practical Book of Matching Tests *(Clerical Aptitude)*	12.00
A Practical Book of Reasoning Tests	15.00
A Practical Book of Numerical Aptitude Tests	12.00
A Practical Book of Objective English	16.00
A Practical Book of Descriptive English	13.00
New Pattern Tests of Reasoning	12.00
State Bank Probationary Officers Exam	50.00
Nationalised Banks Probationary Officers Exam.	43.00
Bank's Agricultural Assistant Exam.	40.00
Bank's Agricultural Officer's Exam.	45.00
Air Force Recruitment Test *By : Khanna & Verma*	23.00
Air Force Recruitment Test *By : T. S. Jain*	30.00
Sainik School Entrance Exam. *By : Dr. Lal & Jain*	33.00
Sainik School Digest *By : J. N. Sharma*	30.00
L.I.C. Apprentice Officer's Exam.	35.00
Railway Recruitment Board Exam.	26.00
S.S.C. Clerk's Grade Exam	34.00
S.S.C. Inspectors of Income Tax, Central Excise etc. Exam.	40.00
S.S.C. Inspectors of Income Tax, Central Excise etc. Exam.	30.00
S.S.C. Auditors/Jr. Accountant/Upper Division Clerks Exam.	35.00

NATIONAL TALENT SEARCH

National Talent Search Exam. X	55.00

GENERAL KNOWLEDGE

General Knowledge, Current Affairs	6.00
Objective General Knowledge	7.00
Ever Latest General Knowledge	26.00

GENERAL ENGLISH

Latest General English	10.00
NPTOE New Pattern Test of Objective English	45.00
A Fresh Approach to General English	35.00
The Technique of Comprehension & Precis Writing	18.00

INTELLIGENCE TEST

Intelligence & Psychological Tests	15.00
General Knowledge & I.Q.	15.00
Intelligence and Aptitude Tests	15.00

LETTER

Top Letters	22.00
Business Letters	20.00

GENERAL BOOKS

Selected Bank Interview	14.00
UPKAR'S Bank Interview	10.00
Interview & Group Discussions	10.00
Guide to Competitive Exam.	7.00
Medical Colleges in India	12.00

हिन्दी संस्करण

नवीन प्रकाशन

प्री. पॉलिटैक्निक टेस्ट (म. प्र. पी. पी. टी.)	40.00
हिन्दी आशुलिपि श्रुतलेख	16.00
क्विज इण्डिया	26.00
Bank's Clerical Tests *(English-Hindi Edition)*	36.00
English-Hindi Essays & Letter Writing	15.00
English-Hindi Essays	12.00
व्यावहारिक टंकण कला	20.00
एल. टी. (उ. प्र.) गाइड	30.00
बी. टी. सी. प्रवेश परीक्षा (उ. प्र.)	34.00
फॉरिस्ट रेंजर परीक्षा **लेखक** : *जैन एवं नाटाणी*	30.00
फॉरिस्ट रेंजर परीक्षा **लेखक** : *जैन एवं किशोर*	20.00
कम्बाइंड लोअर सबोर्डिनेट परीक्षा (उ. प्र.) **लेखक** : *जैन एवं नाटाणी*	30.00
कम्बाइंड लोअर सबोर्डिनेट परीक्षा (उ. प्र.) **लेखक** : *जैन एवं किशोर*	20.00
वस्तुनिष्ठ भारतीय इतिहास	15.00
वस्तुनिष्ठ अर्थशास्त्र	15.00
वस्तुनिष्ठ राजनीति शास्त्र	16.00
वस्तुनिष्ठ सांख्यिकी	16.00
वस्तुनिष्ठ समाज शास्त्र	12.00
एस. एस. सी. असिस्टेंट ग्रेड परीक्षा	60.00

सिविल सर्विसेज प्रिलिमिनरि परीक्षा

पाठ्यक्रम सिविल सेवा परीक्षा	10.00
सी. एस. पी. ई. सामान्य अध्ययन एवं सामान्य विज्ञान दिग्दर्शन	37.00
सी. एस. पी. ई. अर्थशास्त्र 20×30/8	44.00
सी. एस. पी. ई. भारतीय इतिहास	56.00
सी. एस. पी. ई. विधि	40.00
सी. एस. पी. ई. राजनीति शास्त्र	50.00

उपकार गाइड

बैंक रिक्रूटमेंट टेस्ट	20.00
न्यू बैंक रिक्रूटमेंट टेस्ट **लेखक** : *जैन एवं भटनागर*	24.00
ग्रामीण बैंक रिक्रूटमेंट टेस्ट	20.00
अभ्यास पुस्तक ग्रामीण बैंक कॉम्पिटिशन	60.00
ग्रामीण बैंक रिक्रूटमेंट टेस्ट **लेखक** : *लाल एवं भटनागर*	24.00
ग्रामीण बैंक क्लैरीकल टेस्ट (अंग्रेजी-हिन्दी)	36.00
अभ्यास पुस्तक बैंक कॉम्पिटिशन्स	60.00
वस्तुनिष्ठ अभ्यास-संख्या सम्बन्धी योग्यता परीक्षा	11.00
वर्णनात्मक भाषा	12.00
वस्तुनिष्ठ अभ्यास-तर्क-शक्ति परीक्षा	14.00
वस्तुनिष्ठ अभ्यास-लिपिकीय योग्यता परीक्षा	14.00
ग्रामीण बैंक अधिकारी प्रवेश परीक्षा	42.00
स्टेट बैंक प्रोबेशनरी ऑफीसर परीक्षा	50.00
क्लर्कस् ग्रेड परीक्षा	30.00
क्लर्कस् ग्रेड परीक्षा **लेखक** : *जैन एवं किशोर*	38.00
रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा	27.00
नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा	40.00
नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा **लेखक** : *लाल एवं जैन*	25.00
नवोदय विद्यालय दिग्दर्शिका **लेखक** : *शर्मा, लाल एवं जैन*	35.00
आयकर, उत्पाद शुल्क निरीक्षक परीक्षा	38.00
पुलिस सब इन्सपैक्टर (प्रारम्भिक परीक्षा)	25.00
पुलिस सब इन्सपैक्टर परीक्षा (उ. प्र.)	27.00
राजस्थान पुलिस सब इन्सपैक्टर परीक्षा	36.00
लेखा परीक्षक, कनिष्ठ लेखाकार, उच्च श्रेणी लिपिक परीक्षा	44.00
सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा	30.00
सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा निर्देशिका **लेखक** : *जे. एन. शर्मा एवं जैन*	40.00
वायु सैनिक भर्ती परीक्षा	23.00
पॉलिटैक्निक प्रवेश परीक्षा (उ. प्र.)	40.00
व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा (म. प्र.)	50.00
मध्य प्रदेश लिपिकीय वर्ग परीक्षा **लेखक** : *लाल एवं कुलश्रेष्ठ*	33.00
वस्तुनिष्ठ अभ्यास-पी. ई. टी. परीक्षा (राज.) गणित	12.00
राजस्थान बी. एड. प्रवेश परीक्षा	35.00

राजस्थान बी. एड. प्रवेश परीक्षा	60.00
बी. एड. प्रवेश परीक्षा (उ. प्र.) (प्रथम खण्ड) *लेखक : जैन एवं किशोर*	25.00
बी. एड. प्रवेश परीक्षा (उ. प्र.) (द्वितीय खण्ड) (कला वर्ग)	25.00
बी. एड. प्रवेश परीक्षा (उ. प्र) (द्वितीय खण्ड) (विज्ञान वर्ग)	25.00
बी. एड. प्रवेश परीक्षा (प्रथम खण्ड)	26.00
बी. एड. प्रवेश परीक्षा (द्वितीय खण्ड) (वाणिज्य वर्ग)	17.00

मध्य प्रदेश प्री. बी. एड. प्रवेश परीक्षा

म. प्र. प्री. बी. एड. प्रवेश परीक्षा	34.00
म. प्र. प्री. बी. एड. प्रवेश परीक्षा *लेखक : लाल एवं जैन*	30.00
प्री. बी. एड. वस्तुनिष्ठ भारतीय इतिहास	16.00
प्री. बी. एड. वस्तुनिष्ठ अर्थशास्त्र	25.00
प्री. बी. एड वस्तुनिष्ठ राजनीति शास्त्र	14.00
प्री. बी. एड. वस्तुनिष्ठ यूरोप का इतिहास	20.00

छात्रवृत्ति परीक्षाएँ

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा *(9 वीं एवं 10 वीं कक्षाओं के लिए)*	55.00
ग्रामीण राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा (म. प्र.)	28.00
एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा	33.00
एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा (हल प्रश्न-पत्र)	30.00
जूनियर हाई स्कूल छात्रवृत्ति परीक्षा	20.00

मध्य प्रदेश पी. एस. सी. परीक्षा

पी. एस. सी. पाठ्यक्रम	10.00
कनिष्ठ लोक सेवा आयोग परीक्षा गाइड	30.00
म. प्र. पी. एस. सी. गाइड	50.00
पी. एस. सी. अर्थशास्त्र	45.00
पी. एस. सी. भारतीय इतिहास	65.00
पी. एस. सी. राजनीति शास्त्र	50.00
पी. एस. सी. भूगोल	50.00
पी. एस. सी. समाजशास्त्र	30.00
पी. एस. सी. सांख्यिकी	50.00
पी. एस. सी. विधि	45.00

उत्तर प्रदेश पी. एस. सी. परीक्षा

पी. एस. सी. गाइड (सामान्य अध्ययन)	50.00
पी. एस. सी. अर्थशास्त्र	44.00
पी. एस. सी. विधि	40.00
पी. एस. सी. राजनीति शास्त्र	50.00
पी. एस. सी. भारतीय इतिहास	50.00
पी. एस. सी. भूगोल	45.00
पी. एस. सी. समाज शास्त्र	
पी. एस. सी. दर्शनशास्त्र	28.00

सामान्य ज्ञान

सामान्य ज्ञान, कौन क्या है?	6.00
वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान एवं दैनिक विज्ञान	16.00
सामान्य ज्ञान एवं व्यक्ति परिचय	28.00
सामान्य ज्ञान दिग्दर्शन	50.00
सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान	22.00
राजस्थान सामान्य ज्ञान	18.00
मध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान	20.00
उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान	12.00
बिहार सामान्य ज्ञान	20.00
कृषि सामान्य ज्ञान (वस्तुनिष्ठ प्रकार)	6.00
कृषि सामान्य ज्ञान कोश	20.00

सामान्य हिन्दी

सामान्य हिन्दी	8.00
सामान्य हिन्दी	27.00
वस्तुनिष्ठ सामान्य हिन्दी **लेखक** *: जैन एवं भटनागर*	16.00

निबन्ध

हिन्दी निबन्ध **लेखक** *: जैन एवं कुलश्रेष्ठ*	23.00
सामयिक निबन्ध **लेखक** *: डॉ. चतुर्वेदी*	25.00

गणित

प्रारम्भिक गणित	15.00
अंकगणित **लेखक** *: खन्ना एवं वर्मा*	10.00
अंकगणित **लेखक** *: डॉ. एम. बी. लाल*	20.00
वस्तुनिष्ठ अंकगणित	8.00
वस्तुनिष्ठ अंकगणित	22.00

अन्य पुस्तकें

बौद्धिक एवं तर्कशक्ति परीक्षा	34.00
बौद्धिक योग्यता एवं मनोवैज्ञानिक योग्यता परीक्षा	17.00
हृदयस्पर्शी प्रेम-पत्र	11.00
बुद्धि परीक्षण, साक्षात्कार एवं वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान	10.00
सामान्य विज्ञान	18.00

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक महेन्द्र सिंह जैन ने कैलादेवी प्रेस, 11/111, रामबाग, आगरा से छपवाकर 2/11 ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2 से प्रकाशित.

डायमंड पाकेट बुक्स में
आप अंग्रेजी जानते तो हैं
लेकिन ठीक ढंग से बोल नहीं पाते।
क्या आप अच्छी अंग्रेजी
बोलना सीखना चाहते हैं तो
आज ही खरीदिये अंग्रेजी
बोलचाल सिखाने वाला एक प्रभावी कोर्स
डॉयमण्ड इंगलिश स्पीकिंग कोर्स
जो आपको कुछ प्रभावित शब्द
और वाक्य नहीं रटाता बल्कि अंग्रेजी भाषा
की गहराई को समझाकर उस पर पूरा अधिकार करने
की क्षमता प्रदान करता है। अंग्रेजी प्रभावी ढंग से न बोल पाने से जो हीन भावना घर कर जाती है उसे दूर करके
अपने कार्य, व्यवसाय व मित्रों में प्रभावित ढंग से अंग्रेजी बोलकर अपना मान व प्रतिष्ठा बढ़ाइये
मूल्य 32/- डाक व्यय 5/-
डॉयमन्ड इंगलिश स्पीकिंग कोर्स
अंग्रेजी सीखने का सरल कोर्स
डॉयमण्ड
क्रिकेट हर युवक का मनपसंद खेल है और क्रिकेट के
इतिहास और क्रिकेट के रिकार्डस के बारे में मन में
अनेक सवाल उठते हैं, क्रिकेट प्रश्नोत्तरी आपके मन
में उठने वाली सभी जिज्ञासाओं का समाधान है।
क्रिकेट प्रश्नोत्तरी
क्रिकेट प्रश्नोत्तरी
लेखक: विकास लूथरा
मूल्य 20/- डाक व्यय 3/-
विभिन्न खेलों के नियम 10.00
कपिल देव 10.00
क्रिकेट कैसे खेलें 12.00
तैराकी कैसे सीखें 6.00
आधुनिक मल्लयुद्ध 10.00
शारीरिक प्रशिक्षण पी.टी. एवं ड्रिल गाइड 6.00
जूडो, कराटे, बाक्सिंग व कुंगफू 12.00
सुनील गावस्कर 10.00
डायमंड पाकेट बुक्स प्रा. लि.
2715 दरियागंज, नई दिल्ली-110002

मत घबराइए. सदा मुस्कराइए.

cinkara

तत्वों, जड़ी-बूटियों तथा विटामिनों का अनोखा मिश्रण

न कोई दबाव, न कोई तनाव

दैनिक जीवन की कठिनाइयां अथवा उलझी हुई समस्याओं का बोझ, और उस पर सुबह से शाम तक कामों में जुटे रहना आपके लिये मानसिक दबाव और असाधारण थकावट का कारण बनते हैं।

सिंकारा सदा प्रत्येक दशा में आपकी थकान तथा तनाव को दूर करता है। और खर्च हुई शक्ति को तेजी से लौटाता है। यह रक्त संचार को ठीक करता है, बढ़ी हुई चर्बी से बचाव करता है। और पाचन शक्ति को ठीक रखने में सहायता करता है। सिंकारा द्वारा चुस्त और शक्तिशाली रहकर जिन्दगी का सफलता से सामना कीजिये।

स्त्रियों के लिये वरदान

आप घरेलू कामकाज और परिवार की देखभाल में अपना सारा समय बिताती हैं, परन्तु आप अपने लिये क्या करती हैं? क्या आप अपने-आप को थकी-हारी महसूस करने लगी हैं?

सिंकारा लेना अपना दैनिक नियम बनाइये। यह आपको फिर से चुस्ती तथा शक्ति देगा। गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली स्त्रियों के लिये सिंकारा विशेषकर लाभदायक है। क्योंकि इसमें फौलिक एसिड, विटामिन बी. 12 तथा आयरन होते हैं। फिर से शक्ति प्राप्त करके अपने रोज़ाना के कामों में जुट जाइये।

छात्रों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण

कक्षाओं की व्यस्तता, होम-वर्क में वृद्धि, परीक्षाओं की बोझल तैयारी तथा कठिन परिश्रम वाले खेल-कूद के कारण छात्र बहुत अधिक थक जाते हैं। मानसिक तथा शारीरिक शक्ति के असाधारण खर्च से वह सुस्त हो जाते हैं। प्रसन्नता की बात यह है कि सिंकारा इस अप्रिय स्थिति को बदल देता है। इसमें शामिल शक्तिदायक तत्व (विशेषकर जिंक तथा आयोडीन) मस्तिष्क की कोशिकाओं को अनिवार्य शक्ति प्रदान करते हैं। तथा छात्रों में सीखने और याद रखने की योग्यता को बढ़ाते हैं।

सबके लिये प्रत्येक ऋतु में लाभदायक

सिंकारा में आपके परिवार की शक्ति के लिये सभी अनिवार्य शक्तिदायक तत्व, विटामिन, तथा बहुत सी जड़ी-बूटियां शामिल हैं।

सिंकारा अल्कोहल, कैफीन और नेपाटोज़ोल जैसे हानिकारक पदार्थों से मुक्त है। इस तरह इसमें नशीले पदार्थ बिल्कुल नहीं हैं। और न ही इसकी आदत पड़ती है। कमज़ोरी तथा निर्बलता, कठिन परिश्रम वाले काम, विटामिन की कमी, भूख की कमी, वज़न कम होना, पौष्टिकता की कमी और तनाव तथा रोगावस्था, छात्रों की [illegible] के विकास, बढ़ते हुए बच्चों के लिये और गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली महिलाओं के लिये विशेष रूप से सिंकारा पीने का परामर्श दिया जाता है।

सिंकारा

विश्व-प्रसिद्ध फ़ैमिली टॉनिक, प्रत्येक ऋतु में उपयोगी

HTA 67:2

3 द्वितीय अंक सितम्बर 1990

सामान्य ज्ञान दर्पण

इस अंक में

अपनी बात

सामान्य ज्ञान दर्पण का यह सितम्बर अंक है. इस वर्ष आशा के अनुकूल वर्षा होने से कृषि की भरपूर फसल होने की पूरी सम्भावना है, परन्तु औद्योगिक क्षेत्र में स्थिति संतोषजनक नहीं है. पेट्रोल की खपत में निरन्तर वृद्धि व अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसके मूल्यों में वृद्धि से भारत के विदेशी मुद्रा भण्डार में निरन्तर कमी आती जा रही है. इससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. समय रहते हमें इस दिशा में कठोर कदम उठाने होंगे.

इस अंक में हम संघ लोक सेवा आयोग की आई. ए. एस. परीक्षा 1989 में सातवें स्थान पर चयनित श्री संजय कुमार से एक भेंटवार्ता प्रकाशित कर रहे हैं. आशा है आप उनसे प्रेरणा लेंगे. स्थाई स्तम्भों के अतिरिक्त इस अंक में हम बी. एस. आर. बी. (कलकत्ता) प्रोबेशनरी ऑफीसर्स परीक्षा, 1990; ग्रेड 'डी' आशुलिपिक परीक्षा, 1990; एस. एस. सी. उत्पाद शुल्क, आयकर निरीक्षक परीक्षा, 1987 व आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सम्भावित हल प्रश्न-पत्र भी दे रहे हैं.

हमारा विश्वास है कि आपको यह अंक अवश्य पसन्द आएगा.
धन्यवाद,

महेन्द्र जैन
(सम्पादक)

आगामी प्रतियोगिता परीक्षाएं

26 अगस्त, 1990- इंजीनियरिंग सर्विसेज परीक्षा.

2 सितम्बर 1990- स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया प्रोबेशनरी ऑफीसर परीक्षा.

2 सितम्बर, 1990- पुलिस सब-इन्सपैक्टर (दिल्ली पुलिस सी. बी. आई., सी. पी. ओ.)परीक्षा.

16 सितम्बर, 1990- बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (भोपाल), लिपिक वर्ग परीक्षा.

30 सितम्बर, 1990- बैंकिग सेवा भर्ती बोर्ड (दिल्ली) परीक्षा.

7 अक्टूबर, 1990- सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा.

8 से 13 अक्टूबर, 1990- मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य वन सेवा परीक्षा.

21 अक्टूबर, 1990- नेशनल डिफेन्स अकादमी व नेवल अकादमी परीक्षा.

28 अक्टूबर, 1990- भारतीय साधारण बीमा निगम, बम्बई सहायक प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा.

28 अक्टूबर, 1990- एस. एस. सी. क्लर्कस् ग्रेड परीक्षा.

28 अक्टूबर, 1990- ग्रामीण बैंकिंग सेवा भर्ती (क्लर्कस) बोर्ड, चण्डीगढ़ परीक्षा.

नवम्बर, 1990- सिविल सर्विसेज मुख्य (Main) परीक्षा.

2 दिसम्बर, 1990- केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, आयकर आदि निरीक्षक परीक्षा.

2 व 9 दिसम्बर, 1990- बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड (चंडीगढ़) परीक्षा.

9 दिसम्बर, 1990- रेलवे भर्ती बोर्ड, शिवाजी नगर भोपाल (म. प्र.) परीक्षा.

समसामयिक घटनाचक्र

राष्ट्रीय

जुलाई 1990

16 श्री ओमप्रकाश चौटाला ने जनता दल अध्यक्ष के अनुरोध पर हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया. इसके साथ ही राष्ट्रीय मोर्चा सरकार का पाँच दिन पुराना संकट समाप्त हो गया.

17 श्री हुकुम सिंह को हरियाणा जनता विधायक दल का नेता चुन लिया गया. उन्होंने नई दिल्ली के हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की.

••• प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने त्यागपत्र देने वाले सभी मंत्रियों के त्यागपत्र अस्वीकार कर दिए और उनसे कार्य आरम्भ करने का अनुरोध किया.

••• उत्तर प्रदेश में जनता दल के 56 विधायकों ने किसान आन्दोलन को दबाने के विरोध में विधान सभा की सदस्यता से अपना त्यागपत्र एक संयुक्त पत्र के रूप में जनता दल अध्यक्ष एस. आर. बोम्मई को भेज दिया. बाद में मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने केन्द्रीय नेतृत्व से दबाव डलवा कर इन्हें समझा-बुझा दिया व त्यागपत्र वापिस दिलवा दिया. मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इन सदस्यों ने बाद में उनमें विश्वास व्यक्त किया.

18 सुरक्षा बलों ने पुंछ क्षेत्र में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में 34 पाक प्रशिक्षित उग्रवादियों को गोली से उड़ा दिया.

19 जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लागू हो गया. राज्यपाल गिरीश चन्द्र सक्सैना की रिपोर्ट पर राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राज्य में राष्ट्रपति शासन की अधिघोषणा जारी की. इससे पूर्व 1986 में दो माह के लिए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था.

20 नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले सप्ताह जो संकट उत्पन्न हुआ उससे सरकार और शक्तिशाली हुई है. उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अभी कश्मीर में लोकप्रिय सरकार का गठन नहीं किया जा सकता है.

21 भारतीय किसान यूनियन के नेता महेन्द्र सिंह टिकैत को फतेहगढ़ जेल से रिहा कर दिया गया.

••• भाजपा ने मद्रास में अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे मध्यावधि चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दें.

22 कांग्रेस महासमिति की बैठक में घोषणा की गई कि दल के संगठनात्मक चुनाव अगले वर्ष के आरम्भ में अवश्य करा दिए जाएंगे.

••• विदेश मंत्री इन्द्र कुमार गुजराल ने कहा कि पंजाब में नवम्बर में राष्ट्रपति शासन समाप्त होने से पूर्व ही विधान सभा चुनाव करा दिए जाएंगे.

23 श्री विश्व नाथ प्रताप सिंह 4 दिन की रूस यात्रा पर मास्को पहुँचे जहाँ उनका स्वागत प्रधानमंत्री रिझकोव ने किया. श्री सिंह ने कहा कि हमारी सोवियत संघ से घनिष्ठ मित्रता है. भारत सभी पड़ौसी देशों से सम्बन्ध सुधारना चाहता है. रूसी राष्ट्रपति गोर्बाचोव ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि वह भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप करना बंद करे.

24 पूर्व प्रधानमंत्री व इंका अध्यक्ष राजीव गांधी ने नई दिल्ली में कहा कि उन्होंने अपने दल को मध्यावधि चुनावों के लिए तैयार रहने को कहा है.

25 भारत और सोवियत संघ बैंकिंग और बीमा के क्षेत्रों में सहयोग की संभावना का पता लगाने पर सहमत हो गए हैं. यह फैसला मास्को में भारत–सोवियत संयुक्त आयोग के सह अध्यक्षों की एक बैठक में किया गया.

26 कश्मीर में आतंकवादियों ने रेडियो कश्मीर के ट्रांसमिशन हाल पर राकेटों पर हमला किया.

27 नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों का दो दिवसीय सम्मेलन आरम्भ हुआ. राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने अपने अध्यक्षीय भाषण में राज्यपालों को देश की स्थिति से अवगत कराया. उन्होंने उत्तर-पश्चिम व उत्तर-पूर्वी राज्यों में कानून व व्यवस्था की गिरती हालत पर चिन्ता व्यक्त की. उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि कीमतों में वृद्धि चिन्ता की बात है. उन्होंने राज्यपालों से खर्चों में कमी करने का आग्रह किया.

••• उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने गजरौला के सेंट मेरी स्कूल के कर्मचारियों को सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि चोरी और बलात्कार करने वालों को गिरफ्तार कर दण्ड दिया जाएगा. उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई को इस विद्यालय के आवासीय परिसर में 3 लोगों ने लूटमार की और दो ननों के साथ बलात्कार किया.

29 अल्फा उग्रवादियों ने गुवाहाटी तेल शोधक कारखाने के महाप्रबंधक एच.के.एल. दास, उनके पुत्र और ड्राइवर को रिहा कर दिया. असम सरकार ने इन तीनों की रिहाई के लिए अल्फा के तीन सदस्यों हीरक ज्योति महंत, ए. ठकुरिया और विपुल राभा को कल मध्य रात्रि के बाद रिहा कर दिया था.

••• अजमेर स्थित ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में आज अचानक भगदड़ मच जाने से 6 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और अनेक घायल हो गए.

30 केन्द्र सरकार एक बार फिर गम्भीर संकट में फंस गई है. चौटाला प्रकरण के दौरान देवीलाल ने अरुण नेहरू व आरिफ मोहम्मद खाँ पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाया था. प्रधानमंत्री ने इस बारे में देवीलाल से स्पष्टीकरण माँगा. देवीलाल ने एक पत्र प्रधानमंत्री को भेजा जो उन्होंने, जब वे वित्तमंत्री थे तब कथित तौर पर राष्ट्रपति वेंकटरामन को भेजा था. इस पत्र में उन्होंने अरुण नेहरू को बोफोर्स दलाली में शामिल बताया था. प्रधानमंत्री वी. पी. सिंह का कहना है कि यह पत्र जाली है. उधर अरुण नेहरू और आरिफ मोहम्मद खाँ ने अपने विरुद्ध आरोपों पर गम्भीर नाराजगी प्रकट की है. उन्होंने प्रधानमंत्री से कड़ी कार्यवाही करने का अनुरोध किया है.

31 प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने स्वीकार किया कि जनता दल संकट के दौर से गुजर रहा है. उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस सकंट को हल कर लिया जाएगा.

अगस्त 1990

1 प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की सिफारिश पर राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन ने उप-प्रधानमंत्री देवीलाल को बर्खास्त कर दिया. श्री देवीलाल जनता दल के संस्थापक नेताओं में से एक हैं. उन्हीं ने श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के पक्ष में दल के नेता के चुनाव के समय अपना नाम वापस लिया था. वे 8 माह तक उप-प्रधानमंत्री पद पर रहे.

2 भूतपूर्व उप-प्रधानमंत्री देवीलाल ने कहा कि उन्हें एक षड्यंत्र के तहत निकाला गया है तथापि वे सरकार व दल को मजबूत बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे.

3 राष्ट्रीय मोर्चा संसदीय दल ने एक विशेष बैठक में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में विश्वास प्रकट किया.

5 हरियाणा में देवीलाल विरोधी जनता दल के 29 विधायकों ने हरियाणा में नेतृत्व परिवर्तन की माँग को लेकर जनता दल के अध्यक्ष एस. आर. बोम्मई से भेंट की. इन असंतुष्ट विधायकों का नेतृत्व बनारसी दास गुप्त कर रहे हैं.

••• हरियाणा में कुरुक्षेत्र में एक सिनेमा हाल में बम विस्फोट में 4 व्यक्ति मारे गए और 35 अन्य घायल हो गए.

6 जयपुर में एक स्कूली बस के ट्रेन से टकरा जाने से 10 बच्चों की मृत्यु हो गई और 30 घायल हो गए

••• प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर आज देश के इतिहास में पहली बार सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण करने की घोषणा की.यह आरक्षण केन्द्रीय सेवाओं व

सार्वजनिक प्रतिष्ठानों पर लागू होगा. बाद में केन्द्रीय श्रम व कल्याण मंत्री रामविलास पासवान ने पत्रकारों को बताया कि इससे सरकारी नौकरियों में कुल 52.5 प्रतिशत आरक्षण होगा. अभी तक अनुसूचित जातियों के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजातियों के लिए 7.5 प्रतिशत व विकलांगों के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण रहा है.

8 मण्डल आयोग की सिफारिश पर केन्द्र सरकार ने जो अमली कार्यवाही की उसकी अनेक लोगों ने आलोचना की. भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा कि सरकार ने यह कदम बगैर सोचे समझे जल्दबाजी में उठाया है.

9 नई दिल्ली के बोट क्लब पर एक विशाल किसान रैली हुई जिसे भूतपूर्व उप-प्रधानमंत्री देवीलाल, सांसद चन्द्रशेखर व भारतीय किसान यूनियन के नेता महेन्द्र सिंह टिकैत आदि ने सम्बोधित किया. रैली का उद्देश्य देवीलाल के पक्ष में समर्थन जुटाना था. रैली में वक्ताओं ने वी. पी. सिंह आदि पर कड़े प्रहार किए. यह माँग की गई कि भारत के ग्रामीण वर्ग को हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए.

10 भारत व पाकिस्तान के बीच नई दिल्ली में विदेश सचिव स्तर की बातचीत का दूसरा दौर आरम्भ हो गया. पाक विदेश सचिव तनवीर अहमत खाँ ने कहा कि उनके देश में हुए राजनीतिक परिवर्तनों का विदेश नीति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा. विदेश सचिव स्तरीय बातचीत का पहला दौर गत माह इस्लामाबाद में सम्पन्न हुआ.

❖ हरियाणा के मुख्यमंत्री हुकुम सिंह ने 4 मंत्रियों–हीरानन्द, महासिंह, ओमप्रकाश भारद्वाज व बलबीर सिंह सैनी को बर्खास्त कर दिया. उन पर नेतृत्व परिवर्तन की माँग करने का आरोप है.

❖ बिहार में आरक्षण विरोधी आन्दोलनकारियों ने कई स्थानों पर सरकारी और निजी वाहनों तथा रेलगाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया. धीरे-धीरे यह आन्दोलन उग्ररूप धारण करता जा रहा है.

11 बिहार के 10 जिले आरक्षण विरोधी आन्दोलन की चपेट में आ गए हैं.

❖ भारत व पाकिस्तान के बीच नई दिल्ली में विदेश सचिव स्तर की बातचीत समाप्त हो गई. बातचीत के बाद मुख्य मुद्दे पर मतभेद बने हुए हैं.

13 बिहार में आरक्षण विरोधी आन्दोलन उग्र और व्यापक होता जा रहा है. मधुबनी और दरभंगा जिले में पुलिस ने उग्र भीड़ पर गोली चलाई तो एक व्यक्ति मारा गया और 6 घायल हो गए.

14 राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संदेश प्रसारण में आतंकवाद की कड़ी भर्त्सना की तथा उसके हल के लिए विश्वव्यापी प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया.

❖ बालासोर (उड़ीसा) रेंज में आज पृथ्वी से हवा में मार करने वाले भारत के मध्यम दूरी के प्रथम प्रक्षेपास्त्र 'आकाश' का सफल परीक्षण किया गया. यह 25 किमी की दूरी तक मार कर सकता है.

15 प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने दिल्ली के लाल किले पर राष्ट्रीय झण्डा फहराया. अपने प्रभावपूर्ण भाषण में देश की समस्याओं को सुलझाने के लिए देशवासियों से सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया. उन्होंने 90 के दशक को किसान दशक के रूप में मनाने की घोषणा की.

अन्तर्राष्ट्रीय

जुलाई 1990

16 सोवियत संघ के दूसरे बड़े गणराज्य यूक्रेन ने स्वतंत्रता की घोषणा कर दी. घोषणा में कहा गया है कि यूक्रेन की संसद संप्रभु होगी और बगैर उसके अनुमोदन के रूसी कानून यूक्रेन पर लागू नहीं होंगे.

❖ फिलीपीन्स में आए भीषण भूकंप में लगभग डेढ़ हजार लोग मारे गए.

18 पाकिस्तान के राष्ट्रपति गुलाम इशहाक खाँ ने कहा कि उनका देश भारत के खिलाफ युद्ध नहीं छेड़ेगा और ऐसा कुछ नहीं करेगा जिससे युद्ध भड़के. इस्लामाबाद में भारत व पाकिस्तान के बीच आज से सचिव स्तर की बातचीत आरम्भ हो गई.

19 इस्लामाबाद में भारत व पाकिस्तान के बीच विदेश सचिव स्तर की बातचीत बगैर किसी फैसले के समाप्त हो गई. बातचीत में पाकिस्तान ने

कश्मीर का मुद्दा उठाया जिस पर भारत ने यह कहकर आपत्ति की कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है. बातचीत का अगला दौर नई दिल्ली में होगा.

21 श्रीलंका के रक्षा राज्यमंत्री रंजन विजयरत्ने ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि से आग्रह किया है कि श्रीलंका के उत्तर-पूर्व प्रान्त में भड़की हिंसा की वजह से पलायन किए श्रीलंकाई शरणार्थियों को वापस भेज दें. इन शरणार्थियों को मन्नार द्वीप पर बसाया जाएगा.

23 श्रीलंका में ई डी एफ (एलावर डेमोक्रेटिक फ्रंट) के सभी 13 तमिल सांसदों ने संसद से त्यागपत्र दे दिया. उन्होंने आरोप लगाया है कि जिस ढंग से श्रीलंका सरकार तमिलों के विरुद्ध बल प्रयोग कर रही है, उससे समझौते की सभी आशाएं समाप्त हो गई हैं.

25 फिजी की सरकार ने नया संविधान स्वीकार किया है. इसमें मलेशियाई मूल के फिजी लोगों को संसद में बहुमत दिया गया है.

➾ इराक ने लगभग 30 हजार सैनिक और 200 टैंक कुवैती सीमा पर जमा कर दिए. इराक का कहना है कि कुवैत ने तेल उत्पादन में वृद्धि करके तेल मूल्यों में गिरावट पैदा कर दी है. उसने यह भी आरोप लगाया कि कुवैत अमरीका का पिठ्ठू हो गया है. अमरीका ने इराक को चेतावनी दी है कि वह कुवैत की स्वतंत्रता को अहम् मानता है. अमरीकी नौसेना के जहाज खाड़ी क्षेत्र में तैनात हैं.

26 सोवियत समाचार-पत्र 'इजवेस्तिया' ने इस बात पर शंका प्रकट की है कि श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह अगले वर्ष राष्ट्रपति गोर्बाचोव की भारत यात्रा के समय प्रधानमंत्री रहेंगे भी या नहीं. इसका अर्थ है कि रूस भारत की वर्तमान सरकार को स्थाई नहीं मानता है

27 अफ्रीकी राष्ट्रवादी नेता नेल्सन मण्डेला व द. अफ्रीका के राष्ट्रपति क्लर्क के बीच दो घण्टे तक बातचीत हुई. बातचीत के बाद कोई बयान जारी नहीं किया गया.

➾ त्रिनिडाड व टोबेगो में एक मुस्लिम कट्टर संगठन ने प्रधानमंत्री आर्थर राबिन्सन की सरकार के विरुद्ध विद्रोह कर दिया और उन्हें बंधक बना लिया. विद्रोहियों को लीबिया का समर्थन प्राप्त है. उधर अमरीका ने विद्रोहियों से कहा है कि वह सरकार के सामने आत्म समर्पण कर दें.

30 बर्मा (मयनमार) में गत चुनावों में विजयी दलों ने सेना से माँग की है कि वह शीघ्र सत्ता उन्हें सौंपे. अमरीका व भारत ने भी बर्मा की सैनिक सरकार से आग्रह किया है कि वह जनता के फैसले को स्वीकार करे और सत्ता असैनिक शासकों को सौंप दे.

31 लाइबेरिया की राजधानी मोनरोविया में सैनिकों ने एक गिरिजाघर में बने शरणार्थी शिविर में 6 सौ से अधिक लोगों का संहार कर दिया. इनमें अधिकतर महिलाएं व बच्चे थे. कहा जाता है कि ये शरणार्थी राष्ट्रपति के विरोधी थे.

अगस्त 1990

1-2 जेद्दा में इराक व कुवैत के बीच बातचीत विफल हो गई. इराक, कुवैत के कुछ तेल क्षेत्रों पर अपना दावा कर रहा है. उसने कुवैत की सीमा पर अपना सैनिक जमाव कर रखा है. 2 अगस्त की रात्रि को इराकी सेना ने कुवैत पर आक्रमण कर प्रमुख शासकीय इमारतों को घेर लिया. कुवैत के अमीर सऊदी अरब भाग गए. सुरक्षा परिषद् ने इराक से अपनी सेना वहाँ से हटाने के लिए कहा है.

➾ त्रिनिडाड व टोबेगो में विद्रोहियों के आत्म-समर्पण के साथ ही सरकार का तख्ता पलटने के प्रयास का अध्याय समाप्त हो गया. विद्रोही नेता यासीन अबुबकर व उसके साथियों पर मुकदमा चलेगा.

4 अमरीका ने स्पष्ट कर दिया है कि वह कुवैत में इराकी सेना सहन नहीं करेगा. सोवियत संघ ने भी इराक को शस्त्रों की आपूर्ति बंद कर दी है. उधर इराक ने कुवैत में एक अस्थाई सरकार की स्थापना कर दी और सेना को हटाना आरम्भ कर दिया है.

5 भारत के विदेश मंत्री इन्द्र कुमार गुजराल नेपाल की सद्भावना यात्रा पर काठमांडू पहुँचे. वहाँ उन्होंने महाराजा वीरेन्द्र व प्रधानमंत्री कृष्णप्रसाद भट्टराय से भेंट की. भारत ने नेपाल को आश्वासन

दिया है कि वह नेपाल के निर्माण में सहायता देगा.

6 पाकिस्तान की पहली महिला प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो को राष्ट्रपति इशहाक खाँ ने अचानक बर्खास्त कर दिया. पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने अपने आदेश में कहा कि उनकी सरकार भ्रष्ट व असक्षम सिद्ध हुई. विपक्ष के नेता गुलाम मुस्तफा जतोई को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है. राष्ट्रीय असेम्बली भंग कर दी गई है. नए चुनाव 24 अक्टूबर को होंगे. राष्ट्रपति के आदेश के तत्काल बाद सेना ने संवेदनशील ठिकानों को अपने अधिकार में ले लिया है.

••• अमरीकी हमले की आशंका को देखते हुए इराक, बगदाद को खाली करने की योजना बना रहा है.

7 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने इराक और कुवैत के विरुद्ध आर्थिक प्रतिबंध सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी. इसमें कुवैत की संप्रभुता और स्वतंत्रता को बहाल करने की भी माँग की गई है. यह भी निर्धारित किया गया है कि कोई भी देश इराक या इराक और कुवैत के किसी भी वाणिज्यिक, औद्योगिक या सार्वजनिक उपक्रम को कोई कोष या कोई वित्तीय या आर्थिक संसाधन मुहैया नहीं कराएगा.

8 पाकिस्तान में अपदस्थ प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो सहित 40 से अधिक राजनीतिज्ञों, श्रीमती भुट्टो के परिवारीजनों और कुछ व्यापारियों पर देश से बाहर जाने पर रोक लगा दी गई है. इससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि उन्हें भ्रष्टाचार तथा अन्य मामलों में गिरफ्तार किया जा सकता है.

••• सऊदी अरब की रक्षा के लिए अमरीकी फौजें व बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान सऊदी अरब पहुँच गए हैं. अमरीकी कदम तब उठाया गया जब अमरीका संयुक्त सैनिक कार्यवाही के लिए अरबों व पश्चिमी देशों का समर्थन नहीं जुटा सका.

9 आज काहिरा में अरब राष्ट्रों का शिखर सम्मेलन शुरू हुआ. इसमें कुवैत के इराक में विलय करने से उत्पन्न स्थिति पर विचार किया गया. उधर अमरीका ने स्पष्ट किया है कि वह कुवैत पर इराकी कब्जा स्वीकार नहीं करेगा. राष्ट्रपति बुश ने यह भी कहा कि सऊदी अरब में अमरीकी सेना उसकी रक्षा के लिए भेजी गई है.

10 मिस्र के राष्ट्रपति हुस्नी मुबारक ने अरब देशों के शिखर सम्मेलन में कहा कि इराक को कुवैत से हट जाना चाहिए. दूसरी ओर अमरीका के विदेश मंत्री जेम्स बेकर ने नाटो मित्रों को ब्रुसेल्स में बताया कि अमरीका ढाई लाख फौज को सऊदी अरब में लाएगा और इराक की नाकेबंदी कर देगा.

11 पाकिस्तान की बर्खास्त प्रधानमंत्री श्रीमती बेनजीर भुट्टो ने अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे पाकिस्तान में तानाशाही की वापसी रोकें और लोकतंत्र की रक्षा करें.

12 ट्यूनीशिया, बहरीन, जॉर्डन व ईरान ने पश्चिमी देशों से कहा है कि वे अपनी सेना सऊदी अरब से हटा लें. उन्होंने कहा कि वे सऊदी अरब की इराकी आक्रमण से तभी रक्षा करेंगे जब अमरीका वहाँ से अपनी फौजें हटा लेगा. उधर इराक ने स्पष्ट कर दिया है कि कुवैत का उसमें विलय अन्तिम है.

13 पाकिस्तान की अपदस्थ प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो पर भारत के साथ साँठ-गाँठ करने के आरोप लगाए गए हैं. उन्हें हत्या के मामले में फँसाए जाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं.

••• अमरीका द्वारा इराकी तेल वाहक जहाजों के आवागमन पर रोक लगाने में आस्ट्रेलिया तो साथ देगा लेकिन ब्रिटेन और फ्रांस ने इस योजना में शामिल न होने की घोषणा की है.

14 श्रीलंका में जारी उग्रवादी हिंसा में 63 लोग मारे गए. लिट्टे उग्रवादियों ने मुस्लिम सिंहली गाँवों पर हमला जारी रखा तथा अलग-अलग हमलों में 31 लोगों की हत्या कर दी.

15 इराक ने अमरीका द्वारा की जा रही खाड़ी क्षेत्रों की नाकेबंदी से निपटने को एक कूटनीतिक चाल के तहत ईरान की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है. इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने ईरान द्वारा रखी गई शांति संधि की शर्तों को स्वीकार करने की इकतरफा घोषणा कर दी तथा कहा कि खाड़ी युद्ध के दौरान ईरान के जिन क्षेत्रों पर इराक ने कब्जा कर लिया था, वहाँ से वह अपनी सेना हटा लेगा.

जुलाई 1990

21 नई दिल्ली में जापान के यूजी मातसूशीता ने भारत के कमलेश मेहता को हराकर टाइम्स ऑफ इण्डिया अन्तर्राष्ट्रीय टेबिल टेनिस खिताब जीत लिया. महिला वर्ग का एकल खिताब नियति शाह ने अम्बिका राधिका को हराकर जीता.

नाटिंघमशायर में भारत ने इंगलैंड के विरुद्ध दूसरा एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच जीत लिया.

23 नई दिल्ली में 29वीं अखिल भारतीय ओपन एथलैटिक मीट का समापन हो गया. यह बीझिंग में होने वाले एशियाड का पूर्वाभ्यास था.

कुछ खेल परिणाम

पुरुष वर्ग

100 मीटर दौड़	–एस. राबर्ट
400 मीटर दौड़	–मुरली धरन
800 मीटर दौड़	–अवतार सिंह
1500 मीटर दौड़	–बहादुर प्रसाद
10,000 मीटर दौड़	–दानवीर सिंह
110 मीटर बाधा दौड़	–आशीष मोंडल
लम्बी कूद	–श्याम कुमार
ऊँची कूद	–एन. अन्नावी
चक्का फेंक	–मंजीत सिंह
शॉट पुट	–एस. डी. ऐशन
बाँस कूद	–एन. ए. एनडो
भाला फेंक	–एस. वी. मिश्रा

महिला वर्ग

100 मीटर दौड़	–अश्विनी नाचप्पा
200 मीटर दौड़	–अश्विनी नाचप्पा
400 मीटर दौड़	–पी. टी. ऊषा
800 मीटर दौड़	–रोजा कुट्टी
1500 मीटर दौड़	–रोजा कुट्टी
3000 मीटर दौड़	मोली चाको
10,000 मीटर दौड़	–नन्दा जाधव
4 × 400 मीटर रिले	–रेलवे
400 मीटर बाधा दौड़	–चारुलता
ऊँची कूद	–एंजेला लिली
लम्बी कूद	–रीथ अब्राहम
चक्का फेंक	–नीलम जे. सिंह
भाला फेंक	–रजिया शेख
शॉट पुट	–मुक्ति दास

28–29 इंगलैंड व भारत के बीच पहले टेस्ट में इंगलैंड के कप्तान, ग्राहम गूच ने 333 रन बनाए. इसी मैच में भारत के कपिलदेव ने लगातार चार छक्के मार कर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया.

नोरक्रास (जॉर्जिया) में अमरीका ने सोवियत संघ को 2-1 से हराकर फेडरेशन कप महिला टेनिस खिताब जीत लिया.

31 इंगलैंड ने भारत के विरुद्ध प्रथम टेस्ट मैच 247 रन से जीत लिया. भारत की दूसरी पारी 224 रन पर ही समाप्त हो गई.

अगस्त 1990

4 सिंगापुर की स्वतंत्रता की 25वीं साल गिरह के उपलक्ष्य में आयोजित ओपन एथलेटिक्स में भारत ने कुल मिलाकर 8 पदक जीते जिसमें 6 स्वर्ण थे.

पदक तालिका

देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	योग
मलेशिया	7	8	5	20
सिंगापुर	1	6	9	16
थाईलैंड	6	4	1	11
आस्ट्रेलिया	4	3	4	11
चीन	1	5	5	11
भारत	6	2	0	8
फिलीपींस	2	3	1	6

नेपाल	0	2	4	6
दक्षिण कोरिया	3	1	1	5
इंडोनेशिया	3	1	0	4
हाँगकाँग	2	0	2	4
ताईपे	0	2	2	4
मकाओ	0	0	0	0
ब्रूनेई	0	0	0	0

5 सिएटल में सद्भावना खेल समाप्त हो गए. सर्वाधिक 188 पदक जीतकर सोवियत संघ पहले स्थान पर रहा. दूसरा स्थान अमरीका ने प्राप्त किया.

पदक तालिका

(प्रथम 10)

देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
सोवियत संघ	66	68	54	188
अमरीका	61	53	47	161
पूर्वी जर्मनी	11	8	24	43
बुल्गारिया	7	7	9	23
चीन	6	7	3	16
प. जर्मनी	4	3	8	15
जापान	2	3	10	15
क्यूबा	6	4	3	13
कनाडा	4	1	6	11
द. कोरिया	3	2	3	8

9-10 नई दिल्ली में एस्कॉर्टस मास्टर्स एथलैटिक्स सम्पन्न हो गई. इनके आधार पर बीझिंग में होने वाले एशियाड्स में भारत के भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन होगा.

13 स्वीडन के स्टीफन एडबर्ग ने फाइनल में अमरीका के ब्रैड गिलबर्ट को लगातार सेटों में 6-1, 6-1 से पराजित कर ए टी पी टेनिस चैम्पियनशिप जीत ली. एडबर्ग ने इस जीत के साथ गत वर्ष फाइनल में ब्रैड गिलबर्ट के हाथों अपनी पराजय का हिसाब चुकता कर दिया.

14 इंगलैण्ड के विरुद्ध दूसरे क्रिकेट टैस्ट मैच के अंतिम दिन 17 वर्षीय सचिन तेन्दुलकर (119 अविजित) और मनोज प्रभाकर (67 अविजित) की साहसिक बल्लेबाजी से भारत की पराजय रुकी. भारत ने खेल की समाप्ति तक 6 विकेट पर 343 रन बनाकर इस टैस्ट को अनिर्णीत्त समाप्त कर दिया.

विश्व गतिविधियाँ

टिहरी बाँध परियोजना

टिहरी–गढ़वाल क्षेत्र में टिहरी नगर के समीप भागीरथी नदी पर स्थापित 600 मेगावाट क्षमता वाली टिहरी बाँध परियोजना को योजना आयोग ने पहले 1972 में अनुमति प्रदान की थी. इसके पश्चात् इस परियोजना में अनेक परिवर्तन हुए हैं. वर्तमान आंकलनों के अनुसार यह बाँध 260.5 मीटर ऊँचा बनेगा, इसमें 4 सुरंगें, सिंचाई की नहरें होंगी तथा टिहरी और कोटेश्वर में क्रमशः 2000 मेगावाट व 400 मेगावाट की क्षमता वाले पावर हाउस बनेंगे. इस परियोजना से 2.7 लाख हेक्टेअर भूमि की सिंचाई होगी तथा 6.04 लाख हेक्टेअर भूमि की वर्तमान सिंचाई व्यवस्था में सहायता मिलेगी. इस योजना के अन्तर्गत कोटेश्वर बाँध परियोजना को नदी के प्रवाह की दिशा में टिहरी बाँध से 22 किमी की दूरी पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है. परियोजना स्थल पर कुल 'कैचमेंट' क्षेत्र 6,92,125 हेक्टेअर है, जिसमें से 2,14,500 हेक्टेअर (31%) वन भूमि है तथा 1,92,445 हेक्टेअर (28%) भूमि पर बर्फ गिरती है. अब तक 46.59 लाख रुपए की लागत से 31,000 हेक्टेअर भूमि को परिष्कृत किया जा चुका है. बाँध के डिजायन में स्थान 0.093 मिलियन हेक्टोमीटर गाद (silt) जमाव के स्थान (Dead storage) का प्रावधान रखा गया है. इस पूरी योजना की अनुमानित लागत 3,008.12 करोड़ रुपए होगी. परिषण प्रणाली सहित विभिन्न निर्माण कार्यों को जून, 1996 तक पूरा करने की योजना बनाई जा रही है. इस योजना पर अब तक लगभग 400 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं. 1984 के अनुमानों के अनुसार इस परियोजना के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से 9,800 परिवारों को तथा नगरीय क्षेत्र से 3,500 परिवारों को पुनर्वासित करने का प्रस्ताव है.

परियोजना के पर्यावरणीय पहलुओं का अध्ययन करने के लिए एक कार्यदल गठित किया गया था जिसने मई 1980 में अपनी अन्तरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की थी. इस रिपोर्ट में हिमालय भू-विज्ञान संस्थान आदि के परामर्श से परियोजना प्राधिकारियों द्वारा हाथ में लिए जाने वाले विभिन्न अध्ययनों पर प्रकाश डाला गया है. इस कार्यदल ने यह निष्कर्ष भी निकाला है कि परियोजना से पर्यावरण में आने वाली खराबी उससे प्राप्त होने वाले लाभों की तुलना में नगण्य होगी. कार्यदल ने इस बात की सिफारिश की है कि नदी स्कीमों में उसकी छोटी-छोटी श्रृंखलाएं बनाने पर गम्भीरता से विचार किया जाए और बेसिन में सभी विकास परियोजनाओं के नियोजन, कार्यान्वयन और अनुरक्षण पर नजर रखने के लिए गंगा प्रबंध प्राधिकरण की स्थापना की जाए. परियोजना के कार्यात्मक नियंत्रण को उत्तर प्रदेश राज्य सिंचाई विभाग से टिहरी जल विद्युत विकास निगम को हस्तान्तरित कर दिया गया है.

नदी-घाटी परियोजनाओं की स्थाई मूल्यांकन समिति ने 1990 के प्रारम्भ में इस परियोजना के पर्यावरणीय एवं सामाजिक पहलुओं की जाँच की. फरवरी 1990 में इस समिति के सभी 13 सदस्यों ने निर्विरोध सिफारिश की थी कि टिहरी परियोजना को मंजूरी नहीं दी जाए क्योंकि इसके अनेक मुद्दों पर सम्यक रूप से विचार-विमर्श नहीं हुआ है. यह महत्वपूर्ण मुद्दे हैं–क्षेत्र की भूकम्पीय अवस्था, जल ग्रहण क्षेत्र, वन क्षति की पूर्ति तथा आबादी का विस्थापन. जानकार सूत्रों के अनुसार इसके पश्चात् बाँध परियोजना पर कोई पुनर्विचार न होने पर भी टिहरी बाँध परियोजना को अन्तिम स्वीकृति दे दी गई है. केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण मंत्रालय के इस निर्णय से देश के अनेक अग्रणी पर्यावरण-विशेषज्ञों को काफी आश्चर्य हुआ है. उनके अनुसार यह स्वीकृति एक विकास परियोजना के लिए निर्धारित मानदंड व प्रक्रिया व्यवस्था आदि का उल्लंघन

करके दी गई है. स्वीकृति के परिपत्र में मंत्रालय द्वारा जोड़ी गई शर्तों के सम्बन्ध में विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार की शर्तें अर्थहीन होती हैं क्योंकि इनका अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जाता है. नर्मदा परियोजना के सरदार सरोवर बाँध के सम्बन्ध में इस प्रकार की शर्तों के अनुपालन न किए जाने का उदाहरण सर्वविदित है.

त्रिनिडाड एवं टोबेगो में असफल विद्रोह

कैरेबियन सागर के द्वि-द्वीप देश त्रिनिडाड और टोबेगो पूर्व में ब्रिटिश उपनिवेश रहे हैं. दोनों वेनेजुएला के तट पर स्थित हैं. इनकी कुल आबादी लगभग 13 लाख है, जिसमें 33.6 प्रतिशत रोमन कैथोलिक, 25 प्रतिशत हिन्दू तथा केवल 6 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है. यहाँ के अश्वेत मुस्लिम उग्रवादियों ने अपने नेता यासीन अबू बकर के नेतृत्व में प्रधान मंत्री ए. एन. आर. रॉबिन्सन की सरकार का तख्ता पलटने के लिए विद्रोह कर दिया है. यह तो माना नहीं जा सकता कि अबू बकर के उग्रवादी संगठन जमात-अल-मुसलमीन के विद्रोहियों को देशवासियों से कोई बड़ी सहानुभूति मिल सकती है.

विद्रोहियों ने देश में व्याप्त और बढ़ते हुए भ्रष्टाचार एवं नैतिक मूल्यों के पतन को लेकर 27 जुलाई, 1990 को प्रधानमंत्री रॉबिन्सन, 40 अन्य नेताओं और अधिकारियों को बंधक बना लिया था. उनकी माँग थी कि प्रधानमंत्री त्यागपत्र दें और फिर 90 दिन के अन्दर-अन्दर देश में नए चुनाव कराए जाएं. मुस्लिम उग्रवादियों ने संसद भवन तथा सरकारी टेलिविजन केन्द्र पर कब्जा करके इन अधिकारियों को बंदी बनाया था. सैनिकों ने संसद भवन को घेर रखा था. विद्रोह में 25 व्यक्ति मारे गए बताए गए हैं तथा राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में अनेक स्थानों पर व्यापक लूटपाट और आगजनी की घटनाएं हुई. प्रधानमंत्री रॉबिन्सन के दोनों पैरों में गोली लगी है.

विद्रोहियों ने प्रधानमंत्री और अन्य बंधकों के शरीर पर विस्फोटक बाँध दिए थे और यह घोषणा की थी कि यदि सेना ने उन्हें और अन्य बंधकों को छुड़ाने का प्रयत्न किया तो सबको विस्फोट से उड़ा दिया जाएगा.

परिस्थितियों से परिचित प्रेक्षकों का निष्कर्ष है कि विद्रोहियों की विचार शैली और कार्य शैली दोनों ही कहीं न कहीं कर्नल गद्दाफी से जुड़ती हैं. भले ही कर्नल गद्दाफी को त्रिनिडाड से कोई सरोकार न हो, लेकिन वह अमरीका के पक्ष में कोई न कोई असुविधा अवश्य देखना चाहेंगे. ग्रेनाडा में हस्तक्षेप करके अमरीका को विश्व जनमत की आलोचना का पात्र बनना पड़ा था. ग्रेनाडा, सेंटकिट्स, डोमिनिका, सेंट लूसिया आदि छः नन्हें कैरेबियन देशों ने आपस में विलयकर पूर्णतः अमरीकी खेमे में जाने की माँग की है. अबू बकर के इस दुस्साहसपूर्ण अभियान से

त्रिनिडाड के इस्लामी नैतिक मूल्यों वाला देश बनने की तो सम्भावना नहीं है पर वहाँ के हिन्दुओं के विरुद्ध राजनीति में एक मुस्लिम दबाव ग्रुप को भविष्य में कोई भूमिका मिल सकती है, क्योंकि त्रिनिडाड में भ्रष्टाचार व्याप्त है, अराजकता है तथा प्रधानमंत्री पर अपने खास लोगों को सरकार में भर लेने के आरोप हैं अतः ऐसे दुस्साहसपूर्ण कार्य को बर्दाश्त कर लिया गया प्रतीत होता है. बंदूक की नोंक पर घायल प्रधानमंत्री ने विद्रोहियों की कुछ माँगें स्वीकार कर लेने के संकेत दे भी दिए थे.

समाचार है कि विद्रोहियों ने 31 जुलाई को दिन में 1 बजकर 20 मिनट (भारतीय मानक समय रात 10.30 बजे) पर प्रधानमंत्री को रिहा कर दिया

अन्य 40 बंधकों की रिहाई के प्रयासों के परिणामस्वरूप उन्हें भी 1 अगस्त को रिहा कर दिया गया. किसी नाटकीय घटनाचक्र के परिणामस्वरूप 1 अगस्त को ही विद्रोहियों ने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया. राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन से सैनिक सूत्रों ने कैरेबियाई संवाद समिति को यह जानकारी दी है. इस प्रकार त्रिनिडाड में 5 दिन पुराने संकट का पटाक्षेप हुआ है.

बेनजीर भुट्टो की बर्खास्तगी की पृष्ठभूमि

कुछ समय पूर्व से पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो का चतुर्दिक विरोध प्रारम्भ हो गया था. सेना तो उनके शासन में आने के प्रारम्भ से ही विमुख थी, अब तो सेना से टकराव की स्थिति भी बनती जा रही थी.

बेनजीर भुट्टो

सिन्ध प्रान्त में मुहाजिरों पर हुए अत्याचारों, उपद्रवों तथा गृहयुद्ध जैसी परिस्थितियों पर नियंत्रण न कर सकने के लिए पाकिस्तानी सेना उनसे विशेष रूप से नाराज थी. सेना की यह माँग थी कि शान्ति व्यवस्था स्थापित करने के लिए उसे पूरी छूट दी जाए, जिससे उसे अन्धाधुन्ध धरपकड़ करने, सैनिक अदालतों में मुकदमे चलाने, उनके निर्णयों को अन्तिम घोषित करने तथा दंगाइयों को देखते ही गोली मार देने आदि के व्यापक अधिकार प्राप्त हो सकें. लेकिन बेनजीर भुट्टो सेना द्वारा सिन्ध प्रान्त में इस तरह मार्शल लॉ लागू करवाने के पक्ष में नहीं थीं तथा उन्होंने सेना को इसकी अनुमति नहीं दी. सिन्ध में 'मुहाजिर कौमी मूवमेंट' के साथ समझौता भंग होने पर लगभग 350 व्यक्तियों की जानें जा चुकी थीं. वहाँ रहने वाले सिन्धी और पठानों में संघर्ष चल ही रहा था. लोग सिन्ध के प्रमुख नगरों कराँची और हैदराबाद से पंजाब को पलायन कर रहे थे. एक ओर तो विपक्षी दलों ने उन पर भारत के साथ साँठ-गाँठ करने का आरोप लगाया तथा उन्हें कश्मीर समस्या पर कोई निर्णायक निर्णय न ले पाने का दोषी बता रहे थे, वहीं दूसरी ओर उनके दल में ही विरोधी अभियान उठ खड़ा हुआ था. पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के कई नेता राष्ट्रपति गुलाम इशहाक खान पर इस बात के लिए दबाव डाल रहे थे कि वह बेनजीर सरकार को बर्खास्त कर दें. नेताओं का एक वर्ग नेशनल असेम्बली को भंग कर देने के पक्ष में भी था.

बेनजीर भुट्टो के विरुद्ध भाई-भतीजावाद के आरोप खुलकर लगाए जा रहे थे. उनके पति के सम्बन्ध में अनेक प्रकार के भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोपों के समाचार निरन्तर प्रकाशित हो रहे थे सेना की ओर से भी ऐसे आरोप लगाए जा रहे थे. पंजाब प्रान्त के मुख्यमंत्री नवाज शरीफ तो प्रारम्भ से ही बेनजीर भुट्टो के प्रमुख विरोधी रहे हैं. अब स्वर्गीय राष्ट्रपति जनरल जिया-उल-हक के पुत्र एजाज भी उनके विरोध में आ गए थे. वह सेना समर्थक विपक्ष का नेतृत्व कर रहे थे.

राष्ट्रपति गुलाम इशहाक खान ने प्रारम्भ में ही बेनजीर भुट्टो की अल्पमत सरकार को स्वेच्छा से स्थापित नहीं किया था. उस समय राष्ट्रपति ने अमरीका के दबाव में आकर बेनजीर भुट्टो को स्वीकार किया था क्योंकि उन्होंने 'इस्लामी जम्हूरी इत्तिहाद' पार्टी के टिकट पर चुने गए साहबजादा याकूब खाँ को अपनी सरकार में विदेश मंत्री बनाने का आश्वासन दिया था. बेनजीर सरकार की विदेश नीति इन्हीं साहबजादा याकूब खाँ के निर्णयों के अनुसार चल रही थी जिन्हें अमरीका का आशीर्वाद प्राप्त था.

पाक अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की पराजय ने भी यह सिद्ध कर दिया था कि

शेष पृष्ठ 157 पर

युवा प्रतिभाएं

संघ लोक सेवा आयोग की 1989 की आई. ए. एस. परीक्षा में सातवें स्थान पर चयनित

श्री संजय कुमार

संघ लोक सेवा आयोग की आई. ए. एस. परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही सातवें स्थान की गौरवपूर्ण सफलता अर्जित करने वाले प्रतिभाशाली युवक श्री संजय कुमार जीवन में कठिन परिश्रम तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण के प्रबल समर्थक हैं. 'प्रतियोगिता दर्पण' के साथ विस्तृत परिचर्चा में उन्होंने अभ्यर्थियों की सफलता के लिए कुछ व्यावहारिक सुझाव दिए हैं जिन्हें निम्नलिखित पंक्तियों में प्रस्तुत किया जा रहा है-

प्र. द.–सर्वप्रथम मैं आपकी शानदार सफलता पर बधाई देता हूँ.

सं. कु.–जी, धन्यवाद.

प्र. द.–आपको इस सफलता का समाचार किस प्रकार प्राप्त हुआ? सर्वोच्च प्रथम स्थानों पर चयनित होने पर आपकी क्या प्रतिक्रिया रही?

सं. कु.– 31 मई को मेरे एक मित्र ने मुझे सूचित किया कि आई. ए. एस. का परीक्षाफल घोषित हो गया है. मुझे 4-5 जून के लगभग परीक्षाफल घोषित होने की संभावना थी. सूचना मिलने पर मैं 'यू.पी.एस.सी. हॉल' गया तथा सफल अभ्यर्थियों की सूची में अपना नाम देखकर मुझे बड़ी राहत मिली, प्रसन्नता तो हुई ही.

प्र. द.–क्या इतने उच्च स्थान पर चयनित होने के लिए आप आश्वस्त थे?

सं. कु.–देखिए, खुली स्पर्धात्मक परीक्षा में यह कहना बहुत कठिन होता है कि आप प्रथम दस में आएंगे अथवा सर्वप्रथम परन्तु 7 वाँ स्थान प्राप्त करना मेरे लिए एक अत्यन्त सुखद परिणाम था.

प्र. द.–आपको आई. ए. एस. कैरियर चुनने की प्रेरणा कहाँ से मिली?

सं. कु.–बात यह है कि मेरी राय में आई. ए. एस. एक अच्छा 'जॉब' है, इस कैरियर में अच्छे अवसर मिलते हैं. कार्य में विविधता होती है, एक प्रकार का लचीलापन मिलता है जो सम्भवतः अन्यत्र सम्भव नहीं है, मैं बी. एस-सी. करने के पश्चात् 'यूनाइटेड स्टेट्स' चला गया था. गया तो मैं वहाँ पी-एच. डी. करने के लिए लेकिन संयोगवश बीच में ही स्वदेश वापस लौटना पड़ा. इस 'जॉब' की विविधता देखते हुए ही मैंने सिविल सर्विस को अपना कैरियर बनाने का निर्णय लिया.

प्र. द.–आपने आई. ए. एस. के बारे में कब से सोचना प्रारम्भ किया था?

सं. कु.–परीक्षा से केवल 2 वर्ष पहले से.

प्र. द.–आपने परीक्षा के लिए गम्भीरतापूर्वक तैयारी कैसे प्रारम्भ की?

सं. कु.–प्रारम्भिक परीक्षा के लिए लगभग 5 हफ्ते पहले, परन्तु इससे पहले मैंने दिसम्बर 1988 में तैयारी शुरु कर दी थी. मैंने प्रारम्भ से ही मुख्य परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उसी के अनुरूप तैयारी शुरु की थी. प्रारम्भिक परीक्षा तो केवल अर्ह (qualifying) परीक्षा है अतः इसकी तैयारी मैंने केवल मई 1989 से ही की थी.

प्र. द.–ऐच्छिक विषयों का चयन आपने किस आधार पर किया?

सं. कु.–भौतिकशास्त्र तो मेरी स्नातकोत्तर डिग्री का विषय था ही. इसके चुनाव में तो अधिक सोचने की आवश्यकता अनुभव ही नहीं हुई. हाँ, मुख्य परीक्षा के लिए दूसरे ऐच्छिक विषय का चयन एक कठिन समस्या थी. मैंने सोचा कि प्रत्येक विषय में परिश्रम तो करना ही पड़ता है अतः क्यों न ऐसा विषय लिया जाए जो मेरे विषय फिजिक्स से मिलता-जुलता हो. बहुत विषय देखने के पश्चात् कैमिस्ट्री एक ऐसा विषय पाया जो फिजिक्स से

काफी कुछ मिलता-जुलता है. विशेषकर फिजीकल कैमिस्ट्री. दूसरा प्रश्न-पत्र ऑर्गेनिक कैमिस्ट्री था जो मैं पढ़ ही चुका था. इस चयन का प्रतिफल वास्तव में मुझे प्राप्त भी हो गया. फिजिक्स को अधिक अंक दिलाने वाला विषय (highly scoring subject) माना ही जाता है. पाठ्यक्रम में परिवर्तन के पश्चात् कैमिस्ट्री भी अधिक अंक दिलाने वाला विषय माना जाने लगा है. इस दृष्टि से मेरे विषयों का चयन सन्तोषजनक रहा.

प्र. द.–सामान्य ज्ञान के लिए आपने कौन से समाचार-पत्र, पत्रिकाएं तथा पुस्तकें पढ़ीं?

सं. कु.–द हिन्दू, इण्डिया टुडे, मेनस्ट्रीम, फ्रण्ट लाइन इत्यादि

प्र. द.–प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारी के लिए आपने क्या योजना बनाई?

सं. कु.–फिजिक्स तो मेरा विषय था ही, अतः उसका एक बार 'रिवीजन' ही पर्याप्त था. सामान्य ज्ञान के लिए मैंने एन.सी.ई.आर.टी. की पुस्तकों को आधार बनाकर अध्ययन किया. पिछली परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र देखे तथा उन्हें हल किया. इतनी तैयारी से ही मैं काफी निश्चिंत सा अनुभव करने लगा था.

प्र. द.–प्रारम्भिक परीक्षा के पश्चात् क्या आपने इसके परीक्षाफल की प्रतीक्षा की थी अथवा तुरन्त मुख्य परीक्षा की तैयारी प्रारम्भ कर दी थी?

सं. कु.–क्योंकि प्रारम्भिक परीक्षा में मैंने बहुत अच्छा किया था अतः केवल 2 हफ्ते के विश्राम के पश्चात् ही मैं मुख्य परीक्षा की तैयारी में जुट गया था. फिजिक्स का रिवीजन तो मैं कर ही चुका था. कैमिस्ट्री का 75% पाठ्यक्रम भी मैं प्रारम्भिक परीक्षा से पहले पूरा कर चुका था. इस प्रकार समय का सदुपयोग करते हुए मैंने तैयारी पूरी की.

प्र. द.–क्या आपने प्रारम्भिक अथवा मुख्य परीक्षा के लिए कोई बाह्य सहायता प्राप्त की?

सं. कु.–जी नहीं, मैंने कोई कोचिंग इत्यादि नहीं ली. हाँ, मेरे उन मित्रों ने, जिन्होंने पूर्व में यह परीक्षा दी थी, इसके बारे में आधारभूत जानकारी दी थी क्योंकि यह मेरा प्रथम प्रयास था. मेरे लिए वही जानकारी काफी महत्वपूर्ण एवं लाभदायक सिद्ध हुई.

व्यक्ति परिचय

नाम–संजय कुमार
जन्मतिथि–4 जून, 1966
पिता का नाम–श्री राधारमन प्रसाद सुपरिन्टेन्डिंग इन्जीनियर (सा.नि.वि.)
शैक्षिक योग्यता–
क्लास Xth : ICSE: सेन्ट जॉर्जेज कॉलेज, मसूरी
क्लास XII th : दिल्ली पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली
बी. एस-सी. (ऑनर्स) भौतिकी : सेन्ट स्टीफेन्स कॉलेज, दिल्ली
एम. ए. (भौतिकी) : स्टेट यूनीवर्सिटी ऑफ न्यूयार्क स्टोनीब्रुक (यू.एस.ए.)

प्र. द.–आपने इतना विस्तृत पाठ्यक्रम इतने कम समय में कैसे पूरा किया?

सं. कु.–जैसा मैंने बताया है कि तैयारी लगभग 1 वर्ष पहले से चल रही थी. परीक्षा नवम्बर 89 में थी तथा तैयारी दिसम्बर 88 से ही मुख्य परीक्षा के अनुरूप चल रही थी. अतः पाठ्यक्रम को भलीभाँति तैयार करने में कोई कठिनाई नहीं रही. मुझे एक लाभ और मिला–दोनों विषयों की परीक्षा में करीब 25 दिन का गैप था. लोक सभा चुनावों के कारण परीक्षाएं 10 दिन स्थगित रहीं. यह अवसर मेरे पक्ष में रहा. इस समय में मैंने एक बार फिर रिवीजन कर लिया.

प्र. द.–आपका साक्षात्कार कैसा रहा? संक्षेप में बताइए कि आपसे किस विषय के तथा क्या प्रश्न पूछे गए?

सं. कु.–मेरा साक्षात्कार पहले दिन ही अर्थात् 16 मई, 1990 को हुआ था. मेरे लिए यह एक नया अनुभव था. मेरा साक्षात्कार पूर्णतः तनाव मुक्त विश्रामित अवस्था में हुआ था. मेरे लिए भी यह बिल्कुल अप्रत्याशित रहा. मेरे कमरे में प्रवेश करते ही मुझसे मेरे अमरीका निवास के बारे में पूछा गया. तत्पश्चात् वर्तमान राजनीतिक घटनाचक्र के विषय में पूछा गया. पहला प्रश्न भारत में लोकतंत्र के भविष्य के बारे में था. मतदान की आयु कम (21 वर्ष

से 18 वर्ष) करने के विषय में प्रश्न पूछे गए. अन्य प्रश्न थे–लोक सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को इतने अधिक वोट क्यों मिले, क्या दक्षिण भारत का मतदाता उत्तर भारत के मतदाता से भिन्न प्रकार से मतदान में झुकाव रखता है, भारत जैसे प्रगतिशील देश में सामाजिक उत्थान में अधिकारी-तंत्र (Bureaucracy) का क्या योगदान हो सकता है, 'प्रोटोकौल' (Protocol) की क्या परिभाषा है, यदि वर्तमान हालात में आप जम्मू और कश्मीर में होते तो क्या करते? आदि. इस प्रकार मेरे साक्षात्कार को दो भागों में बंटा हुआ कहा जा सकता है. समसामयिक राजनीतिक परिदृश्य तथा भारत जैसे देश में अधिकारीतंत्र का योगदान. मेरे साक्षात्कार में ऐच्छिक विषयों पर कोई प्रश्न नहीं पूछा गया जिन पर साधारणतया प्रश्न पूछे जाते हैं.

प्र. द.–अपने साक्षात्कार तथा साक्षात्कार मण्डल के रुख के विषय में आपका क्या आंकलन है?

सं. कु.–मेरा साक्षात्कार बहुत अच्छा रहा. साक्षात्कार मण्डल के सभी सदस्यों का रुख सहानुभूतिपूर्ण एवं सहयोगात्मक था. अपने साक्षात्कार के विषय में मैं यह कह सकता हूँ कि 'राय आधारित विचार-विमर्श' (opinion oriented discussion) था.

प्र. द.–कृपया अपने परिवार के बारे में कुछ बताएं. आपके कैरियर के विकास में पारिवारिक सदस्यों का क्या योगदान रहा?

सं. कु.–मेरे पिता सार्वजनिक निर्माण विभाग में सुपरिन्टेन्डिंग इन्जीनियर हैं तथा मेरी माताजी एक ग्रहणी हैं. मेरे माता-पिता सदैव ही मेरे लिए प्रेरणा के स्रोत रहे हैं. परिवार के अधिकतर सदस्य इन्जीनियर हैं.

प्र. द.–आप अपनी सफलता का श्रेय किसको देना चाहेंगे?

सं. कु.–अपनी माताजी को तथा अपने मित्रों को भी.

शेष पृष्ठ 154 पर

बी. एस. आर. बी., (कलकत्ता) प्रोबेशनरी ऑफीसर्स परीक्षा 1990 का हल प्रश्न-पत्र

सामान्य ज्ञान

1. अजन्ता की गुफाएं किस राज्य में स्थित हैं?
   (A) महाराष्ट्र
   (B) मध्य प्रदेश
   (C) गुजरात
   (D) कर्नाटक
   (E) उपर्युक्त में से किसी में नहीं
2. फरवरी 1990 में विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता कहाँ आयोजित की गई थी?
   (A) इस्लामाबाद
   (B) लाहौर
   (C) लखनऊ
   (D) ब्रिसबेन
   (E) इनमें से कोई नहीं
3. विश्व कप हॉकी 1990 के एक सेमी फाइनल में कौन-कौनसी टीमें पहुँची?
   (A) आस्ट्रेलिया एवं हॉलैण्ड
   (B) पाकिस्तान एवं पश्चिम जर्मनी
   (C) पाकिस्तान एवं आस्ट्रेलिया
   (D) हॉलैण्ड एवं भारत
   (E) इनमें से कोई नहीं
4. 'हल्ला बोल' नाटक के लेखक कौन थे?
   (A) सफदर हाशमी
   (B) रामकुमार वर्मा
   (C) धर्मवीर भारती
   (D) नागार्जुन
   (E) इनमें से कोई नहीं
5. द नेकेड ट्रायंगल (The Naked Triangle) के लेखक कौन हैं?
   (A) बलवंत गार्गी
   (B) अनीता देसाई
   (C) आर. के. नारायण
   (D) राजाराव
   (E) इनमें से कोई नहीं
6. केरल के किस जिले ने शत-प्रतिशत साक्षरता प्राप्त कर ली है?
   (A) कोट्टायम
   (B) कोचीन
   (C) अर्नाकुलम
   (D) इनमें से कोई नहीं
7. किस पहाड़ी परियोजना पर प्रदर्शन एवं विरोध के बाद कार्य स्थगित हो गया था?
   (A) सरदार सरोवर परियोजना
   (B) टिहरी बाँध परियोजना
   (C) नर्मदा परियोजना
   (D) काकरापार परियोजना
8. वर्ष 1990 में कॉमनवेल्थ खेल कहाँ हुए?
   (A) भारत (B) न्यूजीलैण्ड
   (C) आस्ट्रेलिया (D) मलेशिया
   (E) इनमें से कोई नहीं
9. नवीं लोक सभा में कितने सदस्यों के लिए चुनाव हुए?
   (A) 508 (B) 512
   (C) 525 (D) 545
   (E) इनमें से कोई नहीं
10. वर्ष 1990 में अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह कहाँ हुआ?
    (A) नई दिल्ली (B) कलकत्ता
    (C) बम्बई (D) मद्रास
    (E) इनमें से कोई नहीं
11. भारतीय विज्ञान कांग्रेस का 77वाँ अधिवेशन कहाँ हुआ?
    (A) मद्रास (B) बंगलौर
    (C) पूणे (D) कोचीन
    (E) इनमें से कोई नहीं
12. अमरीका में भारतीय राजदूत कौन है?
    (A) कुलदीप नैयर

(B) कर्ण सिंह
(C) एम. के. रसगोत्रा
(D) पी. सी.अलेक्जेडर
(E) आबिद हुसैन

13. 'मंडी हाउस' किसे कहते हैं?
(A) दूरदर्शन निदेशालय
(B) केन्द्रीय कार्यक्रम उत्पादन केन्द्र
(C) बम्बई का सिनेमा बाजार
(D) नई दिल्ली का एक बाजार
(E) इनमें से कोई नहीं

14. हाल ही में किस देश में पूर्ण प्रजातन्त्र के लिए प्रदर्शन एवं आंदोलन हुए?
(A) चीन (B) रूमानिया
(C) नेपाल (D) बांग्लादेश
(E) इनमें से कोई नहीं

15. अशोक शांडिल्य किस खेल से सम्बन्धित हैं?
(A) हॉकी (B) क्रिकेट
(C) ब्रिज (D) बिलियर्ड्स
(E) इनमें से कोई नहीं

16. नादिया कामोनेची किस देश की निवासी हैं?
(A) चेकोस्लोवाकिया (B) रूमानिया
(C) यूगोस्लाविया (D) हंगरी
(E) इनमें से कोई नहीं

17. न्यूजीलैण्ड के दौरे पर गई भारतीय क्रिकेट टीम का उप-कप्तान कौन था?
(A) रविशास्त्री
(B) संजय मांजरेकर
(C) नवजोत सिंह सिद्धू
(D) किरण मोरे
(E) इनमें से कोई नहीं

18. पश्चिम बंगाल की मुख्य नकदी फसल (Cash crop) का उत्पादन कौनसा है?
(A) चावल (B) जूट
(C) नारियल (D) ईख
(E) इनमें से कोई नहीं

19. निखिल चक्रवर्ती, जिन्होंने वर्ष 1990 में पद्म भूषण लेने से इन्कार कर दिया, किस पत्रिका के संपादक हैं?
(A) इलस्ट्रेटेड वीकली
(B) संडे
(C) मेनस्ट्रीम
(D) सेमिनार
(E) इनमें से कोई नहीं

20. उत्तर-दक्षिण वार्ता से क्या तात्पर्य है?
(A) उत्तरी यूरोप एवं दक्षिणी यूरोप के देशों के बीच वार्ता
(B) उत्तरी एशिया एवं दक्षिणी एशिया के बीच वार्ता
(C) यूरोप एवं अफ्रीकी देशों के बीच वार्ता
(D) विकसित एवं विकासशील देशों के बीच वार्ता
(E) इनमें से कोई नहीं

21. वाल्टर सिसुलू किससे सम्बन्धित हैं?
(A) स्वापो
(B) रूमानिया के प्रजातंत्रात्मक आंदोलन
(C) अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस
(D) जाम्बिया के राष्ट्रपति
(E) इनमें से कोई नहीं

22. किस देश ने हिन्दुओं की संपत्ति लौटाने का वायदा किया है?
(A) पाकिस्तान (B) मयनमार (बर्मा)
(C) बांग्लादेश (D) इण्डोनेशिया
(E) इनमें से कोई नहीं

23. अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार– 1989 किस देश के निवासी को दिया गया है?
(A) यू.एस.ए (B) पश्चिम जर्मनी
(C) नार्वे (D) बेल्जियम
(E) इनमें से कोई नहीं

24. कौनसा विमान बंगलौर में फरवरी 1990 में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था?
(A) बोइंग 737
(B) बोइंग 320
(C) एयर बस ए–320
(D) जेट विमान
(E) इनमें से कोई नहीं

25. 'डिजनीलैण्ड' किस राज्य में बनाने का प्रस्ताव है?
(A) कर्नाटक (B) गोआ
(C) महाराष्ट्र (D) हरियाणा
(E) इनमें से कोई नहीं

26. अयोध्या किस नदी पर बसा है?
(A) सरयू (B) गंगा
(C) गोमती (D) यमुना
(E) इनमें से कोई नहीं

27. इनमें से कौनसी जाति मेघालय में बसती है?
(A) भील (B) गोंड़
(C) संथाल (D) जैंतिया
(E) इनमें से कोई नहीं

28. ऑप्टिक्स (optics) में किसका अध्ययन होता है?
(A) प्रकाश का (B) आँखों का
(C) चश्मों का (D) परमाणु का
(E) इनमें से कोई नहीं

29. गंगु भाई हंगल किससे सम्बन्धित हैं?
(A) क्लासिकल संगीत
(B) शास्त्रीय गीत
(C) शास्त्रीय नृत्य
(D) सितार
(E) इनमें से कोई नहीं

30. भारत के दूसरे अंटार्कटिका स्थित स्थाई केन्द्र का नाम है–
(A) दक्षिण गंगोत्री (B) गंगा
(C) मैत्री (D) तृष्णा
(E) इनमें से कोई नहीं

31. किस राज्य से लोक सभा के लिए सबसे अधिक सदस्य निर्वाचित होते हैं?
(A) बिहार (B) महाराष्ट्र
(C) उत्तर प्रदेश (D) पश्चिम बंगाल
(E) इनमें से कोई नही

32. विश्व का सबसे बड़ा ज्वालामुखी कहाँ है?
(A) हवाई द्वीप (B) जापान
(C) इण्डोनेशिया (D) यू.एस.ए.
(E) इनमें से कोई नहीं

33. पिन कोड नम्बर के अंतिम तीन अंक क्या सूचित करते हैं?
(A) राज्य (B) जिला
(C) पोस्ट ऑफिस (D) क्षेत्र (Zone)
(E) इनमें से कोई नहीं

34. इनमें से कौनसा प्रत्यक्ष कर है?
(A) बिक्री कर (B) सीमा शुल्क
(C) उत्पाद कर (D) निर्यात कर
(E) इनमें से कोई नहीं

35. स्वतंत्र व्यापार से क्या तात्पर्य है?
(A) आयात कर माफी
(B) निर्यात कर माफी
(C) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में व्यापार
(D) बिना किसी बाधा के व्यापार
(E) इनमें से कोई नहीं

36. एम. जी. के. मेनन क्या हैं?
(A) केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री
(B) केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(C) योजना आयोग के सदस्य
(D) परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष
(E) इनमें से कोई नहीं

37. राज्यपाल की नियुक्ति में राष्ट्रपति व्यवहार में किसकी सलाह पर कार्य करता है?
(A) राज्य के मुख्यमंत्री
(B) प्रधानमंत्री
(C) उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(D) राज्य विधान सभा
(E) संसद

38. किसी विषय में यथास्थिति के बारे में सरकारी जानकारी के प्रतिवेदन को क्या कहते हैं?
(A) सरकारी प्रतिवेदन
(B) गजट
(C) श्वेत पत्र
(D) पीत पत्र
(E) इनमें से कोई नहीं

39. किसी देश का राष्ट्रीय संप्रभु क्षेत्र समुद्र में कितनी दूर तक होता है?
(A) 12 मील
(B) 20 नोटीकल मील
(C) 12 नोटीकल मील
(D) 250 किमी
(E) इनमें से कोई नहीं

40. गंगा पर फरक्का बाँध का उद्देश्य है–
(A) बांग्लादेश को पानी रोकना
(B) कलकत्ता शहर को पानी देना
(C) बिजली उत्पादन

(D) कलकत्ता बंदरगाह को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग देना
(E) इनमें से कोई नहीं

41. A-320 एयर बस किस देश से खरीदा गया है?
(A) यू. एस. ए. (B) ब्रिटेन
(C) जापान (D) पश्चिमी जर्मनी
(E) फ्राँस

42. ड्राई आइस क्या है?
(A) कार्बन मोनोऑक्साइड
(B) ठंडा हाइड्रोजन
(C) ठोस कार्बन डाई-ऑक्साइड
(D) हाइड्रोजन
(E) इनमें से कोई नहीं

43. कुंभ का मेला कितने वर्षों बाद आयोजित होता है?
(A) 6 वर्ष (B) 12 वर्ष
(C) 10 वर्ष (D) 250 वर्ष
(E) इनमें से कोई नहीं

44. हाल ही में तेल के भंडार का पता किस क्षेत्र में चला है?
(A) असम
(B) कृष्णा बेसिन
(C) गोदावरी बेसिन
(D) कच्छ
(E) इनमें से कोई नहीं

45. एक रुपए के सिक्के की आयु क्या होती है?
(A) 10 वर्ष (B) 25 वर्ष
(C) 60 वर्ष (D) 100 वर्ष
(E) इनमें से कोई नहीं

